ISSN 2349 - 137X
UGC CARE-listed, Peer Reviewed

प्रतिध्वनि कला संस्कृति की

शोध लोक

वर्ष 7 अंक –14
2021

ISSN 2349-137X
UGC CARE-Listed Peer Reviewed

अनहद लोक

(प्रतिध्वनि कला संस्कृति की)

वर्ष-7, 2021, अंक-14
(अर्धवार्षिक शोध पत्रिका)

सम्पादक

डॉ. मधु रानी शुक्ला

सम्पादक मण्डल

डॉ. राजश्री रामकृष्ण, डॉ. मनीष कुमार मिश्रा,
डॉ. धनंजय चोपड़ा, डॉ. ज्योति सिन्हा

सहायक सम्पादक

सुश्री शाम्भवी शुक्ला

व्यंजना
आर्ट एण्ड कल्चर सोसायटी
109 डी/4, अबुबकरपुर, प्रीतमनगर, सुलेमसराय
प्रयागराज - 211011

अनहद लोक

(प्रतिध्वनि कला संस्कृति की)

सम्पादक : डॉ. मधु रानी शुक्ला

सम्पादक मण्डल : डॉ. राजश्री रामकृष्ण, डॉ. मनीष कुमार मिश्रा, डॉ. धनंजय चोपड़ा, डॉ. ज्योति सिन्हा

सहायक सम्पादक : सुश्री शाम्भवी शुक्ला

मल्टीमीडिया सम्पादक : श्रेयस शुक्ला

प्रकाशक

व्यंजना

(आर्ट एण्ड कल्चर सोसायटी)

109 डी/4, अबुबकरपुर, प्रीतमनगर

सुलेमसराय, प्रयागराज-211 011

मो. : 9838963188, 8419085095

Email: anhadlok.vyanjana@gmail.com

वेबसाइट : vyanjanasociety.com/anhad_lok

वितरक : पाठक पब्लिकेशन, महाजनी टोला, इलाहाबाद-211 011

फोन नं. 0532-2402073

मूल्य : 200/- प्रति अंक, पोस्टल चार्जेज अलग से

सदस्यता शुल्क

वार्षिक : 500/-

तीन वर्ष : 1500/-

आजीवन : 10,000/-

© सर्वाधिकार सुरक्षित

- रचनाकारो के विचार मौलिक हैं
- समस्त न्यायिक विवाद का क्षेत्र इलाहाबाद न्यायालय होगा

मुद्रक : विकास कंप्यूटर एंड प्रिंटर्स, ट्रोनिका सिटी, लोनी, ग़ाज़ियाबाद-201 102

मार्गदर्शन बोर्ड :

डॉ. सोनल मानसिंह, पं. विश्वमोहन भट्ट, पं. भजन सपोरी, पं. रोनू मजुमदार, पं. विजय शंकर मिश्र, पं. रामकृष्ण दास 'नादरंग', प्रो. कमलेश दत्त त्रिपाठी, प्रो. चित्तरंजन ज्योतिषी, प्रो. ऋत्विक् सान्याल, प्रो. दीप्ति ओमचारी भल्ला, प्रो. के. शशि कुमार, डॉ. राजेश मिश्रा, डॉ. आशा आस्थाना

सहयोगी मंडल :

प्रो. संगीता पंडित, प्रो. लावण्य कीर्ति सिंह 'काब्या', प्रो. निशा झा, प्रो. प्रभा भारद्वाज, प्रो. नीलम पॉल, प्रो. अर्चना अंभोरे, डॉ. राम शंकर, डॉ. इंदु शर्मा, डॉ. सुरेंद्र कुमार, प्रो. भावना ग्रोवर, डॉ. अंबिका कश्यप, डॉ. स्नेहाशीष दास, डॉ. सुजाता व्यास, डॉ. कस्तूरी पाइगुड़े राणे, डॉ. शान्ति महेश, डॉ. कल्पना दुबे



संगीत नाटक अकादेमी
के
सहयोग से प्रकाशित

संगीत नाटक अकादेमी

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितासउद्भिदः

अनहद लोक अंक चौदह आपके शुभ हाथों में सौंपते हुए अत्यंत प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है, आपके सहयोग व मार्गदर्शन से यह पत्रिका यू.जी.सी. केयर लिस्ट में आई, जिसके लिए हम सभी का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं। अमूर्त रूप संगीत व्यापक रूप से नाद ब्रह्म की अनुभूति व ईश्वरीय सुन्दरतम् सृष्टि की मधुरतम् अभिव्यक्ति है। नाद भौतिकीय व्याख्या से परे है, जो स्वयं ब्रह्म स्वरूप सृष्टि का आदि और अंत है। नाद से वर्ण, वर्ण से पद, पद से वाणी की अभिव्यक्ति होती है, जिसके अन्तर्गत सम्पूर्ण विश्व है, नादाधीनमिदं जगत अर्थात यह सृष्टि नाद ब्रह्म का ही परिणाम है।

भारतीय चिन्तन में संगीत के आनन्द, प्रमोद की अपेक्षा अर्चना तथा मोक्ष का सहज मार्ग माना गया और यही दृष्टि भेद उसे अन्य देशों के संगीत से अलग करता है। हमारे संगीत के नाद, काल, वाक्, भाव, विभाव, अनुभाव, संचारी भाव समस्त विश्व के संगीतानुरागियों के हृदय में स्थित हैं, सप्त स्वर स्पन्दन सृष्टि का आधार है, जो समस्त विश्व के संगीतानुरागियों को साधारणी.त कर लेता है।

भाव, राग, ताल तथा लय पर निर्मित धुनें विश्वव्यापी है, मानव मात्र के हृदय में इन तत्वों का समावेश है। सप्त स्वर विश्व में मान्य है, जो लय के साथ जुड़कर अनुरणन युक्त होकर सम्पूर्ण सृष्टि को स्पन्दित करने का सामर्थ्य रखते हैं। मानव तो वैसे भी संवेदनशील है जिसमें भाव सम्प्रेषण हेतु भाषा की अपेक्षा ध्वनि, लय और आघात के समुचित प्रयोग की अपक्षित है, जो व्यंजना वृत्ति को प्राप्त कर भावानुभूति कराती है, किसी भी भाषा में गायन या वादन किया जाए, मानव हृदय ग्रहण मात्र भावों का ही करता है। अगर एक जानवर के मुख से उच्चारित ध्वनि से हम उसकी भावनाओं को समझ सकते हैं, तो मनुष्य द्वारा प्रदर्शित भावों को समझना तो और भी आसान है और जहाँ भाव सम्प्रेषण हो गया, वहाँ किसी पार्थक्य की संभावना ही नहीं, अतः सुर, लय ने मिलकर जो समरसता प्रदान की है, वो देश, काल की परिधि से निकल विश्वव्यापी हो गई है। भारतीय संगीत, सृष्टि के उद्गम के साथ ही विश्व की अनेकानेक गतिविधियों में समाहित है, संगीत ऐसी जीवनधारा है जो समस्त चर-अचर को प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप से प्रभावित करती है।

भारतीय जनमानस आध्यात्मिक भावनाओं से ओतप्रोत है, जो नाद ब्रह्म एंव धर्म की अभिव्यंजना से अनुप्राणित है तथा भारतीय संस्कृति का आध्यात्मिक चिंतन व्यश्टिगत न होकर समष्टिगत खोज है। संगीतकार विशिष्ट आध्यात्मिक भावना को सुरों के माध्यम से भावप्रवण जिस कला आकाश की संरचना करता है, वह सभी को आकर्षित करती है, हमारे शास्त्रीय संगीतज्ञ, लोक संगीत विद्, फिल्मी गायकों ने यह प्रमाणित कर दिखाया है।

ऐतिहासिक दृष्टि से देखें तो ब्रिटिश शासन काल से ही विद्वानों ने जब भारतीय कलाओं में रूचि ली, तो उससे संगीत भी अछूता नही रहा। कैप्टन एन. आगस्टस विलियर्ड ने 'म्यूजिक ऑफ हिंदुस्तान' में भारतीय सांस्कृतिक धरोहर को सहेजा, उन्होंने संगीत के शाश्वत स्वरूप को विश्व के सम्मुख लाने का प्रयास किया है। इसी सन्दर्भ में भारतीय संगीत को विष्व संगीत का बीज तत्व बताते हुए बड़ौदा के सूफी संत हज़रत इनायत खाँ के अनुसार भारतीय संगीत पर्शियन, अरेबिक, पाश्चात्य सभी की जड़ो में निहित माना है। कालान्तर में अनेक संगीतज्ञों ने पाश्चात्य संगीत के तत्वों का मेल करके संगीत के नवीन स्वरूप का सृजन किया। भारतीय संगीत में पाश्चात्य संगीत का समावेश कर, निर्मित सांगीतिक रचना का प्रारम्भिक परिचय हमें बीज रूप से रविन्द्र संगीत में मिलता है। रविन्द्र संगीत में शास्त्रीय संगीत, लोक संगीत, सुगम संगीत के साथ ही पाश्चात्य संगीत का भी समावेश है और यही से संगीत में उदार भावना प्रायोगिक रूप से दिखाई देती है।

कालांतर में लगभग 1925 में पं. रविशंकर जी ने यहुदी मेनन के साथ मिलकर अनेक सांगीतिक रचनाओं की सृष्टि की, आंद्रे प्रेविन के निर्देशन में पं. रविशंकर जी ने सिम्फनी आर्केष्टा के साथ राग खमाज, सिंधु भैरवी, अड़ाना, मांझ खमाज आदि रागों में धुनों का निर्माण किया। स्त्राविंस्की, जॉन केज आदि ने भी उपज जैसे कुछ नवीन प्रयोग किये, जूलीयन ब्रीम जैसे गिटार वादक ने अली अकबर खाँ के साथ मिलकर रचनायें की। ऑलिवियर मेसियाएन, बेजामिन ब्रिटन आदि के साथ मिलकर पं. रविशंकर, वी. जी. जोग, अमजद अली खाँ, जाकिर हुसैन ने अनेक संगीत संरचना की। एम. एस. सुबुलक्ष्मी एवं डागर ब्रदर्स के उत्तर-दक्षिण संगीत के सुन्दर मेल को विदेशों में भी काफी सराहा गया, वॉयलिन, गिटार, कीबोर्ड जैसे पाष्चात्य वाद्यों को भी हम लोगों ने अपना लिया।

इसी सांस्कृतिक एकता के लिए भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद, संगीत नाटक एकेडमी ने इस दिशा में अनेक कदम बढ़ाये है, अनेक संगीत विद्यालयों की स्थापना, अनेक गुरूओं को विदेशों में भेजकर संगीत शिक्षा प्रदान कराना, संगीत महोत्सवों का आयोजन, अनेक देशों के सभागारों में शास्त्रीय संगीत के कार्यक्रमों का आयोजन कर रहे है। SPIC-MA CAY जैसी संस्थाओं ने भी वैश्विक स्तर पर संगीत को सहज सुलभ कराया है लाईव प्रोग्राम, सी.डी., डी.वी.डी, यूट्यूब आदि के माध्यम से हम किसी देश के किसी भी कलाकार को सहज रूप से सुन सकते है। Distance education से भी संगीत शिक्षण प्रदान कर सांस्कृतिक सद्भाव को प्रस्तार दिया जाता है, ई-मेल, वीडियो कान्फ्रैसिंग एवं व्यवसाय हेतु ई-कामर्स के प्रयोग से सांस्कृतिक सोहार्द में वृद्धि हो रही है, वेब साईटस से कलाकारों व उनसे जुड़ी विस्तृत जानकारी, विषय वस्तु का ज्ञान प्राप्त होता है। विकीपीडीया से विषयों का विस्तृत ज्ञान सहज रूप से ही प्राप्त कर लेते है, साथ ही संगीत विषय पर लिखे जा रहे अनेक ब्लॉग्स से वैश्विक स्तर पर विचारों का आदान-प्रदान, शंकाओं का निस्तारण, नवीन विचारों का संकलन प्राप्त होता है। प्रयाग संगीत समिति जैसी संस्थाएँ विश्व के अनेक देशों में अपनी ब्रांच के जरिए संगीत शिक्षण प्रदान कर रही है।

वर्तमान समय में पं. विश्वमोहन भट्ट, पं. शिव कुमार शर्मा, पं. हरि प्रसाद चौरसिया, उस्ताद अमजद अली खाँ, पं. भजन सोपोरी, अभय सोपोरी, उस्ताद जाकिर हुसैन, पं. रोनू मजूमदार जैसे अनेक संगीतज्ञ है जो विदेशी संगीतज्ञों के साथ मिलकर संगीत संरचना कर रहे है और इसके माध्यम से सद्भाव की जड़ो को मजबूती प्रदान कर रहे है।

संगीत की भाषा सार्वभौमिक है किसी देश, काल, स्थिति, परिस्थिति से ये प्रभावित नही होती, हम बाक्, बिथोवेन, मोज़ार्ट की रचनाओं का आनन्द लेते है, माईकल जैक्सन के वॉयस

माड्यूलेशन पूर्व गायकी के दिवाने है, तो बड़े गुलाम अली खाँ, फैय्याज खाँ, बिसम्मिला खाँ, उस्ताद अली अकबर खाँ, मो. रफ़ी, किशोर कुमार, मुकेश, लता मंगेश्कर, आशा भोसले, शंकर जयकिशन, नौशाद, खय्याम, ए. आर. रहमान के गीतों के दिवाने पूरे विश्व में है। कथक, भरतनाट्यम, ओडिसी, कुचिपुड़ी ने जहाँ विदेशीयों को आकर्षित किया है, वहीं ब्रेक डांस, हिप-हॉप, बैली डाँस, ट्वीस्ट, सालसा आदि ने भारतीय सुगम नृत्य विधा को एक मोड़ दे दिया है। फिल्मी नृत्य में तथा रियलिटी शोज में आप इन्हे प्रचूर मात्रा में देख सकते हैं, मारिया डेल मार फर्नाडीज जैसी स्पेन की गायिका भारतीय फिल्मों में गा रही हैं तो लता, आशा ने अनेक देशों के गीतों में अपना स्वर दिया है।

ग्लोबलाईजेशन, भूमंडलीकरण या वैश्वीकरण का सामान्य सा अर्थ है विश्व मे चारो ओर अर्थ व्यवस्थाओं का बढ़ता हुआ एकीकरण। यजुर्वेद में कहा गया है-

आ नो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतोऽदब्धासो अपरितासउद्भिदः।
देवा नो यथा सदमिद् वृधे असन्नप्रायुवो रक्षितारो दिवे दिवे।।

अर्थात हे परमप्रकाशक परमात्मा काल से ही वसुधैव कुटुम्बकम् की विचार धारा भारतीय संस्कृति का अभिन्न अंग रही वैश्वीकरण के आधुनिक परिवेश में संगीत की विश्व की सांस्कृतिक व सामाजिक एकता में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

अनहद लोक का यह अंक संस्कृति के अनेक पक्षों से समृद्ध रूप में आपके समक्ष है, हमने यू.जी.सी मानक के अनुरूप ही लेखों के प्रकाशन का प्रयास किया है, इसमें कुछ कलाकारों के भी लेख हैं जो उनकी अनुभूतियों पर रचे गए, आपकी प्रतिक्रियाओं की प्रतीक्षा रहेगी। त्रुटियों के लिए क्षमा प्रार्थी हूँ।

–डॉ. मधु रानी शुक्ला

अनुक्रम

गान

1.	बंदिशें	प्रो॰ ओजेश प्रताप सिंह	15
2.	ग़ज़ल का अर्थ और परिभाषा : एक अवलोकन	डॉ. सरस्वती नेगी	22
3.	Dawn of Melody	Dr. Shanti Mahesh	26
4.	Analytical study of the Stylistic impressions, tradition and changing trends evolved in Gwalior Gharana of Hindustani Classical Music	Dr. Atindra Sarvadikar	29
5.	Applicability of simple quantitative methods to Research in Indian Vocal Music	Abhijith Shenoy K	36
6.	दरभंगा में ध्रुपद गायन शैली के विकासात्मक सोपान : एक विश्लेषण	प्रेरणा कुमारी लावण्य कीर्ति सिंह ''काव्या''	40
7.	ठुमरी शैली का उद्‌भव एवं विकास	दीपक सिंह, मेघना कुमार	43
8.	Compositions of Ustad Amir Hussain Khan	Nikhil Bhagat	48
9.	ग्वालियर घराने के स्तम्भ एवं महान संगीतज्ञ स्व. हस्सू खाँ एवं हद्दू खाँ का सांगीतिक योगदान	अर्चना कुमारी	53
10.	Musical Style of Gharānā of Hindustani Classical Vocal Music: A Study	Sumedha Singh Abhishek Smith	56

आतोद्य

11.	उत्तर प्रदेश में तबला वादन की संस्थागत शिक्षा का विकासः एक अवलोकन (वर्ष 1906 से 2020 तक)	डॉ. अमित कुमार वर्मा	63
12.	An Overview of Tāla in Musical Forms of Karnāṭaka Music – with Special Reference to Varṇam	Anuthama Murali Dr Rajshri Ramakrishna	71
13.	उस्ताद आफ़ाक हुसैन खाँ साहब की बन्दिशों का तकनीकी पक्ष	कल्याणी गुप्ता डॉ. शिवेन्द्र प्रताप त्रिपाठी	82

14. लखनऊ घराने की तबला वादन परम्परा में उस्ताद जहाँगीर खाँ साहब का योगदान — ज्योति चौधरी, प्रो.(डॉ.). सुनील पावगी — 87
15. तरबदार सितार की उत्पत्ति एवं विकास का अध्ययन — विधुश्री पाण्डेय — 92
16. 'वायलिन की उत्पत्ति एवं विकास' — प्रशान्त मिश्र — 97
17. An Overview of the Dēśī Tāla Simhalīlā — Bhavana Prabhakaran, Dr. R.Hemalatha — 100

शास्त्र

18. A Comparative study of the Rāga-s in the Rāgalakṣaṇamu of Śāhaji and Rāgalakṣaṇam of Muddu Vēṅkaṭamakhī — Dr. R. Hemalatha — 109
19. पं. भातखंडे की ग्रंथसंपदा - संशोधन एक अध्ययन — प्रो. विशाल विजय कोरडे — 117
20. 27 Nakshatra Charana Ragamalika – An unpublished work of Sri Gali Penchala Narasimha Rao – A Study — Mrs. E. Sreelakshmi, Dr. J. Sankar Ganesh — 121
21. संगीतशास्त्रज्ञ पं. सोमनाथ प्रणीत राग विबोध : एक परिचयात्मक अध्ययन — आवेश कुमार, प्रो. के. शशि कुमार — 131
22. Rāgataraṅgiṇi of Lōcana – An overview — Lakshmipriya R, Dr. Rajshri Ramakrishna — 135
23. The Mēla-s and Rāga-s of Svaramēlakalānidhi – An Overview — S Suchitra, Dr R Hemalatha — 143
24. References to Music Therapy in Lakṣaṇa Grantha-s - A Literature Review — Deepa Iyer S, Dr Rajshri Ramakrishna — 151
25. Description of Rāga-s in select Tamil Publications — Dr. M Subhasree — 158
26. A study of Rāga Varāli with special reference to Gīta-s seen in the early Telugu Publications — Pranathi G, Dr. Rajshri Ramakrishna — 164

संस्कृति

27. भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा 'गुरु पूर्णिमाः' सार — डॉ. रमा सिंह — 179
28. काशी के संस्कृति में आध्यात्म व संगीत — डॉ. प्रेम किशोर मिश्र — 184
29. मिसिंग जनजाति की लोकसंस्कृति और समाज — डॉ. नुरजाहान रहमातुल्लाह — 189
30. भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में छठ पूजा — डॉ. रीना सिंह — 194

31. मानव विकास की प्रक्रिया में संगीत की अहम भूमिका — डॉ. अंकिता चतुर्वेदी — 197
32. जैन धर्म और संगीतः राग के विशेष संदर्भ में — सुखवीर कौर — 201
33. हिमाचल प्रदेश की गद्दी जनजातिकी लोकसंस्कृति का विश्लेष्णात्मक अध्ययन — भरत सिंह — 206
34. Devi Krithis And Their Potential Influence on Human Values — Narayanan P Iyer, Dr Meera Rajaram Pranesh — 210
35. भारतीय संस्कृति एवं लोक संगीत — रीनु शर्मा — 221

थाती

36. राजस्थान की लोकसंस्कृति का शाश्वत जीवनदर्पण : लोकसंगीत — डॉ. आकांक्षा गुप्ता — 229
37. कोल जनजाति का लोक संगीत : मध्यप्रदेश के सन्दर्भ में — डॉ. वेणु वनिता — 233
38. पूर्वांचल का लोकगीत "बिरहा" — कृतिका पाण्डेय — 239
39. हरियाणवी गीतों में जीवन जगत — कांता देवी — 242
40. लोकनाट्य नौटंकी की समकालीनता — सुनील कुमार — 247

सौन्दर्य

41. Antiquity of Sārdā Temple at Maihar — Dr Sanju Mishra — 253
42. संगीत कला में भाव, रस एवं ध्वन्याभिव्यक्ति — कामाक्षी यादव, डॉ. रामशंकर — 257
43. ABC of Kalpana Swaram Singing Aesthetics Brilliance Creativity — NJ Nandini — 261

व्यक्तित्व

44. हरियाणा के लोक नाट्यकवि - मुंशीराम जांडली — डॉ कामराज सिंधु — 271
45. यादों के झरोखे से- 'स्मरण मन्नू भण्डारी' — डॉ. कल्पना दुबे — 276
46. 'कुमार गंधर्व' गायकी एवं दृष्टिकोण — डॉ. अनुभव पाण्डेय — 279
47. विदुषी प्रेमलता शर्मा : सांगीतिक यात्रा — कुमारी बन्दना, प्रो. के.शशि कुमार — 282
48. Contribution of Violin Vidwan V.V. Srinivasa Rao to Karnatic Music — Devu Treesa Mathew, Dr. Shanti Mahesh — 287

साहित्यिकी

49. चंद्रलाल बादी के संगों में लोकधर्मिता : एक विवेचन — डॉ कामराज सिन्धु — 295
50. राग बहार में निर्मित रचनाओं का साहित्यिक अवलोकन — श्यामा कुमारी — 300

51. अमृतलाल मदान व धर्मपाल साहिल के उपन्यासों में सांस्कृतिक मूल्य एक विवेचन — सोनिया, डॉ. रीता सिंह 305

प्रकीर्णक

52. खेल के सौन्दर्य बोध में उपभोक्तावाद का प्रभाव — डॉ. आलोक मिश्र 311
53. हिंदी सिनेमा और मेरा भारत देश : एक सांस्कृतिक अध्ययन — डॉ. दादासाहेब नारायण डांगे 315
54. कथक नृत्य शिक्षण में ई. लर्निंग : एक समीक्षात्मक अध्ययन — डॉ. रंजना उपाध्याय 320
55. मध्य प्रादेशिक की लोक चित्रकला परम्परा : एक अध्ययन — डॉ. किरन मिश्रा 328
56. संगीत और पर्यावरण का सम्बन्ध — डॉ चिंकी रानी 334
57. हिंदी चित्रपट संगीत का आठवां दशक — डॉ. देश गौरव सिंह 336
58. Music listening in Workplace Environment - A Review Study — Deepika Theagarajan, Dr. Shanti Mahesh 342
59. संगीत, कला और प्रारब्ध - ज्योतिषीय दृष्टिकोण से — श्रीमती प्रज्ञा त्रिवेदी, डॉ. स्नेहाशीष दास 350
60. Raga Chikitsa through the compositions of Muthuswami Dikshitar — B. Utpala Karanth, Dr. Varsha Karanth 358
61. Influence of World music on Indian music — Snigdha Haldar 368
62. Role & Relevance of I.C.T in modern teaching of Music: A Survey Study — Harmeet Singh 373

गान

बंदिशें

प्रो॰ ओजेश प्रताप सिंह

संगीत विभाग

दिल्ली विश्वविद्यालय, दिल्ली

हिन्दुस्तानी संगीत के परिप्रेक्ष्य में 'बंदिश' शब्द का अर्थ 'गेय सांगीतिक रचना' होता है। हिन्दुस्तानी संगीत में जहाँ शास्त्रीय गायन के अंतर्गत ऐसी निबद्ध रचना को ही 'बंदिश' कहा जाता है जिसमें स्वर-रचना अथवा स्वरांकित पद भली-भाँति किसी तालचक्र में बंधा होता है, वहीं वाद्य संगीत के अंतर्गत तंत्री वाद्यों पर बजाई जाने वाली ऐसी ही तालबद्ध रचनाओं को 'गत' कहा जाता है। संगीत के निबद्ध रूप को किसी बंदिश अथवा सांगीतिक रचना के माध्यम से ही प्रस्तुत किया जा सकता है। अनिबद्ध संगीत को प्रस्तुत करने का माध्यम 'आलाप' अथवा 'आलप्ति' तथा मुक्त स्वरावलि हैं। इन सांगीतिक गेय रचनाओं अर्थात् बंदिशों के रचनाकार को पूर्वकाल से ही 'वाग्गेयकार' संज्ञा दी गयी है और पंडित शारंगदेव ने 'वाग्गेयकार' के अनेक अनिवार्य गुणों का विवेचन किया तथा गुणों के आधार पर 'उत्तम', 'मध्यम' तथा 'अधम' वाग्गेयकार के रूप में श्रेणियाँ भी उल्लिखित की हैं। ख्याल के सन्दर्भ में देखें तो 18वीं शताब्दी में न्यामत खां 'सदारंग' एवं फिरोज खां 'अदारंग' महान वाग्गेयकार हुए जिन्होंने अनगिनत रागों में ख्याल विधा की सैकड़ों रचनायें कीं जो न केवल आज भी अत्यंत प्रचलित तथा लोकप्रिय ही हैं अपितु रागों का प्रमाण स्वरूप मानी जाती हैं। सदारंग-अदारंग के पश्चात् उनके शिष्य-प्रशिष्यों ने भी विभिन्न रागों में अनेकानेक बंदिशों की रचना की और इस प्रकार यह रचनाक्रम निरंतर चलता आया है जिससे हिन्दुस्तानी संगीत का रचना-भण्डार समृद्ध होता रहा है। गत शताब्दी में पंडित विष्णु दिगम्बर पलुस्कर, पंडित विष्णु नारायण भातखंडे, उस्ताद फैयाज खां, उस्ताद विलायत हुसैन खां, पंडित जगन्नाथ बुवा पुरोहित, पंडित श्रीकृष्ण नारायण रातंजनकर, उस्ताद महबूब खां, पंडित कुमार गन्धर्व, उस्ताद अज़मत हुसैन खां, उस्ताद बड़े गुलाम अली खां, उस्ताद अल्लादिया खां, पंडित अनंत मनोहर जोशी, पंडित गजानन बुवा जोशी, पंडित रामाश्रय झा इत्यादि अनेक विद्वान गायक हुए जिन्होंने विभिन्न प्रचलित, अल्प-प्रचलित तथा अप्रचलित रागों में अपनी अनेक उत्तमोत्तम बंदिश रुपी कृतियों के रूप में भी अगली पीढ़ियों के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण विरासत छोड़ी है। हिन्दुस्तानी संगीत के सभी विद्यार्थियों को, किसी भी राग के स्वरूप को समग्र रूप से समझने के लिये, उसकी अनेकानेक बंदिशों का अध्ययन अनिवार्य है। एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि किसी भी रागविशेष की किसी भी बंदिश के विश्लेषण से उस बंदिश के रचनाकार की, उस राग के सन्दर्भ में अपने गुरु से प्राप्त समझ, गायन शैली, निजी दृष्टिकोण, रागात्मक चिंतन तथा सृजनशील कल्पना का अंदाज़ मिलता है। विद्वान कलाकारों की सृजनशीलता तथा रचनात्मक कृतित्व से अगली पीढ़ी के कुछ कलाकार भी प्रेरणा लेते हुए नवसृजन की और उद्यमित होते हैं और फलस्वरूप नवीन बंदिशों की रचना का क्रम चलता रहता है। इसी परिप्रेक्ष्य में कुछ रागों में स्वरचित बंदिशें यहाँ प्रस्तुत हैं -

राग भीमपलासी - तीनताल (मध्यलय)

स्थाई : उन्हीं संग लागी लगन ऐसी जियरा तरसे।
अंतराः माने नाहीं जियरा उन बिन चैन न पावे जोहत मगवा नित तरसे।।

स्थाई

														सांनि		धप	मग	रेसा	निसा
														उऽ		न्हीं	ऽऽ	संऽ	गऽ
																3			
सां		सां		प		म		म		म		सा		सा	
सां	–	नि	–	ध	–	प	–	ग	म	म	ग	रे	सा	रे	नि
ला	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	अ	ऽ	ऽ	गी	ल	ग	न	ऐ	ऽ
x				2				0				3			
			सां												
साम	–	प	नि	सांगं	रेंसां	निसां	निध	पम	गरे	सा					
सीऽ	ऽ	जि	य	राऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	तऽ	रऽ	से					
x				2				0							

अंतरा

														नि		म	म		
														प		प	ग	ग	म
														मा		ने	ना	ऽ	हीं
																3			
		सां								सां						सांमं			
प	नि	सां	–	–	–	सां	प	नि	सां	सां	प	नि	सां	गं	गं				
जि	य	रा	ऽ	ऽ	ऽ	उ	न	बि	ऽ	न	चै	ऽ	न	ऽ	न				
x				2				0				3							
सां				सां		नि		प							सां				
रें	–	सां	–	नि	–	सां	नि	ध	–	प	म	–	प	–	नि				
पा	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	ऽ	वे	ऽ	ऽ	जो	ऽ	ह	ऽ	त				
x				2				0				3							
प																			
ध	ध	प	–	सांनि	धप	मग	रेसा		निसा	गम	पनि			,सांनि					
म	ग	वा	ऽ	निऽ	तऽ	तऽ	रऽ		सेऽ	ऽऽ	ऽऽ	उऽ							
x				2					0										

राग कामोद - तीनताल (मध्यलय)

स्थाई : जानूँ तुमरी बात, झूठी झूठी पियरवा।
अंतरा : हम सन झूठी बतियाँ बनावो, औरन से तुम नेहा लगावो, हम से करत हो रार।।

स्थाई

पध	सांध पग मध मंप	गम रे सारे सा
जाऽ	ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ	नूँऽ तु मऽ री
	0	3

अंतरा

म रे		प प	प
रे – प –	– प – –	ध ध प –	ग म रे सा
बा ऽ ऽ ऽ	ऽ त ऽ ऽ	झू ऽ ठी ऽ	झू ऽ ठी पि
×	2	0	3
म मं			
रे प ध रे	– प –		
य र वा ऽ	ऽ ऽ ऽ		
×	2		

अंतरा

		प प प प	सां ध सां –
		ह म स न	झू ऽ ठी ऽ
		0	3
		सां	सां
सां सां सां सां	सां रें सां –	सां रें सां सां	ध – पध प
ब ति याँ ब	ना ऽ वो ऽ	औ ऽ र न	से ऽ तुऽ म
×	2	0	3
		म म	मं
ग गम प ग	त रे सा –	रे रे प प	ध ध प –
ऽ नेऽ हा ल	गा ऽ वो ऽ	ह म से क	र त हो ऽ
×	2	0	3
पप सांसां	रें रे – प प		
राऽ ऽऽ ऽ ऽ	ऽ ऽ र		
×	2		

राग सालगवराली तोड़ी - तीनताल (मध्यलय)

स्थाई : शरन हूँ तिहारी, करो तुम पार, हो गुन-निधान, गुन देहो दान।
अंतरा : मन आनंद दरस जो पाए, बाँह धरो तुम, दीजो ज्ञान।।

स्थाई

										सांनि		धप	गरे	सा	रे
										शऽ		रऽ	नऽ	हूँ	ति
			ग												
ग	–	ग	रे	ग	प	पध	निध		पग	रेग	रेसा	सा	–	नि̇	ध	नि̇
हा	ऽ	री	क	रो	ऽ	तुऽ	मऽ		पाऽ	ऽऽ	रऽ	हो	ऽ	गु	न	नि
×				2					0				3			
			ग					ग								
सा	–	सा	रे	ग	पध	निध	धप		रे	ग	रेसा					
धा	ऽ	न	गु	न	देऽ	ऽऽ	होऽ		दा	ऽ	ऽन					
×				2					0							

अंतरा

												ध			
												प	ध	नि	
												म	न	आ	
												3			
						गं			गं			प			
सं	–	सां	नि	सां	सां	रें	गं		रें	–	सां	–	सां	नि	ध	नि
नं	ऽ	द	द	र	स	जो	ऽ		पा	ऽ	ये	ऽ	बाँ	ऽ	ह	ध
X				2					0				3			
				प												
ध	प	धप	प	ग	गप	पध	निध		पग	रेग	रेसा					

रो ऽ तुऽ म ऽ दीऽ जो ऽऽ ज्ञाऽ ऽऽ नऽ
X 2 0

राग भूपाली - तीनताल (मध्यलय)

स्थाई : हे गणराज गनेस गजानन देवा।
अंतरा : सब सुख पावे ध्यान धरन सों कोटिक पाप कटे सुमिरन सों विघन हरन देवा।।

स्थाई

		सारे गप धसां सांध	पप गरे सा सा
		हेऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ	ऽऽ ऽऽ ग ण
		0	3
सा ग		ग	
ध़ सा सा रे	ग रे ग –	ग ग – रे	ग प ध सां
रा ऽ ज ग	ने ऽ स ऽ	ग जा ऽ न	न ऽ दे ऽ
X	2	0	3
पध सारें गरें सांसां	धरें सांसां धप गरे		
वाऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ	ऽऽ ऽऽ ऽऽ ऽऽ		
X	2		

अंतरा

			प
		सां सां ध प	ग रे ग प
		स ब सु ख	पा ऽ वे ऽ
		0	3
सां		सां सां	सां
ध सां सां सां	सां रें सां –	सां – ध ध	सां – रें रें
ध्या ऽ न ध	र न सों ऽ	को ऽ टि क	पा ऽ प क

x				2				0				3			
						ग				ग				सां	
सां	रें	सां	ध	प	ग	रे	ग	ग	ग	ग	रे	ग	प	ध	सां
टे	ऽ	सु	मि	र	न	सों	ऽ	वि	घ	न	ह	र	न	दे	ऽ
x				2				0				3			
पध	सारें	गरें	सांसां	धरें	सांसां	धप	गरे								
वाऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ	ऽऽ								
x				2											

राग सरस्वती - एकताल (मध्यलय)

स्थाई : उन बिन मोहे आवे नाहीं चैन, का से कहूँ री, जब से गये, मोरे कटत नाहीं दिन-रैन।
अंतरा : घरि-घरि पल-पल जुग-सी लागत बाट तकत नित, अँसुवन झर लागी नैन।।

स्थाई

			सां		प					म	सा		
रे	म	प	नि	ध	प	म	प	रे	नि	–	ध़
उ	न	बि	न	मो	हे	आ	ऽ	वे	ना	ऽ	ही
x		0		2		0		3		4	
			म						सां		
सा	–	सा	रे	–	म	–	म	पनि	पध	–	प
चै	ऽ	न	का	ऽ	से	ऽ	क	हूऽ	ऽऽ	ऽ	री
x		0		2		0		3		4	
	म										
–	रे	म	प	–	ध	सांनि	–	धप	ध	प	–
ऽ	ज	ब	से	–	ग	येऽ	ऽ	ऽऽ	मो	रे	ऽ
x		0		2		0		3		4	
			सां				प		सा		
धप	मरे	म	पनि	सां	सां	ध	म	रे	नि	सा	सा
कऽ	टऽ	त	नाऽ	ऽ	ही	दि	न	ऽ	रै	ऽ	न
x		0		2		0		3		4	

अंतरा

म				सां		नि					
रे	म	–	प	नि	ध	सां	–	सां	सां	–	सां
घ	री	ऽ	घ	री	ऽ	प	ऽ	ल	प	ऽ	ल
X		0		2		0		3		4	
सां						सां					
नि	सां	–	रेम	पं	रें	नि	–	सां	नि	ध	ध
जु	ग	ऽ	सीऽ	ऽ	ऽ	ला	ऽ	ऽ	ग	ऽ	त
X		0		2		0		3		4	
प											
म	–	–	प	–	प	धसां	नि	धप	ध	प	–
बा	ऽ	ऽ	ट	ऽ	त	कऽ	ऽ	तऽ	नि	त	ऽ
X		0		2		0		3		4	
धप	मरे	मप	सांनि	ध	प	म	रे	रे	रे	नि	सा
अंऽ	सुऽ	वऽ	नऽ	झ	र	ला	ऽ	गे	नै	ऽ	न
X		0		2		0		3		4	

ग़ज़ल का अर्थ और परिभाषा : एक अवलोकन

डॉ. सरस्वती नेगी

संगीत विभाग

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक

सार-संक्षेप

प्रस्तुत लेख में हम देखेंगे कि किस प्रकार ग़ज़ल भारत में पहुँची, कैसे इसका प्रचार-प्रसार हुआ, कैसे यह हिन्दी (खड़ी बोली) में प्रविष्ट हुई, और किस प्रकार भारतीय संगीतज्ञों ने इस विधा को हाथों हाथ लिया

ग़ज़ल साहित्य और संगीत दोनों विधाओं में प्रमुख रूप से प्रसिद्ध है। यह उर्दू, फारसी, अरबी, हिन्दी और कभी-कभी अंग्रेज़ी में भी देखने को मिल जाती है। लेकिन प्रस्तुत लेख में हम ग़ज़ल के भारतीय उर्दू स्वरूप का ही अध्ययन करेंगे। साहित्य की वह विधा जो हिन्दी में कविता कहलाती है, वही उर्दू में शायरी हो जाती है। प्रस्तुत लेख में हम देखेंगे कि किस प्रकार ग़ज़ल भारत में पहुँची, कैसे इसका प्रचार-प्रसार हुआ, कैसे यह हिन्दी (खड़ी बोली) में प्रविष्ट हुई, और किस प्रकार भारतीय संगीतज्ञों ने इस विधा को हाथों हाथ लिया।

संकेत शब्द

ग़ज़ल, साहित्य, सूफ़ी, मुशायरा

ग़ज़ल क्या है?

ग़ज़ल छठी शताब्दी में अरब क्षेत्र में विकसित हुई। इसका विकास एक प्रचलित काव्य परंपरा - 'कसीदा' से हुआ। वास्तव में कसीदा नामक इस काव्य परंपरा में प्रेमी प्रेमिका के सौन्दर्य का अतिशयोक्ति से भरा वर्णन करता है। कभी-कभी ऐसे कसीदे भी मिलते हैं, जिनमें धर्म-युद्धों का वर्णन बहुत बढ़ा-चढ़ाकर किया गया है। ऐसे ही काव्य रूप कसीदे से ग़ज़ल धीरे-धीरे अस्तित्व में आई।

आरंभ में शायरी का यह रूप अरबी में होता था। धीरे-धीरे ग़ज़ल फारसी में भी लिखी जाने लगी। ग़ज़ल में नायक और नायिका के बीच की दूरी और इस दूरी से उत्पन्न होने वाले विरह को दर्शाया जाता है। माशूका की बेवफाई, उसकी कठोरता, उसकी शोखी इत्यादि के साथ-साथ महबूब की मनःस्थिति का भी काव्यात्मक चित्रण ग़ज़ल में देखने को मिलता है। इस प्रकार, यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि ग़ज़ल प्रेमी के हृदय से निकली वह दर्द भरी पुकार होती है जिसमें विरह का दुख और मिलन की आशा दोनों शामिल रहती हैं। मूलतः यह इश्क-ए-मिजाज़ी से इश्क-ए-हकीकी तक पहुँचने का एक अनुपम रास्ता है।

सूफी पीर और ग़ज़ल

यद्यपि ग़ज़ल का उद्भव छठी शताब्दी में ही हो गया था, लेकिन भारत में इसका प्रवेश हुआ बारहवीं शताब्दी में - जब पश्चिम एशिया की ओर से अनेक मुस्लिम आक्रांता भारत में घुस रहे थे। इन्हीं आक्रान्ताओं के साथ अनेक सूफी भी भारत आए। इन्हीं सूफियों ने भारत में अनेक खानकाहें स्थापित

कीं। इसी काल में आमिर खुसरो (1253-1325) नामक एक विद्वान का जन्म पंजाब के पटियाला नामक स्थान पर हुआ इनके पूर्वज अफगानिस्तान की हज़ारा नामक घुमंतू जाति से संबंध रखते थे जो कुछ समय पूर्व ही भारत या गए थे। खुसरो की आरंभिक शिक्षा फारसी में हुई। उन्होंने देशी भाषाओं को भी सीखा। बाद में खुसरो एक सूफी संत फकीर निज़ामुद्दीन चिश्ती के शिष्य हो गए थे। यहीं इन्होंने अनेक काव्य रचनाएं लिखीं जिनमें से अधिकतर फारसी में थीं। इन्होंने कई ग़ज़लें भी लिखीं जिनमें आशिक के दिल में महबूब से मिलने की बेचैनी और कसक का सुंदर वर्णन प्राप्त होता है। वास्तव में ये ग़ज़लें सूफी दर्शन को ध्यान में रख कर लिखी गईं थीं लेकिन इनका सांसारिक अर्थ भी बहुत ही रूमानी प्रतीत होता है और फारसी के जानकार इन ग़ज़लों को बहुत सरसता के साथ सँजोते हैं।

फारसी से ग़ज़ल उर्दू में आई। उर्दू का पहला शायर जिसका काव्य-संकलन (दीवान) प्रकाशित हुआ हैं, वह हैं मोहम्मद कुली कुतुबशाह। वे दक्कन के बादशाह थे और उनकी शायरी में फारसी के अलावा उर्दू और उस वक़्त की दक्कनी बोली भी शामिल थी। इनकी शायरी का एक उदाहरण देखिए-

पिया बाज पयाला पिया जाये ना।
पिया बाज यक तिल जिया जाये ना।।

कुली कुतुबशाह के बाद के शायर हैं ग़व्वासी, वज़ही, बहरी और कई अन्य। इस दौर से गुज़रती ग़ज़ल वली दकनी तक आ पहुँची और उस समय तक ग़ज़ल पर छाई हुई दकनी छाप काफी कम हो गई। वली ने सर्वप्रथम ग़ज़ल को अच्छी शायरी का दर्जा दिया और फारसी शायरी के बराबर ला खडा किया। दकन के लगभग तमाम शायरों की ग़ज़लें बिल्कुल सीधी और सुगम शब्दों के माध्यम से हुआ करती थीं।

वली के साथ-साथ उर्दू शायरी दक्कन से उत्तर की ओर आई। यहाँ से उर्दू शायरी का पहला दौर शुरू होता है। उस वक़्त के शायर आबरू, नाजी, मज़्मून, हातिम इत्यादि थे। इन सब में वली की शायरी सबसे अच्छी थी। इस दौर में उर्दू शायरी में दकनी शब्द काफी हद तक कम हो गये थे। इसी दौर के आख़िर में आने वाले शायरों के नाम इस प्रकार हैं - मज़हर जाने-जानाँ, सादुल्ला 'गुलशन', ख़ान 'आरजू' इत्यादि। यक़ीनन इन सब ने मिलकर उर्दू शायरी को अच्छी तरक़्क़ी दी।

इस दौर के सब से मशहूर शायर हैं 'मीर' और 'सौदा'। इस दौर को उर्दू शायरी का 'सुवर्ण काल' कहा जाता हैं। इस दौर के अन्य शायरों में मीर 'दर्द' और मीर गुलाम हसन का नाम भी काफी मशहूर था। इस ज़माने में उच्च कोटि की ग़ज़लें लिखी गईं जिसमें ग़ज़ल की भाषा, ग़ज़ल का उद्देश्य और उसकी नज़ाकतों को संवारा गया।

बाद के शायरों मे ग़ालिब का नाम सबसे प्रमुख रूप से लिया जाता है। आज भी इनकी ग़ज़लें उर्दू शायरी का अनुपम उदाहरण मानी जाती हैं।

ग़ज़ल की रचना प्रक्रिया

ग़ज़ल शेरों से बनती हैं। हर शेर में दो पंक्तियां होती हैं। शेर की हर पंक्ति को मिसरा कहते हैं। ग़ज़ल की ख़ास बात यह है कि उसका प्रत्येक शेर अपने आप में एक संपूर्ण कविता होता है और उसका संबंध ग़ज़ल में आने वाले अगले पिछले अथवा अन्य शेरों से हो, यह ज़रूरी नहीं है। इसका अर्थ यह हुआ कि किसी ग़ज़ल में अगर 25 शेर हों तो यह कहना ग़लत न होगा कि उसमें 25 स्वतंत्र कविताएं हैं। शेर के पहले मिसरे को 'मिसर-ए-ऊला' और दूसरे को 'मिसर-ए-सानी' कहते हैं।

मत्ला–ग़ज़ल के पहले शेर को 'मत्ला' कहते हैं। इसके दोनों मिसरों में यानि पंक्तियों में 'क़ाफिया' होता हैं। अगर ग़ज़ल के दूसरे शेर की दोनों पंक्तियों में भी क़ाफिया हो तो उसे 'हुस्ने-मत्ला' या 'मत्ला-ए-सानी' कहा जाता है।

क़ाफिया–वह शब्द जो मत्ले की दोनों पंक्तियों में और हर शेर की दूसरी पंक्ति में रदीफ के पहले आये उसे 'क़ाफिया' कहते हैं। क़ाफिया बदले हुए रूप में आ सकता है। लेकिन यह ज़रूरी है कि उसका उच्चारण समान हो, जैसे बर, गर तर, मर, डर, अथवा मकां, जहां, समां इत्यादि।

रदीफ–प्रत्येक शेर में 'क़ाफिये' के बाद जो शब्द आता है उसे 'रदीफ' कहते हैं। पूरी ग़ज़ल में रदीफ एक होती है। कुछ ग़ज़लों में रदीफ नहीं होती। ऐसी ग़ज़लों को 'ग़ैर-मुरद्दफ ग़ज़ल' कहा जाता है।

मक़्ता–ग़ज़ल के आखिर शेर को जिसमें शायर का नाम अथवा उपनाम हो उसे 'मक़्ता' कहते हैं। अगर नाम न हो तो उसे केवल ग़ज़ल का 'आख़री शेर' ही कहा जाता है। शायर के उपनाम को 'तख़ल्लुस' कहते हैं। निम्नलिखित ग़ज़ल के माध्यम से अभी तक ग़ज़ल के बारे में लिखी गयी बातें आसान हो जायेंगी।

कोई उम्मीद बर नहीं आती।
कोई सूरत नज़र नहीं आती।।1।।
मौत का एक दिन मुअय्यन है।
नींद क्यूं रात भर नहीं आती।।2।।
आगे आती थी हाले दिल पे हंसी।
अब किसी बात पर नहीं आती।।3।।
हम वहां हैं जहां से हमको भी।
कुछ हमारी ख़बर नहीं आती।।4।।
काबा किस मुंह से जाओगे 'ग़ालिब'।
शर्म तुमको मगर नहीं आती।।5।।

इस ग़ज़ल का 'क़ाफिया' बर, नज़र, भर, पर, ख़बर, मगर हैं। इस ग़ज़ल की 'रदीफ' "नहीं आती" है। यह हर शेर की दूसरी पंक्ति के आख़िर में आयी हैं। ग़ज़ल के लिये यह अनिवार्य हैं। इस ग़ज़ल के प्रथम शेर को 'मत्ला' कहेंगे क्योंकि इसकी दोनों पंक्तियों में 'रदीफ' और 'क़ाफिया' हैं। सब से आख़िरी शेर ग़ज़ल का 'मक़्ता' कहलाएगा क्योंकि इसमें 'तख़ल्लुस' हैं।

बहर , वज़न या मीटर (meter)

शेर की पंक्तियों की लंबाई के अनुसार ग़ज़ल की बहर नापी जाती हैं। इसे वज़न या मीटर भी कहते हैं। हर ग़ज़ल उन्नीस प्रचलित बहरों में से किसी एक पर आधारित होती है। बोलचाल की भाषा में सर्वसाधारण ग़ज़ल तीन बहरों में से किसी एक में होती है-

हासिले-ग़ज़ल शेर - ग़ज़ल का सबसे अच्छा शेर 'हासिले-ग़ज़ल शेर' कहलाता है।

हासिलें-मुशायरा ग़ज़ल - मुशायरे में जो सब से अच्छी ग़ज़ल हो उसे 'हासिले-मुशायरा ग़ज़ल' कहते हैं।

एक ज़माना था जब आशिक और माशूका की मोहब्बत भरी गुतगू को ग़ज़ल कहा जाता था। हुस्न-इश्क और साक़ी-शराब की रसीली अभिव्यक्ति उसकी भावभूमि हुआ करती थी, जिससे परे जाकर दूसरी भावभूमि पर ग़ज़ल कहना ग़ज़लकारों के लिए दुस्साहस भरा कार्य हुआ करता था। ऐसी परिस्थिति में नयी क्रांति की प्रस्तावना किसी भी कवि के लिए संभव नही थी। सच तो यह है कि ग़ज़ल के रुप में उसी कलाम को स्वीकार किया जाता था जो औरतों के हुस्न और जमाल की तारीफ करे।

हिन्दी ग़ज़ल

उर्दू से धीरे-धीरे यह विदहा हिन्दी के कवियों ने भी स्वीकार कर ली। हिन्दी के सबसे प्रसिद्ध ग़ज़ल लिखने वाले कवि 'बच्चन' थे, जिन्होंने 'मधुबाला' 'मधुशाला' और 'मधुकलश' नामक खंडकाव्यों की रचना करके तहलका मचा दिया। हिन्दी की आरंभिक ग़ज़लों में उर्दू ग़ज़लों का व्यापक प्रभाव देखा जाता था। यही कारण था कि जब पहली वार शमशेर ने पारंपरिक रूमानी संस्कार से ऊपर उठकर ग़ज़ल रचना की तो डॉक्टर राम विलास शर्मा ने यह कहकर खारिज कर दिया कि ''ग़ज़ल तो दरबारों से निकली हुई विधा है, जो प्रगतिशील मूल्यों को व्यक्त करने में अक्षम है।'' किन्तु अब स्थिति बदल चुकी है, हिन्दी वालों ने ग़ज़ल को सिर्फ स्वीकार हीं नही किया है, बल्कि उसका नया सौन्दर्यशास्त्र भी गढ़ा है। परिणामस्वरूप आज ग़ज़ल उर्दू ही नहीं हिन्दी की भी चर्चित विधा है, तो आईये समकालीन हिन्दी ग़ज़ल के स्वरूप, विकास और उसकी संभावनाओं पर विचार करते हैं।

हिन्दी और उर्दू ग़ज़लों में मुख्य अंतर यह है की उर्दू ग़ज़ल प्रेम भावनाओं का चित्रण है। अच्छी ग़ज़लें वही समझी जाती हैं, जिसमें इश्क़-ओ-मोहब्बत की बातें सच्चाई और असर के साथ लिखी जाये, जबकि हिन्दी ग़ज़लकार इस परिभाषा को नहीं मानते। इनका उर्दू ग़ज़लकारों से सैद्धांतिक मतभेद है, नचिकेता का मानना है कि "हिन्दी ग़ज़ल उर्दू

ग़ज़लों की तरह न तो असंबद्ध कविता है और न इसका मुख्य स्वर पलायनवादी ही है, इसका मिजाज़ समर्पणवादी भी नहीं है।" ज़हीर कुरैशी का मानना है कि "हिन्दी प्र.ति की ग़ज़लें आम आदमी की जनवादी अभिव्यक्ति है, जो सबसे पहले अपना पाठक तलाश करती है।" जबकि ज्ञान प्रकाश विवेक का कहना है कि "हिन्दी कवियों द्वारा लिखी जा रही ग़ज़ल में शराब का ज़िक्र नही होता, जिक्र होता है गंगाजल में धुले तुलसी के पत्तों का, पीपल की छाँव का, नीम के दर्द का, आम-आदमी की तकलीफों का।

प्रेमधन, श्रीधर पाठक, राम नरेश त्रिपाठी, शमशेर, त्रिलोचन आदि ने ग़ज़ल को मांजने का प्रयास किया। हालांकि शमशेर ने इस विधा को गति और दिशा दी। फिर हंस राज रहवर, जानकी बल्लभ शास्त्री, रामदरश मिश्र आदि ने नए सौन्दर्यशास्त्र गढ़ने का महत्वपूर्ण कार्य किया। इतिहास साक्षी है कि हिन्दी कविता के महत्वपूर्ण हस्ताक्षर दुष्यंत कुमार ने ग़ज़ल के माध्यम से एक नई क्रांति की प्रस्तावना की। ग़ज़ल रचना के नए क्षितिज का उद्घाटन ही नही किया, वरन हिन्दी कविता की स्वतन्त्र विधा की स्वीकृति का आधार भी तैयार किया। दुष्यंत के बाद अदम गोंडवी ही एक ऐसे ग़ज़लकार हैं, जिन्होंने ग़ज़ल के माध्यम से कल्पना के सुरम्य सतरंगे आलोक में धुआंधार प्रकाश उड़ेलने का काम किया और इस परंपरा को आगे बढाने का पुनीत कार्य कर रहे हैं।

ग़ज़ल में संगीत

अब हम यह चर्चा करेंगे की भारतीय उपमहाद्वीप के गायकों ने किस प्रकार ग़ज़ल को लोकप्रिय बनाने में अपना योगदान किया।

हम जानते हैं की साहित्य एवं संगीत कलाओं का परस्पर गहरा संबंध रहा है। संगीत के कलाकारों ने उत्कृष्ट हिन्दी साहित्य को हं-हंकर देश भर में लोकप्रिय कर दिया। सूरदास, मीरा, तुलसीदास इत्यादि कवियों के पद और चौपाइयाँ आज भी चाव से गाई और सुनी जाती हैं। भारतीय फिल्म संगीत में ग़ज़लों का खूब प्रयोग किया गया है। गैरफ़िल्मी गीतों में भी ग़ज़लों का प्रमुख स्थान रहा है। बीसवीं शताब्दी में बेग़म अख़्तर ने ग़ज़ल गायकी का विकास किया। बाद में पाकिस्तानी गायक मेहंदी हसन ने भी इस विछोह को खूब प्रचारित किया। मन्ना डे ने 'मधुशाला' की कुछ पंक्तियों को अपनी सुरीली आवाज में जब गाया तो जनसामान्य के साथ-साथ कलाकारों ने भी इसकी भूरी-भूरी सराहना की। ब०लीवुड फिल्म गायकों में मुहम्मद रफी, चंदनदास, लता मंगेशकर, आशा भोसले, गुलाम आली, परवेज़ मेहंदी, भूपेन्द्र और मिताली, हरिहरण इत्यादि प्रमुख ग़ज़ल कलाकार रहे जिन्होंने इस विछोह को गाया और लोकप्रिय बनाने मे अपना योगदान किया। इस क्षेत्र में जब तक जगजीत सिंह का नाम न लिया जाए तब तक ग़ज़ल की चर्चा अधूरी ही मानी जाएगी। जगजीत सिंह ने चित्रा सिंह के साथ ग़ज़लों को नया आयाम दिया। इन्होंने ग़ज़ल के साथ गिटार, वायलिन इत्यादि वाद्यों का प्रयोग करके इसे एक नई छवि प्रदान की। आज भी इनकी ग़ज़लें बड़े चाव से सुनी जाती हैं। देश-विदेश में इन ग़ज़ल-गायकों के लाखों प्रशंसक विद्यमान हैं। इस प्रकार, आधुनिक समय में ग़ज़ल पर लगातार नए प्रयोग किये जा रहे हैं। जगजीत सिंह की ही परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अनेक कलाकार इसका पश्चिमीकरण करने का प्रयास कर रहे हैं। आज ग़ज़ल से संबंधित अनेक स्टेज शो हो रहे हैं जिनमें हज़ारों लोग पहुँचते हैं। अनेक कलाकार ग़ज़ल गायकी को अपना रहे हैं। हमारे उपशास्त्रीय संगीत कलाकार भी ग़ज़ल की ओर आकर्षित हो रहे हैं। ग़ज़ल गाना और सुनना एक फैशन सा हो गया है।

संदर्भ

1. Regula B. Qureshi, 'Tarannum: The Chanting of Urdu Poetry', Journal of the Society for Ethnomusicology, Vol. 13, No. 3, 1969, pp. 425-468.
2. https://www.definitions.net/definition/ghazal
3. https://allpoetry.com/Amir-Khusro
4. अंग्रेजी का एक लेख जो उपलब्ध है : 'Ghazal', Encyclopaedia of Islam, Vol. II, Leiden, 1965, pp. 10281036.
5. 'Ghazal', Encyclopaedia Iranica, Vol. X, New York, 2001.
6. https://zarinasani.org/
7. https://www.deepawali.co.in/harivansh-rai-bachchan-biography-poem-hindi.html

Dawn of Melody

Dr. Shanti Mahesh

Assistant Professor, Department of Music,
Queen Mary's College (Autonomous), Chennai

Abstract

Music the universe paved through melody is embedded with most intricate features in Science, Mathematics (vigyaan and ganith)- cohesion of tone, rhythm exhibiting the aura of heavenly bliss, spirituality, happiness, peace. The write-up is aimed to focus the aspects, features in Riyaz of basic exercises in Indian Music.

Key Words

Karaikudi Veena Gharana, Abhyasa Gana, Svarasthana Varisais, Tala

Introduction

The sweetest tone is the first sound of the baby- the magnificent Tamil Poet Thiruvalluvar has remarked in a 'Thirukkural' the 1,330 couplets (each of the couplet-poem like doha). Pulse in each may be referred as ultimate depiction of time-rhythm.

Each being is embodied with melody, rhythm. Belonging to the Tenth Generation of the Karaikudi Veena Gharana, below are briefed the vitality of practice (riyaz) enabling ease resulting in production of melody- any system of music- Classical (Shastriya) or semi classical (Sugam Sangeet).

Melody

Melody is "a sweet or agreeable succession or arrangement of sounds"- as P.B. Shelley has remarked. Melody, Rhythm, Harmony are three basic components in music. Indian Music chiefly focusses on the melodic constituent engulfed with rhythm.

Indian Music

Important features to render Hindustani Music and Karnatik Music

Abhyasa Gana in Karnatik Music

First the sthana of the Svara Shadja, Panchama are imbibed, rendered as Madhyasthayi Shadja, Madhya Sthayi Panchama and Tara Sthayi Shadja in almost all traditions. I have an observation to this point. In my tradition and the eminent musician Ramanathapuram. Shri. C. S. Sankarasivam, the sthana is sung on the point, but I note many gliding from the starting svara to the next in this basic sa-pa-sa

My experience is, touching the tone direct enables more ease, comfort perfection to melodious music.

Set of exercises- Sarali, Janta, Sapta Tala Alankara are taught. TriSthayi, Daattu varisais are also taught, then, Sapta Tala Alankara in the Raga Mayamalavagaula equivalent to the scale Bhairav in Hindustani Sangeet.

It may be noted that the first Varisai in each is given. Remaining are available in Books, Webs, YouTubes

The varisais are rendered in Adi Tala

Sarali

1. Aaroh: S r G m P D N S+ Avroh: S+NdPmGrS

Janta

These Varisais emphasize rendering of Sphurita from the starting Svara to the next- enabling comprehension of logic, melody, rhythm.

1. Aaroh: SS rr GG mm PP dd NN S+S+

Avroh: S+S+ NN dd PP mm GG rr SS

Daattu

Zigzag sequences increasing the overall command of Svarasthanas in the learner.

Aaroh:

SmGm rGSr SGrG SrGm

rPmP GmrG rmGm rGmP

Similar sequence upto PS+NS+ gNPd PndN PDNS+

Avroh:

S+PdP NdS+N S+dNd S+NdP

NmPm dPND NpdP NdPm sequence till mSrS GrmG mrGr mGrs

Tristhayi Varisais validating range in the Octaves Mandra, Madhya, Tara. Range of Svara in AnuMandra, Ati Tara Sthayi are also obtained to singers. The available Octave range in each musical insrrument is feasible with ease, comfort by practising the sequence.

Melsthayi Varisais validating range in the higher Octave.

Sapta Tala Alankara

Alankarams: These are multi-tala sequences composed in the 35 talas. But usually, 7 of these are selected and taught to the students. In Tala, the has three anga-s

Laghu: Beat/clap followed by finger count-

BEAT	FINDER COUNT	TOTAL NUMBER OF UNITS	NAME OF JAATI
1	2	(1+2)=3	Tisra
1	3	(1+3)= 4	Chatusra
1	4	(1+4)=5	Khanda
1	6	(1+6)=7	Mishra
1	8	(1+8)=9	Sankirna

Dhrutam: Beat/clap followed by waving of hand

Anudhrutam: Waving of hand

Dhruva Tala – Laghu +Chrutam+Laghu+Lagfhu

1. Chatusra Jati Dhruva Tala- 4+2+4+4-16

Aaroh

LAGHU	DHRUTAM	LAGHU	LAGHU
Srgm	Gr	Srgr	SrGm
rgmP	mG	rGmG	RgmP
GmPd	Pm	GmPm	GmPd
mPdN	dp	mPdP	mpdN
PdNS+	Nd	PdNd	PdNS+

Avroh

LAGHU	DHRUTAM	LAGHU	LAGHU
S+NdP	dN	S+NdN	S+NdP
NdPm	Pd	NdPd	NdPm
dPmG	mP	dPmP	dpmG
PmGr	Gm	PmGm	PmGr
mGrS	rG	mGrG	mGrS

Note: To denote Tara Sthayi. + after the sur is used. Indication of Svarasthanas as in the web paatantara.com by Dr. K.S. Srikumar.

	Name of Svara in Karnatik Music	Name of Equivalent Sur in Hindustani Sangeet	Symbol Used
1.	Shadja	Shadj	S
2.	Shuddha Rishabha	Komal Rishabh	r
3.	Chatushruti Rishabha	Shuddh Rishabh	R
4.	Sadharana Gandhara	Komal Gandhar	g
5.	Antara Gandhara	Shudh Gandhar	G
6.	Shudhha Madhyama	Komal Madhyam	m
7	Prati Madhyama	Teevra Madhyam	M
8.	Panchama	Pancham	P
9.	`Shuddha Dhaivata	Komal Dhaivat	d
10	Chatushruti Dhaivata	Shudh Dhaivat	D
11.	Kaisiki Nishadha	Komal Nishad	n
12.	Kakali Nishadha	Shudh Nishadh	N

Hindustani Music

The Sthan of Sur Sa cohering with the Madhyam Sthayi Shadja is imbibed as Sur, hmm, Vowels ae, ee, aa, oa,oo

Basic exercises are initially learnt in the Bilaval Thaat - equivalent to the scale Dheera Sankarabharanam in Karnatik Sangeet.

Palta, Alankar, Merukhand are to be imbibed initially.

Execution of the aspects in the Hindustani system of music, results in clear, untwisted tonal production- in vocal as well as instrumental music

Significance of Practising the basics in Music

It may be noted that all performers and teachers insist on learning the basic exercises and practising them regularly- the necessity of Riyaz is very important. Eminent Performers are observed to have Riyaz of the basic exercises as part of routine.

Belonging to the Tenth generation of the Karaikudi Veena Gharana, my grandmother Karaikudi. Lakshmi Ammal (1917-1985) belonging to the eighth generation was a Veena teacher at the city Madurai. I was fortunate to reside with my grandparents- my father being her eldest son. She used to teach the basics to each student for sight months to an ear and proceed further after that. She belonged to the period when women learning, performing music was not prevalent in many families. She used to indicate to me how my aunt- father's elder sister Karaikudi. Rajeswari Padmanabhan used to practise the basics before dawn each day from her childhood.

The web would display how magnificent a musician Karaikudi. Rajeswari Padmanabhan was. I wish to submit how blessed I was to be guided by her.

Conclusion

Practice of basic exercxises aptly in each classical system- with committed dedication, also work on, go through the exercises in both the systems, maintaining the distinctive aspect in each without dilution can definitely result in immaculate euphony.

References:

This Paper has been aimed to present the salient musical seed empowering knowledge, learning, performing music. The basic structure of Karnatik and Hindustani Music are available in various books, the study has given examples of Varisais, Sapta Tala Alankara etc., pivotal to the aspect of classical music.

Analytical study of the Stylistic impressions, tradition and changing trends evolved in Gwalior Gharana of Hindustani Classical Music

Dr. Atindra Sarvadikar

Assistant professor,

Department of Music, University of Mumbai

*A glorious tradition commencing from an epoch-making artist could be termed as **Gharana**. A **Gharana** reflects the stature, personality, richness and qualities of the epoch-making artist. The **Gharanas** in music are no exception to this phenomenon, and the concerned epoch-maker musician earns respect and curiosity among listeners and connoisseurs. Examples like Agrewali Malkajaan and Bhendibazaarwale Amaan Ali indicate how a person's name becomes closely associated with the concerned **Gharana**.*

*"The difference in Swar and **Taal's presentation** resulted in different performing music styles. We began calling them as **Gayaki** and every tradition of these **Gayakis** was then termed as **Gharanas**." [1]*

*We can observe that all these legendary musicians and inceptors of their respective **Gharana** had studied in the Gwalior tradition and later found their path through a few significant creative changes in the then existing **Gayaki**. Hence, we can call the Gwalior **Gharana Gayaki** the mother of all **Gharanas**.*

Keywords:

Gharana, Gayaki, taleem, Ashtang Pradhan Gayaki, madhyalay

1.1) Gwalior Gharana: Background:-

It is believed that 'Gwalior Gharana' is the origin of all the *Gharanas,* the first Gharana of Khyaal music. Gwalior City was the mecca of music when this Gharana had attained the peak of prosperity. Many students travelled to Gwalior then to learn music.

"According to Pandit Sharadchandra Arolkar, Gwalior Gharana is the origin of all Gharanas, and Nattahn Peer Baksh is its founder. He was born around 1773, and the period from the end of the eighteenth century to the end of the nineteenth century is said to be the golden period of this Gharana." [2]

Sushilkumar Chaube says, "The Gwalior Gayaki, whose inceptor was Natthan Peer Baksh was closely related to the Dhrupad Gayaki. Hence we consider it as a real *Gharanedar Gayaki*. Never was the prestige of the Khyaal Gayaki tampered with, and it enjoyed the most prestigious position among all performing arts. It would be appropriate to say that the Gwalior style of Khyaal Gayaki enjoys a paramount position among all Khyaal Gayakis of the modern era." [3]

1.1.A) Artists belonging to the Gwalior Gharana and the Gayaki:

Musicologist Vamanrao Deshpande says, "Huddu Khan-Hussu Khan, Shankar Pandit, Eknath Pandit, Baba Dikshit, Nisar Hussain Khan (guru of Vaze Buwa), Vazebuwa, Rahmat Khan, Balkrushnabuwa Ichalkarajikar (who brought the Khyaal Gayaki to Maharashtra), Balkrishnabuwa's guru Vasudevbuwa Joshi, Vasudevbuwa's son Bhaiyyasaheb, Pandit Vishnu Digambar Paluskar, Faiz Mohommad Khan (first guru of Bhaskarbuwa Bakhale), Anant Manohar Joshi, Mirashibuwa and his disciples are all the illustrious products of this Gharana. Apart from this, the Gwalior Gharana *taleem* gave rise to other Gharanas. For example, Ghagge Khuda Baksh got the *taleem* of this Gharana and went on to become the founder of the Agra Gharana. Most of the present-day Gharanas trace their origin to the Gwalior style, and hence this is the pioneer of all those styles of music." [4]

Now let us gather some more information about the prominent artists of this Gharana.

"Natthan Khan had two grandsons – Hassu Khan and Haddu Khan. He also had an adopted son named Natthu Khan. Hassu Khan passed away early and had a moderate approach to his style. Haddu Khan had a trained voice, and his Gayaki was heavy and loud. "Your voice should be loud like a mountain, and yet fine like a needle", he used to say. Natthu Khan possessed a vast collection of *Bandishes.* He was more a teacher than a performing musician. [5]

Baba Dikshit and Vasudevbuwa Joshi were students of Hassu Khan. It is said that Baba Dikshit was a trained musician, and he not only possessed a nuanced approach but also possessed great depth in knowledge. He was administered an oath that he would not sing for the king, and he remained loyal to it. His music could reach the listeners through Ganpatrao Apte, Krushnarao Mulye and Sharadchandra Arolkar. [6]

One can experience Antubuwa's style here – http://www.gajananbuwajoshi.com/anant_manohar_joshi

Antubuwa's son and disciple Gajananbuwa Joshi was a trained vocalist and a violinist. Apart from his father's G*ayaki,* he was also influenced by the G*ayaki* of the Jaipur and the Agra *Gharanas*. We can get a glimpse of these influences in the *Gayaki* of Ulhas Kashalkar, Antubuwa's student, and one of today's most prominent vocalists.

(Gajananrao Joshi: Gwalior Gharana – The Heritage HMV's Gharana Series Cat. No. STC850610 Ragas- Bhimpalas, Shree, Basant Bahar, Bhairavi)

Gundubuwa Ingale's son Keshav Gundo Ingale was also a vocalist. It is also necessary to mention another prominent offshoot of the Gwalior G*ayaki.* It begins with Rajabhaiyya Poochwale, a student of Shankar Pandit. This

style was popularized by Rajabhaiyya's son Balasaheb Poochwale. "Students of Balasaheb Poochwale made the G*ayaki* more simplified, and a prominent example is Malini Rajurkar."

We should also mention eminent vocalist Sharad Sathe, who was influenced by the G*ayaki* of D.V Paluskar and Sharadchandra Arolkar. Krishnarao Shankar Pandit contributed by opening many music schools and teaching many students.

Kumar Gandharva is a musician from this G*harana* who established his prominence through his path-breaking experiments and contribution to music. Through his creative contributions and the introduction of aesthetics, he redefined the concept of tradition.

(Pandit Kumar Gandharva A Journey – label – Saregama – 2 CD Set – CDNF 150533/34 – Vol 1 – Ragas – Puriya Dhanashree, Malavati, Chaiti Bhoop, Lagan Gandhar, Bahar, Nirguni Bhajan in Mishra Mand; Vol 2 – Ragas – Saheli Todi, Sawani, Sohoni Bhatiyar, Nirguni Bhajan, Nirguni Bhajan).

Through these recordings, one gets a glimpse of Kumarji's innovations and aesthetic elements in his style. Of these, Malavati, Chaiti Bhoop, Lagan Gandhar, Saheli Todi, Sohoni Bhatiyar were Kumarji's creations. He called many of his creations '*Dhun-ugam Raag'* as they, according to him, emerged from folk tunes. He also published his collection of *bandishes* titled *Anupraagvilas.* In some of the *bandishes* he composed, Kumar Gandharva has used the pen name *Shok* or *Shok Piya.*

Veena Sahasrabuddhe was another eminent vocalist from this G*harana.* Her G*ayaki* gives us a glimpse of the balance between the melody of notes and the otherwise forceful Gwalior G*ayaki.*

1.2) Tradition:

In Sadarang's tradition, we have Ghulam Rasool Shori, and his nephews Shakkar Khan and Makkhan Khan; Shakkar Khan's son Bade Mohammad Khan and Makhkhan Khan's son Natthan Pee rBaksh. [7]

Natthan Peer Baksh is considered the founder of the Gwalior Gharana.

- Bade Mohammad Khan- Four sons- Murad Ali, Kutub Ali, Munavvar Ali and Mubarak Ali
- Nathan Peer Baksh: Son – Qadar Baksh; Grandsons – Haddu Khan, Hassu Khan and Natthu Khan Disciples: Ghagge Khuda Baksh (The Jaipur Gharana begins from Mubarak Ali, whereas Ghagge Khuda Baksh initiated the Agra Gharana)
- Haddu Khan: Son – Mohammad Khan and Rahmat Khan (Bhu-Gandharva); Disciple: Babbu Khan, Balasaheb Guruji, Baba Dikshit, Devji Buwa, Inayat Hussain Khan, Banne Khan, Vishnupant Chhatre, Bande Ali Khan (Kirana Gharana), Nanu Gopal etc.
- Hassu Khan: Disciple – Bade Balkrushnabuwa, Vasudevbuwa Joshi, Anantshastri Kashikar
- Natthu Khan (Natthe Khan): Disciple – Nissar Hussain Khan, Maharaj Jiyajirao Shinde, Mehndi Hussain (maternal grandson of Hassu Khan), Jaysukh Bai etc
- Nissar Hussain Khan: Disciples – Shankarrao Pandit, Eknath Pandit, Ramkrushnabuwa Vaze, Gopalrao Marathe, Balabhau Umdekar

(Kundalguru), Bhaurao Joshi, Shankarrao Hardekar etc

- Mushtaq Hussain Khan of Rampur Gharana studied under Inayat Hussain Khan, the son-in-law of Haddu Khan
- Vasudevbuwa Joshi: Disciple – Balkrushnabuwa Ichalkaranjikar
- Balkrushnabuwa Ichalkaranjikar: Discplies – Gundubuwa Ingale, Vishnu Digambar Paluskar, Anant Manohar Joshi, Yashwantbuwa Mirashi, Bhatebuwa, Ganpati Bhilwadikar, Vamanrao Chaphekar etc
- Shankarrao Pandit: Disciples – Ganpatrao Gune, Ramkrushna Telang, Kashinathpant Mule, Rajabhaiyya Poonchwale, Bhaiyyasaheb Malwankar, Haribhau Valangaonkar, Dinkarrao Patwardhan; Son – Krushnarao Shankar Pandit
- Ramrushnabuwa Vaze: Son– Shivrampant Vaze; Discples– Haribhau Ghangrekar, Bhalchandra Pendharkar, Deenanath Mangeshkar, Gajananrao Joshi etc
- Nilkanthbuwa Mirajkar: Discples – Mallikarjun Mansur, Panchaksharibuwa Gadgaiyya, Basavraj Rajguru, Arujunsa Nakod, Puttaraj Gawai
- Vamanbuwa Chaphekar: Disciple – N. R Marukar
- Gundubuwa Ingale: Son – Keshavbuwa Ingale

1.3) Prominent features of the Gwalior Gharana:

Krishnarao Shankar Pandit, one of the most prominent vocalists of this Gharana says, "In the past 150 years, among all the Gharanas who attained fame, the Gwalior *Khyaal Gayaki* has been at the forefront. While every *Gharana* has its features, Gwalior's *Ashtang Pradhan Gayaki* is found nowhere else."

Ashtang Pradhan Gayaki is frequently mentioned while referring to the Gwalior Gharana. Krishnarao Shankar Pandit, further adds, "Only my G*harana* has the eight G*unas* of music. They are *Alap, bol-alaap, bol-taan, taan,* various forms of *Laykari, Meend, Gamak* and *Murki.* All of these contribute to my *Khyaal Gayaki. Meend* and *Behlawa* are the special features in this *Gharana.* This is a complex form of presentation, and it is influenced by *Dhrupad, Dhamar, Thumri, Tappa* and to an extent *Tarana.*"

To sum up this statement, we can say that other *Gharanas* developed one or two of the eight forms mentioned above, but the Gwalior Gharana has included all these forms in its style and presentation.

The use of the *Madhyalaya,* a structured presentation of the *Bandish,* use of typical melodic patterns, an open-throat voice and use of the higher pitch while singing has made this *Gayaki* very attractive. Apart from these features, there are certain other characteristics of this Gharana, which are as follows: [8]

1. Use of an open-throat voice
- Svara-Mañjari of Taccūru brothers
- Saṅgīta-Sudhāmbudhi
- Saṅgīta-Pradāyini of Tiger Varadācārya
- Saṅgīta-Svayambōdhini of T.M.Veṅkaṭēśa Śāstri

Before analysing the compositions set to rāga Varāḷi seen in the early Telugu music publications, it is imperative to study the rāga lakṣaṇa of Varāḷi. So, the lakṣaṇa of rāga Varāḷi seen in the early Telugu music publications is seen and discussed below.

Lakṣaṇa of Rāga Varāḷi in the early Telugu music publications

Elaborate lakṣaṇa of rāga Varāḷi is seen only in the publication Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini while the other publications have only mentioned the ārōha and avarōha of rāga Varāḷi at the beginning of the notations. Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini gives a detailed lakṣaṇa for the rāga-s including their ārōha, avarōha, time to be sung, jīva and nyāsa svara-s, prayōga-s, gamaka-s, varja and vakra svara-s, etc.

The ārōha and avarōha of rāga Varāḷi is mentioned in the early Telugu music publications as follows:

- Pallavi-Svarakalpavalli of Tiruvottūru Tyāgayya - "s g_2 r_2 g m_2 p d_1 n_3 ṡ (or) s r_1 g_1 m_2 p d_1 n_3 ṡ - ṡ n_3 d_1 p m_2 g_1 r_1 s"
- Saṅgīta-Sudhāmbudhi of K.V. Śrīnivāsa Ayyaṅgār - "s g_1 r_1 g_1 m_2 p d_1 n_3 ṡ - ṡ n_3 d_1 p m_2 g_1 r_1 s"
- Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi of Tiruvottūru Tyāgayya and Saṅgītānanda-Ratnākaramu of Tenmaṭham brothers - "s r_1 g_1 m_2 p d_1 n_3 ṡ - ṡ n_3 d_1 p m_2 g_1 r_1 s"
- Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini of Subbarāma Dīkṣita - "s g_1 r_1 g_1 m_2 p d_1 n_3 ṡ - ṡ n_3 d_1 p m_2 g_1 g_1 r_1 s"

The ārōha is given as krama sampūrṇa in Saṅgītānanda-Ratnākaramu and Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi but the krama (sequential) prayōga "s r g m" or "s r g m p" is not seen in the compositions mentioned in these publications (gīta Rāmā-rākṣasa-bhīma in Saṅgītānanda-Ratnākaramu and the kṛti Ninu-vinā in Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi). So, the ārōha and avarōha in these publications might be mentioned to indicate the svara-s included in this rāga although the rāga prayōga slightly differs from the ārōha.

Saṅgīta-Sudhāmbudhi and Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini includes a vakra (zig-zag) prayōga "s g r g" in the ārōha. The addition of a vakra prayōga "s g r g" might be an attempt to eliminate the vivādi-dōṣa. The gāndhāra is a jaṇṭa-

prayōga in the avarōha mentioned in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini while the avarōha is a krama-avarōha in Saṅgīta-Sudhāmbudhi.

Pallavi-Svarakalpavalli mentions that rāga Varāḷi includes the svara-s sādhāraṇa gāndhāra and catuśruti ṛṣabha in the ārōha, which is unique. Pallavi-Svarakalpavalli also mentions that rāga Varāḷi is a sampūrṇa rāga which has the svara-s sādhāraṇa gāndhāra and catuśruti ṛṣabha in the ārōha and śuddha gāndhāra in the avarōha as rāgachāya svara-s. It also mentions that Varāḷi is a Ghana rāga.

Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini mentions that Varāḷi is a rāgāṅga, sampūrṇa-rāga, with ṣaḍja as the graha. It also mentions that it is a Ghana-rāga, suitable to be sung at all times.

(s g r g m p) (p m g g r s) are the prayōga-s that impart rañjakatva to rāga Varāḷi, which are shown in the mūrcchana ārōha and avarōha. Gāndhāra is the jīva-svara for this rāga. Hence, it is shown as a twin note in the mūrcchana-ārōha. The prayōga (sgrgm) is only seen in the Gīta and Tāna while the prayōga (srgm) is also seen in the Kīrtana-s.

Having seen the rāga lakṣaṇa of rāga Varāḷi, the notations of Gīta-s set to rāga Varāḷi seen in the early Telugu music publications are analysed based on their melody, structure, rhythm and the following observations are made.

Rāga prayōga-s

The frequent use of jaṇṭa prayōga-s in the Gīta-s set to rāga Varāḷi resemble the tāna pattern played on the Vīṇa. This could probably be because Varāḷi is a Ghana rāga which is extensively used for tāna playing on the Vīṇa.

The phrase “s g r g” is not seen in the ārōha prayōga-s (phrases) of the two gīta-s Sārasa-sambhava and Rāma-rākṣasa-bhīma out of the five Gīta-s set to rāga Varāḷi. In the gīta Sārasa-sambhava, the ascent in the melody is done using the dāṭu prayōga from ṣaḍja to dhaivata instead of any krama prayōga-s. For example, the phrases - “s d p ,” “s d d m” “s , d d p m” and “s d d p”.

▪ Rare phrases

In the gīta Rāma-rākṣasa-bhīma, both the āvarta-s end with a dīrgha svara of gāndhāra, which is unusual in the case of rāga Varāḷi.

Phrases like “p d s”, “g p p” and “p g r” are seen in the gīta Atulita-vibhava; “g p p” is also seen in the tāna in Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu; “d ṡ ṡ” is seen in the gīta-s Saṅgrāma-bhūma and Ārē-rē-nīlamēgha.

Phrase “ṡ ṙ ṁ” is seen in the kṛti Māmava-mīnākṣi and the phrase “m p g r” is seen in the kṛti Śēṣācala-nāyakam seen in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini.

Pañcama varja phrases are frequently seen in this rāga. For example, the phrase “d m g r” is frequently seen in the Gīta-s, Varṇa - Tōyajākṣi rō and the Sañcāri in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini.

The entire ārōha and avarōha of Varāḷi is seen in the phrase “s r g m p d n s n d p m g r” in the gīta Ārē-rē-nīlamēgha.

▪ Melody

The range of the melody of the gīta Saṅgrāma-bhūma is till the tāra sthāyi niṣādha, which is rare.

Each section of the Tāna seen in Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu ends on the ṣaḍja and the next section begins

on a new note or svara, where the tāna is elaborated. The Tāna seen in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini ranges mostly in the mandra sthāyi. Few madhya sthāyi prayōga-s are seen. The Tāna in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini ranges between mandra ṣaḍja and tāra ṣaḍja.

The Kṛti - Ninu vinā of Tiruvottūru Tyāgayya in Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi includes 8 saṅgati-s (improvisations) in the Pallavi, showcasing the gradual development in the movement of the melody by implementing small changes to the rāga phrases.

Tāla-s

The Gīta-s set to rāga Varāḷi are composed in Sūlādi sapta tāḷa-s like Jhampa, Tripuṭa, Rūpaka and Ādi.

Gīta-s usually start with a sama eḍuppu or graha. There are Gīta-s with different kinds of eḍuppu-s (graha) seen in the early Telugu music publications. For example, the gīta Ārē-rē-nīlamēgha is composed in Tripuṭa tāḷa with an atīta eḍuppu. The gīta starts at the dhrutam of the previous āvarta. Eḍuppu of the gīta Saṅgrāma-bhūma is atīta. It starts 3 akṣara-s before samam.

The gīta Rāma rākṣasa bhīma is set to Ādi tāḷa, composed with 4 svara-s per beat of the tāḷa. This is rare as Gīta-s are usually composed with one svara per beat of the tāḷa.

The tāḷa of the Rāgamāla gīta - Karṇāṭa-Koṅkaṇa is not mentioned while the Rāgamāla gīta – Śrī-ramaṇi-kuca is composed in Dhruva tāḷa.

Both the varṇa-s Tōyajākṣi and Tāmarasākṣi are composed in Ādi tāḷa.

The kṛti-s set to rāga Varāḷi are composed in the tāḷa-s Ādi, Cāpu, Rūpaka and Miśra ēkam.

The Sañcāri seen in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini is also composed in Miśra ēkam.

Structure

The publications Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu and Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini include different sections like Khaṇḍika, Antari, Jāvaḍa and Mudrākhaṇḍa in the gīta-s while the other publications include gīta-s with only one section.

Subbarāma Dīkṣita in his Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini mentions that a gīta includes three sections Udgrāha, Ābhōga and Mudrākhaṇḍa. Udgrāha is the introductory section which consists of two sections Dhruva and Antari. Antari is the one connecting the preceding and the following sections. Ābhōga khaṇḍa, also known as Jāvaḍa is the latter half of the composition, which is the concluding section. Mudrākhaṇḍa is the section in which the mudra of the composer is seen in the gīta's sāhitya.

Most of these gīta-s set to rāga Varāḷi are composed as single sectioned compositions without any divisions. Different sections of the gīta-s are seen in the publications - Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu of Vīṇa Rāmānuja and Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini of Subbarāma Dīkṣita. The sections Khaṇḍika and Mudrākhaṇḍa are seen in the gīta Atulita-vibhava in the publication Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu. The sections Antari and Jāvaḍa are seen in the gīta Saṅgrāma-bhūma in the publication Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini of Subbarāma Dīkṣita.

The Kṛti - Ninu-vinā of Tiruvottūru Tyāgayya in his Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi has

a ciṭṭasvara after the Anupallavi which is not repeated after the caraṇa. This is rare as the ciṭṭasvara is usually repeated after the caraṇa also.

The tāna seen in Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu is mentioned as aittamu. The structure of this tāna has an Eḍpu, Muktāyi, Udgrāha and another Muktāyi.

Notations in the early Telugu music publications

The presentation of the notations differs in each early Telugu music publication. The evolution of the system of notations can be seen in these publications. The earliest publications didn't use the modern day tāḷa markings or the sthāyi symbols. For example, The present day's usage of tāḷa markings are not seen in the notations of the publication Gāyanā-Gāyanī-Jana-Pārijātamu. A double bar (||) is given at the end of the gīta and sometimes at the end of each section. Phrases are separated by a (-). Svara and sāhitya do not have a clear distinction; they are given continuously in a prose manner.

The notations in Pallavi-Svarakalpavalli and Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi have a dot above the svara at the beginning of each aṅga of the āvarta, indicating the tāḷa marking. A double bar is seen at the end of each section of the composition.

Sthāyi symbols are not seen in the publications Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu, Saṅkīrtana-Ratnāvaḷi, Saṅgīta-Sudhā-Saṅgrahamu and Gānēndu-Śēkharamu. Sthāyi is mentioned using an inverted comma (') in Saṅgītānanda-Ratnākaramu. Gamaka symbols are seen only in Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini.

The sāhitya of the kṛti-s are mentioned without their notations in the publications Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu, Gāyanā-Gāyanī-Jana-Pārijātamu, Gāyaka-Lōcanamu, Saṅgīta-Sudhā-Saṅgrahamu and Saṅgīta-Kaḷānidhi.

The kṛti Kanakana rucira is seen with a pallavi, anupallavi and 2 caraṇa-s in the three publications - Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu (1859), Gāyanā-Gāyanī-Jana-Pārijātamu (1878) and Saṅgīta-Kalānidhi (1912) while Saṅgīta-Sudhāmbudhi (1917) documents it with a pallavi, anupallavi and 8 caraṇa-s, including the notation only for the pallavi, anupallavi and the last caraṇa. It is also mentioned in this publication that the notation for the other 7 svara sāhitya-s is unavailable. These caraṇa-s might be a later addition to this composition as they are not seen in the publications earlier to Saṅgīta-Sudhāmbudhi of K.V.Śrīnivāsa Aiyaṅgār (1917).

The kṛti Vara nārada is mentioned to be set to rāga Varāḷi in Gāyanā-Gāyanī-Jana-Pārijātamu whereas it is currently sung in the rāga Vijayaśrī.

Notations of the Lakṣaṇa Gīta-s seen in Gānēndu-Śēkharamu of Taccūru brothers are the same as the ones in the lakṣaṇa grantha Saṅgraha-Cūḍāmaṇi of Gōvinda.

Conclusion

Rāga Varāḷi is one of the traditional rāga-s whose structure seems to remain the same through several years. The lakṣaṇa of this rāga is seen to be similar in most of the compositions though the approach to explore and elaborate this rāga through musical forms may vary according to the composer's creativity.

Over a period of time, many composers have composed various musical forms like Gīta-s, Varṇa-s, Kṛti-s/Kīrtana-s, Rāgamālika-s, Tāna-s, Sañcāri-s, etc. set to rāga Varāḷi. Though this rāga has been classified under ghana rāga-s, the combination of the svara phrases, most importantly the Varāḷi madhyama defines the characteristics of the rāga as well as the important place Varāḷi has had in the history of evolution of rāga-s.

The close proximity of svara-s "n s r g" (form consecutive svarasthāna-s) and "m p d" (again consecutive svarasthāna-s) allow very fast ravai saṅgati-s (maneuvering phrases) between these two clusters involving long jāru-s (glide). The vakra (zig-zag) phrase in the ārōha also involves kampita (oscillation), varja (omitting) and jāru prayōga-s. Therefore, this rāga involves both fastest and slowest rāga sañcāra-s which lends its characteristic beauty to the rāga Varāḷi.

Introducing rāga Varāḷi at an early stage like Gīta-s to students of Karṇāṭaka Saṅgīta will be an enriching experience as Gīta-s are an integral part of the beginner's lessons of Karṇāṭaka saṅgīta. In a student's journey of advanced learning also, these gīta-s become tools to improve tāna singing or playing, as most of the phrases in these gīta-s (set to rāga Varāḷi) resemble tāna patterns.

References

Publications:

1. Vīṇa, Rāmanuja (1859). *Saṅgīta Sarvārtha Sāra Saṅgrahamu*, pub. Śrī lakṣmi nṛsimha mudrākṣaraśāla Chennappaṭṭaṇamu, 1912. Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/605
2. Sastri, Venkatesa T M (1892). *Saṅgīta Svayambōdhini*, pub. G.W.Taylor, Lawrence institute press, Mount Road, Madras Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/657
3. Tiruvattūru, Tyāgayya (1900). *Pallavi Svara Kalpavalli*, Vasuratnākara mudrākṣaraśāla, Chennai, Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/646
4. Dīkṣita, Subbarāma (1904). *Saṅgīta Saṁpradāya Pradarśini*, pub. T. Rāmacandra Ayyaṅgār, Vidia Vilasini Press,
5. Dīkṣita, Subbarāma (1904). *Saṅgīta Saṁpradāya Pradarśini*, pub. T. Rāmacandra Ayyaṅgār, Vidia Vilasini Press, English (web) edition, 2008
6. Dīkṣita, Subbarāma (1905). *Prathamabhyāsa Pustakamu*, pub. Eṭṭayapuram Samasthanam, Vidia Vilasini Press. Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/630
7. Dīkṣita, Subbarāma (1905) *Prathamabhyāsa Pustakamu*, pub. Eṭṭayapuram Samasthanam, Vidia Vilasini Press, English (web) edition, 2010. Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/2282
8. Ummiḍi Śetti, Veṅkaṭa Svāmi Nāiḍu (1910). *Saṅgīta Vidya Darpaṇamu*
9. Naidu, Moonooswamy N (1906). Saṅgīta Sudhā Saṅgrahamu, pub. Sreenikathanam Press, Madras, Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/2884
10. Vīṇa, Basavappa (1915). *Gāna Vidya Vīnōdini*, pub. Anandamudranalaya, Madras Available at: http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/660
11. Tenmaṭham Vēṅkaṭanarasimhācāryulu & Tenmaṭham Vēṅkaṭavaradācāryulu (1917). *Saṅgītānanda Ratnākaramu*, pub. Śrīnikētanamudrāyantra, Madras Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/645
12. Ayyeṅgār, Śrīnivāsa K V (1917). *Saṅgīta Sudhāmbudhi*, Pub. M. Adi & co, Madras

Available at: http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/675
13. Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu (1927). *Gāyaka Pārijātamu*, pub. Śaśilēkhā mudrākṣaraśāla
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/638
14. Govinda (1938). *The Samgraha Cudamani*, Chennai: Adyar Library
15. Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu (1912). *Gānēndu śēkharamu*, pub. Kalāratnākara mudrākṣaraśāla
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/670
16. *Gāyana Gāyani Jana Pārijātamu* (1878). ed. Tanjore A. Kannayya Śeṭṭi
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/653
17. Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu (1914). *Svaramañjari,* Pub. Maharaja of Vijayanagaram, K.R.Press
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/669
18. Aripirāla, Satyanārāyaṇamūrti (1933). *Gānakaḷācandrika,* Pub. Nāgēśvara Rāo Pantulu
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/3234
19. Ēka, Subbā Rāo (1934). *Saṅgīta Prathama bōdhini,* Tenāli Orient press
Available at: http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/572
20. Tiger Varadācārya, Kriṣṇamācārya, Ayyaṅgār Śrīnivāsa K V (1916), *Saṅgīta Pradāyini*
Available at : http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/673
21. Paṇḍita, Nādamuni M (1914). *Saṅgīta Svara Prastāra Sāgaramu* (1909), Daudan Press, Cannapuri
Available at: http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/2465
22. Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu (1902). *Gāyaka Lōcanamu*, Pusparatha Setty & Company
23. Tiruvattūru, Tyāgayya (1907). *Saṅkīrtana Ratnāvaḷi*, Uḷḷiyanellūru Aḷagam Kṛṣṇamācāryulu
24. Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu (1912). *Saṅgīta Kalānidhi*

Articles:

1. Ramanathan N, *Pre 1940 Music Publications, by N Ramanathan*
Available at http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/2355
2. Nagarajan, Premalatha, *Ghana - Naya – Dēśya Rāga-s*
Available at http://musicresearchlibrary.net/omeka/items/show/2289

Thesis:

1. Vijayalakṣmi S, *The Evolution, Structure And Musical Analysis Of Select Lakṣya And Lakṣaṇa Gīta-s*
Available at https://shodhganga.inflibnet.ac.in/handle/10603/193877

Appendix

1.1 List of early Telugu music publications which have been taken up for study, mentioning their author, year of publication and the musical forms set to rāga Varāḷi.

Sl. No	Publication (Abbreviation)	Author	Year of publication	Musical forms seen
1.	Saṅgīta-Sarvārtha-Sāra-Saṅgrahamu (SSSS)	Vīṇa Rāmānuja	1873	Gīta
				Varṇa
				Kṛti
				Rāgamāla gīta
				Tāna
2.	Gāyana-Gāyanī-Jana-Pārijātamu (GGJP)	Various Scholars (Ed.)	1878, 1898, 1904	Kṛti
3.	Pallavi-Svarakalpavalli (PS)	Tiruvottūru Tyāgayya	1900	Kṛti
				Svara sāhitya Rāgamālika
4.	Gāyaka-Lōcanamu (GL)	Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu	1902	Kṛti
5.	Saṅgīta-Sampradāya-Pradarśini (SSP)	Subbarāma Dīkṣita	1904	Gīta
				Kṛti
				Sañcāri
6.	Saṅkīrtana-Ratnāvali (SR)	Tiruvottūru Tyāgayya	1907	Varṇa
				Kṛti
7.	Saṅgīta-Sudhā-Saṅgrahamu (SSS)	C.Munusvāmi Nāiḍu	1909	Kṛti
				Rāgamālika varṇa
8.	Gānēnduśēkharamu (GS)	Taccūru Śiṅgārācāryulu & Taccūru Cinnaśiṅgārācāryulu	1912	Gīta
9.	Saṅgīta-Kaḷānidhi (SK)		1912	Kṛti
10	Saṅgīta-Svara-Prastāra-Sāgaramu (SSPS)	Nādamuni Paṇḍita M	1914	Gīta
11	Saṅgītānanda-Ratnākaramu (SAR)	Tenmaṭham Vēṅkaṭanarasimhācāryulu & Tenmaṭham Vēṅkaṭavaradācāryulu	1917	Gīta
12.	Saṅgīta-Sudhāmbudhi (SS)	K.V. Śrīnivāsa Ayyaṅgār	1917	Kṛti

1.2 List of Gīta-s seen in the early Telugu music publications

Sl. No.	Composition	Type of Gīta	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Atulita vibhava	Yatirāja Gītāṣṭakamu	Jhampa	Vīṇa Vijaya Varadayya	SSSS	1873
2	Saṅgrama bhūma	Gīta	Jhampa	Veṅkaṭamakhi	SSP	1904
3	Arē rē nīlamēgha Śyāma	Lakṣaṇa gīta	Tripuṭa	Gōvinda	GS	1912
4	Sārasa sambhava vinuta	Ghana rāga gīta	Rūpaka	Not mentioned	SSPS	1914
5	Rāma rākṣasa bhīma	Ghana rāga gīta	Ādi	Tenmaṭham brothers	SAR	1917

1.3 List of Varṇa-s seen in the early Telugu music publications

Sl. No	Composition	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Tōyajākṣi rō	Ādi	Not mentioned	SSSS	1873
2	Tāmarasākṣi		Tiruvottūru Tyāgayya	SR	1907

1.4 List of Kṛti-s/Kīrtana-s for which the notations are documented in the early Telugu music publications

Sl. No	Composition	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Prakṛta janulatō	Cāpu	Tiruvottiyur Tyāgayya	PS	1900
2	Māmava mīnākṣi	Miśra ēkam	Muttusvāmi Dīkṣita	SSP	1904
3	Śēṣācala nāyakam	Rūpakam			
4	Ninnu vina evarunnāru	Ādi	Tiruvottiyur Tyāgayya	SR	1907
5	Kanakana rucira	Ādi	Tyāgayya	SS	1917

1.5 List of Kṛti-s/Kīrtana-s for which only the sāhitya are documented in the early Telugu music publications

Sl. No	Composition	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Kanakana rucira	Ādi	Tyāgayya	SSSS	1873
				GGJP	1878
				SK	1912
2	Vara nārada nārāyaṇa	Ādi		GGJP	1878
3	Śēṣācala nāyakam	Rūpakam	Muttusvāmi Dīkṣita	GL	1902
4	Nī kṛpacē nākiṭula	Ādi	C.Munusvami Naidu	SSS	1909

1.6 List of Rāgamālika-s seen in the early Telugu music publications

Sl. No	Composition	Type of composition	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Ō varada	Svara sāhitya rāgamālika	Ādi	Tiruvoṭṭūru Tyāgayya	PS	1900
2	Inta kōpa	Varṇa rāgamālika	Ādi	Vīṇa Veṅkaṭasāmi	SSS	1909
3	Nī darabāru	Navaratnamālika	Rūpaka	Tirupati Vidyala Nārāyaṇasvāmi		
3	Karnāṭa koṅkaṇa	Rāgamāla gīta	Not mentioned	Vīṇa Vijaya Varadayya	SSSS	1873
4	Śrī ramaṇīkuca	Rāgamāla gīta	Dhruva			

1.7 List of Tāna-s and Sancāri-s seen in the early Telugu music publications

Sl. No	Type of Musical form	Tāla	Composer	Publication	Year
1	Tāna	Not mentioned		SSSS	1873
2		Not mentioned	Veṅkaṭamakhi	SSP	1904
3	Sañcāri	Miśra ēka	Subbarāma Dīkṣita		

संस्कृति

भारतीय संस्कृति में गुरु शिष्य परम्परा 'गुरु पूर्णिमाः' सार

डॉ. रमा सिंह

प्राचार्या,
आर्य कन्या डिग्री कॉलेज, प्रयागराज

शोध सारः-

आसाढ़ माह की पूर्णिमा को जब चन्द्रमा अपनी पूर्ण कलाओं से युत होता है भारत में गुरुपूर्णिमा के रूप मे मनाया जाता है। भारत मे गुरु शिष्य परम्परा आदि काल से चली आ रही है। 'विनु गुरु होय न ज्ञान' अर्थात् कुछ भी सीखना है तो उसके लिए गुरु का होना आवश्यक है। यही कार्य वर्तमान मे शिक्षक करता है परन्तु गुरु और शिक्षक मे अन्तर है। गुरु अर्थात् श्रेष्ठ जो स्वयं मे श्रेष्ठ है वही आपको श्रेष्ठ बना सकता है। गुरु द्वारा प्राप्त होने वाली शिक्षा नैतिक मूल्यों से युक्त होगी जिससे समाज का प्रवाह सतत गतिमान रहेगा जबकि शिक्षक केवल किसी विषय की जानकारी मात्र देगा। यही कारण है कि भारतीय व्यवस्था मे गुरु का स्थान श्रेष्ठ है। सामाजिक व्यवस्था में प्रथम गुरु का स्थान माता का है जो बच्चे को बोलना सिखाने के साथ परिवार और समाज से परिचय कराती है दूसरा स्थान बाहरी गुरु का है जो मूल्यों से परिचय कराकर वाह्य दुनिया में श्रेष्ठता से कार्य करता हुआ ईश्वर के साथ, सत्य के साथ साक्षात्कार कराता है। इसलिए भारतीय व्यवस्था मे गुरु के प्रति आदर भाव व्यक्त करने के लिए गुरु पूर्णिमा का दिन महत्वपूर्ण है यद्यपि कि प्रत्येक पल गुरु के प्रति समर्पित होना व्यक्ति में नैतिक मूल्यों का संरक्षण देगा।

मुख्य शब्द

चार वेद, चार वर्ण, सुर, असुर, चतुर्मास, गुरुधर्म

गुरु पूर्णिमा का दिन सम्पूर्ण भारत में अपने गुरु के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए उसके प्रति सम्मान भाव व्यक्त करने के लिए गुरु का पूजन अर्चन भेंट प्रस्तुत कर अपना आदर भाव व्यक्त करने के लिए अनूठा दिन है। अपनी कृतज्ञता व्यक्त करता है गुरु को नमन करता है। हमें यह जानना चाहिए गुरु पूर्णिमा क्या, क्यों गुरु शिष्य परम्परा का भारत में क्या महत्व है? अगर हम इसके इतिहास पर दृष्टिगत हों तो हमें पता चलेगा गुरु का स्थान भारतीय व्यवस्था में सामाजिक एवं राजनैतिक दोनों व्यवस्थाओं में सर्वोच्च रहा है। गुरु का दर्जा ईश्वर का दर्जा रहा है। इसीलिए कबीर ने मथते हुए मक्खन निकाल तो कहाः-

गुरु गोविन्द दोऊ खड़े काके लागूं पाय
बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियों बताए।[1]

आध्यात्मिक जगत में सर्वोच्च स्थान गुरु का है यद्यपि प्रत्येक व्यक्ति में आत्मा है। कहा गया है वो परमात्मा सर्वश्रेष्ठ रचयिता सृष्टि का पालक, नियामक का अंश है अगर व्यक्ति अपनी आत्मा को समुन्नत करता है तो वो सीधे प्रकृति के मूल से साक्षात्कार करता है जो अंश उसमें उस परमात्मा

का है। इस दृष्टि से हमारे अंदर जो ज्ञान है मूल तत्व है गुरु उसे उभार कर, उकेर कर, उस पर चलने का रास्ता बताकर ईश्वर तक ले जाने में सहायक होता है। गुरु शिष्य की यह परम्परा देखा जाए प्राचीन काल से ही मिलती है जहां व्यक्ति को तैयार करने उसके व्यक्तित्व को विकसित करने का काम गुरु करता है वहीं सामाजिक संरचना में प्रत्येक व्यक्ति अपना दायित्व समझे प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व क्या है? उस दायित्व की व्यक्ति पहचान कैसे करे? कहीं संघर्षो में न उलझे इसका मार्ग दर्शा कर प्रदर्शित करता है और अगर राज्य की बात हो तो गुरु राजनैतिक व्यवस्था में भी धर्म को प्रमुखता देकर व्यक्ति को धर्म में यानि जो उसके लिए उचित है समाज में अपने-अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन करे। राजनैतिक व्यवस्था कैसी हो जो सर्वोत्तम हो नैतिक हो मूल्यों से युक्त हो। ये भी गुरु निर्देशित करता है। इस तरह गुरु का स्थान समाज की संरचना में व्यक्ति के निर्माण से लेकर समाज को स्थायित्व देने तक है तो राज्य की भूमिका मे राज्य को संगठित करने, व्यवस्थित करने और दिशा देने में भी है। अगर इसका ऐतिहासिक पक्ष देखें तो गुरु पूर्णिमा कृष्ण द्वैपायन व्यास जी के जन्म को गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते है इसलिए कभी उसको व्यास पूर्णिमा भी कहते हैं। ऐसा क्यों? वास्तव में भारतीय संस्कृति में वेद वे मूल ग्रंथ है, प्रथम ग्रंथ हैं, जो हमे सृष्टि का ज्ञान देते हैं, जो हमें मानवता का पाठ पढ़ाते हैं जो मानव की संरचना उत्पत्ति की बात बताते हैं। उन वेदों का वर्गीकरण ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्ववेद इन चार भागों में बांटने का काम गुरुदेव व्यास ने ही किया। महाभारत जो कर्म पर जोर देता है, सामाजिक व्यवस्था को बताता है, और जो राजनैतिक व्यवस्था को भी स्पष्ट करता है उसके रचयिता भी वेदव्यास जी है। वेदव्यास के जन्मदिन को भले ही हम गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाते हैं लेकिन अगर देखा जाए तो गुरु की महिमा वेद काल से ही मिलती है। भारतीय व्यवस्था में सप्तऋषि का वर्णन है। सात ऋषियों के माध्यम से संपूर्ण सृष्टि को आधार मिला है। और उन ऋषियों में सर्वश्रेष्ठ स्थान गुरु वृहस्पति एवं गुरु शुक्राचार्य को मिला। गुरु वृहस्पति देवों के गुरु हुए योग्यता में कुछ अधिक होते हुए भी क्रोधी प्रवृत्ति के होने के कारण शुक्राचार्य को वह स्थान नही मिल पाया गुरु शुक्राचार्य ने अपने को साबित करने के लिए दानवों का गुरु बनना स्वीकार किया। ये देव और असुर क्या हैं? सृष्टि में सदैव से दो प्रवृत्तियां रही हैं एक रचनात्मक दूसरा विध्वंसात्मक। रचनात्मक प्रवृत्ति देव शक्ति है, विध्वंसात्मक शक्ति असुर शक्ति है। प्रत्येक व्यक्ति में ये दोनों शक्तियां होती हैं। व्यक्ति, किस शक्ति को निखार कर अपने को प्रस्तुत करता है ये गुरु पर निर्भर करता है। उससे यह अपेक्षा होती है कि वह नैतिकता का पक्ष स्वीकार करे। मूल्यों से व्यक्तित्व उभर कर सामने आए ये उसे देवत्व की श्रेणी में खड़ा करता है। लेकिन जब उसकी विध्वंसात्मक प्रवृत्ति जिसे वो नियंत्रित नहीं करता जिसको गुरु गढ़ करके समाप्त नहीं कर पाता तब वो राक्षस प्रवृत्ति का हो जाता है। उसके कार्यो से दूसरे व्यक्ति का नुसकान होता है। हिंसात्मक प्रवृत्ति की उसमें वृद्धि होती है। अगर हम एक और तरह से देखें तो भारतीय सृष्टि की संरचना नौ ग्रहों पर आधारित है और उन नौ ग्रहों में एक ग्रह वृहस्पति अर्थात् गुरु का है। जो सम्पूर्ण सृष्टि को दिशा देता है। इस तरह से भारतीय व्यवस्था में गुरु का स्थान सर्वोत्तम है। उसी गुरु परम्परा में ऐसे ऋषि हुए जिन्होने तप बल से, ज्ञान बल से अपनी योग्यता स्थापित की और अपनी योग्यता का लाभ मानवता के कल्याण को दिया। ऋषि पराशर, ऋषि मनु आदि इस श्रेणी के ऋषि हैं। वेदों के बाद ब्राहमण ग्रथों में ऋषियों ने बहुत सारे ऐसे ग्रंथों की रचना की जिसमें जीवन का सार, जीवन जीने की कला, जीवन का मूल्य बताया है। अलग-अलग ऋषियों के नाम पर ग्रंथों के नाम हुए। आज भी उन ग्रंथों को पढ़कर मानवता को विकसित करने की दिशा मे हम अपने को रख सकते हैं। जब हम भटकते हैं वराह मिहिर को याद करते हैं। संस्कृति के लिए मनु का स्मरण करते हैं। इस ऋषि परम्परा में स्मृतियां आती हैं लेकिन जब हम महाभारत के

काल में आते है जहां महाभारत के संपूर्ण ग्रंथ का अध्ययन करते हैं। एक तरफ श्रीकृष्ण गीता का उपदेश करते हुए कहते है- यदा यदा ही धर्मस्य ग्लानिर्भवतु भारतः, जब-जब होए धरम की हानि बढ़ै असुर महाअभिमानी, तब-तब धर प्रभु मनुज सरीरा, हरहिं कृपानिधि सज्जन पीरायह रामचरित मानस परमी कहा गया है।[3]जब भी ऐसी स्थिति होती है समाज में ईश्वर का अवतरण होता है। ईश्वर वो जो सर्वशक्तिमान है, सर्वज्ञानी है। जो समाज को नयी दिशा देता है। जो समाज को सन्मार्ग पर ले जाता है। यही नही यह भी कहा गया-'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन'।[4]कर्म करो अधिकार फल की अभिलाषा मत करो। जब लाभ की आकांक्षा से कार्य करते है तब काम नैतिक नहीं रह जाता है। दो प्रवृत्तियां महाभारत काल में देखने को मिलती है एक तरफ कौरव दूसरी ओर पांडव दोनों मे प्रवृत्तियों की संघर्ष है। जब बाणों की शैय्या पर पड़े हुए भीष्म कहते हैं राज्य करने वाले को उन-उन गुणों से युक्त होना चाहिए तो राजनीति को परिभाषित करते हैं। लेकिन जब धृतराष्ट्र के अंधे होने के कारण गांधारी भी अपनी आंख पर पट्टी बांध लेती हैं न केवल समाज का पतन होता है,राज्य का पतन भी होता है। क्योंकि ऐसे में राजा कर्त्तव्य विहीन होता है तो राज्य दिशा हीन होगा और समाज पतन की ओर होगा। उस समाज में व्यक्ति में संघर्ष होना आवश्यक है। उस वक्त आसुरी प्रवृत्तियों का प्रबल होना स्वभाविक है। वहां गुरु का स्थान द्रोणाचार्य लेते हैं। तब शिक्षा समाज के राजनायिक वर्ग को मिलता है। लेकिन समाज के सामान्य वर्ग को वो शिक्षा नहीं मिल पाती जो राजधर्म में रहते हुए विदुर देते हैं। अगर गुरु द्रोणाचार्य थे गुरु कृपाचार्य थे और गुरु विदुर महाराज भी थे जिन्होनें समाज को सही दिशा देने का कार्य किया तो संघर्ष क्यों हुआ निश्चित गुरु की सोच सकूं चित हुई जिससे समाज मे न्यास नही स्थायी न हो सके। गुरु ज्ञान कैसे देता है? जब सूर्य के ताप से संपूर्ण पृथ्वी तृप्त हो जाती है तब पृथ्वी की शीतलता देने के लिए वर्षा आती है और प्रकृति में नए-नए जीव, नए-नए पेड़ पौधों को जीवन मिलता है मानवता भी शांत होती है वही कार्य गुरु का है। जब उस तृप्त विचारों में गुरु ज्ञान आता है तब वह ईश्वर की ओर जाता है। वह ईश्वर को पहचान कर अपने आचरण को निर्धारित करता है और वह समाज को दिशा देने वाला होता है। जीवन में शीतलता के साथ-साथ ताप भी जरूरी है। क्योंकि समभाव से जीवन चलता है। अति का भला ना बोलना अतिकी भली न चूप। इस तरह किसी चीज की अधिकता से आसुरी एवं दैवीय प्रवृत्ति बनती है। जो माध्यम होता है वह मानव और मानवता को लेकर चलता है। चतुर्मास में किसान खेती में, विद्यार्थी विद्याध्यन में और गुरु आत्मचिंतन में लगता है इसलिए कहा गया वर्षा काल में गुरु के भ्रमण पर वर्षा रोक लगाती है ऐसी स्थिति में वह सुरक्षित जगह आत्ममंथन करता है। उससे जो नवनीत प्राप्त होता है उसे वह शिष्य को देता है। इसीलिए गुरु पूर्णिमा से गुरु आत्मकेन्द्रित हो ज्ञान का मंथन करता है। और समाज में नैतिकता देकर सामाजिक व्यवस्था सुदृढ़ करता है। जब भारतीय व्यवस्था को चार वर्गों ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शुद्र में बांटा गया तो कर्म के आधार पर था परन्तु बाद में इसे लोगों ने जन्मना बना दिया। जो उचित नहीं है। आज भी अगर हम अपने ऋषियों की धरोहर का अध्ययन करें तो हम गुरु को और अपने समाज को अपने को समझ पायेंगे। इन चार वर्गों को चार आश्रमों में स्थापित किया गया विद्याध्ययन, गृहस्थ आश्रम, वानप्रस्थ, सन्यास आश्रम। विद्याध्ययन के अवधि में मनुष्य जो अध्ययन करता है अपनी उसी योग्यता के अनुसार गृहस्थ आश्रम में अपने कार्यों के द्वारा आजीविका से समाज के सभी वर्गो के लिए कमाता है, वानप्रस्थ के पश्चात सन्यास में वो आत्मचिन्तन, विश्लेषण करता है। गुरु परम्परा में राजनैतिक पहलू देखें तो जब गुरु वृहस्पति देवताओं को नैतिकता पर, सन्मार्ग पर चलने के लिए बल देते हैं तो वो सामन्जस्य करते हैं सम व्यवस्था स्थापित करने के लिए समान उन्नत करने के लिए। लेकिन जब गुरु शुक्राचार्य असुरों का गुरु होकर उग्र होकर अधिकार

छीनने की बात करते हैं तो वहां अव्यवस्था को स्थान मिलता है। ऋषियों की परम्परा में जब महाभारत में द्रोणाचार्य गुरु बनते है राजसभा में उनका सम्मान राजा की तरह ही है। द्रोणाचार्य पांडवों और कौरवों का शस्त्र एवं शास्त्र दोनों की समान शिक्षा देते हैं। लेकिन जो शिक्षा की अभिलाषा रखने वाला है अपने लिए गुरु खोज लेता है जैसा कि एकलव्य ने किया।[3] अपने राजधर्म का निर्वहन करते हुए गुरु द्रोणाचार्य ने एकलव्य का अंगूठा गुरु दक्षिणा में भाग लिया वहीं अपने प्रति किए गए अपमान का बदला लेने के लिए जब उन्होंने राजा द्रुपद से संघर्ष करने के लिए अपने पुत्र अश्वत्थामा को दूध पिलाने के लिए गाय मांगी राजा ने मित्र को गाय नहीं दिया उसके बदले में वह विकराल युद्ध महाभारत जैसा हुआ। गुरुधर्म था दोनों को शान्त करना लेकिन जब कभी गुरु भ्रमित होता है तब वह संघर्ष का रास्ता खोजता है। रामचरित मानस काल में एक ओर वशिष्ठ है तो एक तरफ विश्वामित्र हैं। वशिष्ठ को राजगुरु का दर्जा मिला, विश्वामित्र ने जंगल में जाकर तपस्या के दम पर अपने को निखारा और वन में विश्वामित्र ने गुरु धर्म का निर्वहन करते हुए राजा दशरथ के पुत्र राम लक्ष्मण को ले जाकर सामाजिक व्यवस्था का ज्ञान दिया उन्हें दिखाया समाज में किस तरह आसुरी प्रवृत्ति बढ़ रही है जिसे नियंत्रित करवाना दूसरी ओर उन्हें सभी शस्त्रों एवं शास्त्रों का ज्ञान देकर समाज से बुरी प्रवृत्तियों से निपटने के लिए तैयार करना उत्तम योग्य राजा तैयार करना, स्वत धर्म का अनुसरण किया। राजधर्म के माध्यम से गुरु वशिष्ठने कर्त्तव्य का निर्वहन किया तो दूसरी ओर उचित कर्त्तव्यों द्वारा गुरु विश्वामित्र ने भी अपने कर्त्तव्यों का निर्वहन किया। इससे राम राज्य का निर्माण हुआ जहां कहा गया कि दैहिक दैविक भौतिकता रामराज्य कबहूं नही व्यापा, ऋषियों की परम्परा में प्रयागराज में भारद्वाज ऋषि के तपस्या और योग को भुलाया नहीं जा सकता। इस परम्परा में महिला ऋषि भी हुई जिनमें गार्गी, मैत्रेयी,अरून्धती का नाम प्रमुखता से लिया जाता है। अगर इसी क्रम में वर्तमान में देखा जाय तो जगतगुरु द्वारा भारत में शान्ति की स्थापना के लिए भारत के चारों कोनों पर चार पीठ और चारों में जगद्गुरु पद स्थापित किया गया इसीलिए भारत को धर्म गुरु कहा गया है इसीलिए कि धर्म कहता है अपने कर्त्तव्य को करो। धर्म कहता सब समान है। धर्म कहता है स्त्री पुरुष में भेद नहीं है। धर्म कहता है पृथ्वी को माता और आकाश को पिता माने इसीलिए हम सभी भाई बहन हैं। विवेकानन्द जी ने जब अमेरिका में जाकर 'भाइयों बहनों' कहकर स्पष्ट किया कि भारत मे सम्बन्धों पर बल दिया गया है। भारत की संस्कृति सभ्यता आज भी श्रेष्ठ है जिसका अनुपालन विश्व के लोग कर रहे हैं। और राजतंत्र से जब प्रजातंत्र की ओर भारत अग्रसर हुआ तो विश्व का सबसे बड़ा जनतांत्रिक देश बनाजो अपने धर्म और परम्परा है ये बात और है कि आज धर्म के नाम पर संघर्ष दिखता है। परन्तु वह पंथ के नाम पर संघर्ष है। धर्म कहता है श्रेष्ठ कर्म ही धर्म है। उसका पाठ गुरु पढ़ायेगा सभी धर्म श्रेष्ठ हैं और उसका ज्ञान देने वाले सभी गुरु श्रेष्ठ हैं। उन गुरुओं की शरण में जाकर हम किसी भी देश की सामाजिक और राजनीतिक व्यवस्था को मजबूती दे सकते हैं। कौटिल्य (चाणक्य) की बात करे तो महान राजनैतिक चिन्तक लेकिन जब धर्म की बात करते हैं तो बताते हैं राजधर्म कैसे धर्मानुकूल चलेगा जब वह कहता है राजा कर तो ले सकता है[5] लेकिन उतना ही ले जिससे राजकार्य चल सके जनता का शोषण न हो। छठांश कर के रूप में ले क्योंकि यह धर्म है उसके बाद प्रजा का शोषण होगा। जब वो कहता है कि देश में आन्तरिक भाग में शान्ति हो सब धर्मानुकूल काम करें तब वो देश की व्यवस्था की भी बात करता है। अगर कहता है राजा अन्यायी आतताई, अत्याचारी है तो उसे हटाया जा सकता है वही राज बने, जो जनहित में कार्य करे। इसी तरह से आधुनिक विचारकों में गांधी जी ने कहा 'धर्म वो अफीम है जिसे चटा दो जनता शान्त रहे।' अफीम धर्म क्यों हैं क्योंकि धर्म मन को शान्त करता है और व्यक्ति सन्मार्ग पर चलता है। इस तरह से

व्यक्ति को धर्म का मर्म बताकर राजनैतिक व्यवस्था को मजबूती देने का काम गुरु करता है। यह बात अलग है कि यदि गुरु का विकास नहीं होगा तो वह समाज में क्या दिशा देगा? राज्य को किस दिशा में ले जाएगा? कर्मयोगी हो या धर्मयोगी जरूरी है कि समाज को मजबूती देते हुए राज्य को सर्वोत्तम पराकाष्ठा पर पहुंचाए। कबीरदास जी ने कहा- सब धरती कागज करू लेखन ते वन राय, सात समुद्र को मसि करू गुरु गुन लिखा न जाय। जो सच्चा गुरु है उसके बारे में लिखने के लिए शब्द, कागज, स्याही सब कम है क्योंकि वह परमात्मा से साक्षात्कार कराता है जिसने संपूर्ण सृष्टि की रचना की है, जो सृष्टि का रचयिता है। और ईश्वर ही राजनैतिक चक्र चला रहा है। ऐसे शासक के पास वह दायित्व है जिससे सम्पूर्ण व्यवस्था चल सके। रवीन्द्र नाथ टैगोर जिनको 'गुरु'की संज्ञा दी गयी है उन्होंने गुरुओं की व्याख्या करते हुए कहा ''गुरु योद्धा है, सर्वशक्तिमान है, क्योंकि सामने वाले व्यक्ति के अर्न्तमन में हुये उस बीज को निकाल कर मजबूती दे सकता है जो उसे सन्मार्ग पर ले चले सन्मार्ग चाहे वो सामाजिक व्यवस्था पर जाए राजनैतिक व्यवस्था मे जाए, उसका मार्ग प्रशस्त करता है।'' भारत के गुरुओं की परम्परा, जो श्रेष्ठ परम्परा है, अरविन्दो बनर्जी का आध्यात्म को पहचानने से अपने आप सब कुछ नियमित हो जाएगा। हमें भारतीय उन सभी गुरुओं के प्रति नतमस्तक होना चाहिए अपने विशेष गुरु जिनसे वह सीखता वह एक होता है लेकिन जिनका समाज की रचना नियामकता और संचालन मे सहयोग हैजीवन मे हरपल बहुत से लोग मिलते है जो हमे जीवन की सीख देते है वे सब हमें संवारते है वह सब समाज को बनाते हैं हमे उन सबके प्रति नतमस्तक होने का एक दिन निर्धारित है वह है गुरु पूर्णिमा।[6] हम उनके प्रति नतमस्तक होकर आस्था प्रकट करते हैं गुरु के ज्ञान के प्रति, त्याग के प्रति, समर्पण के प्रति, योग्यता के प्रति और गुरु के उन कर्त्तव्यों के प्रति जिससे वह व्यक्ति, समाज और राष्ट्र बनाता है। राज्य चलाने वाले को सही दिशा देता है। अतः सभी गुरुओं को नमन...।

सन्दर्भ :-

1. कबीर के दोहे
2. महाभारत - गीता प्रेस
3. रामचरितमानस - गीता प्रेस
4. श्रीमद्भागवतगीता - गीता प्रेस
5. चाणक्य का अर्थशास्त्र
6. गुरुपूर्णिमा 2021 - टाइम्स ऑफ इण्डिया

काशी के संस्कृति में आध्यात्म व संगीत

डॉ. प्रेम किशोर मिश्र

सहायक प्रवक्ता, वाद्य विभाग, संगीत एवं
मंच कला संकाय काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सारांश

वाराणसी के विभिन्न नाम है, परन्तु बनारस को 'काशी' के नाम से पूरे विश्व में प्रसिद्धता प्राप्त होने का मुख्य कारण यही है कि 'काशी विश्वनाथ' जो समस्त प्राणियों के मुक्तिदाता है और बाबा विश्वनाथ का परिवार सहित इस पावन भूमि पर निवास माना जाता है। काशी वासियों का मानना है कि, जीवनम्, मरणम्, मंगलम् (यहाँ जन्म लेना, मृत्यु को प्राप्त होना सभी मंगलमय है।) काशी की होली विश्वप्रसिद्ध मानी जाती है। कहा जाता है कि शिवशम्भू स्वयं मणिकर्णिका में चिता के भस्म से होली खेलते है और उन्हें मोक्षप्रदान करते है। अनेक सांगितिक पदो के माध्यम से शिव के होली खेलने का वर्णन मिलता है जैसे- 'खेले मसाने में होली दिगम्बर, चिता भस्म भरी झोरी दिगम्बर'', इसी प्रकार 'अंग में लगाते सदा से चिता के भस्म फिर भी शिव परम पवित्र कहलाते है। मोक्षदायिनी काशी में अनेक भजनों के माध्यम से शिव की महिमा का गुणगान किया जाता है। यहाँ शास्त्रीय, उपशास्त्रीय, लोक एवं अन्य सभी विधाओं के पदों में सांगितिक दृष्टि से अन्य जगहों की अपेक्षा काशी के संगीत को सर्वोत्कृष्ठ माना गया है यहाँ के लोगों की संस्कृति में ही संगीत है और संगीत से ही आध्यात्मिकता का प्रणय होता है, जिसकी डोर सीधे आत्मा को परमात्मा से जोड़ती है प्रत्येक संगीतज्ञ भले ही अपना व्यक्तिगत जीवन जैसे भी जीते हो, उन्हें संगीत से जुड़ने और जनमानस को रससिक्त करने के लिए कुछ पलों के लिए ही सही आध्यात्मिक होना ही पड़ता है तभी संगीत के प्रस्तुतिकरण में शुद्धता एवं निश्च्छलता के साथ सांगितिक रस की सुखद आनन्दानुभूति प्राप्त कर सकता है अन्यथा नहीं।

मुख्य शब्द

महात्मा, साधू, औलिया, फकीर, व्यंग्यकार साहित्यकार

काशी एक ऐसी पावन भूमि है जो प्राचीन काल से ही संगीत नगरी के रूप में विश्वविख्यात हैं। काशी को वाराणसी, बनारस और कुछ लोग आनन्दवन के नाम से भी पुकारते है। काशी को बाबा विश्वनाथ की नगरी भी कहा जाता है। पूरे भारतवर्ष में कुछ ही ऐसे गिने चुने नगर है जो संस्कृति विशेष, वस्तु विशेष एवं व्यक्ति विशेष के कारण सदियों से एक अलग पहचान बनाए हुए है जिसमें काशी को इन सबके 'मुकुट' के रूप में होने का गौरव प्राप्त है।

महाभारत के अनुशासन पर्व के अनुसार काशी राज दिवोदास के पिता हर्यश्व उनके पुत्र सुदेव हुए, तत्पश्चात् दिवोदास ने काशी के राज्य सिहांसन को सुशोभित किया राजा दिवोदास ने ही गोमती नदी के उत्तरी तट पर सभी वर्णों से युक्त वाराणसी

नगर की स्थापना की। इससे यही स्पष्ट होता है कि प्राचीनकाल में काशी एक राज्य का नाम था और प्राचीन विश्वास के अनुसार दिवोदास वाराणसी नगर का संस्थापक था। दिवोदास के पुत्र प्रतर्दन ने दुर्दम से नष्ट भष्ट अपहृत काशी राज्य को पुनः प्राप्त किया। प्रतर्दन के पुत्र अलर्क ने पुनः काशी राज्य को सुसंगठित कर वाराणसी की नवी रखी। हरिवंश पुराण अध्याय (1,29) से ज्ञात होता है वाराणसी कई बार नष्ट-भष्ट हुआ तत्पश्चात् अनेक कुलों ने काशी के राज्य सिंहासन पर अपनी सत्ता स्थापित की।

वैदिक संहिता, ब्राह्मण एवं उपनिषद् में काशीराज दिवोदास का वर्णन प्राप्त होता है इन्होंने इन्द्र की आज्ञा से इस नगर की स्थापना कर वाराणसी नामकरण प्रदान किया।

ऐतिहासिक क्रमबद्धता न होने के कारण प्रमाणिकता के अभाववस मान लिया जाता है कि 16वीं शती के पूर्व के इतिहास का अवलोकन करने के पश्चात् यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि कहीं न कहीं काशी में संगीत सर्वदा से ही विद्यमान रहा है। काशी नगरी से यह कला कही भी विलुप्त नहीं हुई है इसकी संस्कृति धर्म, विचार, कला, दर्शन, गुण, चरित्र, एवं संगीत परम्परा का मनोमुग्धकारी तथा अजेय इतिहास क्षण-भर में मनुष्य के मन मष्तिष्क पर अंकित हो उठता है।

काशी नगरी में संगीत की एक छोटी कणी से लड़ी बनकर बड़ी परम्परागत श्रृखंला के रूप में, प्राचीन काल से, अविछिन्न रूप से चलती आ रही है। यहाँ की सुबह (प्रभात) ब्रह्ममुहूर्त से शुरू होकर, बजती हुई शहनाई की सुमधुर मंगल ध्वनि, मन्दिरों में देवालयों के निनादित घण्टे घडियाल, बृहद नगाड़े, एवं दक्षिणात्य मंदिरों में नागस्वरम्, मृदंगम् की संगीतमय स्वर लहरियों से होता है जो अतिपावन माँ गंगा की अविरल, निर्मल स्निग्ध धवल-धारा जो कल-कल करती निनादित होती हुई एवं ब्रह्ममुहूर्त के मन्द-मन्द मलयसमीर के झोकों के साथ अठखेलियाँ करती हुई काशी के नगर वासियों को सुखद निद्रा से जगाकर प्रतिदिन अपने कार्य को सुचारू रूप से करने को प्रेरित करती है।

काशी नगरी की महत्ता को निरन्तर बढ़ाते रहने का उत्कृष्ट कार्य यहाँ के वयोवृद्ध गुणी पंण्डित, महात्मा, साधु, फकीर, सन्त, औलिया, साधक, अवधूत, लेखक, कवी, नाटककार, चित्रकार, व्यंग्यकार, साहित्यकार, एवं गुणग्राहक राजा, रईसों एवं संगीतज्ञों की पीढ़ी का महत्वपूर्ण योगदान चिरस्मरणीय रहा है जिनके प्रकाण्ड पाण्डित्य-प्रकाश से समय-समय पर पूरा विश्व प्रकाशमय होता रहा है। यहि कारण रहा है की प्रत्येक युग में जन्म लेने वाले अनेकों धर्म सम्प्रदाय, साहित्य कला, दर्शन, राजनीति, आयुर्वेद एवं संगीत के दिग्गजों आचार्यों एवं प्रवर्तकों को भी यहाँ की पुण्यभूमि के मिट्टी को मस्तक पर लगाकर इस नगरी को शत्-शत् नमन करना पड़ा है। कितने ही विद्वानों की गर्वोक्तियाँ यहाँ आकर चूर-चूर हुई है और विश्व-विश्रुत विद्वान भी यहाँ आकर नतमस्तक हुए है।

प्रत्येक क्षेत्र वह चाहे धर्म से सम्बन्धित हो, चाहे साहित्य से, चाहे राष्ट्रीयता से या संगीत से ही क्यों न रहा हो, अनेक धर्म-सम्प्रदाय यहाँ फले-फूले और विकसित होकर सम्पूर्ण जनमानस की विचारधारा को पल्लवित एवं पुष्पित किया है।[1]

विद्वानों के मतानुसार 'स' का अर्थ हुआ उत्तम तथा 'गीत' का अर्थ हुआ गायन, अर्थात् उत्तम गायन ही संगीत है जिसे संगीतज्ञ स्वर तथा लय के माध्यम से अपने मनोभावों को जन-जन के समक्ष प्रस्तुत करते है।

वास्तव में सूक्ष्म दृष्टि डालने पर यह ज्ञात होता है कि 'ओऽम्' शब्द संगीत के जन्म का साधन है ओऽम् जो तीन अक्षरों की संधि से अवतरित हुआ है। ओऽम् के तीन अक्षर अ+उ+म् तीन प्रमुख शक्तियों के द्योतक है। आकार+उकार+मकार = ब्रह्म+विष्णु+महेश (उत्पत्ति करने वाला, पालन करने वाला, संहार करने वाला) शक्तियों का पुंज ईश्वर है ग्रंथों में भी कहा गया है। संगीत वेदों से उत्पन्न माना गया है ओऽम् वेद का बीज मंत्र है इसी बीज मंत्र से सृष्टि की उत्पत्ति हुई है।[2]

संगीत में उपयोग होने वाले दिव्य नाद का आश्रय यह मानव शरीर ही सर्वप्रथम है संगीत शास्त्र में कंण्ठ को एक वाद्य के रूप में तथा मानव शरीर को वीणा के रूप में वर्णित किया गया है तत्पश्चात् धातु, काष्ठ एवं चर्म आदि की गणना की गयी है। संगीत के विभिन्न अंगों यथा ग्राम, विभाग, स्वर, वर्ण, अलंकार इत्यादि का अभ्युदय मानव शरीर से ही 'नाद' प्रस्फुटन के बाद होता है।

अनाहत नाद ही आहत नाद की उत्पत्ति का कारण है कुछ धार्मिक सन्तों एवं तत्ववेंत्ताओं ने इसी अनाहत नाद (अव्यक्त शब्द) को अनहदनाद, अनहदवाणी, अनहदशबद, अनहदधुनि आदि शब्दों में व्यक्त किया है।[3]

मन को एकाग्रचित करना, चित्तवृत्ति का निरोध करना और उसके द्वारा ईष्ट के स्वरूप का तैल धारावत ध्यान करना भक्त का मुख्य लक्ष्य होता है। संम्भवतः इस रहस्य को जानकर ही हमारे सांगितिक सन्तों ने इसे साधन के रूप में अपनाया होगा। इन संतो में कुछ राग कुछ तालाधारित पदों का गान किया करते थे तो कुछ मात्र हरीनाम के संकीर्तन में ही लीन रहते थे। यहाँ संकीर्तन का तात्पर्य सम्यक् रूप से संगीतमय भगवान का गुणगान करना है क्योंकि कीर्तन में व्याख्यान, लाक्षणिक गान-अथार्त स्तुति और स्वर लय युक्त गायन तीनों का समावेश होता है, इसीलिए स्वर-लय संगीत के दो पहलू हैं।[4]

'यदि लय न होती तो स्वर का कोई मूल्य नहीं होता, स्वर नहीं होता केवल लय ही होती तो उसका भी कोई अर्थ नहीं होता। यदि हृदय में प्रेरणा के हिलकोरे न लगते, अनाहतनाद उत्पन्न न होता, तो न लय होती न स्वर ही होता, और न ही बाहरी संगीत का अस्तित्व होता। यह ईश्वर की सृष्टि है? नाद भी ईश्वर की सृष्टि है, अन्दर से उठी तरंगो से लय और स्वर का सामंजस्य बनता है।'

प्रकृति ही नादमय है। पक्षीयों के बोलने में लय है। पत्तियों के हिलने में लय है, फूलों के खिलने में लय है, नदियों के बहाव में लय है, झरनों के पानी के बहने में लय है ये सभी हमें नाद का अनुभव कराते हैं। यही संगीत मनुष्य के कोमल भावनाओं को उत्पन्न कर मानवीय जीवन की ओर प्रेरित करता है। संगीत ही शान्ति की सनातन साधना है।[5]

परिवर्तन प्रकृति का साश्वत नियम है जिसके फलस्वरुप समय-समय पर हुए अनेक धार्मिक, सामाजिक, राजनैतिक परिवर्तनो से संगीत कला भी परिवतह्नत होती रही और विभिन्न मान्यताएँ टूटी नवीन शैलियों का जन्म हुआ।

प्राचीन ग्रंथों के अध्यन से ज्ञात होता है कि बारहवीं-तेरहवीं शताब्दी तक देश में छंन्द-प्रबन्ध, स्तुति, जाति-गायन शैली ही प्रचलित था। उस समय इस गायन शैलीयों को गाने वाले महान अद्वितीय, प्रतिभाशाली कलाकार के रुप में शीर्षस्थ नाम गोपाल नायक का लिया जाता था। जो देवगिरिनरेश, रामदेव यादव के दरबारी कलावन्त थे। सन् 1296 ई. में अलाउद्दीन खिलजी के दरबारी विशिष्ट कवि ईरानी एवं भारतीय संगीत के ज्ञाता अमीर खुसरों ने गोपाल नायक के छन्द प्रबन्ध की अद्भुत गायकी को बादशाह के दरबार में चोरी से सुनकर आत्मसात कर लिया तत्पश्चात् अमीर खुसरों ने नायक गोपाल की परम्परागत भारतीय गायन शैली को लोकरंजन स्वरुप प्रदान कर, अपने बहुमुखी प्रतिभा का योगदान देकर एक नवीन अध्याय का सृजन किया। और संगीत के लिए प्रयुक्त सहित्य में लोक भाषा का प्रयोग कर उसे जनप्रिय बनाया।

ख्याल गायकी को अमीर खुसरो के ही शासनकाल से ही सभी विद्वानों ने अपने-अपने तरीके से इसका मार्ग प्रशस्त करने के प्रयास में तत्पर रहे परन्तु कुछ खास प्रसिद्धि न मिल सकी तत्पश्चात् मुहम्मद शाहरंगीले के शासनकाल में नियामत खाँ (सदारंग) के द्वारा मुख्य ख्याल गायकी का प्रादुभाव (जन्म) हुआ और आज भी ख्याल गायन शैली ने स्वर, ताल, पद के अनुराग से हमारे हृदय के तारों को झंकृत कर देती है। आज यह गायन शैली चर्मोत्कर्ष पर जन जन में व्याप्त है।[6]

स्वर तथा लय ये दोनों संगीत कला के आधारस्तम्भ माने जाते है जिनके सहारे संगीत की पूरी इमारत का निर्माण किया जाता है। सूक्ष्म दृष्टि डालने पर यह तथ्य प्रकट होता है कि स्वर एवं लय

इन्ही दो के बीच भिन्न-भिन्न शैली से एक विभाजन रेखा खींचकर सभी घरानों ने अपनी-अपनी मौलिकता के आधार पर स्वतंत्र एवं शाश्वत अस्तित्व को बनाए रखा है। सभी घरानों की अपनी अलग-अलग विशेषताएँ व मान्यतांए है किसी ने स्वर को तो किसी ने लय को प्राथमिकता दी किसी घरानों ने स्वर लय दोनों को ही प्राथमिकता दी।

सारांश यह है कि कण्ठ संगीत के शारीरिक अंग-उपागों खटका, मुर्की, स्वर संयोजन, अलाप, गमक, सूत, मींड, बंदिशों, में प्रचलित, अप्रचलित, मिश्रित, अर्धमिश्रित, रागों का प्रभावशाली प्रस्तुतिकरण में प्रवीणता तानों के विभिन्न प्रकारों पर अधिकार बंदिशों के बोलों मुखड़ो के साथ नये-नये तरीके से सम पर आने का एक मनोमुग्धकारी ढंग इत्यादि सभी घरानों को एक दूसरे से पृथक करता है। विभिन्न अवयवों पर प्रवीणता अपनाकर प्रत्येक घरानों ने अपनी-अपनी एक अलग पहचान बनायी है।

उपर्युक्त सभी घरानों में 'बनारस घराना' मात्र अपवाद स्वरूप है। यहाँ छन्द-प्रबन्ध, ध्रुपद, धमार, होरी, विष्णुपद की प्राचीन गायकी के साथ-साथ विकसित ख्याल, टप-ख्याल, ठुमरी, दादरा, गजल, भजन तक की लोकप्रिय गायकी को साधिकार गाने में विशिष्टता प्राप्त कर उसे अपने में आत्मसात कर लिया। यही नहीं लोकसंगीत में रची चैती, होली, कजली, घाटो, बारहमासा आदि की लोकरंजन शैली को शास्त्रीयता की परिधि में प्रतिष्ठित कर लोकप्रिय बनाया।

टप ख्याल इसके जनक नेपाल दरबार के उत्कृष्ठ गायक उस्ताद इनायत हुसैन खा जी थे। टप ख्याल, टप्पा एवं ख्याल का एक सुन्दर एवं मनमोहक मिश्रणयुक्त एक नीवन गायनशैली रही है। सभी गायन शैलीयों में से ठुमरी को बनारस के लोगों ने अपने हृदय के सबसे उच्चतम शिखर पर प्रतिष्ठायमान रखा है।

ठुमरी लखनऊ से बनारस तक की याषा कर यहाँ की मिट्टी में घुल-मिल गई और उसकी महक को सभी लोगों ने अपने में आत्मसात कर लिया। आज उसी ठुमरी को, बोल-बनाव की ठुमरी, पूरब अंग की ठुमरी के नाम से प्रसिद्धता प्राप्त है। ठुमरी को काशी का संगीतमय वातावरण, माँ गंगा की शान्त सौम्य धारा काशी के संगीतज्ञों तथा समस्त संगीत प्रेमियों का अटूट प्यार, इसे इतना भाया कि उसने लखनवी तहजीब की भारी भरकम दरबारी पोशाक चिकन, समीज, चूड़ीदार, पजामा, ओढ़नी को स्वतः छोड़ दिया, द्रुत लययुक्त चपलचाल की ठुमरी ने चंचलता का परित्याग कर लज्जाशील, शालीन नारी के उपयुक्त बनारसी रेशमी साड़ी के आवरण में अलंकृत होकर नये श्रृगांर द्वारा एक नवीन स्वरुप धारणकर धीर-गंम्भीर विंलम्बिल लय की आश्रित हुई।

काशी की सांगितिक याषा कर ठुमरी ऐसी बनी की सुनने वाले, पत्थर दिल को भी, मोम की तरह पिघला देने की क्षमता रखने लगी। काशी में यह विशेषता रही है कि यहाँ के जितने भी संगीतज्ञ, कलाकार रहे है, उन्होंने प्रत्येक विधा के निजि मौलिकता से उसे ओतप्रोत किया उसमें उचित सुधाकर नवीन स्वरुप में उसे ढ़ालकर सौन्दर्य में वृद्धि की और अपनी साधना से तराशकर जब उसे जन-मानस के समक्ष रखा तो उसे सुनकर लोग आत्मविस्मृत हो उठे। इसी प्रकार बनारस (काशी) ने सभी गायनशैलीयों को आत्मसात कर उसे अपना बना लिया।

काशी में शिवरात्रि को शिव जी और माता पार्वती का विवाह होता है।

एकादशी होली से पाँच दिन पहले मनाया जाता है। जिसमें शंकर भगवान माता पार्वती की विदाई करवा कर विश्वनाथ मंदिर में आते है। उस दिन को 'रंगभरी एकादशी' के नाम से जाना जाता है। उस दिन मंदिर में रंग-बिरंगे गुलाल उड़ाये जाते है। सारे लोग 'रंगभरी एकादशी' का आनन्द उठाते है। कलाकार बुलाए जाते है। भजन, होरी, कजरी, चैती से पूरा संगीतमय वातावरण बन जाता है। कलाकार बुलाये जाते है। इसी प्रकार रंगभरी एकादशी के पाँचवे दिन फगुआ खेला जाता है। होली के बाद काशी के सांस्कृतिक संगीत समरोह में सबसे प्रिय

समारोह 'बुढ़वा मंगल संगीत मेला' के नाम से विश्व भर में जाना जाता है।

शचीन्द्रनाथ चट्टोपाध्याय की पुस्तक 'काशीधाम' के अनुसार इस 'बुढ़वा मंगल संगीत मेला' के शुभारम्भ में काशी के शासक 'मीर रुस्तम अली' का उल्लेख है, जो मुगल शासन के प्रतिनिधि के रूप में नियुक्त किया गया था।

यह शासक मुस्लिम होने के बावजूद हिन्दुओं के सभी धार्मिक एवं सामाजिक उत्सवों में बड़े उत्साह, प्रसन्नता से सम्मिलित होता था साथ ही संगीत कला में भी उसे विशेष रुचि थी।

'बुढ़वा मंगल संगीत मेला' होली के बाद पहले मंगलवार को बड़ी ही धूम-धाम से मनाया जाता था। इसमें स्त्रीयों और बच्चों को नहीं सम्मिलित किया जाता था, केवल बड़े, युवा, प्रौढ़ व्यक्ति को ही सम्मिलित होने की अनुमति मिलती थी। इसीलिए इस मेले का नाम 'बुढ़वा मंगल' पड़ा। ऐसा लोगों का मानना है। हलवाई, पनवाड़ी, माली सभी अपनी-अपनी दुकान नाव के ऊपर ही लगाते थे और खाने-पीने की सुविधा भी नावों पर ही रहती थी।

विभिन्न आकार से सुसज्जित बजड़ों पर विभिन्न प्रकार के निशान होते थे, जिससे यह पता चलता था कि कौन-सा बजड़ा किस राजा अथवा रइस का है। लोग दूर-दूर से इस मेले में आते थे। बड़े-बड़े संगीतज्ञ, कलाकार, नृत्यकार अपनी कला के प्रदर्शन से इसमें चार चाँद लगा देते थे इस संगीत मेले में सर्वप्रथम जनरुचि एवं समयानुरूप राग का ख्याल का प्रस्तुतीकरण किया जाता था फिर होली के अन्त में चैती गायी जाती है।

होली के बाद गुलाब के पुष्प से सुसज्जित, गुलाब की सुगन्ध से मदहोश कर देने वाली गुलाबी वातावरण में 'गलाबबाड़ी' संगीत समारोह में चैती गायन के महफिल के आयोजन के लिए काशी के रइसों में होड़ लग जाया करती थी। 'गुलब बाड़ी' के संगीत का आनन्द लेन के लिए लोग गुलाबी पगड़ी, गुलाबी कुर्ते, धोती, चादर, दुपट्टे में लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाते, कुमकुमा फेंकते हास-परिहास करते हुए संगीत का आनन्द लेते थे।

विश्व के अनेक नगर किन्हीं न किन्हीं नदियों के किनारे अवस्थित है, किन्तु बुढ़वा मंगल, गुलाब बाड़ी एवं ऋतु परिवर्तन से सम्बन्धित अनेक उल्लासमय उत्सवों के मनाने की अभिनव, मनमोहक परिकल्पना काशी में ही साकार हुई, जिसमें काशी के कलाकारों राजा, रईसो ने भरपूर सहयोग देकर वर्षों तक इस परम्परा को बनाये रक्खा।

विश्व के समस्त संगीत प्रेमीयों के मानसपटल पर अपनी भारतीय संगीत ने अमिट छाप छोड़ी है जिसमें सर्वदा से काशी के कलाकारों की एक अटूट श्रृंखला में संगीत का विशेष योगदान रहा है। जिनकी कला साधना के वैशिष्ट्य लोकप्रियता को किसी लेखनी के प्रमाण की आवश्यकता नही है उनकी विश्वविश्रुत ख्याति स्वयं ही इसका प्रमाण है।[8]

संदर्भ ग्रन्थ सूची

1. कामेश्वरनाथ मिश्र, काशी की संगीत परम्परा (संगीत जगत को काशी का योगदान), प्रकाशक-भारत बुक सेन्टर (लखनऊ), प्रथम संस्करण 1997, पृ. सं - 1.
2. डॉ. सुमन, हिन्दुस्तानी गायन शैलियों निहित पदों का साहित्यिक अवलोकन (अलंकार एवं छन्द के विशेष संदर्भ में), नैतिक प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2013, पृ. सं.-12.
3. शर्मा, स्मृति, आत्मबोध के आयाम भारतीय संगीत में अनाहत नाद, लोकभारतीय प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2018, पृ. सं.-79.
4. (ऋतुराज कात्यायन) चौबे, डॉ. सत्येन्द्र कुमार, अनहद की झनकार, संगीत : आध्यात्मिक, साधना का सुगम मार्ग, प्रकाशक-लुमिनस् बुक्स, प्रथम संस्करण 2018, पृ. सं.-113.
5. शर्मा, स्मृति, आत्मबोध के आयाम भारतीय संगीत में अनाहत नाद, लोकभारतीय प्रकाशन, प्रथम संस्करण 2018, पृ. सं.-79.
6. कामेश्वरनाथ मिश्र, काशी की संगीत परम्परा (संगीत जगत को काशी का योगदान), प्रकाशक-भारत बुक सेन्टर (लखनऊ), प्रथम संस्करण, 1997, पृ. सं. 62.

मिसिंग जनजाति की लोकसंस्कृति और समाज

डॉ. नुरजाहान रहमातुल्लाह

सहकारी अध्यापक, हिन्दी विभाग
कॉटन विश्वविद्यालय, गुवाहाटी

शोध-सार

हमारे देश की एक अनोखी विशेषताएँ हैं भाषाई वैविध्यता,जो देश की आन्तरिक शक्ति को जोड़कर इसे मजबूत बनाती हैं। इस महान पुण्यभूमि का पूर्वोत्तरी भाग बहुत ही वैचित्र्यों के लिए धरती के संक्षिप्तम संस्करण के रूप माना जाता हैं। पूर्वोत्तर भारत बहु जनजातियों का मिलन स्थल हैं। यह सात बहनों के राज्य में सेरू अरूणाचल प्रदेश, नागालेण्ड, मणिपूर, मेधालय, मिजोराम, त्रिपूरा और असम हैं। यहाँ अनेक जनजातियों का निवास स्थल हैं।अनेक जनजातियों में से मिसिंग जनजाति असम की एक मुख्य जनजाति हैं। यह जनजाति धुमक्कड़ थी तथा अपनी सुविधानुसार स्थानों का परिवर्तन कर लेते हैं।विशेषतः वे नदी के तटों पर ही रहते हैं। इस जनजाति की अपनी भाषा,संस्कृति और लोक-साहित्य की धनी हैं। इनके लोक-साहित्य लोक जीवन की सहज भावाभिव्यक्ति ही हैं।मिसिंग जनजाति के लोग संगीत प्रिय और सुरीली हैं। अन्य जनजातियों की भाती मिसिंग लोक-साहित्य और लोक-गीतों में भी बहुमुखी विषयों का समावेश हैं।उनके लोकगीतों में लोकजीवन की वास्तविक भावनाओं को व्यक्त करते हैं। भाषा-साहित्य, रीति-रीवाज, पर्व-त्योहार, इतिहास-समाज, कला-संस्कृति आदि के आधार पर मिसिंग जनजाति की एक विशिष्ट पहचान हैं। यहाँ मिसिंग जनजाति का संक्षिप्त परिचय और मिसिंग जनजाति के लोक-संस्कृति, लोकगीतों का वर्गीकरण किया गया हैं।

बीज शब्द

मिसिंग, जनजाति, भाषा, साहित्य, लोकगीत

पूर्वोत्तर भारत सात बहनों का मिलन भूमि है। यहाँ बहु भाषा-भाषियों का प्रदेश है। यहाँ विभिन्न जनजातियों का सदियों से सहचर्य एवं सह अस्तित्व रहा है। इन जनजातियों में मिसिंग जनजाति एक अन्यतम। जनसंख्या के आधार पर मिसिंग जनजाति को दूसरे स्थान पर है। मिसिंग जनजाति के लोगों नदी उपत्यकाओं में निवास करते हैं। वे ब्रह्मपुत्र नदी या उससे निकलने वाले कई छोटी-बड़ी नदियों के किनारे पे अपना गाँव बसाते हैं। यह जनजाति के लोग असम के अतिरिक्त अरुणाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में रहते हैं। यह लोग ब्रह्मपुत्र नदी या उसके उपनदियों के किनारे सदियो से जैसे-धेमाजी, लखीमपुर, जुनाई, डिब्रूगढ़, सोनारीघाट, दिसांमुख, माजुलि, लोहितमुख, टेकेलिफुटा, शिवसागर, जोरहाट, गोलाघाट आदियों में उनका निवास स्थल है। मिसिंग जनजाति के लोग साधारणतः नदी के तट पर इसीलिए निवास करते हैं, ताकि कृषि के लिए उपजाऊ भूमि, विभिन्न प्राकृतिक सुविधाएँ और नदी से यातायत की सुविधा मिले।

मिसिंग शब्द की व्युत्पत्ति 'मि ''और 'आसि" दो शब्दों से बना है। जिसका अर्थ है 'पानी'।

शायद इसीलिए यह जनजाति के लोग नदी के तट पर रहना पसंद करते हैं। जैसे पानी सबको को शान्ति प्रदान करते हैं। उसी तरह मिसिंग जनजाति के लोग शान्तिप्रिय होते हैं। मिसिंग जनजाति की अपनी भाषा, साहित्य और संस्कृति से समृद्धशील है। मिसिं लोकगीतों ने सैकड़ों वर्ष पूर्व से ही विशेष रूप से वैभवशाली रहा है। मिसिंग जनजाति के लोग कृषि जीवि है। नदी के तट पर उपजाऊ भूमि पर फसल करके वे अपना जीवन निर्वाह करते हैं। वे लोग खेतों में चांग घर बनाते हैं, जिसे 'तो-ड़ी" कहते हैं। चांग घर पर बैठकर बाँस से बने 'टोका' वाद्य यन्त्र को बजाकर फसलों को नष्ट करने वाले जानवर और पशु-पक्षिओं को भगाते हैं। मिसिंग जनजाति के समाज मूलतः सरल स्वतंत्र पद्धति से निवास करते हैं। गौत्र के अनुसार ही मिसिंग समाज के गाँवें गठित होता है। गाँव के विभिन्न काम-काज, जैसे - उत्सव, पर्व, विवाह, अन्यान काम-काज, असामाजिक कर्म का समाधान इत्यादि विचारों का माध्यम दो सामाजिक अनुष्ठानों के द्व ारा किया जाता है। जैसे- (1) युवक-युवतियों का अनुष्ठान मृमवृब-याः मे, (2) मिसिंग समाज का गाँव सभा या कोबांग

(1) मृमवृब-याः में -

मिसिंग जनजाति लोगों का सामुहिक पूजा, उत्सव आदि, जैसे - आलि-आये-लृंगा, 'पंराग' आदि समाज के विभिन्न मांगलिक काम-काज, जैसे - विवाह (मिदां), ददगां आदि के क्षेत्रों में मृमवृब-यां में कार्यवाही की भूमिका निभाते हैं। विभिन्न अनुष्ठानों का पदवी का निर्वाचन गणतान्त्रिक पद्धति से किया जाता है। जैसे - डेकाबरा, तिरीबरा, बारंग, चौतां आदि। कई कई गाँव में 'मिगम बरा' नामक एक पदवी भी देखा जाता है। डेकाबरा का काम होता है गाँव के युवकों को सामाजिक कार्य में सुपरिचालना करना, तिरीबरा का काम है युवतियों को निमन्त्रण करना, बारेगें का काम है कई कार्य में लोगों को एकत्रित करके रखना और चौता का काम है नियम भंग करने वाले को दण्डित करना। सभी मिल झुल कर अपना कर्म निभाते हैं।

(2) कौबांड -

मिसिंग गाँव एक एक गाँवबूढ़ा रहते हैं। गाँवबूढ़ा यागाम को गाँव के साधारण जनता गाँव के दक्षशिल, न्यान प्रिय, बुजुर्ग को कौबांड द्वारा निर्वाचन करके बनाया जाता है। वही गाँव के मुरब्बी माना जाता है। गाँव के कई भी न्याय-विचार करना हो, जमीन-जायदात का मामला हो, समाज अनीति या या अनियम मूलक काम हो त वे कौबांड में ही विचारर किया जाता है। गाँव के भलाई के लिए सिद्धान्त लेना हो तो वह गाँवबूढ़ा लेते हैं। हर एक गाँव में डेकाचांग की व्यवस्था है, जिसमे गाँव के युवक एक साथ होकर गाँव का रखवाले करते हैं। डेकाचांग को मूरांधर करते हैं। वर्तमान गाँव के युवक शिक्षित होने के कारण मूराधर की प्रथा नहीं रही। फिर भी उत्सव के समय या पःराग उत्सव के समय इसकी व्यवस्था किया जाता है।

मिसिंग समाज में विवाह संस्कार का महत्वपूर्ण स्थान है। मिसिंग भाषा में 'मिदाङ' को विवाह कहते हैं। साधारणतः मिदाङ चार प्रकार के होते हैं–

(1) दा-शे मिदाङ (परिवारर के सम्मति से विवाह)
(2) दूग्ला ला-नाम (प्रेम विवाह)
(3) सो-ला ला-नाम (अपहरित विवाह)
(4) कूमचू-द चला ला-नाम (सतकार और लोगों के आशीर्वाद लेकर करने वाले विवाह)

दा-शे मिदाङ में लड़का और लड़की के परियाल वाले रिश्ता तय करते हैं। लड़के वाले को लड़की पसन्द आने पर लड़की के हाथ मांगने के लिए लड़केवाले पान, सूपारी और एक रुपया एक टोकरी में भर कर देते हैं। इसे 'आकुन बिनाम' कहते हैं। मिसिंग लोगों के उपाधि के माध्यम से गोत्र पहचाना जाता है। मिसिंग समाज में एक गोत्र या उपाधि के लड़का लड़की में विवाह नहीं होता। रिश्ता तय

होने के बाद उनलोगों के रिवाज है घर के होनेवाले दामाद (माग्बो) को लड़की के घर में दो चार साल रहना पड़ता है जिसे 'माग्बों दुगानाम' कहते हैं। वर्तमान समय में इस रिवाज प्रचलन नहीं है। मिसिंग समाज में बहु विवाह का भी प्रचलन है। मिसिंग समाज में विधवा विवाह का भी प्रचलन है। मिसिंग समाज पितृसत्तात्मक है। मिसिंग विवाह-उत्सवों में मिदां-निःतम नामक गीतों का आज भी प्रचलन हैं। इन गीतों में सामाजिक प्रतिच्छवि की मात्राई दिखाई देती हैं-

"बाः ब बाः बा धगिरिएम लागिमांध बाः ब बाः बा बातिएम् लागिमाध सुः सांक अकुम्सोम का पो मालाङो गृयेमो ओ सि-सि।"[1]

अर्थात है पिताजी है, पिताजी, आपने जो दहेज में मेरे साथ बर्तन और लोटा दिया हैं यह सब मुझे नहीं चाहिए। बल्कि जिस घर में मेरे बचपन बिता और मैं बड़ी हुई, उस घर को छोड़कर कैसे जाऊँ?

मिसिंग जनजाति के लोग धार्मिक और सामाजिक दोनों दिशाओं को महत्व देते हुए उत्सव-पर्व मानाते हैं। मिसिंग समाज में भी असमीया समाज की तरह बिहु मनाया करते हैं। जैसे - बहाग बिहु, माघ बिहु, काति बिहु, आलि-आये-लिगाङ, पो-राग उत्सव आदि मिसिंग जनजाति की जातीय उत्सव के रूप में आलि-आये-लिगाङ और पो-राग है, जो कृषि पर आधारित है।

'पो-राग' मिसिंग जनजाति की कृषि, कर्म से सम्बन्धित उत्सव है। इस उत्सव को 'भो-पुन' भी कहते हैं। जिसका अर्थ है 'पृथ्वी'। यह उत्सव मुख्यतः युवक-युवतियों का त्यौहार है। यह उत्सव आश्विन-कार्तिक या माघ-फाग्लुन महीने में धान के कटाई के बाद बड़े धुम-धाम के साथ तीन से पाँच दिन तक मनाया जाता है। इस उत्सव को मनाने के लिए युवक-युवतियों का एक समिति गठन किया जाता है। इस समिति का काम होता है पो-राग उत्सव के लिए धन एकत्र करना और इस धन का उपयोग उत्सव पालन करने के लिए किया जाता है। पो-राग उत्सव एक सामूहिक उत्सव है, जिसमें अइ निःतम के गीत भी गाये जाते है–

"दोरमि सितुङा तोर मेक तोरृमाङों, कमबङ आपपुनो रोयिब रोयावो पहर को लाबरे ओ गारसापो आजि ङ्ल लाबरेऔ गारसाङ दुबनी।"[2]

उक्त पंक्ति का मतलब यह है कि 'दोरमि ' वृक्ष के किसलय और कम्बड़ के रंग-बिरंगे फुल वैशाख ऋतु आने पर पंख फैलाकर खिलते हैं। और हम सभी उन पुष्पों की सुगन्ध लेकर आनन्दित होते हैं।

पो-राग उत्सव में 'मूरंधर' होना चाहिए। इस उत्सव में बनाया हुआ मूरंधरर में गूमराग नृत्य करके मेहमानों को लाया जाता है। पो-राग के नियम के अनुसारक शादी सुधा लड़की, उसके पति, और बच्चों को अपने मायेक के गाँव में सम्मान के साथ बुलाया जाता है और भोजन आदि खिलाने का भी परम्परा है। पो-राग उत्सव में मिसिंग लोगों का विश्वास करते हैं छोटा सूअर को वाँस से मार मार के वध किया जाता है और उसके खून से मनुष्य का खून मानकर उनलोगों के देवता और पूर्व-पुरुष को भेट किया जाता है। वे मानते हैं इससे भेद को चढ़ाने से गाँव के खेत और गाँव के सुख शान्ति विराजमान होगा। यह पो-राग तीन दिनों तक पालन किया जाता है। बुधबार से आरम्भ करके गुरुबर तक मनाते है। इस उत्सव से मिलन का समन्वय मानते हैं। आस-परोस के गाँव के लोग, परिवार के सभी लोग, शादी कराई बुई लड़ई आदि का पूनमिलन होता है और मिल बाँट के भोजन का व्यवस्था कराया जाता है।

पो-राग उत्सव की तौयारी साल भर पहले से ही होती है। क्योंकि इसके लिए अधिक परिण ाम में धन, खाद्य-सामग्री, 'आपोङ' तथा मांस की जरूरत होती है। खाद्य-सामग्री का संग्रह वे गाँव के प्रत्येक घर से करते हैं। सब मिलकर नृत्य-गीतों के साथ मनोरंजन करते हुए यह उत्सव का पालन किया जाता है।

आलि-आये-लिगाङ भी मिसिंग जनजाति का महत्वपूर्ण उत्सव है। यह उत्सव भी कृषि से सम्बन्धित है। 'आलि' का अर्थ 'बीज', 'आये' का अर्थ 'फल' और 'लिगाङ' का अर्थ 'रोपण' करना।

इसीलिए इसे बीज रोपण करने का त्यौहार भी कहा जाता है। इस उत्सव में बहत मनोरंजन के साथ नृत्य-गीत, खान-पान का आयोजन कर बढ़े धुमधाम के साथ मनाया जाता है। और सभी बड़े उल्लास से नाचते गाते है -

"मीःब नम् काः तपो लृगाङइ सःमान व
मृमहर याःमेः पङ्नक कहो बारेयिदइया बोरकदला,
नक् को आमिग काः नाम दो नकको नापपाङ यिरनाम दो
उकको आसिन मोःनाम दीम अइया लुबि दागबतो।"[18]

अर्थात एक प्रेमी अपनी प्रेमिका को अपने दोस्तों के साथ धुमते हुए देखना चाहता हैं, क्योकि उसकी मुसकुराहट से अपने प्रेम का अंदाजा लगा सके।

आति-आये लिगाङ मिसिंग जनजाति का जातीय उत्सव है। यह फाग्लुन महीने के प्रभम बुधबार के दिन मनाया जाता है। इसीलिए बुधबार को मिसिंग जनजाति के लोग शुभ दिन मानते हैं। फाल्गुन महीने में आहो और बाउ धान का समय है। उस समय आहो धान का बीज फाल्गुन महीने की प्रथम बुधबार के दिन बो करं शुभ करते हैं। उसी दिनके रात को भोजन का आयोजन किया जाता है। इसके लिए विशेषकर 'पूराङ आपिन' का तैयार किया जाता है। जो मछली, सूअर का मांस आदि के साथ खाया जाता है। लिगाङ के रात युवक-युवती 'गुमराग चङमान' यानि बिहु मनाते हैं। यह बिहु नृत्य-गीत गा गा कर लिगाङ के चारों ओर घुम-घुम कर नाचते हैं। इसमें तरह तरह के नृत्य प्रदर्शित किया जाता है। इसमें गाँव के बुढ़े, युवक-युवतियों सभी भाग लेते हैं। युवक-युवती नृत्य-गीत गा गा के गाँव के प्रत्येक घर में जाने का नियम भी है। हर घर के गृहस्थ प्रणाम करके आशीर्वाद लेते हैं। बिहु मारने के विनिमय में जो धन एकत्र होते हैं, उसे गाँव के लोग भोजन का आयोजन करते हैं। इसे 'दपान-नृडपान' कहते हैं। पहले लिगाङ पालन करने से गाँव के लोग एक साथ शिकार करने जाया करते थें। वर्तमान वह नहीं रहें। पहले लिगाङ एक दिन ही मनाया जाता था। आजकल मिसिंग जनजातियाँ अलग-अलग जगह पे पाँच दिनों तक मनाते हैं। पहले दिन में मांगलिक कार्य करते। रात को नृत्य गीत गाते हैं। दूसरे दिन शाम को 'गूमराग चडमान' यानि बिहु नृत्य करते। गाँव के घर घर जाकर नृत्य कर धन इकठा करते। तीसरे दिन उसे धन से भोजन का आयोजन किया जाता है। चतुर्थ दिन 'यदनाम' यानि रोना पालन किया जाता है। पाँचवे दिन 'लिडलेन' या गेना भंग मानते हैं। उसी दिन लिगाङ कार्य को एक वर्ष के लिए विदाई समारोह सम्पन्न किया जाता है।

मिसिंग लोकगीतों में उनका जीवन पूर्णरूप से प्रतिफलित होता है। यह लोकगीत मौखिक है इसीलिए ये उनके जनजीवन पर ही आधारित है। जब ये लोग शिक्षा से कोसों दूर था तब से लेकर आज जो ये लोगों में शिक्षा हार बढ़ चुका है तब भी उनके लोकोगीतों की परम्परा चली जा रही है। कहा जाता है मिसिंग समाज में लोक-गीत का महत्वपूर्ण स्थान है। मिसिंग भाषा में लोक गीत को 'नि-तम' कहते हैं। मिसिंग लोक गीत अनेक प्रकार के होते हैं। यह लोक गीत अलग-अलग परिस्तितियों में गाया जाता है। कुछ गीतोंनाम इस प्रकार - लू-पो नि-तम, ओई नि-तम, मोमान, काबान, आबाङ इत्यादि। जैसे हर जनजाति की समाज अपने खूद के विचारों, विश्वासों परम्पराओं से परिचालित होता है, ठीक उसी प्रकार मिसिंग समाज का भी है। साल भर अलग अलग ऋतुओं के अनुसार उनके परम्परागत पूजा-अर्चना धार्मिक अनुष्ठान, बीमारी, सामाजिक अनुष्ठान, ईशोपासना करते हैं। उन अनुष्ठानों के साथ-साथ उनके लोक गीत गाने का भी परम्परा है। मिसिंग समाज में पुरोहित को 'मिबू' कहते हैं। ऐसे मान्यता है कि देवता आकर इन्हें मंत्र सिखा जाते हैं। ओर 'आबाड' गीत 'मिबू' द्वारा धार्मिक अनुष्ठानों में गाया जाता है। 'मिदाङ नि-तम' विवाह गाये जाने वाले गीत है। 'काबान' विरह या दुःख

में गाए गये गीत है इत्यादि। मिसिंग लोकगीतों में उनके जातीय जीवन का प्रतिबिम्ब देखने को मिलता है। वे प्रकृति के बीच में जीते हैं, उनके संस्कृति में भी प्रकृति का ही चित्रण झलकते हैं।

मिसिंग जनजाति की भाषा तिब्बत वर्मा जनगोष्ठी के अन्तर्गत आते हैं। उनकी अपनी भाषा है जिसे 'मिसिंग आगोम' कहते हैं। मिसिंग भाषा सामग्रीक रूप से एक जैसे लगने से वे अपने दल के अनुरूप अलग अलग है। जैसे - दोलू, पागर, आयान, मिरङ, चमूवा, चाङ्याङ, इत्यादि दल के अनुसार मिसिंग उपभाषाएँ है। वे लोग असमिया भाषा भी जानते हैं, परन्तु आपस में बातचीत करने के लिए मिसिंग भाषा ही प्रयोग करते हैं। मिसिंग भाषा का अपना लिपि नहीं है। वे लोग असमिया लिपि को ही व्यवहार करते हैं। मिसिंग लोगों का भात (चाँवल) को ही प्रधान मानते हैं। परम्परागत उत्सव में आलि-आये- लिगाङ में 'पूराङ आपिन' खाते हैं। मिसिंग लोगों में दो तरह के आपङ (मद) प्रचलन है। एक 'पडर आपङ' यानि राख के मद और 'नगिन आपङ' यानि सफेद मद। सूअर का मांस उनलोगों को ज्यादा पसन्द होते हैं।

निष्कर्षतः कह सकते हैं कि अन्य जनजातियों के समान मिसिंग जनजातीय समाज, संस्कृति, लोक-साहित्य में भी बहुमुखी का समावेश है। मिसिंग लोग धुमक्कड़ होने के कारण उनकी भाषा संस्कृति, रीति रिवाज में भिन्नता दिखाई देता है। देखा जाता है आज भी मिसिंग लोग परम्परागत अनुष्ठानों उत्सवों में परम्परागत पोशाक ही पहनते हैं। आज भी मिसिंग समाज में एकता बोधता दिखाई देता है। उनके सहजता में ही मनुष्यत्व अन्तनिहित है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :

1. डॉ. अनुशब्द, पूर्वोत्तर भारत का जनजातीय साहित्य, वाणी प्रकाशन,नई दिल्ली, पृष्ठा न. 40
2. दले, मिसिंग समाज : संस्कृतिर समीक्षा, पृ. 50
3. वही, पृ. 52
4. शर्मा, शाशि, असमर लोक साहित्य, स्टूडेट्स स्टोर्स, पान बाजार, गुवाहाटी, 2003
5. दोले, बसन्त, मिसिंग समाज : संस्कृति समीक्षा, चन्द्र प्रकाश, गौहाटी, असम, 2008
6. मृगुमुनी (सं), मिसिंग संस्कृतिर आलेख, शराईघाट प्रिण्टार्स, गौहाटी, असम, 1989
7. शर्मा, श्रीराम, लोक-साहित्य, स्वरूप और मूल्यांकन
8. डॉ. अनुशब्द (सं), पूर्वोत्तर भारत का जनजातीय साहित्य, वाणी प्रकाशन, दिल्ली
9. बरा, देवजीत, उत्तर पूर्वांचल जनगोष्ठीय लोक संस्कृति, एम.आर. पब्लिकेशन, गौहाटी

भारतीय संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में छठ पूजा

डॉ. रीना सिंह

सहायक प्राध्यापक

आर. के. तलरेजा महाविद्यालय, महाराष्ट्र

सारांश

छठ पूजा एक ऐसा पर्व है जो भारतीयों के सिर्फ सभ्यता, धर्म एवं परंपरा से नहीं अपितु उनकी भावनाओं से भी जुड़ा है। छठ पूजा एक अत्यंत ही प्राचीन एवं पौराणिक लोक प्रसिद्ध पूजा है, जिसका वर्णन महाभारत एवं रामायण जैसे ग्रंथों में उल्लिखित है। जितनी प्राचीन यह पूजा पद्धति है, उतनी ही प्राचीन इस पूजा की ख्याति है एवं मानव जाति में बसी इसके प्रति प्रेम एवं श्रद्धा की भावना है। आधुनिकता के इस दौर में मानव जीवन एवं उनके रहन.सहन की प्रणाली, सामाजिक सांस्कृतिक परिवेश एवं रीति रिवाज, प्रत्येक स्थान पर आधुनिकता के कारण बदलते स्वरूप को महसूस किया जा सकता है। इतने बदलाव के बीच यदि कुछ नहीं बदला तो वह है भारतीयों के मन में छठ पूजा के प्रति उनकी भावना एवं सच्ची श्रद्धा। चाहे भारतीय दुनिया के किसी भी कोने में क्यों ना रहें, लेकिन छठ पूजा के अवसर पर वह बड़े ही हर्षोल्लास के साथ अपनी मातृभूमि पर वापस लौट आते हैं। यदि किन्हीं कारणों से नहीं लौट पाए तो वे जहां होते हैं, वहीं पर ही अपने प्रिय जनों के साथ छठ पूजा को बड़े हर्ष उल्लास के साथ मनाते हैं।

अगामी भविष्य में आने वाली पीढ़ी छठ पूजा के प्रति जुड़े भावना को और इस परंपरागत पूजा विधि को आगे ले जा सके, छठ पूजा के प्रति निष्ठावान एवं कर्मबद्ध रहे इस दृष्टि से यह संशोधन नई पीढ़ी को छठ पूजा से जुड़ी कथाओं को, नियमों को समझने एवं इस पूजा को सुचारू रूप से बनाए रखने में उनका मार्गदर्शन करेगा।

संकेत शब्द

छठ पूजा की परंपरा, भारतीय समाज एवं संस्कृति, रीति - रिवाज, संस्कार, समाज पर प्रभाव।

छठ पूजा हिंदूओं द्वारा मनाया जाने वाला एक प्राचीन पर्व है, जो भगवान सूर्य को समर्पित है। छठी मैया को भगवान सूर्य की बहन के रूप में जाना जाता है। छठ माता की पूजा की उत्पत्ति महाभारत के काल से ही मानी जाती है। इसके प्रारंभ के संबंध में मान्यता है कि जब पांडवों से उनका राज्य छीन लिया गया था तब पांडवों ने अपनी पत्नी द्रौपदी समेत छठ मैया की पूजा की थी और अपना राज्य वापस लिया था। एक अन्य मान्यता के अनुसार अंग प्रदेश के राजा कर्ण सूर्य के पुत्र माने जाते थे। वे अपने पिता देवता सूर्य की उपासना करते थे। इसी के फलस्वरूप उन्हें राजा का पद मिला था और उनकी कीर्ति में भी वृद्धि हुई थी। तब से भी छठ का प्रादुर्भाव माना जाता है। महाभारतकालीन अंग प्रदेश आधुनिक बिहार में स्थित है। अतः बिहार का यह सबसे बड़ा पर्व है। छठ पूजा के दौरान भगवान सूर्य की प्रार्थना की जाती है। सूर्य ही शक्ति, संपन्नता, ऊर्जा एवं जीवन संचार के प्रतीक माने जाते हैं।

छठ शब्द षष्ठी का अपभ्रंश है। दिवाली के छठे दिन मनाए जाने के कारण इसका नामकरण छठ व्रत पड़ा। छठ मैया का यह पर्व विशेष रूप से बिहार, झारखंड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तेराई क्षेत्रों में मनाया जाता है। छठ इस पर्व को हिंदुओं के साथ साथ इस्लाम सहित अन्य धर्मावलंबी भी मनाते हुए देखे जाते हैं। प्रवासी भारतीयों के साथ यह पर्व धीरे-धीरे पूरे विश्व में प्रचलित हो गया है। इसकी अपनी अपनी पूजा विधि भी है। छठ पूजा में कोई मूर्ति पूजा नहीं होती। यह बड़ा ही कठिन त्यौहार है और चार दिनों की अवधि तक मनाया जाता है। जिनके घरों में यह व्रत किया जाता है उनके परिवार के पूरे सदस्यों के लिए लहसुन प्याज खाना वर्जित होता है। नदी से मिट्टी निकाल कर छठ माता का चौरा बनाया जाता है। उसी चौरे के पास पूजा का सारा सामान रखकर कलश में नारियल रखा जाता है और दीप जलाया जाता है।

छठ पूजा के पहले दिन लौकी भात होता है। दूसरे दिन दिनभर अन्न-जल त्यागकर शाम को खीर पूरी प्रसाद के रूप में ग्रहण किया जाता है, जिसे खरना कहते हैं। तीसरे दिन निराजल व्रत होता है। घाट पर जाकर नदी से मिट्टी निकाल कर छठ माता का चौरा बनाया जाता है। उसी चौरे के पास पूजा का सारा सामान रखकर कलश में नारियल रखा जाता है और दीप जलाया जाता है। पूजा के बाद नदी में खड़े होकर डूबते सूर्य को अर्घ्य चढ़ाया जाता है। चौथे और अंतिम दिन उगते हुए सूर्य को अर्घ्य चढ़ाया जाता है।

पूजा के समय जब स्त्रियां साज सज्जा के साथ और सारी सामग्री के साथ घाट पर जाती है तब सुमंगल गीत गाए जाते हैं। कुछ लोकगीत भी हैं जो काफी प्रचलित हैं और छठ पूजा के दौरान गाए जाते हैं। छठ पूजा के दौरान गाया जाने वाला सबसे लोकप्रिय लोकगीत है–

काँच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय
बहंगी लचकत जाय

होई ना बलम जी कहरिया
बहंगी घाटे पहुंचाय
बहंगी घाटे पहुंचाय

काँच ही बांस के बहंगिया
बहंगी लचकत जाय
बहंगी लचकत जाय

बाट जे पूछेला बटोहिया
बहंगी केकरा के जाय
बहंगी केकरा के जाय

हुनवे जे बारी छठी मैया
बहंगी उनके के जाय
बहंगी उनके के जाय

काँच ही बांस के बहंगीया
बहंगी लचकत जाय
बहंगी लचकत जाय

होई ना देवर जी कहरिया
बहंगी घाटे पहुंचाई
बहंगी घाटे पहुंचाई

बाटे जे पुछेला बटोहिया
बहंगी केकरा के जाय
बहंगी केकरा के जाय

तू त आन्हर हौवे रे बटोहिया
बहंगी छठ मैया के जाय
बहंगी छठ मैया के जाय

हुनवे जे बारी छठी मैया
बहंगी उनके के जाय
बहंगी उनके के जाय

जब छठी माई का सामान पूरी तरह से तैयार होकर घाट पर भव्य तरीके से जाने लगता है, तब राह में चलने वाले राहगीर एक-दूसरे से प्रश्न पूछने लगते हैं कि आखिर यह क्या हो रहा है, ये लोग कहां पर जा रहे हैं? सबके मन में कई सवाल उठते हैं। तब वहीं उसी राह में बैठा एक इंसान सबको जवाब देता है कि शायद तुम अंधे हो गए हो।

तुम्हें दिख नहीं रहा है कि यह साज-सज्जा, यह भव्य सामग्री यह गन्ना, यह दौरा यह सब छठी मैया के पूजा आग्रह के लिए घाट पर जा रहा है। ऐसे ही अनेकों लोक गीत छठ माता के पूजा में गाए जाते हैं, जिसकी अपनी - अपनी विशेषताएं एवं अपने-अपने मायने हैं।

जब विश्व की सबसे प्राचीन सभ्यता की स्त्रियां अपने सम्पूर्ण वैभव के साथ सज-धज कर अपने आँचल में फल ले कर निकलती हैं, तो लगता है जैसे संस्कृति स्वयं समय को चुनौती देती हुई कह रही हो, ''देखो! तुम्हारे असँख्य झंझावातों को सहन करने के बाद भी हमारा वैभव कम नहीं हुआ है। हम सनातन हैं, हम भारत हैं। हम तबसे हैं जबसे तुम हो, और जब तक तुम रहोगे तब तक हम भी रहेंगे।''

जब घुटने भर जल में खड़ी व्रती की सिपुलि में बालक सूर्य की किरणें उतरती हैं तो लगता है जैसे स्वयं सूर्य बालक बन कर उसकी गोद में खेलने उतरे हैं। स्त्री का सबसे भव्य, सबसे वैभवशाली स्वरूप वही है। इस धरा को ष्भारत माताष् कहने वाले बुजुर्ग के मन में स्त्री का यही स्वरूप रहा होगा। कभी ध्यान से देखिएगा छठ के दिन जल में खड़े हो कर सूर्य को अर्घ दे रही किसी स्त्री को, आपके मन में मोह नहीं श्रद्धा उपजेगी।

छठ वह प्राचीन पर्व है जिसमें राजा और रंक एक घाट पर माथा टेकते हैं, एक देवता को अर्घ देते हैं, और एक बराबर आशीर्वाद पाते हैं। धन और पद का लोभ मनुष्य को मनुष्य से दूर करता है, पर धर्म उन्हें साथ लाता है।

अपने धर्म के साथ होने का सबसे बड़ा लाभ यह होता है कि आप अपने समस्त पुरुखों के आशीर्वाद की छाया में होते हैं। छठ के दिन नाक से माथे तक सिंदूर लगा कर घाट पर बैठी स्त्री अपनी हजारों पीढ़ी की अजिया सास ननिया सास की छाया में होती है, बल्कि वह उन्हीं का स्वरूप होती है। उसके दउरे में केवल फल नहीं होते, समूची प्रकृति होती है। वह एक सामान्य स्त्री सी नहीं, अन्नपूर्णा सी दिखाई देती है। ध्यान से देखियेगा तो आपको उनमें कौशल्या, मैत्रेयी, सीता, अनुसुइया, सावित्री, पद्मावती, लक्ष्मीबाई, भारत माता दिखेगी। इसमें कोई संदेह नहीं कि उनके आँचल में बंध कर ही यह सभ्यता अगले हजारों वर्षों का सफर तय कर लेगी। बड़ी खुशी होती है घाट जाती स्त्रियों को देख कर, खुशी होती है उनके लिए राह बुहारते पुरुषों को देख कर, खुशी होती है उत्साह से लबरेज बच्चों को देख करण्- सच पूछिए तो यह मेरी खुशी नहीं, मेरी मिट्टी, मेरे देश, मेरी सभ्यता की खुशी है।

छठ डूबते सूर्य की आराधना का पर्व है। डूबता सूर्य इतिहास होता है, और कोई भी सभ्यता तभी दीर्घजीवी होती है जब वह अपने इतिहास को पूजे। अपने इतिहास के समस्त योद्धाओं को पूजे और इतिहास में अपने विरुद्ध हुए सारे आक्रमणों और षड्यंत्रों को याद रखे।

छठ उगते सूर्य की आराधना का पर्व है। उगता सूर्य भविष्य होता है, और किसी भी सभ्यता के यशश्वी होने के लिए आवश्यक है कि वह अपने भविष्य को पूजा जैसी श्रद्धा और निष्ठा से सँवारे। हमारी आज की पीढ़ी यही करने में चूक रही है, पर उसे यह करना ही होगा। यही छठ व्रत का मूल भाव है।

संदर्भ ग्रंथ-

1. हिंदी साहित्य का इतिहास, आचार्य रामचंद्र शुक्ल, प्रभात प्रकाशन
2. भारतीय लोक साहित्य, श्याम परमार, राजकमल प्रकाशन
3. भारतीय कला एवं संस्कृति, नितिन सिंघानिया mcgraw-hill प्रकाशन
4. हिंदू संस्कृति, राकेश गुप्ता, डायमंड बुक्स प्रकाशन
5. प्राचीन भारत की संस्कृति और सभ्यता, दामोदर धर्मानंद कोसांबी, अनुवाद- गुणाकर मुले, राजकमल प्रकाशन
6. भारतीय संस्कृति सभ्यता एवं परंपरा, डॉ रमेश पोखरियाल निशंक, डायमंड बुक्स पब्लिकेशन प्रकाशन
7. लोक साहित्य, डॉ राजेश श्रीवास्तव 'शम्वर', कैलाश पुस्तक सदन, भोपाल
8. लोक साहित्य विज्ञान, डॉक्टर सत्येंद्र, शिवलाल अग्रवाल एंड कंपनी

मानव विकास की प्रक्रिया में संगीत की अहम भूमिका

डॉ. अंकिता चतुर्वेदी

असिस्टेंट प्रोफेसर, (गायन)
जगत तारन गर्ल्स पी.जी. कालेज, प्रयागराज

सारांश

वैदिक काल से ही संगीत मानव संस्कृति व सामाजिक परिवेश का अभिन्न अंग रहा है और शिक्षण प्रक्रिया के माध्यम से पुष्ट व प्रभावित होता आया है। प्राचीन काल से वर्तमान समय तक उत्तर भारत ने विविध भौगोलिक परिवर्तन एवं राजनैतिक उतार-चढ़ाव देखे जिसका प्रत्यक्ष प्रभाव यहां के समाज व संस्कृति पर पड़ा। जिसके फलस्वरूप शिक्षा तथा संगीत जगत भी इन परिवर्तनों और प्रभावों से अछूता नहीं रहा। वर्तमान समय में उत्तर भारत में संगीत शिक्षा गुरुकुल व घरानों से होते हुए संस्थाओं में प्रवेश कर चुकी है परंतु अधिकांश शिक्षण संस्थाओं में संगीत को पाठ्यक्रमेत्तर क्रिया कलाप के अंतर्गत सम्मिलित किया जाता है ना कि मुख्य धारा के विषयों में। समाज में एक बड़े वर्ग के मध्य आज भी संगीत को मनोरंजन का एक साधन मात्र माना जाता है। किंतु शिक्षा के माध्यम से संगीत मानव के मन का रंजन करने के साथ ही उसे वास्तविक अर्थों में शिक्षित भी करता है और इस प्रकार से मानव के सर्वांगीण विकास जो किसी भी प्रकार की शिक्षा का प्रमुख उद्देश्य है में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। संगीत शिक्षा को वास्तव में मानव विकास की प्रक्रिया माना गया है। संवेगात्मक परिपक्वता तथा नैतिक मूल्यों के विकास के अतिरिक्त संगीत अन्य विषयों की भांति मनुष्य के बौद्धिक विकास में भी सहायक सिद्ध हुआ है। इस परिकल्पना की मनोवैज्ञानिक परीक्षणों की सहायता से पुष्टि भी की गई है इस प्रकार से मानव विकास में संगीत की अहम भूमिका का वर्णन इस शोध पत्र के माध्यम से किया गया है।

बीजाक्षर

संगीत, विकास प्रक्रिया, सर्वांगीण विकास, परिपक्वता, अभिवृद्धि

मानव मन के आंतरिक भावों की अभिव्यक्ति के रूप में जन्मा संगीत, शिक्षा व परंपरा के माध्यम से प्राचीन काल से लेकर आधुनिक युग तक पुष्पित पल्लवित होता आया है। अतः यदि यह कहा जाए कि युगो-युगो से निरंतर प्रवाहित होती चली आ रही भारतीय संगीत की अविरल धारा का सशक्त माध्यम शिक्षा है तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। आधुनिक समय की मांग को दृष्टिगत रखते हुए शिक्षा के ढांचे में अनेक परिवर्तन हुए जिनमें सर्वाधिक महत्वपूर्ण है शिक्षा में मनोवैज्ञानिक दृष्टि का समावेश। अपने प्रसार हेतु शिक्षा को माध्यम के रूप में अपनाने के कारण शिक्षा व्यवस्था में आए इन परिवर्तनों का प्रभाव संगीत शिक्षा पर भी पड़ा। संगीत की शैक्षिक प्रक्रिया, अर्थात संगीत सिखाने व सीखने से संबंधित ऐसे अनेक महत्वपूर्ण तत्व हैं जिन्हें शिक्षा मनोविज्ञान की दृष्टि से बेहतर ढंग से समझा जा सकता है।

शिक्षा का सर्वप्रथम व सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य है मानव का सर्वांगीण विकास करना। अतः संगीत अपने सूक्ष्म तथा आकर्षक प्रकृति के कारण मनुष्य के व्यक्तित्व के विविध पक्षों को न्यूनाधिक रूप से प्रभावित करने में सक्षम है। इस प्रकार से मानव के सर्वांगीण विकास हेतु संगीत कला एक सशक्त माध्यम स्वरूप है। यह एक ऐसी कला है जो सहज ही प्रणियों को अपनी ओर आकर्षित करने की अद्भुत क्षमता रखती है। संगीत की इसी विशेषता को ध्यान में रखते हुए यदि शिक्षा के माध्यम से इसका प्रयोग मनुष्यों के जीवन में किया जाए तो अवश्य ही हम सभी को सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सकते हैं। मनुष्य के व्यक्तित्व के विभिन्न पक्षों को विकसित करने में संगीत अत्यंत प्रभावी सिद्ध हो सकता है। शिक्षा के माध्यम से संगीत की इस प्रभावोत्पादकता में महत्त्वपूर्ण रूप से वृद्धि हो जाती है क्योंकि मनुष्य को जिस वस्तु का जितना अधिक ज्ञान होता है, उस पर उस वस्तु का उतना ही अधिक प्रभाव भी देखने को मिलता है। केवल संगीत को सुन लेने और उसे सुनकर समझने में अंतर है और यही अंतर संगीत के प्रभाव में भी दृष्टिगोचर होता है। अतः शिक्षा के माध्यम से संगीत मानव के व्यक्तित्व एवं उसके जीवन के विभिन्न पक्षों का बेहतर ढंग से विकास कर सकता जो कि इस प्रकार से हैं-

शारीरिक विकास में संगीतः-

संगीत की तीनों विधाएँ- गायन, वादन एवं नृत्य व्यायाम का अच्छा विकल्प हैं। गायन कला को एक प्रकार का योगाभ्यास माना जाता है। यही नहीं, वक्ष तथा कंठ के समीपवर्ती अंग-प्रत्यंगों के व्यायाम का उपयुक्त साधन भी है गायन। गान क्रिया में नियमित व नियंत्रित श्वासोच्छवास की क्रिया का विशेष महत्त्व है जो प्राणायाम का ही एक स्वरूप है। स्वरोत्पत्ति की क्रिया से स्नायु तंत्र का सीधा संबंध होता है, अतः विभिन्न स्वरों के उच्चारण से शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों का व्यायाम होता है।

जैसा कि विभिन्न अध्ययनों से ज्ञात हुआ है कि गायन का विधिपूर्वक अभ्यास रक्त संचार को सुचारु रूप से बनाए रखने में, पाचन क्षमता बढ़ाने तथा पेट की मांसपेशियों को पुष्ट बनाने में सहायक होता है। इसके अतिरिक्त गायन के अभ्यास से कंठ एवं हृदय संबंधी रोगों से भी निजात पाया जा सकता है। संगीत के सात स्वर शरीर में स्थित सात चक्रों व बिंदु विसर्ग स्थान को जाग्रत करते हैं और इस प्रकार ध्यान (Meditation) का बेहतर विकल्प सिद्ध होते हैं। गायन की ही भांति वादन भी शारीरिक स्वास्थ्य की दृष्टि से अत्यंत लाभदायक है। बाँसुरी, शहनाई, बीन आदि मुँह से बजाए जाने वाले वाद्यों को बजाने से श्वास नली व फेफड़े मजबूत होते हैं। हाथ से बजाए जाने वाले विभिन्न वाद्य अंगुलियों के कुशल संचालन का अभ्यास कराने के साथ ही एक्यूप्रेशर (Accupressure) का कार्य भी करते हैं। गायन एवं वादन के दौरान प्रयोग में लायी जाने वाली विभिन्न मुद्राएँ विभिन्न योगासानों की भांति हैं जो रीढ़ की हड्डी को सुदृढ़ बनाने के साथ ही एकाग्रता में भी वृद्धि करती हैं तथा गायन और वादन के साथ - साथ नृत्य कला भी मृदु व्यायाम ही है। इससे शरीर का पूर्ण व्यायाम हो जाता है। नृत्य करने से रक्त संचालन की प्रक्रिया तेज हो जाती है जिसका बालकों के शारीरिक विकास में विशेष महत्त्व है। नृत्य शरीर को सुगठित, सुडौल व लचीला बनाने के साथ ही साथ शारीरिक दमखम (Staminaa) को भी बढ़ाता है। नृत्य की विभिन्न मुद्राओं द्वारा शरीर के सभी अंगों का उचित रूप से संचालन हो जाता है जिससे शरीर के सभी जोड़ दुरुस्त हो जाते हैं।

डॉ. सुशीला कटारिया (2008) के अनुसार नृत्य एक प्रकार का एरोबिक (Aerobic) व्यायाम है जो वजन कम करने में सहायता करता है। विभिन्न शोध अध्ययनों के निष्कर्ष से यह भी प्रमाणित हुआ है कि संगीत शरीर के रोग-प्रतिरोधक तंत्र (Immune System) की क्षमता को बढ़ाता है क्योंकि संगीत सुनने अथवा करने के दौरान शरीर में कुछ ऐसे

हार्मोन्स (Hormones) का स्राव होता है जो मानव शरीर के रोग प्रतिरोधक तंत्र को मजबूत बनाते हैं।

मानसिक एवं ज्ञानात्मक विकास में संगीतः-

मानव शरीर में मन एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण घटक है। इसे मानसिक क्रियाओं के केंद्र माना जाता है। मानव शरीर तथा मन दोनों परस्पर सम्बद्ध हैं क्योंकि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निवास होता है तथा मन की अवस्था का प्रभाव भी सर्वप्रथम शरीर पर ही पड़ता है। संगीत का सकारात्मक प्रभाव शरीर के साथ-साथ मन पर भी देखने को मिलता है। डॉ. लॉरेन्स वॉल्टर्स (Dr. Lawrence Walters) के अनुसार - "Music very definitely produces measurable effects on the brain and mind".

जापानी चिकित्सकों द्वारा किये गये एक अध्ययन के अनुसार गायन के दौरान मस्तिष्क में एडाफिन्स नामक रसायन का अधिक स्राव होता है जिससे मस्तिष्क की सक्रियता में वृद्धि होने के साथ ही मन भी प्रसन्नचित रहता है। नीदरलैण्ड्स में हुए एक सर्वेक्षण के अनुसार नियमित रूप से संगीत सुनने व सीखने से शरीर व मन में तनाव पैदा करने वाले रसायन निष्प्रभावी हो जाते हैं। अतः संगीत मानसिक शांति देने का एक उपयुक्त साधन है। संगीत में मानव मन को एकाग्र करने की क्षमता होती है जिसका सीधा सकारात्मक प्रभाव मनुष्य के ज्ञानात्मक स्तर पर दिखायी पड़ता है।

नैतिक विकास में संगीतः-

संगीत द्वारा बालकों का नैतिक विकास संभव है। वर्तमान वैज्ञानिक युग में अन्य विषय जहाँ बालक के बौद्धिक कौशल में वृद्धि करते हैं, वहीं संगीत उन्हें आध्यात्मिक स्तर पर सुदृढ़ आधार प्रदान कर उनका नैतिक एवं चारित्रिक विकास करता है।

भाषागत विकास में संगीतः-

संगीत को भाषा विकास का भी उत्तम साधन माना गया है। विभिन्न भाषाओं में रचित गीतों के माध्यम से बालक सरलतापूर्वक विविध भाषाएँ सीख लेता है। घुपद गायन में प्रयुक्त होने वाले री, र, ना,नूम, जैसे मंगलार्थक अक्षरों एवं तराना में प्रयोग किये जाने वाले तन, दिर, दानी जैसे निरर्थक शब्दों के द्रुत प्रयोग से जिव्हा में लचीलापन आता है जिसकी परिणति उच्चारण की स्पष्टता में होती है। भाषा शिक्षा के अंतर्गत केवल ध्वनियों का उच्चारण ही यथेष्ट नहीं होता बल्कि वाक्योच्चारण का भी महत्त्व होता है जिसमें एक ही वाक्य को कई प्रकार से बोल कर विविध अर्थों का पालन भी किया जाता है। उदाहृ के तौर पर-

वह आ रहा है। (सूचना मात्र)

वह आ रहा है? (प्रश्न सूचक)

वह आ रहा है! - (आश्चर्य सूचक)

संगीत में इसी क्रिया को काकु भेद के अंतर्गत समझा जाता है। ठुमरी गायन में इसका सर्वाधिक प्रयोग सुनने को मिलता है जिसमें एक छोटी सी बंदिश के शब्दों की पुनरावृत्ति विभिन्न भावों के साथ की जाती है। अतः संगीताभ्यास से सुर मात्रा व बलाघात की समझ बढ़ती है जिसका उपयोग भाषा प्रयोग में भी होता है। संगीत स्वयं एक भाषा है जो भावों की अभिव्यक्ति में पूर्णतः सक्षम है। पी. साम्बमूर्ति (1966) के अनुसार ''Music is a language by itself and is capable of expressing subtle thoughts and refined ideas''

सौंदर्यात्मक विकास में संगीतः-

संगीत द्वारा मनुष्य में सौंदर्य बोध दृष्टि का विकास किया जा सकता है। स्वरों तथा रागों के माध्यम से अभिव्यक्त तथा निष्पन्न होने वाले विविध भाव व रस, रागों के काल्पनिक चित्रण, बंदिशों में निहित नायक-नायिका भेद आदि के माध्यम से संगीत मानव मन को सौंदर्यानुभूति करने में सक्षम बनाता है और इस सौंदर्य बोध का गहरा सकारात्मक प्रभाव मनुष्य के व्यवहार, आचरण, दृष्टिकोण व उसके संपूर्ण व्यक्तित्व में स्पष्ट दिखायी देता है।

वी. हॉर्नर (V. Horner) के अनुसार ''Music education is concerned with musical literacy] entertaining] creating of music and the

emotional and aesthetic growth of the pupil as well as the enjoyment of music''

संवेगात्मक विकास में संगीतः-

संगीत मानव मन के नकारात्मक भावों का दमन कर उसके सकारात्मक भावों को जगाता है। इस प्रकार संगीत मनुष्य को अपने संवेगों को नियंत्रित करने में सहायता करता है। संगीत भावाभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। जिसके द्वारा मनुष्य एक-दूसरे के हृदय के भावों को प्रकट करता व समझता है। वास्तव में संगीत मानव मस्तिष्क के थैलेमस (Thalamus) को प्रभावित करता है जो मनुष्य की भावनाओं, संवेदनाओं व अनुभवों के प्रस्फुटन का केंद्र है। भाव व संवेग मनुष्य की जन्मजात शक्तियाँ हैं जिनका उचित विकास संगीत के माध्यम से किया जा सकता है। अन्य शब्दों में संगीत मनुष्य को संवेगात्मक रूप से परिपक्व बनाता है।

संगीत द्वारा मानव विकास की यह एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण विशेषता है कि जहाँ अन्य विषय बालक को पहले बौद्धिक स्तर पर और फिर संवेगात्मक स्तर पर परिपक्व बनाते हैं, वहीं संगीत बालक को सर्वप्रथम संवेगात्मक स्तर परिपक्व बनाता है और फिर उसे बौद्धिक विकास की ओर अग्रसर करता है।

सामाजिक विकास में संगीतः-

एक सामाजिक प्राणी होने के कारण मनुष्य का सामाजिक स्तर पर विकसित होना अत्यंत आवश्यक है। संगीत मनुष्य में सामाजिकता को बढ़ाता है। कनाडा में हुए एक शोध के अनुसार गीत गुनगुनाने वाले लोग अधिक सामाजिक व मिलनसार होते हैं। वृंदगान, वृंदवादन, समूह नृत्य इत्यादि में प्रतिभागिता मनुष्य को अधिक सामाजिक बनाने के साथ ही उसमें आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता का भी विकास करती है और इस प्रकार उसके समग्र व्यक्तित्व को विकसित व संतुलित बनाती है।

प्रो़. पी. साम्बमूर्ति (1966) के शब्दों में ''Music is a social virtue and a civilized virtue- It enables the individual and develops a sense of humility- It diminishes the arrogance (ego) within him and makes him more dignified''-

इस प्रकार से यह कहा जा सकता है शिक्षा का सर्वप्रथम व सर्वाधिक महत्वपूर्ण उद्देश्य है मानव का सर्वांगीण विकास। संगीत कला अपनी सूक्ष्म तथा आकर्षक प्रकृति के कारण मनुष्य के विविध पक्षों को न्यूनाधिक रूप से प्रभावित करने में सक्षम है। यही कारण है कि शिक्षा के माध्यम से संगीत मनुष्य का सर्वांग संतुलित विकास करने में सहायक सिद्ध हुआ है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचि

1- उत्पल, सविता, संगीत शिक्षण और मनोविज्ञान, मार्डन बुक हाउस, चण्डीगढ़, 2003
2- भटनागर एस., संगीत शिक्षण, राज प्रकाशन, मेरठ, 1969
3- पाठक पी. डी., शिक्षा मनोविज्ञान, विनोद पुस्तक मन्दिर, आगरा, 1995
4- कुलकर्णी वसुधा, भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान, राजस्थानी ग्रंथगाार, जोधपुर, 2004
5- माथुर, एस. एस., शिक्षा मनोविज्ञान, अग्रवाल पब्लिकेशन, आगरा, 2007/08

जैन धर्म और संगीतः राग के विशेष संदर्भ में

सुखवीर कौर

शोध छात्र

गुरुनानक देव विश्वविद्यालय, अमृतसर

सारांश

धर्म से अभिप्राय उस भावना से है जिसमें ईश्वर के प्रति अपार आस्था रखते हुए उसकी पूजा अर्चना आदि को विभिन्न-विभिन्न विधियों से अपनाया जाता है साधारण भाषा में ईश्वर प्रति आस्था रखना और उसकी पूजा-अर्चना और उपासना करना ही धर्म है इस प्रकार ही एक पुरातन धर्म जैन धर्म के नाम से जाना जाता है। जैन धर्म के सिद्धान्तों का मानवीय जीवन पर बहुत अधिक प्रभाव है जैन धर्म का महत्वपूर्ण सिद्धान्त कर्म का है महावीर ने बार-बार कहा है कि जो अच्छा, बुरा कर्म करता है उसका फल अवश्य भोंगना पड़ता है मनुष्य जो चाहे वह कर सकता है, बन सकता है अर्थात् वह अपनी किस्मत का विधाता स्वयं है। संगीत सदैव से ही भक्ति और मोक्ष का साधन रहा है संगीतिक नाद मानवीय जीवन का अटूट अंग है जैन धर्म में भी संगीत को विशेष महत्ता दी गई है। इसमें संबंधित सभी पद रूप ग्रन्थ राग आधारित है और सभी कर्म-कांड संगीत की धुनों से ही सम्पन्न होते है। प्रस्तुत शोध प्रपत्र को जैन धर्म में प्रयुक्त संगीत और रागों तक ही सीमित रखा गया है प्रस्तुत शोध प्रपत्र का लक्ष्य जैन धर्म में संगीतिक रागों की भूमिका पर प्रकाश डालने का प्रयत्न करना है।

संकेत शब्दः

जैन धर्म, तीर्थंकर, संगीत, राग, स्तवन

भारतीय विचारधारा सदैव से ही आदर्श की भाव भूमि से प्रवाहित होती है और उसका प्रयोजन लोक कल्याण रहा है। इसके कण-कण में राम, कृष्ण, बुद्ध, महावीर और नानक की आत्मा समाई हुई है। भारतीय परम्परा में धर्म का लक्ष्य मनुष्य को सत्य का मार्ग दिखाकर उसकी संसारिक और अध्यात्मिक उन्नति करना है। हर धर्म का उद्देश्य मानवता का कल्याण करना है।

जो तत्व सम्पूर्ण संसार के जीवन को धारण करता हो, जिसके बिना संसार में व्यक्ति की स्थिति सम्भव न हो वही धर्म है। समान अर्थ में धर्म एक विश्वास, भावना और संकल्प की व्यवहारिक क्रिया है, दूसरे शब्दों में धर्म भावना, बुद्धि और क्रिया का सामजस्य है।

जैन विजयलक्ष्मी मैक्समूलर का हवाला देते हुए लिखते है, ''धर्म वह मानसिक शक्ति या प्रकृति है, जो मनुष्य को अध्यात्मक सत्ता का ज्ञान कराने में सक्षम बनाती है।''[1]

''धर्म व्यक्ति की ऐसी अचित्र अदृश्य शक्ति पर आस्था है, जो उसके भविष्य पर नियंत्रण करती है और जो उसकी अज्ञायाकरिता, शील, समान तथा अराधना का विषय है''[2]

इन विद्वानों की परिभाषाओं से समझा जा सकता है कि जिन मौलिक सिद्धांतो में मानव जीवन

का आधार है उनका नाम ही धर्म है। भारतीय दर्षन में धर्म का अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है, यहां अनेकों भारतीय दार्शनिकों का जन्म हुआ, जिसमें से जैन धर्म संस्थापक महावीर जैन का महत्वपूर्ण स्थान है।

विद्वानों के मतानुसार जैन धर्म वैदिक काल से ही चला आ रहा है जैनी अपने धर्म के इतिहास की प्राचीनता का विचार अपने 24 तीर्थंकरों अर्थात् धर्म गुरूओं के क्रम का हिसाब लगा कर करते है।

''तीर्थंकर शब्द का व्याकरणीय अर्थ है घाट या पुल बनाने वाला।''[3]

दूसरों शब्दों में जो घाट स्थापित कर जीवों को संसार सागर से पार करवाता है वह तीर्थंकर है। जैन धर्म में भी 24 तीर्थंकर पुरातन काल में आये थे और भविष्य काल में भी आएगे इस प्रकार सिलसिला सदैव चलता रहेगा।

जैन धर्म के उद्धभव की स्थिति अस्पष्ट है। सबसे प्राचीन धर्म माना जाता है। जैन ग्रंथों (आगाम) के अनुसार वर्तमान में प्रचलित जैन धर्म भगवान आदिनाथ के समय से प्रचलन में आया। यहीं से जो तीर्थंकर परम्परा प्रारम्भ हुई वह भगवान महावीर तक चलती रही। ''इस धर्म के संस्थापक ऋष्भ देव है। कुछ का मानना है अंतिम तीर्थंकर भगवान् महावीर ने जैन धर्म की नींव रखी थी। महावीर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों अर्थात् परम गुरूओं में एक थे। वर्तमान आगम शास्त्रयों में उनकी ही वाणी सम्मिलित है।''[4]

इस से पता चलता है कि जैन धर्म अनादि काल से चला आया है। अनंत काल तक चलता रहेगा। धर्म का प्रचार करने के लिये समय-समय पर अनेक तीर्थंकारों का अविर्भाव होता रहता है जैन धर्म प्रकृति और मानव की तरह प्राचीन है।

जैन धर्म आगे चल कर दिगम्बर और श्वेताम्बर दो सम्प्रदायों में विभाजित हो गया। दिगम्बर आचरण पालन में अधिक कठोर है और श्वेताम्बर कुछ उदार हैं। श्वेताम्बर मुनी सफैद वस्त्र पहनते है जबकि दिगम्बर मुनि नगन रह कर साधना करते हैं। जैन धर्म में साहित्य को दो भागों में विभाजित किया गया है अर्थमागधी और शौरसेनी है। श्वेताम्बर संघ का अर्थमागधी और दिगम्बर संघ का शौरसेनी है। इनके धार्मिक ग्रंथों को आगम कहा गया है यह आगमों के सबसे पहले भाग 400 ई.प. और 200 ई. के मध्यम में रचे गये।

संगीत आरम्भ से ही धर्म का अहम अंग रहा है संगीत जीवन को प्रभावशाली बनाने का मार्ग है विश्व की सभी प्राचीन संस्कृतैं में धर्म और संगीत का गहरा संबंध रहा है प्राचीन काल में संगीत न केवल समाज का सांस्कशतिक दर्पण था, अपितु भारतीय विचारों की आध्यात्मिक विचारणाओं एवं सात्विक कल्पनाओं की प्रस्तुतिकरण का सशक्त माध्यम भी बन गया। भारतवर्ष के कण-कण में इस प्रकार का आकर्षण है कि विश्व के अनेक धर्म और जातियां आरम्भ से ही संगीत की तरफ आकर्षित रही है भारतीय लोग संगीत का संबंध धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष के अंतिम लक्ष्य की तरफ ले जाने में सहायक सिद्ध हुए है। भारतीय समाज के आध्यात्मिक व्यक्तित्व को सभी धर्मों में गीतों, भजनों, स्त्रोतों, मंत्र-पाठों आदि के समाज से अभिव्यक्त किया गया जिससे जनसाधारण लाभान्वित हो सके। सभी धर्मों के महापुरूषों, संतों तथा विचारकों, दार्शनिकों एवं मनीषियों ने संगीत को परम पवित्र, कल्याणकारी तथा ईश्वर-प्राप्ति का प्रमुख साधन माना है। हमारे देश में विभिन्न भाषा एवं विविध धर्मों एवं सम्प्रदायों के लोग रहते है।

जैन धर्म में धार्मिक अवसरों पर गायन-वादन का आयोजन किया जाता था। ''जैन साहित्य में भी श्रुति, स्वर, नाद, वाद्य, ग्राम, मुर्च्छना, तान, राग-रागनियों का विवरण जैन साहित्य के अनुसार ही क्रियात्मक पक्ष में हमें मिलता है, जिससे मोक्ष प्राप्ति और आनंद का संचार होता था।''[5]

जैन धर्म की हर सम्प्रदाय संगीत कला को स्वीकार करते है, क्योंकि सभी सम्प्रदाय संगीत को तीर्थकर भगवान् की देन मानते है।

इसके विषय में कहा गया है कि अरिहंत भगवान् जब उपदेश देते थे तब उनके उपदेशों की

35 विशेषताएँ होती थी। उनमें एक विशेषता यह है कि यह सारा उपदेश संगीतात्मक होता था।

तीर्थंकर भगवंतों के पश्चात् आधुनिक काल में विद्वान आचार्य ने इस महत्ता को उजागर किया है जिसके बारे में श्रीमति रेनू सचदेव लिखती है कि ''वह निर्विवादत : सत्य है कि जैन ग्रंथों में उपलब्ध पदों मे गीति तत्व के साथ-साथ संगीत का माधुर्य भी प्रचुर मात्रा में प्राप्त होता है। जैन आचार्य ने संस्कृति, प्रकृति, अपभ्रंश, हिन्दी, कनड़, मराठी एवं गुजराती आदि भाषाओं में गेय-पदों की रचना करके संगीत का विवहारिक पक्ष उद्घाटित किया है''[6]

जैन धर्म के हजारों स्तवन, मंत्र आदि संगीत धुनों में निबन्ध है। जेनालिओं, चैतालीओं, उपासना ग्रह में संगीत का उपयोग जतिंदर देव की पूजा, अर्चना और स्तवन के लिए सदैव ही होता रहा है। मंदिरों में जो स्तवन गाए जाते है उनको रागबद्ध किया गया है। जैन लोगों द्वारा लिखे गए अनेकों धार्मिक काव्य ग्रंथों का नामकरण और उनका वर्णन विषय भी रागों से संबंधित है-

''जैन ग्रंथों में कुछ काव्य रूप इस प्रकार के है जिसमें संगीत ग्रंथ होने का क्रम उत्पन्न हो जाता है, ऐसे काव्य ग्रंथों मे तीन प्रकार की रचनाएँ है 1) काम ग्रंथ 2) बारहमासा 3) रागमाला[7]

डी. एस नरूला जी के कथन अनुसार, ''17वीं सदी में महोपाध्याय जैन कवि 'समैसुंदर के ग्रंथ 'पालनपुर मंडल चंद्रप्रभ जिन' में 44 रागों के अंतर्गत स्तवन मिलते है। इसी प्रकार ई. सन् 1656 में जैसलमेर में उनके 36 पद 'छतीसी' ग्रंथ में उपलब्ध है। उनकी 563 लघु रचनाओं का संग्रह भी समैसुंदर 'कृत कुसमांजलि' साम से भी प्रकाशित हो चुका है''[8]

जैन धर्म में जितने भी प्राचीन तीर्थंकर हुए है उन्होंने रागों में ईश्वर स्तुति का गायन किया है ''मृदंग, गीया, उपजाति, वसन्तलिका, शार्दूल, शिवरंजनी, हरिगितिका, मालकौष, टोडी, मालिनी, ललितछंद, कल्याणी, पणिहारी, माढ, धन्याश्री, भुजंगप्रयात, दरबारी, अनुष्टुप, शालिनी, भैरवी आदि अनेक रागों में प्राचीन स्तवन स्तुति, स्त्रोत, पद उपलब्ध है जिनमें छंद में रचित भक्तामर स्त्रोत, कल्याण मन्दिर स्त्रोत आदि अधिक प्रचलित है''[9]

जैन धर्म में संगीत और काव्य का मुख्य उद्देश्य भक्ति और आध्यात्मिकता प्रदान करना है। अधिकतर स्तुतियां हरिगितिका तर्जों में उपलब्ध है। हर राग में लाखों ही स्तवन, पद और स्त्रोत मिलते है। जैन धर्म के तीर्थंकरों ने बहुत सारे रागों में सत्वनों और पदों की रचना की है। तीर्थंकरों के अतिरिक्त जैन साहित्य में बनारसीदास, दौलतराम, बुद्धजन, भागचन्द, ध्रुधरदास, जिनचत सूची आदि के पदों में संगीतकधारा प्रवाहित है। जैन धर्म के विद्वान कवियों ने समय-समय पर अपनी कला के जोहर और रूचि को प्रदर्शित किया है। प्रभात राग, रामकली, ललित, बिलावत, आसावरी, टोडी, सारंग, लुहरि सारंग, यमन, खमाज, बिहाग, मालकौंस, कालिंगड़ा, मल्हार आदि अनेक राग रागनियों में पद प्रयुक्त है।

पद, स्तवन का साहित्य रागों में निबंध है, जिन में से कवियों और तीर्थंकारों द्वारा रचित कुछ पदों और स्तवनों की उदाहरणएँ इस प्रकार है

श्री महावीर जिनके अनेक स्तवन रागों में निबद्ध है जिसमें से एक उदाहरण धन्याश्री राग में मिलती है।

श्री महावीर जिन स्तवन, राग-धन्याश्री
''वोर जिनेश्वर चरणे लागूं, वीर पगूं ते मांगूं रे।
मिथ्या मोह तिमिर भय भाग्यूं,
जीत नगारूं वाग्यूं रे।। वीर॰।।''[10]

इसी प्रकार श्री ऋषभ जिनका दूसरा नाम आदिनाथ भी है जो कि पहले तीर्थंकर है। उन्होंने बहुत से स्तवन रागों में रचित किये है, जिसमें से एक उदाहरण राग मारू में मिलता है।

श्री ऋषभ जिन स्तवन

(राग मारुः करम परीक्षा करण कुंवर चाल्यो, ए देशी)
''ऋषभ जिणेसर प्रीतम माहरो, और न चाहूँ कंत।
रीईंयो साहब संग न परिहरे, भांगे सादि अनन्त।।
ऋ॰।।''[11]

जैन धर्म के सोलहवे तीर्थंकर श्री शान्ति जिन ने बहुत से स्तवन प्राचीन रागों में रचित किये है, जिसमें से राग मल्हार के अन्तर्गत स्तवन निम्नलिखित अनुसार है।

श्री शान्ति जिन स्तवन

(राग मल्हार चतुर चौमासो पडकमी-ए-देशी)
''शान्ति जिन एक मुक्त विनती, सुणो त्रिभुवन राय रे।
शान्ति सरूप किम जाणिये, कहो मन किम परखाय रे।।''[12]

इस तरह जैन धर्म के चौथे तीर्थंकर श्री अभिनन्दन है। इन्होंने ईश्वर की स्तुति के लिये बहुत से स्तवन रचित किये जो कि रागों में निबद्ध है। इसमें एक उदाहरण राग परिहारी में इस प्रकार है—

श्री अभिनन्दन स्तवन (परिहारी-ए-राग)
आभिनन्दन जिन सेवना, सुखकारी, रे लो,
चौथा श्री जिन चंद जाणी रे लो।
सेवाथी शिवमेवा मिले, सुखकारी रे लो।
दूर टले भव फन्द मानी रे लो।''[13]

इनके अतिरिक्त कुछ कवियों के पद भी मिलते है। जिसमें नाद, सौदर्य, संगीत का वर्णन मिलता है कुछ उदाहरण इस प्रकार है।

कवि दौलतराम के पदों में नाद सौंदर्य के साथ स्वर और ताल का मूर्त संगीत मुखरित होता है-

''चलि सखिदेखन नाभिराय धर नाचत हरिनटवा। उद्भुत ताल मान शुभ लययुत चवत रागपटवा।।चलि।[14]

कवि नयनानन्द ने विभिन्न रागों में 'नयनसुख विलास' की रचना की है, नयनानन्द कवि का ''नैनसुख विलास'' गायन शिक्षा का ग्रन्थ है और इसके सभी पद संगीतज्ञों के लिए आकर्षक है-

''सब करनी दया बिन थोथी रे।
जीव दया बिन करनी निष्फल,
निष्कल तेरी पोथी रे।
चन्द्र बिना जैसे निष्फल रजनी,
आब बिना जैसे मोती रे।।
नीर बिना जैसे सरवर निष्फल,
ज्ञान बिना जिम ज्योति रे।।
छायाहीन तरोवर की छवि,
नयनानन्द नहिं होती रे।।''[15]

महाकवि बनारसीदास द्वारा अनेक रचनाएँ जैसे कल्याण, केदार, आसावरी, मल्हार आदि रागों में रचित है। इन्हीं के प्रयोगों में अध्यात्म की प्रबलता है, उसी दृष्टि से इन्होंने रागों में रचनाएँ निबद्ध की। विविध स्तुतियां सारंग, जंगला, मल्हार, गौरी, चेतावनी, धनाश्री, विलावल आदि में है। आसावरी राग का एक उदाहरण निम्न है।

''रे मन कर सदा संतोष।
जातै मिटत सब दुख-दोष।। रे मन.

बढ़त परिग्रह मोह बढ़ावत, अधिक तृष्णा होत।
बहुत ईंधन जरत जैसे, अगनी ऊँची ज्योति।।
रे मन.।।''[16]

इस प्रकार से अनेक कवियों के पदे रागों में निबन्ध मिलते है। ''जगजीवन कवि ने मल्हार, रामकली, बिलावल, सारंग आदि रागों में अपने पद दिये है। जगत राम ने सोरठ, रामकली, ललित, बिलावल, सारंग आदि रागों में अपने पद दिये है जगत राम ने सोरठ, रामकली, ललित, बिवावल, ई मन, सिन्दुरिया, जंगला, मल्हार आदि रागों में पदें की रचना की है। भूधरदास ने सोरठ, मांढ़, मल्हार, विहाग, बिलावल, भैरवी, आसावरी पीलू होरी रागों और धूनें में पदें की रचना की है। 13 वीं सदी में भागवंद ने बसंत, मल्हार, सारंग और बिलावल रागों में अनेक पद लिखे है''[17]

इस प्रकार संगीत और ईश्वर स्तृति एक ही सिक्के के दो पहलुओं की तरह है। आरम्भ से ही संगीत का प्रयोग गायन, वादन और नृत्य पूजा के लिए मंदिरों में होता आ रहा है। पूजा अर्चना, आरती और भजन कीर्तन आदि की स्तुति सांगीतिक रूप में हो रही है वैदिक काल से ही ईश्वर की भक्ति

के लिए मंत्र उचारण और उपासना के लिए संगीत का प्रयोग किया गया है इस प्रकार जैन धर्म द्वारा भारतीय संस्कृति में अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दिया गया है उन्होंने भक्ति और उपासना के माध्यम से मनुष्य मोह माया के बन्धनों से मुक्त करवा ईश्वर से जोड़ने पर बल दिया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची

1. जैन विजयलक्ष्मी, प्रथम संस्करण 1989, संगीत दर्शन, पृ 16, राधा पब्लिकेशन नई, दिल्ली।
2. ब्यास रामानंद (डॉ.), प्रथम संस्करण 1999, धर्म दर्शन, पृ 23, वाराणसी, प्रकाशन।
3. जोशी, लालमणि हरबंस सिंह, प्रथम संस्करण 2001, भारतीय धर्मों का परिचय', पृ. 62, पंजाबी यूनिवरसिटी पटियाला।
4. सेठ अक्षत (जैन कथावाचक) के साथ हुई हुए साक्षात्कार से प्राप्त, दिनांक 23.08.2019
5. सिंह गुरविंदर, प्रथम संस्करण 2019, श्री गुरु नानक देव जी की वाणी में संगीत (साहित्य और अध्यात्मकता का सुमेल एक अध्ययन), पृष्ठ 20, चेतना प्रकाशन पंजाबी भवन, लुधियाना।
6. सचदेव रेनू, प्रथम संस्करण 1999 धार्मिक परम्पराएँ एवं हिन्दुस्तानी संगीत, पृ. 7, राधा पब्लीकेशन नई दिल्ली।
7. वहीं, पृ. 18
8. नरूला डी.एस., प्रथम संस्करण 1991, संगीत समीक्षा, पृ. 254, संगीत कार्यलय, 1991
9. श्रवजी, जैनाचार्य श्री मदिजय जयन्तसेब सूरी, प्रथम संस्करण 1995 जिनभक्ति मंजूषा भाग 1-2, पृष्ठ 16, श्री राज राजेन्द्र प्रकाशन, ट्रस्ट, अहमदाबाद।
10. महाराज आनंदघन जी, प्रथम संस्करण 1999, आनंदघन चोविसी, पृष्ठ 28, श्री मद् राजचन्द्र ज्ञान मन्दिर ट्रस्ट राजकोट।
11. वहीं, पृ. 5
12. वहीं, पृ. 20
13. जैनाचार्य जयन्त सेन सूरिजी म.सा, प्रथम संस्करण 1996, भक्ति संगम, पृष्ठ 36, श्री राज राजेन्द्र प्रकाशन ट्रस्ट, अहमदाबाद।
14. जैन जया, प्रथम संस्करण 1977, संगीत शती, पृ 101 से 102, पब्लिश श्री 108 आचार्यान्ता देवभूषण जी महाराजा ट्रस्ट, दिल्ली 1977
15. वहीं, पृ. 104 से 106
16. वहीं, पृ. 114
17. वहीं, 1977,

हिमाचल प्रदेश की गद्दी जनजातिकी लोकसंस्कृति का विश्लेष्णात्मक अध्ययन

भरत सिंह

शोधार्थी, हिन्दी विभाग
हिमाचल प्रदेश केन्द्रीय विश्वविद्यालय, धर्मशाला

भौगोलिक दृष्टि से हिमाचल-प्रदेश भारत का दुर्गम एवं प्राकृतिक सुषमा-सम्पन्न प्रदेश है। हिमाचल-प्रदेश के जिला चम्बा में अवस्थित हिमखंडों व प्राकृतिक सौन्दर्यता से परिपूर्ण 'भरमौर' जनपद गद्दी समुदाय का मूल निवास स्थान रहा है। 'गद्दी' शब्द का सीधा अर्थ- आसन अथवा राजसिंहासन से है। प्रागैतिहासिक काल से ब्रह्मपुर अथवा भरमौर जनपद में गद्दियों का निवास रहा है, जिससे स्पष्टतः होता है कि वहाँ के स्थानीय निवासियों ने 'ब्रह्मपुर' रियासत की स्थापना कर एक स्वतंत्र संघ की नींव रखी। ब्रह्मपुर में 'राजगद्दी' स्थापित होने के कारणवश समूचे क्षेत्र 'गद्देरण' (गद्दियों का घर) तथा राज्याभिषेक में सम्मलित हुए पांच-छः क्षत्रियय सूर्य, चन्द्र, सोमद्ध कबीलों की सन्तति कालान्तर में 'गद्दी' शब्द के रूप में लोक प्रसिद्धि हेतु प्रयुक्त हुआ। ज्ञातव्य है कि गद्दी कोई जाति नहीं अपितु एक समुदाय हैं जिसमें ब्राह्मण, क्षत्रिय, शुद्र और वैश्य आदि चारों वर्ण सम्माहित होते हैं। समस्त वर्णों की भाषा, संस्कृति, रीति-रिवाज और परम्पराएँ एकसमान हैं लेकिन इस समुदाय में केवल क्षत्रिय वंशज ही स्वयं को 'गद्दी' नाम से विभूषित करते हैं अन्य वर्णों के लोग अपने नाम के सम्बोधन में गद्दी-ब्राह्मण, गद्दी-सिप्पी, बाढ़ी आदि की संज्ञा देते हैं।

सीमित अर्थ में गद्दी एक विशेष समुदाय है जिनकी एक विशिष्ट लोक संस्कृति, रीति-रिवाज, पहनावा, लोकाचार तथा लोकभाषा है। इस समुदाय का पारम्परिक व्यवसाय भेड़-बकरी पालन रहा है। भेड़-बकरी (धण-रेवड) पालने वाले व्यक्ति की स्थानीय भाषा में 'पाल्ल' अथवा 'पुहाल' कहा जाता है। डॉ. श्याम शशि ने गद्दियों को एक अर्द्ध-यायावर, अर्द्ध-कृषक तथा अर्द्ध-पशुपालक की संज्ञा दी है।'' यह बात ध्यान देने योग्य है कि 'गद्दी' और 'पाल' या पुहाल शब्दों में भेद है। भेड़-बकरियों के रेवड़े यधणद्ध के साथ जिसे 'पाळ' या 'पुहाल' की संज्ञा दी जाती है, प्रायः उसे ही लोग 'गद्दी' पहचानते-समझते हैं। 'पुहाल' का जीवन ऋतुचक्र के क्रम में, ग्रीष्म में पर्वतीय वन-घाटियों में परसता और सर्द ऋतु में समतलीय क्षेत्रों की वन सम्पदा व नदी तटों पर विचरता दिखाई देता है।'' जबकि 'गद्दी' शब्द का प्रयोग उस विशेष वर्गध्वर्ण के लोगों के साथ अलंकरण रूप में प्रयुक्त

होता था जिन्होंने ब्रह्मपुर (भरमौर) में गद्दी की स्थापना की थी। लेकिन कालान्तर में इस शब्द की व्याख्या केवल 'भेड़-पालक' जाति के रूप में की जाने लगी।

बहुत से विद्वान लेखक और स्थानीय जनमानस 'गद्दी' शब्द का अर्थ सीधे तौर पर सिंहासन अथवा राजवंश से जोड़ते हैं। चम्बा जनपद की प्राचीन रियासतकालीन ब्रह्मपुर थी। इस गणराज्य की स्थापना स्थानीय क्षत्रिय कबीलों के मुखियों की सहायता से राजा मारू ने 550 ई. में की थी। ''गण पाठ अष्टाध्यायी 4/2/82 के अनुसार भी उस युग में चम्पा और ब्रह्मपुर दो भिन्न-भिन्न क्षेत्र थे तथा उनके अलग-अलग गणपति थे। मार्कण्डेय पुराण में भी इस क्षेत्र का वर्णन आया है जो अभिसारजन यजनपदद्ध और राजधानी ब्रह्मपुत्र के नाम से वर्णित है। इस क्षेत्र में पाणिनि काल में गाब्दिक शब्द प्रचलन था जो आज गद्दी का पर्यायवाची समझा जाता है। आज भी इस क्षेत्र को गद्देरन' की संज्ञा देकर गद्दियों में मूल स्थान से जोड़ते हैं।'' पाणिनि कृत 'अष्टाध्यायी' (4/3/93) में 'गब्दिका' शब्द का अर्थ पूर्ववर्ती साहित्यकारों ने चम्बा वादी और धौलाधार के पर्वतीय इलाकों के स्थान विशेष के रूप में की है और इस स्थान पर रहने वाले लोगों को 'गब्दिक' से अभिहित किया है। लेकिन उस समय तक चम्बा जनपद अस्तित्व में नहीं आया था।'' ऋषि पतंजली ने पाणिनि के सिंधवादिगण सूत्र (4/3/93) में 'किष्किंधगब्दिका' शब्द का अपने भाष्य में जरुर किया है, परन्तु वह किसी भी दिशा में भरमौर के आसपास भी नहीं पड़ता। किष्किंधा कर्नाटक के मैसूर में है, और यही कहीं गब्दिका भी होना चाहि, क्योंकि किष्किंधा गब्दिका साथ-साथ है अतः यह भौगोलिक परिवेश में भी साथ-साथ होने चाहिए?'' महाभाष्याकर ऋषि पतंजलि ने 'गब्दिका' को आर्यवर्त से अलग रखा है।

गद्दी एक जाति नहीं बल्कि समुदाय है, 5-6 ई. तक यह समुदाय छोटे-छोटे कबीलों में विभक्त था, जिनपर वहाँ के क्षत्रिय कबीलों का आधित्य था। अतः उक्त समस्त कबीलों के मुखियों को हूणों तथा बाहरी राज्यों के आक्रमण को विफल करने हेतु आपस में संघटित करके एकमंच होकर भगवान शिव की गद्दी (सिंहासन) को अपने गणराज्य का प्रतीक मानकर राजा मारू के नेतृत्व में 'ब्रह्मपुर' संघ की स्थापना की। इतिहासकार कल्पना का सहारा लेकर राजा मारू को अयोध्या के समीपवर्ती 'कल्पा' का राजा मानते हैं किन्तु इतिहास में उनका नाम नहीं आता, सीधे ब्रह्मपुर में उनका अस्तित्व दिखता है। जिससे स्पष्ट होता है कि मारू अथवा माडू भरमौर के स्थानीय निवासियों में से एक थे, जिन्होंने अपने राज्य के समस्त क्षत्रिय कबीलों को संगठित करके भरमौर में 550 ई. में 'ब्रह्मपुर' रियासत की स्थापना की। भरमौर में 'राजगद्दी' स्थापित हो जाने के उपरांत इस समूचे जनपद तथा यहाँ पर निवास करने वाले समस्त जनसमुदाय को 'गद्दी' नाम से विभूषित किया जाने लगा जिसका प्रयोग कालान्तर में सीमित अर्थ में भेड़पालक जाति के रूप में होने लगा। श्री रत्न चंद वर्मा ने अपनी पुस्तक 'गद्दी भरमौर के वीर संस्थापक' में 'गद्दी' शब्द को पारिभाषित करते हुए लिखते हैं-''गद्दी शब्द की व्युत्पत्ति जाति एवं समाज के लिए नहीं, अपितु अलंकरण के रूप में उस विशेष वर्ण के लोगों के लिए थी जिन्होंने गद्दी की स्थापना की थी। जिसका सम्बोधन आज हम गद्दी जाति के रूप में करते हैं।'' इस वर्णों में ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शुद्र सभी सम्मिलित हैं जो कर्म आधार पर हिन्दू वर्ण व्यवस्था की भांति विद्यमान है। इन चारों वर्गों के रीति-रिवाज, भाषा-बोली, रहन-सहन, परम्परा तथा लोकसंस्कृति एकसमान है। इनको गद्दी ब्राह्मण, गद्दी राजपूत, गद्दी सिप्पी, रिहाड़े आदि जातीय विधान से जाना जाता है। इन सभी वर्णों में क्षत्रिय वर्ग को ब्रह्मपुर में 'गद्दी' की स्थापना करने का श्रेय प्राप्त है।

गद्दी समुदाय अर्द्धध-यायावरी, अर्द्धध-कृषक जीवन व्यतीत करता है। इस समुदाय का मुख व्यवसाय भेड़-बकरी पालन रहा है। ''भेड़-बकरियों के लिए चरागाहों की अधिकता रहने से भेड़-बकरियों का पालना यहाँ के निवासियों का प्रारम्भिक व्यवसाय है।'' अतः सर्दियों में यह समुदाय अपने 'धण' (भेड़-बकरियाँ) सहित पर्वतीय चारागाहों अर्थात लाहौल जाते हैं तथा गर्मियों में 'जांधर'

(समतलीय भूभाग) की ओर विचरण करते हैं। छः माह धौलाधार की तलहटी और मैदानी इलाकों में बसने के कारणवश कालान्तर में इस समुदाय ने भरमौर जनपद के इत्तर जम्मू, वणी, भद्रवाह, चम्बा, डलहौजी, खजियार, भट्टियात, नूरपुर, जसूर, शाहपुर, धर्मशाला, पालमपुर, बैजनाथ, पपरोला इत्यादि क्षेत्रों में अपनी बस्तियां बना ली हैं। लेकिन इन समस्त लोगों का मूल स्थान भरमौर जनपद रहा है, जिसे यह लोग 'गद्देरण' के नाम से भी अभिहित करते हैं। गद्दी पुरुष अपनी पीठ पर 'त्रयोड़ी' (झोला) लेकर चारागाह पर जाता है तो घर का सारा कार्य मुख्यतः स्त्रियाँ ही करती हैं।

पारम्परिक रीति-रिवाजों, विशिष्ट पहनावे, भाषा-बोली के आधार पर सांस्कृतिक दृष्टि से इस समुदाय की एक विशिष्ट पहचान है। यह समुदाय अपने पृथक जीवन-पद्धति, रहन-सहन तथा लोक परम्पराओं के लिए प्रसिद्ध है। यह लोग हिन्दू धर्मावलम्बी हैं तथा मुख्यतः 'शिव' भक्त है। इसके अतिरिक्त राम, कृष्ण, ब्रह्मा, विष्णु, सीता-सती, सहित स्थानीय देवी-देवताओं केलंग (कार्तिकेय), भद्रकाली, बन्नी भगवती, भरमाणी, मराली, सिद्ध, नाथ, नाग, तथा शक्ति के अनेक रूपों की उपासना करते हैं।

गद्दियों का खान-पान, रहन-सहन एवं पहनावा यहाँ की भौगोलिक परिस्थितियों के अनुकूल है। भरमौर जनपद का प्राकृतिक परिवेश अत्याधिक ठंडा है, जिसके कारणवश यहाँ के स्थानीय निवासी कड़ाके की ठण्ड से बचने हेतु स्वनिर्मित ऊनी वस्त्र पहनते हैं। पुरुष वर्ग ऊनी चोला, कमर में डोरा, सिर पर साफा तथा 'सुत्थण' (पाजामा) जबकि महिला वर्ग नुआचडी, कमर में डोरा आदि पहनते हैं। इसके अतिरिक्त विवेच्य समुदाय के स्त्री तथा पुरुष दोनों विविध प्रकार के आभूषण पहनते हैं। यह आभूषण प्रायः सोना और चाँदी के होते हैं जो इनके काँनों, गले, पैर आदि को सुशोभित करते हैं। स्त्रियाँ प्रायः सिर पर चाँदी का चौंक, फुल्लू, मुजकुड्डू, माथे पर 'चिड़ी' तथा कानों में 'फेर', झुमके, बुँदे, वाली तथा टुंगणी आदि पहनती हैं। नाक में लौंग, बालू, तीली, बलाक, तथा गले में चन्द्रहार, कपूरमाला, डोडमाला, चौकली आदि पहनती हैं। कलाईयों में चाँदी की चूड़ियाँ, टोके, गोजक, हाथों अंगूठियाँ तथा पैरों में झांकरे, फुलणू तथा पैरी आदि आभूषण पहनती है। जबकि पुरुष प्रायः कानों में सोने की नतियाँ, चाँदी के बटन तथा हाथों में अंगूठी पहनते हैं।

(पारम्परिक वेशभूषा में सुसज्जित गद्दी युवक एवं युवतियाँ)

गद्दी समुदाय की अपनी निजी बोली है जिसे 'गादी' अथवा 'गद्दियाली' से अभिहित किया जाता है। 'गादी' पहाड़ी भाषा की उपबोली है, जो शौरसैनी अपभ्रंश से प्रभावित है। यह बोली इतनी संस्कृत निष्ट है कि इसके बहुत से शब्द संस्कृत भाषा के अनेक शब्द वर्तमान में भी प्रचलित हैं। गद्दियाली भाषा का व्याकरणिक पक्ष काफी सबल है। इस भाषा में साहित्यिकता के स्वाभाविक गुण हैं जो इनके लोकगीतों में दृष्टव्य हैं। लेकिन दुर्भाग्य से इसकी अभी तक कोई लिपि नहीं है। रियासतकाल में ब्रह्मी, खरोष्ठी, कुटिल एवं टांकरी लिपि प्रयोग में लाई जाती थी। यह भाषा मौखिक रूप से एक-पीढ़ी-से दूसरी पीढ़ी तक प्रवाहित होती रही है। वर्तमान में गद्दियाली भाषा को लिखने के लिए देवनागरी-लिपि का प्रयोग करना पड़ता है। किन्तु स्थानीय भाषा के ऐसे अनेक शब्द हैं जो देवनागरी लिपि उनके कथ्य

और मूल भाव को ग्रहण नहीं कर पाती। बोलचाल में इसका माधुर्य गुण तथा सरल लहजा सुनते ही बनता है। 'गद्दियाली' भाषा में लोकसाहित्य की समृद्ध परम्परा है।

लोकसाहित्य के माध्यम से जनजातीय रहन-सहन, रीति-रिवाज, परम्परा, लोकसंस्कृति तथा उनके हर्ष-विषाद आदि मनोभाव समयमेव अभिव्यंजित होते हैं। गद्दी समुदाय का लोकसाहित्य श्रुत-परम्परा के फलस्वरूप पीढ़ी-दर-पीढ़ी हस्तांतरित होता रहा है और वर्तमान में भी एक समृद्ध लोकसाहित्य के रूप में उपलब्ध है। चरवाहे जीवन की विषम परिस्थितियों, हिमखंडों को चीरते, घर में अपने पति के प्रवासीय जीवन को स्मरण करते हुए विरह में संतप्त गद्दी युगल जब अपने आंतरिक मनोभावों को व्यक्त करते हैं तो वह लोकगीतों का रूप लेकर अपनी अनुभूतियों को प्रकट करता हुआ बाद में सांस्कृतिक धरोहर का रूप बनते हैं।

गद्दी लोकसमाज में अनेकानेक पर्व-त्यौहार एवं मेलों का आयोजन किया जाता है जिसमें मुख्यतः बसोआ, 'लोहड़ी', 'हैइरी', 'ढोलरु', बसोआ आदि प्रमुख त्यौहार हैं वहीं मणिमहेश, भरमौर, कुगति, शिव-शक्ति छतराड़ी आदि अनेक देव-स्थलों में धार्मिक तथा सांस्कृतिक जात्राएँ तथा मेले सम्पूर्ण देश और प्रदेश में प्रसिद्ध हैं। लोक-कला के क्षेत्र में गाद्दियों का मूल-स्थान भरमौर और उनके संलग्न क्षेत्र में मूर्ति-कला, वास्तुकला ताम्र-पत्र लेखन, वस्त्रों पर काशीदाकारी, मुखौटा निर्माण कला, कम्बल-पट्टू पर डिजाईन, नक्काशी किए गए लकड़ी के वर्तन तथा लोक-कला के कई प्राचीन नमूने देखे जा सकते हैं जिसमें पनघट शिलाओं तथा प्राचीन मंदिरों यथा छतराड़ी के शक्ति देवी मन्दिर तथा चौरासी परिसर में लखना देवी मन्दिर इसके प्रमुख उदाहरण हैं। ''भरमौर के प्राचीन मन्दिरों में लोक-कला के अनुपम उदाहरण देखने को मिलते हैं। भरमौर के लक्षणा देवी और भरमौर के संलग्न क्षेत्र छतराड़ी में शिव शक्ति के सातवीं और आठवीं शताब्दी के प्राचीनतम मंदिर मन्दिर हैं जो लकड़ी के बने हैं तथा लोककला के अथाह भण्डार हैं।'' वस्तुतः लोक-कलाएँ प्राकृतिक संपदा और सांस्कृतिक धरोहर की सार्थक अभिव्यक्ति है। पर्वतीय जीवन को जहाँ प्रकृति ने संवारा, सजाया और विभूषित किया है, वहीं यहाँ के चिंतन, मननशील मानव, दस्तकारों, कारीगरों तथा शिल्पियों ने भी अपनी प्रतिभा के अंशदानों से इसे प्रफुल्लित, अलंकृत और विकसित किया है।

समग्रतः गद्दी समुदाय का लोकजीवन, रीति-रिवाज, संस्कृति, परम्परा और जीवन-शैली हिमाचल-प्रदेश की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का परिचायक है। लोकसंस्कृति के आरम्भिक धरातल पर रहने वाला यह आदिम समुदाय है, जो अपने भोलेपन, साधारण प्रवृत्ति, स्पष्टवादिता, पृथक जीवन-पद्धति, रहन-सहन, रीति-रिवाज, भाषा-बोली, धार्मिक प्रवृत्ति तथा लोक संस्कृति, लोकसाहित्य के प्रति आस्थावान है। समय के बदलते परिवेश और संस्कृतियों के आपसी संक्रमण के कारणवश इनके लोकजीवन और लोकसंस्कृति में परिवर्तन आया है। सम्प्रतिकाल में इस समुदाय के लोगों ने अपने स्थायी निवास की भावना जागृत हुई है, ताकि यायावरी के संघर्षपूर्ण जीवन से मुक्ति मिल सके। बदलती परिस्थितियों, वन-चारागाहों की कमी, शिक्षा, रोजगार के नये साधनों की उपलब्धि एवं राजकीय विकास घोषणाओं आदि के फलस्वरूप पारम्परिक व्यवसाय की ओर झुकाव कम हो रहा है। लेकिन फिर भी आधुनिकता के इस दौर में इस समुदाय ने अपनी पुरात्तन लोक-संस्कृति, रीति-रिवाजों, बोली, धार्मिक आस्था तथा जीवन-पद्धति को आत्मसात करते हुए अपने निजी जीवन में उसके न्यूनाधिक स्वरूप को वर्तमान में भी बनाए रखा है।

सन्दर्भ सूची

1. श्याम सिंह शशि, हिमालय के खानाबदोश, पृ.-27
2. रत्न चंद वर्मा, भरमौर–चम्बा के संस्थापक वीर गद्दी, सावित्री ऐतिहासिक शोध केंद्र उपरली दाड़ी धर्मशाला, प्रथम संस्करण 2015-14
3. डॉ. गौतम शर्मा व्यथित, हिमाचल की जनजाति गद्दी देव परम्परा और संस्कृति, पृ.-13
4. रत्न चंद वर्मा, भरमौर–चम्बा के संस्थापक वीर गद्दी, सावित्री ऐतिहासिक शोध केंद्र उपरली दाड़ी धर्मशाला, प्रथम संस्करण 2015, पृ.-5
5. वही, पृ.-27
6. शशि श्याम सिंह, हिमालय के खानाबदोश, पृ.-28
7. गौतम शर्मा व्यथित, हिमाचल की जनजाति गद्दी देव परम्परा और संस्कृति, साहित्य रत्न, दिल्ली, पृ.-184

Devi Krithis And Their Potential Influence on Human Values

Narayanan P Iyer
Research Scholar, Jain University

Dr Meera Rajaram Pranesh
Jain University

Abstract

A super busy family where a teenage child is seeking refuge on the internet, an elderly couple at an old aged home pining to meet their children for years, and a couple separating after years of marriage, with their children now sure that marriage is an evil! Such situations are not uncommon nowadays and one of the prime reasons for these is the deterioration of Human Values. This calls for an immediate attention to all humans to tap into effective tools successfully used in the past for the mitigation of this situation. Music is one such tool for reinforcing Human Values. This study analyzes compositions of Carnatic Music to highlight the Human Values they encapsulate. It can be seen that most of these compositions are treasure troves of human values and through the blend of the various musical dimensions of melody, rhythm, prosody, symbolism and others , they hold huge potential to reinforce human values. Thus they can enable a good life for every human being.

Keywords

Human Values, Music, Devi, Shakti, Carnatic

Overview

A super busy family where a teenage child is seeking refuge on the internet, an elderly couple at an old aged home pining to meet their children for years, and a couple separating after years of marriage, with their children now sure that marriage is an evil!

Such situations are not uncommon nowadays and one of the prime reasons for these is the deterioration of Human Values. This calls for an immediate attention to all humans to tap into effective tools successfully used in the past for the mitigation of this situation. Music is one such tool for reinforcing Human Values. This study analyzes compositions of Carnatic Music to highlight the Human Values they encapsulate .

Understanding Human Values

Value can be defined in a layman's language as something which is worthy or important. The worthiness can be because of its utility, beauty or power to help us lead a good life. Human values are defined

as those values which help man to live in happiness, peace and harmony with the world. Human Values are universal in nature and grounded in rationalism and acceptance.

Human Values are a set of attributes that we consider important for peaceful coexistence and hence they guide our behavior. These could be qualities like honesty and trust, or an end state like happiness and success.Human Values can be genetic, or can be learnt. Personality traits can influence certain values , for eg a shy person may not value celebration and may value calmness more.

"Human Value is an enduring belief that a specific mode of conduct or end-state of existence is personally or socially preferable to an opposite or converse mode of conduct or end-state of existence. A value-system is an enduring organization of beliefs concerning preferable modes of conduct or end-state of existence along a continuum of relative importance" (Rokeach 1973:5). "The *Sruti* and *Smriti* provide a general understanding of *Dharma* and *Adharma* which most of us have heard from childhood" (Tejomayananda 1994: 93). The essence of Humanism is handed down to us through various epics and in the epic Ramayana, the qualities of Rama stand out as a personification of Humanism (Rajagopalachari 2001).

"The characters from the *Puranas* show us the goal. The way to reach it is through the actual practice of prescribed *Karmas* "(Saraswathi 2014: 247).

The Need for Human Values Reinforcement

We are shaped by life experiences and learnings from the day we are born . The behaviour of our parents, the examples set by our siblings and teachers, the kind of friends we make in school and the values they influence, all the above contribute to shaping our value system and thereby our behaviour . Good and bitter experiences can both shape our value system.

Depending on our life experiences and what we observe, read, and are taught, our value systems can diverge from those needed for peaceful coexistence

For humankind to coexist , sustain and progress, these human values need to be imbibed and practised by everyone. Such values are independent of time and space . When these universal values deteriorate, there is degradation of the quality of life. Hence Human Values need to be reinforced time and again

Human Value Reinforcement Approaches

- Human Values can be reinforced in some of the following ways
- Parents setting the right examples of human values in their own behaviour
- Schools inculcating Human Values through Value Education
- Writings and speeches of various Philosophers
- Religious texts and their teachings and preachings
- Music and other Arts

Music as an effective Mitigation Tool

Music has the necessary attraction and the right vibrations for the mind, heart and soul to receive the human value reinforcement easily. Even without any explicit message, the vibrations of

music can put us at peace. Music creates an instant environment of receptivity to Human Value Reinforcement

"Indian Music is essentially impersonal: it reflects an emotion and experience which are deeper and wider and older than the emotion or wisdom of any single individual" (Coomaraswamy 2013: 101).

"Art experience is well adapted to arouse our interest in the ideal state by giving us foretaste of it, and thus to serve as a powerful incentive to the pursuit of that state. By provisionally fulfilling the need felt by man for restful joy, art experience may impel him to do his utmost to secure such joy finally" (Hiriyanna 1997: 32).

"Music is one of the God given gifts to humanity. It has been cultivated from the dawn of human history. It is the noblest of the fine arts. It is the language of pure sound. It has a humanising influence. It is a powerful factor in the moulding of one's character" (Sambamoorthy 2013a: 6).

Existing Studies and Gaps

There are various studies that give the philosophical meaning of specific compositions in specific genres, but no cross genre study to the knowledge of the author exists, where the exclusive focus is on the underlying Human Values conveyed by the compositions, and the factors that help communicate this message.

Significance

This study will help musicologists, practitioners , teachers, students, and rasikas alike in enjoying, communicating, and benefiting from the compositions, with increased awareness of the Human Values they can potentially influence. This will in turn help mitigate the Human Value crisis we face time and again

Scope and Methodology

The scope of the paper is limited to Carnatic Music Compositions on Devi

This is a qualitative study using purposive sampling for the compositions. It is exploratory in nature. The following parameters are used for the analysis of the compositions.

Raga

Even without words, the raga by itself can invoke the right vibrations, taking us to certain moments ,eliminating toxic emotions and retaining positive emotions . From the positive emotions, flow the human values Crystallized negative emotions are removed by music thereby allowing the messages to sink in and even if the message is not there, exposing a better state of being - which means a better state of human values

Tala/Laya

Without rhythm life would not exist. This is evident from the rhythmic beating of our hearts, the rhythmic flow of the river, waves of the sea etc. If any of these go out of rhythm there is bound to be problems . The rhythm in music reinforces the rhythm in life. In the olden days, the rhythm and melody in nature used to automatically keep us in resonance with the universe, but in the current times, when we are mostly disconnected from nature, the rhythm and melody in music can help us stay connected with the creator, and thereby

be in a state of being from where human values can naturally flow

Lyrics

The lyrics carry a message in most compositions. They can be explicit messages or an implicit message

Prosody

The following prosodical elements add beauty and appeal, and help draw the listeners towards the inherent message. The following are examples of this

- Prasam - alliterations and rhyming
- Yati - tapering and other patterns
- Swaraksharam - swara and sahitya having the same syllable
- Jati - Meaningless but melodious syllables
- Yamakam - The same word used more than once in different contexts

Inner Meaning

The inner meaning can be expressed through the following ways

- Symbolism (Real / Fictitious)
- Direct messages

Besides the above, the **blend** of the above dimensions and the **composer's impulse** also play a role in the communication of the message though the song. Besides, the above initial parameters , there could be other parameters discovered as part of the study

Analysis

The following symbolism for expressing human values is chosen for the study. The author explains this symbolism in detail below and cites the compositions that use this symbolism with details on the same.

The Shakti or Devi Principle, and Human Values

Even before we are born, we are exposed to the feminine voice first. Here begins the journey of experiencing the Shakti or power of life. Various religious and spiritual texts, and later commentaries on these, have communicated Human Values through the Shakti principle. Some of these are

Lalitopakhyanam (Sri Vidya)

Lalitopakhyanam is the last section in the Brahmanda Puranam, in which the story of Devi Lalita Tripura Sundari vanquishing the Asura Bhandasura, and restoring Manmatha, is narrated by Hayagriva to Sage Agasthya. In this, Bhandasura and his army of Asuras stand for the vices within us, and the army of Lalita Tripurasundari stands for the army of Human Values that can protect us from these vices. The 1000 names also echo a host of Human Values. Following is an example

Trigunamba Trikonaga

- Triguna - are the three attributes of Rajas, Tamas, and Satva
- "Rajas" refers to materialistic values, "Tamas" for sense related pleasures and "Satva" for the spiritual values. A balance of these is needed to lead a good life as also enunciated by the Purusharthas - Dharma, Artha, Kama, Moksha
- "Tamas" refers to the sensory values of pleasure. These are needed in a balanced proportion to ensure sustenance of the Human race, and for aesthetic conditioning that is needed for a healthy life

- "Satva" refers to the spiritual values which help us lead a harmonious life
- Amba - stands for care and protection
- Trikonaga - Triangular positions are used in mythology and astrology with varying significances. The Sri Chakra which is the central theme of the Lalita Sahasranama is itself comprised of a lot of triangles

Devi Mahatmyam

Devi Mahatmyam , also known as Durga Saptashati, or Chandi or Chandi Patha, is a section of the Markandeya Purana, an ancient HIndu philosophical text. The story starts with Suratha, a king, and Samadhi, a merchant, both being thrown out of their homes by their very own people. They end up meeting at the hermitage of Sage Medhas and have the same question - Why is it that we are thinking good of our family even though they have betrayed us? They pose this question to Sage Medhas and that's how the Devi Mahatmyam unfolds as the answer to their questions.

Through the various incarnations of the Devi, the sage unveils one by one the secret of some of the most intriguing questions of life .

In the first section, on invocation by Brahma, the Devi appears in the form of Mahamaya or Yoganidra from the dirt of Vishnu's ears and deludes Madhu and Kaitabha, the two asuras who sought to slay Brahma . Vishnu kills the asuras.

In the second section , on invocation by the Devas, the Devi incarnates from the shakti of all the devas to kill the demon Mahishasura in a fiercely fought battle

In the third section , she incarnates as Ambika , and Kali, and also as the sapta matrikas (seven goddesses) to kill the mighty Asuras Shumbha and Nishumbha, Dhumralochana, Chanda, Munda, and Raktabeejasura

In the above , King Surata represents courage, dutifulness and also material pursuits. Samadhi represents surrender, love and peace. Yoganidra represents the need for constant awareness to fight delusion . Parvati represents the fair and Kali represents the dark , both standing for the balance of the known and the unknown. Raktabeejasura represents the ever growing tree of desires and Kali represents the Shakti which can control our desires. Gauri also represents dutifulness and shrewdness. Shumbha and Nushumbha represent greed and Mahishasura represents the out of control senses within us which can lead us to destruction. Shumbha and Nishumbha also represent procrastination

Thus we see the Devi Mahatmyam through the story helps us discover the Shakti within us to fight the asuras tormenting us in daily life. It is woven in a melodic language like Sanskrit where it can be recited. Recitation is akin to music where it sets the right vibrations for the essence of the message to enter even if we do not understand the meaning

Devi Gita (Dasha Mahavidya)

Devi Gita is a section of the Devi Bhagavata Purana which extols Devi as the all pervading force of existence of all beings. An important part of Devi Gita is the Dasa Mahavidyas. The 10 Maha Vidyas represent the 10 aspects of wisdom and are a treasure trove of Human Values

- Kali : stands for solitude (darkness), and time - both important human values

- Tara : courage, compassion, protection (she healed the poison in shiva's neck)
- Tripura Sundari or Sodashi - beauty, detachment, awareness
- Bhuvaneswari - materialism, worldly living, universality, desire
- Chinnamasta - freedom, liberation, sacrifice
- Tripura Bhairavi - wisdom, fearlessness, perfection
- Dhumavati - awareness of the transient nature
- Bagalamukhi - control, meditation, stillness
- Matangi - acceptance, knowledge
- Kamala - wealth, prosperity, totality

Sapta Matrika

The Sapta Matrikas or the Shaktis of Durga find references in the Lalita Sahasranamam as well as the Devi Mahatmyam. These goddesses are revered as a personification of victory of good over evil. Each matrika is a female power manifestation of the corresponding male deity and exemplify the following values

- Brahmi - Creativity
- Kaumari - Valour
- Varahi - Balance
- Indrani - Majesty, Charisma
- Vaishnavi - Sustenance, Temperament
- Maheshwari - Focus
- Narasimhi - Courage

Navadurga

The Nava Durgas are nine forms of Parvati symbolizing the various stages in the life of Parvati and each stage standing for a certain of Human Values

- Shailaputri - childhood, celebration
- Brahmacharini - asceticism, meditation, concentration
- Chandraghanta - independence, positivity
- Kushmanda - power, self discovery
- Skandamata - motherhood, compassion, attachment
- Kathyayani - warrior, courage ,
- Kalaratri - destruction of bad
- Mahagauri - recovery
- Siddhidatri - knowledge, discipline, wisdom

Analysis of Devi Krithis and their Potential Influence On Human Values

Kamalamba Samrakshatu Mam
Ragam: Anandabhairavi
taaLam: Misra Eka
Composer: MuthuswAmi Dikshitar
Language: Sanskrit

Sahitya

Pallavi

kamalAmbA samrakSatu mAm hrt-kamalAnagara nivAsinI

Anupallavi

sumana sArAdhitAbja mukhI sundara manah-priyakara sakhI kamalajAnanda bOdha sukhI kAntAtAra panjara shukI

caraNam

tripurAdi cakrEshvarI aNimAdi siddhIshvarI nitya kAmEshvarI

kSitipura trailOkya mOhana cakra vartinI prakaTa yOginI

suraripu mahiSAsurAdi marddinI nigama purANAdi samvEdinI

tripurEshI guruguha jananI tripura bhanjana ranjani

madhuripu sahOdarI talOdarI tripura sundarI mahEshvarI

Literary Meaning

May goddess Kamalaamba, who resides ("nivasini") at the heart ("hrut") of

Kamalaanagara, protect ("samrakshatu") me ("maam").

Her lotus-like ("abja") face ("mukhi") is praised ("sa-aaradhita") by virtuous people ("su-mana").

She, who is the beloved ("manah-priyakara") companion ("sakhi") of Lord Sundara-Shiva, who revels in joy ("ananda") deriving from wisdom ("bodha") and is very beautiful. She is like the she-parrot ("shuki") in the center of the cage ("panjara") known as Tara.

She is the chieftain of the Chakra cosmogram ("chakra-eshwari"), i.e. tripura etc., goddess ("eshwari") for the Siddhi powers such as Anima. She is eternal ("nitya") and beloved of Kameshvara-Nityakameshvari.

She is the sovereign ruler ("vartini") of the Trailokya Mohana Chakra, the circle that beguiles the three worlds. She is the manifestation ("prakata") of Yogic power ("yogini"), conqueror of the enemies ("ripu") of celestials ("sura") such as Mahishasura. She is revealed ("samvedhini") in holy ("nigama") scriptures ("puraana"). She is the spouse of Tripuresha-Shiva and the mother ("janani") of Guruguha. She enjoyed ("ranjani") the destruction ("bhanjana") of Tripura. She is the sister ("sahodari") of Vishnu, who is the enemy ("ripu") of the demon Madhu. She is slender-waisted ("talodhari"), Tripurasundari the great goddess and spouse ("eshwari") of Maheshvara.

Human Values Analysis

In this Krithi, Muthuswamy Dikshitar has subtly imported the Human Values from the Lalita Sahasranama, the Devi Mahatmyam, and the Dasha Mahavidyas as we will see below

Kamal Amba Samrakshatum Am

Key Human Value - **Protection**

In the pallavi line Samrakshatumam represents the protective nature of the Mother Goddess. From the womb till the grave, we all feel a need for protection, and if someone gives us that assurance, we are able to tide over life. If we can develop the quality to protect others in times of their trouble, we can make this world a better place

The SGRN, MGPMNPGR phrase , the Madhyama halts, and the rare antara Gandharam prayoga are used beautifully to suggest her protective assurance

Kamalaja Ananda Bodha Sukhi

Key Human Value -> **Happiness** and **Bliss, Acceptance** and **Awareness**

This line refers to the happiness and bliss that one can attain from understanding oneself. The example of the Lotus is very apt because the lotus blooms and blossoms giving radiance to others, despite the dirt on which it grows. This is because it is aware of its surrounding and has accepted it

The ascent from the Panchamam to the upper Shadjam and then back to the lower Shadjam, cutting across the Ananda Bhairavi typical prayogas gives the happiness and bliss blend

KAntA TAra Panjara Shuki

Key Human Value -> **Compassion** and **Courage**

Here the dual values of compassion and courage are beautifully brought out. The parrot is symbolic of Meenakshi Devi

who was a queen and was symbolic of courage. Tara is a one of the 10 Goddesses of the Dasha Mahavidya and she stands for compassion. One needs to show both courage and compassion to live a happy life

nitya kAmEshvarI

Key Human Value -> **Satisfaction**

Here the quality of the Goddess to fulfil others' desires is exemplified. We should be like her. We can fulfil the desires of others only when we are satisfied irrespective of our situations

Kshitipura

Key Human Value -> **Balance and Awareness**

Kshitipura or Bhupura chakra , the first avarana of the Shri Chakra symbolises the control of one's senses. Balance is a very important Human Value. Physical and mental balance are essential to a good life

The matrikas stand for our temptation to succumb to the senses and the mudra shaktis bring us back to soulful awareness. Awareness protects us from being swayed by sensual attractions, and keeps us in the zone of conscious unperturbed actions

trailOkya mOhana cakra vartinI

Key Human Value -> **Beauty**

Beauty is a key Human Value essential to the survival of the Human Race. It is a combination of both outer and inner beauty. We admire nature for its beauty. Similarly, our beauty is primarily our nature. Happiness and a smile can make anyone look beautiful. Kamalamba represents that subtle aspect of beauty

The phrases used here have a balance of slow and fast tempo as well as the melody shows a fine balance of all aspects of Ananda Bhairavi including the rare notes

Mahishasuraadi mardini

Key Human Value -> **Collaboration and Courage**

Here Muthuswamy Dikshitar subtly brings about the aspect of collaboration. The shakti of Devi that killed Mahishasura was drawn from the powers of several Gods collaborating. This represents teamwork that can vanquish any obstacle or overcome any situation..

The Kaisiki Nishada Nokku gamaka, and the foray into the upper octaves asserts the collaborative and courageous spirit of Mahishasura Mardhini

Narthana Samrajya

taaLam: Adi
Composer: Narayanan Iyer
Language: Sanskrit and Tamizh

Sahitya

Narthana Saamraajya Samrakshini
Nritya Niranjana Samyogini
Bharata Naatya Paripaalini
Krupayaa Karunaarasa poorini

Dharmangal Valarthidum Naatyashaastirathin
Abhinaya varam Nee tharuvaaye
Aangikam Vaachikam Aahaaryam Pugazha
Arangetrum (Aanandam) enakku arulvaaye

Saptaswaram petra Sheetalaambike
Saptaswaram petra Sheetalaambike

Saamagaanapriya Vedaambike
Sakala kalai arulvaay Saptamaatrike
Brahmi - Kaumaari - Maaheswari - Vaaraahi - Vaishnavi - Indraani - Chaamundeswari

Navarasa nadi oram Navavidha Bhaktiudan
Navashakti rupini Navadurgaambike
Shailaputri - Brahmachaarini - Chandraghantaa - Kushmandaa Skandamaata Kaatyayini - Kaalaraatri - Mahaagauri - Sidhidaatri
Nadiyin Alaigal Aadum Raagathin

Maanasarovarara Guru Matangiyin
Maanikya Charanangal Vanangi Vanden
Kalaiyin naayaki Kalaivaani Thaaye
Kaalam muzhudhum unnai thudhipom

Uyirum Udalum thalarndhu ponnaalum
Nee kuduutha kalaigal valaraname
Naatyamum Neeyum Naanum onre.. amma
Yengum Yendrum unnai thudhithu

Literary Meaning

Narthana (Dance) Saamraajya (Universe) Samrakshini (Protector)
Nritya (Dance) Niranjana (pure) Samyogini (merge/blend into)
Bharata Naatya (Bharata Natya) Paripaalini (Sustainer)
Krupayaa (Grace) Karunaarasa (Compassion) poorini (Full Of)

Dharmangal (Values) Valarthidum (Upholding) Naatyashaastirathin (in Natyashastra)
Abhinaya (Expression) varam (blessing) Nee tharuvaaye (you will give)
Aangikam Vaachikam Aahaaryam Pugazha (making these three tenets prosper)
Arangetrum (ascending the dance podium) / Aanandam (Happiness) enakku arulvaaye (you will bless me with)

Saptaswaram (Seven swaras) petra (born) Sheetalaambike (mother of coolness/calmness) Saamagaanapriya (one who adores music) Vedaambike (the upholder of Vedas)
Sakala kalai (All fine arts) arulvaay (bless with) Saptamaatrike (The seven forms of Chamundi who killed Shumba and Nishumba)
Brahmi - Kaumaari - Maaheswari - Vaaraahi - Vaishnavi - Indraani - Chaamundeswari
Swarangal (Swaras) sollum (speak) sundara (beautiful) kadhaiyin (story)

Navarasa (The nine Rasas) nadi oram (sea shore) Navavidha Bhaktiudan (The nine ways of worshipping the Lord)
Navalokam (The nine planets) peruga (attain) aadi vandhen (I came dancing)
Navashakti rupini (The nine shakti forms of Durga) Navadurgaambike (The nine Durgas)
Shailaputri - Brahmachaarini - Chandraghantaa - Kushmandaa Skandamaata Kaatyayini - Kaalaraatri - Mahaagauri - Sidhidaatri
Nadiyin Alaigal (Sea waves) Aadum Raagathin (Dance to the tunes)

Maanasarovarara (the lake of knowledge) Guru Matangiyin (Guru of cosmic wisdom)

Maanikya Charanangal (diamond feet) Vanangi Vanden (I came worshipping)

Kalaiyin naayaki (The queen of Fine Arts) Kalaivaani Thaaye (Saraswati Devi)

Kaalam muzhudhum (Entire lifetime) unnai thudhipom (We will praise you)

Uyirum (LIfe/Soul) Udalum (Body) thalarndhu ponnaalum (become weak)

Nee kuduutha (given by you) kalaigal (arts) valaraname (should grow)

Naatyamum (dance) Neeyum (you) Naanum (me) onre...amma (are one oh Mother!)

Yengum (Everywhere) Yendrum (at all times) unnai thudhithu (heralding you)

Human Value Analysis

Samrakshini, Samyogini, Paripaalini, Karunaarasa poorini

Key Human Value **-> Creativity, Protection, Wisdom, Compassion**

The Mahamaya stands for creation, sustenance and dissolution which are values needed for our everyday life. We need to know what to make, what to retain and what to give up! WE also need to constantly merge knowledge streams with the glue of wisdom and compassion

Dharmangal Valarthidum Naatyashaastiram,Abhinaya, Aangikam Vaachikam Aahaaryam Pugazha,Arangetrum

Key Human Value **-> Culture, Fundamentals,Expression and Perfection**

Natyashastra stands for culture and respect for culture is a core human value. Abhinaya or expression helps us live life better. The fundamentals of the dance form refer to fundamentals of life or any seeking in life. Finally the value journey is from fundamentals to perfection and beyond.

Saptaswaram, Sheetalaambike, Saptamaatrike

Key Human Value **-> Music, Calmness**

Music itself is a value, because we are all products of vibrations and are in vibration and musical vibrations keep us in tune with nature. Sheetalamba stands for calmness which is essential to braving situations in life. The seven matrikas represent Human Values of creativity,sustenance,courage,compassion

Navarasa ,Navavidha Bhakti

The nine Rasas and the nine forms of worship denote values like laughter (Hasya), wonder (Adbhuta), friendship (Sakhyam), passion (Shrungara) and Surrender (Pada Sevanam)

Nadiyin Alaigal Aadum Raagathin

The above connects the sea waves to the waves of the dance and music within us, thereby highlighting the Human Value of "oneness with nature"

Matangi, Maanikya Charanangal Vanangi, Kaalam muzhudhum

Key Human Value **-> Knowledge, Grace, Humility, Endurance, Determination, UNity**

The Goddess Matangi who stands for the great cosmic wisdom and is a lake of knowledge

The Human Value of humility is reflected in the worship of the Guru's feet. "Endurance" is highlighted in the beholding of the Goddess forever

Uyirum Udalum thalarndhu ponnaalum,Nee kuduutha kalaigal valaraname

Key Human Value -> **Inner Strength, Growth**

Passion for knowledge and its practical pursuit for the goodness of society can keep us alive and going in spite of severe illnesses . Growth in all dimensions of life is paramount. Graceful Movements in life create happy moments similar to that in dance

Conclusion

From the above two compositions we see that through various symbolisms, the composers have tried to bring out the essence and importance of the core Human Values. Dikshitar uses symbols from the Sri Chakra analogy to reaffirm the values of Balance, Awareness, Compassion, Courage, Beauty, Collaboration, Awareness, Protection, Happiness, Bliss and Satisfaction. Dikshitar also draws from the references to Devi Mahatmyam and Dashamahavidyas. The author draws references from Devimahatmyam, comparing the pursuit of dance to the Mahamaya. He also refers to the Navarasa, Navavidha bhakti, the Sapta matrikas, and the Navadurgas, and the related set of Human Values from those symbolisms. The author brings out the Human values of Unity, "oneness with Nature", Friendship, Passion, Surrender, Inner Strength, Grace, Growth, Humility, Endurance, Determination, Music, Calmness,Music, Creativity, Sustenance.

Human Values can be materialistic or spiritual. Human Values go much beyond truth,honesty,peace etc that are used in common parlance. Melody, rhythm and words can help take them beyond the senses, into the core of the human being, thereby potentially reinforcing the much needed Human Values

Bibliography

Books

- Coomaraswamy Ananda. 2013. The Dance of Shiva. Rupa Publications: New Delhi
- Hiriyanna, M. 1997. Art Experience. Indira Gandhi National Centre For the Arts: New Delhi
- Rokeach, Milton. 1973. The Nature of Human Values. The Free Press: New York
- Rajagopalachari, C. 2001. Ramayana. Bhavan's Book University. Mumbai
- Sambamoorthy, P. 2013. South Indian Music. Book 1. The Indian Music Publishing House: Chennai
- Saraswathi, Chandrasekhara. 2014. The Vedas. Bharatiya Vidya Bhavan: Mumbai
- Tejomayananda, Swami. 1994. Hindu Culture – An Introduction. Central Chinmaya Mission Trust: Mumbai
- Tripathi, A N. 2009. Human Values. New Age International (P) Ltd: New Delhi

Websites for Lyrics of Compositions and General Meaning

- KamalambaSamrakshatumAm. http://www.shivkumar.org/music/kamalambasamrakshatu.htm. Last seen on Nov 6 2021
- Narthana Samrajya Samrakshini. Composed by the author himsel

भारतीय संस्कृति एवं लोक संगीत

रीनु शर्मा

असिस्टेंट प्रोफेसर, संगीत
एमडीएसडी गर्ल्स कॉलेज, अंबाला

भूमिका

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी संस्कृति है! भारत में कई महाराजाओं ने राज किया और सब ने अपने संस्कृति परंपराओं और रीति-रिवाजों की विशेष छाप छोड़ी। भारतीय संस्कृति में लोक संगीत एक अहम भूमिका निभाता है। लोक संगीत से अभिप्राय आम जनता द्वारा गाए जाने वाले गीतों से है और भारतीय संस्कृति में यह गीत एक अहम भूमिका निभाते हैं। जैसा कि हम सब जानते ही हैं कि भारत एक धर्मनिरपेक्ष देश है भारत में सभी त्योहारों को बड़े ही आनंद और हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है जैसे होली, दीपावली, दशहरा, दुर्गा पूजा इत्यादि। सभी भारतीय एक दूसरे के धर्म, संस्कारों और त्योहारों का सम्मान करते हैं भारतीय संस्कृति अपने प्रसिद्ध साहित्य, दर्शन, कला और संगीत इसमें चाहे शास्त्रीय संगीत हो या लोक संगीत दोनों ही के लिए दुनिया भर में प्रसिद्धि पा चुकी है। जिस तरह से भारत में अनेक भाषाएँ बोली जाती हैं उसी तरह अनेक प्रांतों में विभिन्न लोक गीत गाए जाते हैं जो कि उनकी संस्कृति की धरोहर माने जाते हैं! प्रत्येक प्रांत के लोग अपनी संस्कृति का उजागर अपने लोकगीतों के माध्यम से करते हैं।

मुख्य घटक

संस्कृति, भारत, लोक संगीत, मैलिनोवस्की के

संस्कृति का अर्थः-

"संस्कृति किसी समाज में गहराई तक व्याप्त गुणों के समग्र स्वरूप का नाम है, जो उस समाज के सोचने, विचारने, कार्य करने के स्वरूप में अन्तर्निहित होता है।"[1]

सामान्य अर्थ में कहा जाए तो संस्कृति सीखे हुए व्यवहारों की संपूर्णता है लेकिन संस्कृति की अवधारणा इतनी विस्तृत है कि उसे एक वाक्य में परिभाषित करना असंभव है! वास्तव में मानव जाति द्वारा प्रभावित प्राकृतिक शक्तियों को छोड़कर जितनी भी मानवीय परिस्थितियाँ जो हमारे चारों ओर हैं और हमें प्रभावित करती हैं उन सभी की संपूर्णता को हम संस्कृति कहते हैं और इस प्रकार संस्कृति के इस चक्कर को ही हम सांस्कृतिक पर्यावरण कहते हैं! अर्थात यह भी कहा जा सकता है कि संस्कृति एक व्यवस्था है जिसमें हम जीवन के प्रतिमानो, व्यवहार के तरीकों, अनेकानेक भौतिक व अभौतिक प्रतीकों, परंपराओं, विचारों, सामाजिक मूल्यों, मानवीय क्रियाओं और आविष्कारों को शामिल करते हैं! "इस प्रकार संस्कृति मानव जनित मानसिक पर्यावरण से सम्बंध रखती है जिसमें सभी अभौतिक उत्पाद एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को प्रदान किये जाते हैं!"[2] पहले समय के वायु पुराण में धर्म,

अर्थ, काम तथा मोक्ष विषयक मानवीय घटनाओं को ही संस्कृति के अंतर्गत लिया जाता था इसका तात्पर्य यह है कि मानव जीवन के दिन प्रतिदिन के आचार विचार जीवन शैली तथा कार्य व्यवहार ही संस्कृति कहलाती थी! साधारण शब्दों कहाँ जाए तो मानव समाज के धार्मिक, दार्शनिक, कलात्मक, नीतिगत विषयक कार्य-कलापों, परंपरागत प्रथाओं, खान.पान, संस्कार इत्यादि के मेल को संस्कृति कहा जाता है! कई विद्वानों का मत यह भी है कि संस्कार का परिवर्तित रूप ही संस्कृति कहलाता है!

अब मैं चर्चा करूंगी संस्कृति की व्यापकता पर, "निर-विज्ञान में संस्कृति शब्द का प्रयोग अत्यंत व्यापक अर्थ में हुआ है! प्रसिद्ध मनोवैज्ञानिक "मैलिनोवस्कीके" अनुसार "मनुष्य जाति की समस्त सामाजिक विरासत या मानव की समस्त संचित सृष्टि का नाम ही संस्कृति है!"[3] इसका अर्थ यह हुआ कि संस्कृति के अंतर्गत मानव निर्मित वह सतुल वातावरण आता है, जिसे मानव जाति ने अपनी ही कल्पना के अनुसार ज्ञान-विज्ञान और परिश्रम व कौशल के द्वारा रचित कर प्राकृतिक जगत के ऊपर एक सब निर्मित कृत्रिम जगत स्थापित किया है!

भारतीय संस्कृतिः-

यह माना जाता है कि भारत विविधताओं का देश है भारत एक ऐसा देश है जहां हर धर्म जाति विभिन्न संस्कृति और अलग-अलग विचारधाराओं के लोगों का समावेश है लेकिन इन सबके बावजूद भी भारत के सभी देशवासी मिल जुल कर रहना ही पसंद करते हैं अनेकता में ही एकता का निवास होता है और यही भारत देश की विशेषता है! "भारतीय संस्कृति की मेहता भारतीय संस्कृति विश्व के इतिहास में कई दृष्टि से विशेष महत्व रखती है!"[4] यह संसार की प्राचीनतम संस्कृतियों में से एक है! भारत का राष्ट्रगान जन गण मन अधिनायक जया हे जोकि रविंद्र नाथ टैगोर जी ने लिखा है देश की संस्कृति और उनके मूल्यों को उजागर करता है! भारत देश को बहुत सी ऐसी परिस्थिति और चुनौतियों का सामना करना पड़ा लेकिन कोई भी भारत की बुनियाद को हिला न सका!

भारत देश में हर संस्कृति के लोग रहते हैं और सब तरीके के लोगों के अलग-अलग त्योहार यहां पर मनाए जाते हैं! भारत में 29 राज्य और 7 यूनियन टेरिटरीज है! सभी भारत के राज्यों में अलग -अलग भाषाएं बोली जाती हैं और सभी राज्यों के अलग अलग लज्जतदार पकवान हैं और सभी इन्हें मजे से खाते हैं! सभी राज्यों का अपना एक विचित्र अद्भुत और खूबसूरत इतिहास है और रहस्य में संस्कृति है जो बाकी देशों से बिल्कुल अलग है! भारतीय संस्कृति में बच्चों को नैतिक मूल्यों और शिष्टाचार के पाठ पढ़ाए जाते हैं! भाईचारा, सम्मान, आदर, इंसानियत सब भारतीय संस्कृति के मूल्य हैं भारत में रहने वाले सभी लोग अपने धर्म रीति-रिवाजों और परंपराओं की रक्षा करते हैं और उनका पालन भी करते हैं! भारतीय संस्कृति में मनुष्य की सोच और उसके गुणों को प्राथमिकता दी जाती है यहां के लोग विनम्रता पूर्वक वार्तालाप करते हैं और अतिथियों का सम्मान बड़े ही श्रद्धा से करते हैं!"[5] इस संस्कृति में जैसा अद्भुत समन्वय है वह मानवता के लिए एक श्रेष्ठतम देन है। इस संस्कृति की विशेषता ही यह है कि वह हर बात, हर पक्ष के लिए राजी है तथा और तो और, असत्य को भी परमात्मा की छाया के रूप मान्यता देती है! क्योंकि लक्ष्य है सत्य और असत्य से ऊपर उठकर, उसका अतिक्रमण करके यह जानने की चेष्टा कि पूर्णत्व है क्या?"[6]

भारतीय संस्कृति का इतिहास

भारतीय संस्कृति विश्व की सबसे पुरानी संस्कृति है! भारतीय संस्कृति की जागरूकता फैलाने के लिए स्कूलों और कॉलेजों में कई तरह की भाषण वाद-विवाद और निबंध लेखन जैसी प्रतियोगिताएँ आयोजित की जाती हैं ताकि विद्यार्थियों का भारतीय संस्कृति की ओर रुझान हो सके और वे इसका अध्ययन कर सकें! यही नहीं भारतीय संस्कृति का गहराई से अध्ययन करने के लिए विश्व के बहुत

से कोन से वैज्ञानिक यहां पर आते हैं!" भारत की राष्ट्रीय भाषा हिंदी है! 22 अधिकारिक भाषा और 400 से ज्यादा अन्य भाषाएं बोली जाती हैं यहां पर!"[7] "भारत देश में हर एक नागरिक आजाद है और वह किसी भी धर्म का पालन कर सकता है!"[8] यह माना जाता है कि सभ्यता और संस्कृति दोनों में फर्क है लेकिन यह फिर भी एक-दूसरे से जुड़ी हुई होती हैं! हम भारतीयों का रहन-सहन, पहनावा सब कुछ एक दूसरे से अलग है लेकिन फिर भी इन सब विविधताओं के पश्चात भी हम सब एक हैं, एक माला में जैसे विभिन्न प्रकार के फूल होते हैं सब की सुगंध अलग-अलग होती है लेकिन सब एक साथ ही विराजमान होते हैं! "उसी प्रकार भारत में सभी राज्यों की विविधताओं के होते हुए भी सब एकता में विश्वास रखते हैं!"[9] भारतीय इतिहास अपने धार्मिक ग्रंथों के लिए लोकप्रिय माना जाता है। विदेशों से लोग इनके बारे में जानकारी प्राप्त करने के लिए यहां आते हैं और हमारे संस्कृति से प्रभावित होकर उसका गहन अध्ययन करते हैंए विभिन्न राज्यों के त्योहारों के दौरान अलग-अलग मिठाईयाँ बनती हैं!

बाइबल हो या कुरान या महाभारत या रामायण सब धर्मों का सम्मान भारतीय संस्कृति में बड़ी खूबी के साथ किया जाता है और सभी भारतीय इसका सम्मान तहे दिल से करते हैं! भारत सांस्कृतिक और धार्मिक रूप से पूरी दुनिया भर में अलग है यहां के लोग मिलजुलकर "सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा" गाते हैं जो हमारे देश की संस्कृति को उजागर करता है! लोगों के जीवन में संस्कृति और सभ्यता में नयापन मूल्यों का समावेश हुआ है हम अपने बड़े बुजुर्गों से भारतीय संस्कृति और इतिहास की कई कहानियां सुनते हैं और प्रभावित होते हैं! यह कहा जा सकता है कि आत्मदर्शन ही भारतीय संस्कृति का निचोड़ है आज भी भारत का

चरवाहा गाथा सुनाई देता है "प्यारे मन की गठरी खोल उसमें लाल भरे अनमोल!"[10]

लोक संगीत

''लोकगीत लोक के गीत हैं। जिन्हें कोई एक व्यक्ति नहीं बल्कि पूरा लोक समाज अपनाता है। सामान्यतः लोक में प्रचलित, लोक द्वारा रचित एवं लोक के लिए लिखे गए गीतों को लोकगीत कहा जा सकता है। लोकगीतों का रचनाकार अपने व्यक्तित्व को लोक समर्पित कर देता है। शास्त्रीय नियमों की विशेष परवाह न करके सामान्य लोक-व्यवहार के उपयोग में लाने के लिए मानव अपने आनन्द की तरंग में जो छन्दोबद्ध वाणी सहज उद्भूत करता है। वही लोकगीत है।''[11]

इस प्रकार लोकगीत शब्द का अर्थ है।

1. लोक में प्रचलित गीत
2. लोक-रचित गीत
3. लोक-विषयक गीत

''लोकगीत तो प्रकृति के उद्गार हैं। साहित्य की छंदबद्धता एवं अलंकारों से मुक्त रहकर ये मानवीय संवेदनाओं के संवाहक के रूप में माधुर्य प्रवाहित कर हमें तन्मयता के लोक में पहुंचा देते हैं। लोकगीतों के विषय, सामान्य मानव की सहज संवेदना से जुड़े हुए हैं। इन गीतों में प्राकृतिक सौंदर्य, सुख-दुःख और विभिन्न संस्कारों और जन्म-मृत्यु को बड़े ही हृदयस्पर्शी ढंग से प्रस्तुत किया गया है।''[12] संगीतमयी प्रकृति जब गुनगुना उठती है लोकगीतों का स्फुरण हो उठना स्वाभाविक ही है। ''ग्रामीण भाषा में गाए जाने वाले लोकगीत जिनमें वहां की सभ्यता एवं संस्कृति की झलक मिलती हो लोकगीत कहलाते हैं या यह भी कहा जा सकता है कि जिन गीतों का प्रचलन गांव में होता है वे लोकगीत कहलाते हैं! ''लोकगीत अशिक्षित सामान्य जनों के उपयोग का कलात्मक माध्यम है। लोकगीत अपनी सरलता और प्रभाविता के कारण ही मोहक होते हैं।''[13]

भारत का लोक संगीत

भारत में लोक संगीत अलग-अलग राज्यों में विभिन्न प्रकार से गाया व बजाया जाता है! अर्थात विभिन्न राज्यों, जातियों तथा जनजातियों के हिसाब

से अलग-अलग हैं। भारत के अलग-अलग क्षेत्र में अलग-अलग लोक गीत विकसित हुए हैं। भारत में लोक.संगीत बहुत प्राचीन हैं। ''भारत के प्रमुख लोक संगीत इस प्रकार हैंः-

1. मदिगा दप्पू- आंध्र प्रदेश
2. माला जमदिका- आंध्र प्रदेश
3. बिहूगीत- असम
4. टोकरीगीत- असम
5. कामरूप लोकगीत- असम
6. गोलपरिया गीत- असम
7. पंडवानी- छत्तीसगढ़, राजस्थान, मध्य प्रदेश, झारखंड
8. बहुला- पश्चिम बंगाल
9. बटियाली- पश्चिम बंगाल
10. गरबा- गुजरात
11. दोहा- गुजरात
12. भावगीते- कर्नाटक, महाराष्ट्र
13. लावणी- महाराष्ट्र
14. पोवाडा- महाराष्ट्र
15. गोंधार- महाराष्ट्र
16. अभंग- महाराष्ट्र
17. ओड़िसी- ओड़िशा
18. संभलपुरी- ओड़िशा
19. महिया- पंजाब''

प्रमुख लोकगीत

लावणी - लावणी महाराष्ट्र का एक प्रमुख लोक संगीत है। यह संगीत उपकरण ढोलकी पर गाया जाता है। यह मुख्य रूप से महाराष्ट्र में प्रसिद्ध है, और कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश में भी लावणी का प्रचलन है।

पंडवानी - पंडवानी राजस्थान का एक लोक संगीत है। यह छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, राजस्थान और झारखंड में प्रसिद्ध है।

बटियाली - इसकी उत्पत्ति वर्तमान बांग्लादेश के भाटी इलाके में हुई। यह पश्चिम बंगाल में प्रसिद्ध है।

अभंग - विट्ठल या विठोबा की स्तुति में अभंग नामक छंद गाये जाते हैं। बिहूगीत- बिहूगीत असम का लोकगीत है जो बिहू त्यौहार के अवसर पर गया जाता है।

संभलपुरी - यह उड़ीसा का एक संगीत है। यह मुख्य रूप से पश्चिम उड़ीसा में स्थित है।

पोवाडा - पोवाडा महाराष्ट्र का एक लोक संगीत है। यह वीर रस पर आधारित लोक संगीत है।

गरबा- गरबा गुजरात का अन्य प्रसिद्ध लोकगीत और नृत्य है। कामरूप लोकगीत– यह असम का लोकगीत है। यह असम के कामरूप जिले में विकसित हुई।

भजन और कीर्तन - एक भजन या कीर्तन एक हिंदू भक्ति गीत हैए जो अक्सर प्राचीन मूल का है। कीर्तन वेद की परंपरा में गहराई से निहित हैं। भजनों में अक्सर दिव्य भाषा में सरल गीत होते हैं।

भारतीय संस्कृति में लोक संगीत की उपयोगिता : भारतीय संस्कृति विभिन्न प्रदेशों के लोक गीतों में बसे साकार स्वरूप के दर्शन व उनकी सूक्ष्म अन्तरात्मा द्वारा पहचानी व देखी जा सकती है। अप्रवीण व्यक्ति भी इनकी सादगी, भोलेपन और माधुर्य को समझ सकता है जो विभिन्न दृष्टिकोणों से समरूपता को लिए हुए है। हमारे देश की संस्कृति और प्रकृति बड़ी अनूठी है इसकी गोद में असंख्य दुर्लभ चीजों का समागम है यहां अनेक प्रकार के पर्वों का सिलसिला लगा ही रहता है और इन उत्सव में अपने-अपने प्रांतों में अपनी-अपनी भाषाओं में गाए जाने वाले गीतों को लोकगीतों की श्रेणी में रखा जाता है! लोकगीतों के माध्यम से व्यक्ति अपने मन के अनछुए भावों की अभिव्यक्ति करने में सक्षम होता है वह अभिव्यक्ति खुशी, व्यथा, विस्मय, आल्हाद, भक्ति और वात्सल्य किसी भी रूप की हो सकती है इन लोकगीतों के माध्यम से संपूर्ण भारतवर्ष के निवासी अपने अपने भावों विचारों का आदान-प्रदान काफी समय से करते आए हैं।

भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विविधता ने लोक संगीत के विविध रूपों के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। भारत के लगभग सभी क्षेत्रों का अपना लोक संगीत है जो कि क्षेत्र के लोग जीवन को प्रतिबिंबित करता है! ''भारतीय लोक

संगीत का सबसे प्राचीन उल्लेख वैदिक साहित्य में मिलता है जो लगभग 1500 ईसा पूर्व के हैं कुछ विद्वान और विशेषज्ञ मानते हैं कि भारतीय लोक संगीत इस राष्ट्र जितना ही पुराना हो सकता है। उदाहरण के लिए संपूर्ण भारत में प्रचलित और प्रसिद्ध लोक संगीत "पंडवानी" हिंदू महाकाव्य "महाभारत" जितना ही पुराना माना जाता है।"[14] लोकगीतों की उत्पत्ति का कारण तथा इनका प्रयोग अधिकांशतः पूरे भारत में एक जैसा होता है केवल इन गीतों को गाने का तरीका अलग-अलग प्रदेशों में वहां की संस्कृति के अनुसार भिन्न हो सकता है। लोक संगीत महत्वपूर्ण है क्योंकि यह हमें उन पूर्वजों द्वारा दी गई संस्कृति को जानने का अवसर देते हैं। नृत्य, लोक संगीत और अन्य कलाएं आदिम समाजों में भी उपलब्ध थे नृत्य और लोक संगीत भारत के आदिम समाजों के जीवन के अक्षुण्य अंग थे। आदिम लोग सामान्यतः संगीत के साथ नृत्य करते थे। भिन्न-भिन्न प्रकार के वाद्य यंत्र जैसे ढोल, बांसुरी आदि इसमें प्रयोग किए जाते थे विभिन्न मौकों पर अवसर के अनुसार लोक गीतों को गाया जाता है उदाहरण के लिए शादी के अवसर पर विवाहित युगल से संबंधित गाने गाए जाते हैं धार्मिक अवसरों पर देवी-देवताओं से जुड़े गीत गाए जाते हैं महिलाएं घरों में काम करते समय लोकगीत गाती हैं पुरुष खेतों में काम करते समय यह लोकगीत गाते हैं। लोकगीत हमारे जीवन विकास की गाथा हैं। उनमें जीवन के सुख-दुःख, मिलन-विरह, उतार-चढ़ाव की भावनाएँ व्यक्त हुई हैं। सामाजिक रीति एवं कुरीतियों के भाव इन लोकगीतों में हैं। इनमें जीवन की सरल अनुभूतियों एवं भावों की गहराई है। श्री देवेन्द्र सत्यार्थी का कहना है कि लोकगीत का मूल जातीय संगीत में है।"[15]

इस प्रकार लोक संगीत भारतीय संस्कृति में बहुत अधिक उपयोगिता रखते हैं अगर यह कहा जाए कि लोक संगीत ही भारतीय संस्कृति की धरोहर है तो यह अतिशयोक्ति न होगी।

संदर्भ सूची

1. "Meaning of "culture"". Cambridge English Dictionary. मूल से 23 जुलाई 2015 को पुरालेखित, अभिगमन तिथि July 26, 2015
2. https://hi.m.wikipedia.org>wiki
3. m.bharatdiscovery.org>india>
4. भारतीय संस्कृति का संक्षिप्त इतिहास, हरिदत्त वेद अलंकार, पृष्ठ 9
5. भारतीय संस्कृति कोष, लीलाधर शर्मा
6. भारतीय संस्कृति, लेखक प्रोफेसर शिवदत्त ज्ञानी, पृष्ठ संख्या-11
7. सम्मेलन पत्रिका लोक-संस्कृति अंक. पृ. 25
8. https://hi.m.wikipedia.org
9. https://hindigktoday.in
10. लोकगीतों के संदर्भ और आयाम, शान्ति जैन, प्रकाशक : विश्वविद्यालय प्रकाशन, प्रकाशित वर्ष : 1999, आईएसबीएन : 81-7124-214-6
11. https://gadyakosh.org

थाती

राजस्थान की लोकसंस्कृति का शाश्वत जीवनदर्पण : लोकसंगीत

डॉ. आकांक्षा गुप्ता

असिस्टेन्ट प्रोफेसर
संगीत (गायन)
जुहारी देवी गर्ल्स पी.जी. कॉलेज, कानपुर

सारांश :-

भारतीय जनजीवन सदा से संगीतमय रहा है। प्रत्येक उत्सव-पर्व-त्यौहार, धर्म, संस्कार पर यहाँ समयों चत गीत गाये जाते हैं एवं चित्त की प्रसन्नता के लिए दैनिक चर्चा का अंग संगीत ही है। भारत के विभिन्न प्रान्तों के ग्रामीण अंचलों में फैला हुआ लोक संगीत मानवीय उल्लास की चटक चाँदनी है। किसी भी राष्ट्र, प्रदेश और जनपद की संस्कृति एक अमूल्य निधि मानी जाती है। इसके अतीत का ऐतिहासिक दर्शन सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में दृष्टिगोचर होता है। समस्त राजस्थानी अपनी गौरवमयी संस्कृति व संगीत के लिए एक विशिष्ट स्थान व पहचान बनाये हुए हैं। इसका प्रत्येक क्षेत्र अपनी संस्कृति तथा सांगीतिक विशेषताओं के लिए प्रसिद्ध हैं राजस्थान के लोक संगीत में वहाँ के रीति-रिवाज, वेशभूषा, खान-पान, पर्व, तीज-त्यौहार इत्यादि का वर्णन किया जाता है। परिवेश, स्थिति, भाव के अनुरूप लोक-वाद्यों का प्रयोग, लोकनाट्य, लोकनृत्य इत्यादि वहाँ की संस्कृति के परिचायक हैं।

इस अनुपम निधि पर दृष्टिपात करने से अनुभव होता है कि इनके प्रति किये गये संरक्षण के उपाय केवल मात्रा प्रसाद भर ही हैं। इस ओर केवल सरकार द्वारा ही नहीं बल्कि व्यक्तिगत भी प्रयास किये जाने चाहिए। यह एक दुर्लभ सम्पत्ति है, जो हमें विरासत में मिली है तथा जिसे हम खो रहे हैं। अतः हमारा कर्त्तव्य है कि हम इसका संरक्षण करें इसका ध्यान रखें।

संकेत शब्द :

ग्रामीण, जनमानस, लोकगीत, लोकवाद्य, लोकनृत्य, संस्कृति

राजस्थान की लोकसंस्कृति

भारतीय संस्कृति की अंतस्थली को संगीतामृत से सिंचित करने में लोकसंगीत की विशिष्ट उपादेयता है। लोकसंगीत जनमानस की सहज अभिव्यक्ति के साथ-साथ सामाजिक परिवेश का दर्पण भी हैं अतः कहा जा सकता है कि हमारा संगीत सामाजिक है तो समाज सांगीतिक है।

''लोक'' शब्द एक बहुत प्राचीन शब्द है। ''लोक'' शब्द का अर्थ उस जनसमाज से लगाया जा सकता है जो गहराई से पृथ्वी पर फैला रहता है। इस लोक शब्द में सभी जन समुदाय शामिल होते हैं। वर्तमान समय में जब हम ''लोक'' शब्द का प्रयोग करते हैं तो यह एक महत्वपूर्ण जन समुदाय की ओर संकेत करता है। ''लोकगीत'' शब्द का अर्थ वास्तव में उस कृति से है जो गाया जाए अथवा गेय हो।

इस प्रकार प्राचीन मानव सभ्यता एवं संस्कृति के साथ लोकगीत का सम्बन्ध सदियों से चला आ रहा है। ये लोकगीत व्यक्ति की सामूहिक अभिव्यक्ति को व्यक्त करते हैं। इन लोकगीतों में गेयता प्रधान तत्व होता है। लोकगीत ''लोक'' मानव के सभी प्रकार के भावों को अभिव्यक्त करती है और इसमें इनकी मौखिक परम्पराए भी जीवित रहती है।

जनसाधारण केजीवन का हर पहलू सांगीतिक स्वरबद्ध है। जीवन के विभिन्न पड़ावों के साथ-साथ उससे सम्बद्ध स्थान विशेष का प्रभाव भी लोक सांगीतिक धाराप्रवाह में स्पष्ट होता है। अतः उस स्थान विशेष की मिट्टी की सौंधी सुगन्ध अर्थात् लोकसंस्कृति की अमिट छाप उसमें अंकित रहती है। हमारे लोक संगीत में सामाजिक परिवेश लोक संस्कृति मुखरित होती है। जिसमें स्थान विशेष के रीति-रिवाज, पर्व-त्यौहार, मौसम, लोकाचार, लोक आराध्य आदि सभी पहलुओं का चित्रण होता है। समृद्धवान भारतीय संस्कृति में 'राजस्थान' का नाम सदैव से ही सर्वोच्च स्थान पर रहा है। जिसकी सांगीतिक परम्परा यहाँ की लोक संस्कृति की अग्रदूत कही जा सकती है। इस सांगीतिक, कलात्मक परम्परा का बहुत बड़ा अंश हमारे लोक गीतों में समाहित है। इनके विविध रूप आज भी लोक जीवन की परम्परा को विकसित एवं उल्लासित करने में सहायक होते हैं।

राजस्थान के लोकगीत लोकसंस्कृति के परिचायक हैं। ये लोकगीत तीज-त्यौहार से लेकर विभिन्न पारिवारिक संस्कारों, उत्सवों आदि अवसरों पर भाव विभोर होकर गाये जाते हैं। इन लोकगीतों में राजस्थान के रीति-रिवाज, वेशभूषा, खान-पान, मूल-विश्वास, पर्व-उत्सव, लोक दर्पण आदि को देखकर हमें यहाँ की पूर्ण जानकारी प्राप्त होती है।

राजस्थान लोक संगीत के निम्नलिखित दो रूप प्रचार में है-प्रथम कोटि के लोकसंगीत में वे लोकगीत आते हैं जो जनसाधारण के द्वारा विभिन्न अवसरों पर गाये जाते हैं तथा दूसरी कोटि में वे लोकगीत आते हैं, जो व्यवसायिक जाति के द्वारा गाया जाता है।

इन लोकगीतों में हमें राजस्थान की लोकसंस्कृति के दर्शन होते हैं। उनका निम्नलिखित प्रकार से वर्गीकरण किया जा सकता है-

संस्कार सम्बन्धी लोकगीत :-

बधावा, चाक, भात, रतजगा, हल्दी, घोड़ी आदि संस्कार सम्बन्धी प्रमुख लोकगीत राजस्थान में विवाह आदि के अवसरों पर गाये जाते हैं।

व्यवसायिक जातियों के लोकगीत :-

राजस्थान में अनेक जातियाँ अपनी जीविका चलाने के लिए इन लोकगीतों को गाती है। ये लोकगीत विवाह-त्यौहार आदि अवसरों पर गाये जाते हैं, जिसमें लोगों का मनोरंजन भी किया जा सके तथा व्यक्ति अपनी जीवन यापन के लिए धन भी अर्जित कर कसे। इन लोकगीतों में क्षेत्रीय परिवेश स्थिति व भावों के अनुरूप गीतों के साथ-साथ लोक वाद्यों का प्रयोग भी किया जाता है।

भील जाति के लोकगीत :-

भील जाति के लोगों का जीवन नृत्य, गीतों एवं हास्य विनोद से परिपूर्ण होता है। भीलों के लोकगीतों में उनकी जीवन की पद्धति एवं संस्कृति के पूर्णता के दर्शन होते हैं। राजस्थान के इन लोकगीतों को देखकर हम यह कह सकते हैं कि यहाँ के लोकगीतों में सभी प्रकार के रंगभरे हुए दिखाई देते हैं।[1]

इसी प्रकार राजस्थान के लोक नृत्य भी लोक संस्कृति के परिचायक हैं। इस प्रकार इन वाद्यों की गूंज हमें 'लोक संस्कृति के दर्शन होते हैं।

राजस्थानी लोकगीतों की चर्चा होते ही एक राजपूती शान-बान विरह गीत, चक्की पीसते हुए 'गृहणियों के हरजस', मेलों, ऋतुओं व त्यौहारों के अवसरों पर गाये जाने वाले गीत, जन्म व विवाह पर चाव भरे गीत संगीत इत्यादि का एक मधुर सिलसिला शुरू हो जाता है। लोक संगीत में शास्त्रीय नियमों का पालन नहीं किया जाता, लेकिन राजस्थानी

लोकगीतों को शास्त्रीय राग विधान की दृष्टि से देखने पर पता चलता है कि बिलावल, काफी, देश खमाज, सारंग, पहाड़ी, सामेटी, मारू तथा सिन्धु, मांड इत्यादि राग मुख्यतः प्रयुक्त होते हैं। इन रागों के अत्यन्त शुद्ध रूप भी मिलते हैं और मिश्रित भी।

राजस्थानी लोकगीतों में मांड एक ऐसी पद्धति है जिसे शास्त्रीय संगीत को राजस्थान की विशेष देन के रूप में लिया जा सकताहै। माँड का एक बहुत प्रचलित गीत निम्न है-

केसरिया बालम आओनी, पधारो म्हारै देस
मारूँ थारै देस में निपजै तीन रतन
इक ढोलो, दूजी मरपण उनर तीजों कुसुमल रग
पधारो म्हारै देस

सिन्धु राग युद्ध के लिए गाया जाता रहा हैं एक दोहा देखिए जो नायिका को इंगित कर रहा है कि तेरे लिए युद्ध हो रहा है, सिन्धु राग में गाया जाता है-

बधनो रे केसर बटे गावे संघवा गीत
तुझ गोरी रे कारणे, बाज रहा रणजीत 2

स्वर और लय संगीत के प्रमुख तत्व हैं। एक के बिना दूसरे का अस्तित्व नगण्य है। ग्रामीण वतावरण में होने वाले अनुभवों को जब वे अपनी भाव उर्मियों द्वारा प्रकट करते हैं तो लय स्वतः ही आ मिलती है, उन्हें ताल का कोई अर्थ मालूम नहीं है। लोकगीतों में गति और यति का विशेष महत्व है।

राजस्थान के प्रमुख नृत्य -

1. नृत्यों का सिरमौर - घूमर
2. व्यावसायिक नृत्य - भवाई, तेरहताली, कच्छी घोड़ी
3. भीलों का नृत्य - गीर, गवरी (गौरी) घूमर, नेजा, हिचकी, युद्ध नृत्य
4. गिरानियों के नृत्य - गरबा, वालर, गौर, चंबा
5. कालबेलियों के नृत्य - शंकरिया, पणिहारी, इण्होणी, चकरी पूंगी
6. शेखावटी के नृत्य - गींदड़, कच्छी घोड़ी चंग
7. जोधपुर के नृत्य - डांडिया, घुड़ला
8. जालौर के नृत्य - ढोल-झालर
9. भरतपुर-अलवर के नृत्य - बमरसिया
10. गूजर जाति का नृत्य - चरी नृत्य[3]

ये सभी लोकनृत्य राजस्थान की लोक-संस्कृति को प्रदर्शित करते हैं। लोकनृत्य की तरह राजस्थान के लोक वाद्य भी लोक संगीत के महत्वपूर्ण अंग होते हैं। ये लोकवाद्य गीत व नृत्यों में माधुरी की वृद्धि के साथ-साथ वातावरण निर्माण एवं भावाभिव्यक्ति को आकर्षित बनाने में सहायक होते हैं। अतः राजस्थान के लोक संगीत में यहाँ के परिवेश मिट्टी, वातावरण एवं भावों के अनुरूप लोकवाद्यों का प्रचुर विकास हुआ है।

संक्षिप्त रूप में लोक वाद्यों का परिचय यहाँ पर दिया जा सकता है।

तत - इकतारा, दोतारा, चौतारा, जंतर, खाज, तन्दूरो
घन - डंडिया, घंटा, थाली, घंटी, झांझ आदि
सुषिर - अलगोजा, बंशी, मोर, चंग, पेली, तोटो आदि
अवनद्य - चंग, डफ, खंजरी, ढोलक, डमरू, ढोल आदि[4]

इसी प्रकार राजस्थान में लोकनाट्यों के जितने विभिन्न रूप में देखने को मिलते हैं उतने शायद ही कहीं देखने को मिले। ये नाट्य ख़्याल, स्वांग तथा लीलाओं के रूप में विशेष रूप में विशेष प्रसिद्ध हैं। ख़्यालों की यहाँ कई रंग शैलियां मिलती हैं। इनमें माच के ख्याल सर्वाधिक लोकप्रिय हैं। इनमें भी तुर्रा कलंगी के ख़्यालों की बड़ी समृद्ध पम्परा पाई जाती है। अन्य ख़्यालों में मारवाड़ी, कुचामणी, शेखाकटी, चिड़ावी, हाथरसी, अलीबक्षी, किशनगढ़ी, नौटंकी तथा जयपुरी ख़्याल, बीकानेरी रम्मतें तथा

कठपुतलियों के खेल विशेष प्रचलित हैं। ये ख़्याल लिखित तथा मौखिक दोनों रूपों में मिलते हैं। भीलवाड़ा, जोधपुर, जैसलमेर, किशनगढ़, अजमेर, जयपुर आदि इनके प्रमुख प्रकाशन स्थल रहे हैं।

यहाँ के स्वांग भी कई रूपों में अभिनीत होते हैं। ब्याह-शादियों पर औरतों द्वारा प्रदर्शित ख्याल-झामटड़ों तथा खूंटियों-खोड़ियों में गृहस्थ जीवन की गई सुन्दर झांकियाँ देखी जाती हैं।

इस प्रकार राजस्थानी लोक संगीत जन समुदाय के सारे क्रियाकलापों तथा उनमें बसे संगीत, अभिनय, नृत्य तथा वाद्यों के द्वारा यहाँ की लोक संस्कृति का पूर्ण परिचय देता है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची :-

1. भट्नागर धर्मेन्द्र, सिंघल, पी.के. राजस्थान, 2004, वार्षिक सन्दर्भ ग्रन्थ, किरण प्रकाशन, जयपुर 2004, पृ.सं. 615
2. राजस्थानी लोकगीतों की एक परिक्रमा-प्रमोदशाह, संगीत नवम्बर 2005, पृ.सं. 52
3. भट्नागर धर्मेन्द्र, सिंघल, पी.के. राजस्थान, 2004, वार्षिक सन्दर्भ ग्रन्थ, किरण प्रकाशन, जयपुर 2004, पृ.सं. 609
4. भल्ला, एल.आर. सामयिक राजस्थान, कुलदीप पब्लिकेशन्स, जयपुर 1985, 2008, पृ.सं. 474

कोल जनजाति का लोक संगीत : मध्यप्रदेश के सन्दर्भ में

डॉ0 वेणु वनिता

सहायक आचार्या एवं
विभागाध्यक्षा, संगीत विभाग
कनोहरलाल स्नातकोत्तर महिला, महाविद्यालय, मेरठ

शोध सार :-

मानव मात्र लोक का अभिन्न अंग है। किसी भी सभ्यता से सम्बंधित मनुष्य में लोक की उपस्थिति सहज है। किसी भी समाज की लोक परम्पराएं सम्बन्धित समाज की अमूल्य धरोहर होती हैं। लोक परम्पराओं का आविर्भाव कहाँ से हुआ ये कह पाना अत्यंत दुस्तर है। लोक गीतों के सम्बन्ध में बात की जाय तो अन्य लोक परम्पराओं की ही भांति यहाँ भी इसके प्रणेता को जान पाना सुलभ नही है।

कोल जनजाति का लोक संगीत अत्यंत सरस है। इनके गीतों में इस समुदाय की अंतर्मन की भावनाओं को सहज ही देख सकते हैं। अनेक स्थान पर प्रयुक्त होने वाले गीतों तथा नृत्यों में मन की भावनाओं की सहज अभिव्यक्ति मन मोहित कर लेती है। इन के गीतों तथा नृत्य में प्रयुक्त वाद्य भी अन्यन्त मनहर हैं। कोल समुदाय के लोक वाद्य की बनावट प्रकृति के अत्यंत निकट है।

सूचक शब्द

जनजाति, समुदाय, लोक, अवसर, पुरातन

प्रस्तावना :-

प्रस्तुत शोध-पत्र में मध्यप्रदेश में निवास करने वाले कोल समुदाय के लोक संगीत के विविध पक्ष पर प्रकाश डाला जाना प्रस्तावित है। कोल जनजाति के लोक संगीत में लोक गीत के अंतर्गत संस्कार गीत तथा अन्य अवसरों पर गाये जाने वाले अनेक गीतों का उल्लेख, कोल जनजाति के लोक वाद्यों का उल्लेख तथा कोल जनजाति के नृत्य तथा नृत्य में प्रयुक्त होने वाले गीतों का उल्लेख किया गया है।

उद्देश्य :-

प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य कोल जनजाति के मनहर लोक संगीत के विविध पक्षों पर प्रकाश डालना है। इस शोध कार्य में कोल जनजाति के लोक संगीत के विविध पक्षों की सामग्री को लिखित रूप में प्रस्तुत करने का प्रयास किया गया है। यह कार्य भविष्य में किसी छात्रों, शोधर्थियों एवं जिज्ञासुओं के लिए सम्बन्धित विषय की तथ्य सामग्री के रूप में उपलब्ध हो सकेगी।

प्रस्तुत शोध-पत्र के लिए शोध सामग्री का संकलन पुस्तकों, पत्र-पत्रिकाओं एवं साक्षात्कार के माध्यम से करने का प्रयास किया गया है।

विषय प्रवेश :-

लोक का अभिप्राय जन सामान्य से है। लोक का अस्तित्व अत्यंत प्राचीन समय से ही है। वेदों

को लोक का परिष्कृत स्वरूप कह सकते हैं। लोक में जन सामान्य की भावनाओं के अनुरूप सहज व्यवहार होता है। लोक की किसी भी परम्परा में शास्त्रीयता का बंधन नहीं होता है। लोक, जीवन की परिधि है। लोक में मनुष्य के सभी कृत्यों की सर्जना होती है। अतः कहा जा सकता है कि लोक का केंद्र मनुष्य है। लोक की धुरी के दो पहिये स्त्री तथा पुरुष हैं। श्री श्याम परमार जी के अनुसार 'लोक का उद्‌बोधन जन सामान्य के लिए है। लोक शब्द, विस्तृत भूभाग पर समस्त प्रकार के मानव के लिए अभिहित है। यह शब्द वर्ग भेद रहित व्यापक एवं प्राचीन परम्पराओं की श्रेष्ठ राशि सहित अर्वाचीन सभ्यता संस्कृति के कल्यानमय विकास का द्योतक है। समाज में प्रायः दो प्रकार की संस्कृतियों (ग्रामीण तथा नागरिक) का उल्लेख मिलता है किन्तु लोक दोनों में ही उपस्थित है।' लोक का विस्तार अत्यंत वृहद् है। लोक शब्द की प्रयुक्ति वैदिक काल से है इस सम्बन्ध में डॉ. रंजना त्रिपाठी जी लिखती है 'उपनिषदों में लोक शब्द का प्रयोग एकाधिक स्थानों पर देखने को मिलता है। ऋग्वेद में लोक के लिए 'जन' शब्द का प्रयोग दृष्टिगोचर होता हैं।'

लोक शब्द को जनसामन्य के लिए प्रयुक्त किया जाता है अतः लोक संगीत को जनसामान्य का संगीत कहा जाएगा। लोक संगीत जनसामान्य की अभिव्यक्ति का माध्यम है। इस माध्यम से जनसामान्य के अंतर्मन की भावनों को सहज अभिव्यक्ति होती है। लोक गीतों के सम्बन्ध में डॉ. निशात फात्मा जी कहती है 'लोक गीत को जन सामान्य की अभिव्यक्ति मानी जाती है। अतः इन गीतों में समाज के सुख-दुःख, आशा-निराशा, राग-बिराग, ईर्ष्या-द्वेष आदि मनोभावों का तथा रीति-रिवाज़, आचार-विचार, रहन-सहन, विश्वास, मान्यताओं एवं परम्पराओं आदि विभिन्न पहलुओं का सजीव चित्रण प्राप्त होता है।' लोक संगीत में जनसामान्य की भावनाएं तथा समस्याएं सहज ही दृष्टश्राव्य होती हैं। लोक संगीत में इस के रचनाकार का नाम सामान्यतः नहीं मिलता है। इस सम्बन्ध में डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा जी कहते है 'लोक कवि गीतों का सृजन करते समय अपनी लेखनी से अधिक अपने कंठ और जीभ को प्रयुक्त करते है। फलस्वरूप मौखिक प्रक्रिया से ही गीत लोकप्रिय हो जाते हैं। ज्यों ही यह गीत दो-चार पीढ़ी तक आगे बढ़ते हैं, इसके मूल लेखक का नाम स्वतः ही धूमिल हो जाता है।'

जनजातियों के लोक गीत की ओर दृष्टिपात करने पर जनजातीय लोक परम्परा का उत्कर्ष सहज ही दृष्टश्राव्य होता है। जनजातियों द्वारा अपनी लोक परम्पराओं के निर्वहन में एक दृढ़ता दिखती है। अपनी लोक परम्पराओं के सशक्त निर्वहन के कारण जनजातियों की अपनी अलग पहचान है। जब आदि मानव अपनी सभ्यता के विकास के लिए क्रियाशील था ऐसे समय में आदि मानव का एक वर्ग विकास की इस दौड़ में पिछड़ गया। सभ्यता से दूर रहने वाले तथा अपनी पुरातन लोक परम्पराओं को समेटे हुए वर्ग को हम आज जनजाति अभिधान प्रदान करते हैं।

मध्य प्रदेश में निवास करने वाली कोल जनजातियों के लोक संगीत के सम्बन्ध में शोध के दौरान रेखांकित करने वाली बात है की कोल जनजाति हिन्दू संस्कृति के अत्यंत निकट है। इनके संस्कार तथा लोक परम्पराएं एवं मान्यताएं तथा दैवीय शक्ति के सम्बन्ध में मान्यताएं हिन्दू समुदाय से बहुत मिलता जुलता है। शोध पत्र का विषय कोल जनजाति के संगीत पर केन्द्रित है। अतः लेख के अग्र भाग में कोल जनजाति के लोक संगीत की चर्चा की जा रही है।

कोल जनजाति के संगीत सम्बंधित समुदाय की जनभावना का संगीत है। इनके गीतों में कोल समुदाय की दुःख, सुख, चुनौतियों तथा अनेक कठिनाइयों का चित्रण श्राव्य है। कोल जनजाति के लोग संस्कारों के अवसर पर गीत को विशेष महत्त्व देते हैं। सामान्यतः हिन्दू संस्कृति में किसी मांगलिक अवसर पर वैदिक मन्त्रों को जो आदरणीय स्थान प्राप्त है कोल जनजाति में यही स्थान गीतों को दिया गया है। कोल जनजाति में संस्कार गीत इस प्रकार हैं।

कोल जनजाति के लोक गीत

जन्म संस्कार गीत :-

पुत्र के जन्म के अवसर पर अति प्रसन्नता का वातावरण होता है कोल जनजाति के परिवार में पुरुष अधिक महत्त्व पाते हैं। इस के सन्दर्भ में मान्यता है कि वंश वृद्धि तथा परिवार का उत्कर्ष पुरुषों के पौरुष से ही सम्भव हो सकता है। पुत्र जन्म के समय सोहर के गायन का प्रचलन है। सोहर के गायन का समय पुत्र के जन्म के समय से आरम्भ होकर बरहवाँ के दिन तक रहता है। कोल जनजाति में प्रचलित सोहर की कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं -

कहाँ से आए शिव शंकर
कहाँ से आए शिव शंकर हो।
कहाँ से आए महरनिया कहाँ से आए भगवान।
मंडिला मोरा जगमग हो।
उत्तर दिशा से शिवशंकर,
पूरब दिशा से महरनिया।
मंडिला मोरा जगमग हो।
का लई के आए शिव शंकर,
का लई के आए महरनिया।
मंडिला मोरा जगमग हो।
नरियर लई के आए शिव शंकर,
बालक लेके महरनिया।
मंडिला मोरा जगमग हो।

भावार्थ :- सोहर की उक्त पंक्तियों में प्रश्नोत्तर है। प्रथम पंक्ति में प्रश्न है कि भगवान शंकर तथा माता पार्वती कहाँ से आए। इस प्रश्न के उत्तर में अगली पंक्ति का उद्धरण है। उत्तर है उत्तर दिशा से भगवान शंकर तथा पूर्व दिशा से माता पार्वती जी आयीं। पुनः प्रश्न है भगवान शंकर तथा माता पार्वती जी क्या ले के आये। इस प्रश्न का उत्तर है की भगवान शंकर नारियल ले के आये तथा माता पार्वती जी बालक ले के आयीं।

कोल जनजाति के सोहर में अलग अलग विषय वस्तु दृष्टश्राव्य होती है। इनकी विषय वस्तु मुख्यतः भगवान की कृपा जिसे पुत्र रत्न की प्राप्ति हुई, अपनी सखियों से प्रसूता का सम्वाद, परिवार में प्रसन्नता का वर्णन इत्यादि होती है।

मानव मात्र में विवाह संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण है। सभी सभ्यता तथा संस्कृति के लोग इस संस्कार को सहर्ष स्वीकार करते हैं। कोल जनजाति में भी यह संस्कार अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान है। हिन्दू संस्कृति के समान ही कोल जनजाति में भी विवाह केवल एक संस्कार नहीं बल्कि अनेक प्रकार की पूजा-पाठ तथा अनेक परम्पराओं एवं विशेष उत्सव का एक मनमोहक संगम है। विवाह संस्कार में अलग अलग समय पर अनेक गीतों के गायन का प्रचलन है कुछ अवसर के नाम तथा उस अवसर पर गाये जाने वाले गीत की कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं।

तेल चढाव-मडवा गीत

कोल जनजाति में विवाह के समय दुल्हे-दुल्हन को तेल तथा हल्दी लगाने की प्रथा है इस अवसर पर महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले गीत की कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं -

केखर सगरा खनाई है हो,
केखर भींट बंधाई है हो।
रामा का सगरा खनाई,
सीता का भींट बंधाई है हो।
तिलिया के तेल महंगा भे,
तिलिया घर जाई है हो।
तिलिया बिटउना है आडिल,
लेई कुलवा चढाई है हो।
कछिया का हरदी महंग भे,
कछिया घर जाई है हो।
कछिया बिटउना है आडिल,
लेई ठिकुरिया चढाई है हो।
ढ़ीकुआ से छिनरव गीरी उतायन,
पड़े-पड़े मिठुलानी है हो।
बधावा का दुबी है छ्छड़ी,
बधउना घर जाई है हो।
केखर सिरहा चढत है, हरदी और दूबी।
सीता के सिरहा चढत है, हरदी और दूबी।
राम के सिरहा चढत है, हरदी और दूबी।

उक्त गीत के माध्यम से स्त्रियों का भाव है कि, तालाब किसने खुदवाया और तालाब की दीवार किसने बंधवाई? राम जी ने तालाब खुदवाया और सीता जी ने दीवार बंधवाया। तेल महँगा है तेली के घर तेल लेने जाओगी तो वो कोल्हू चलाएगा। काछी की हल्दी भी महँगी है, यदि हल्दी लेने जाओगी तो वो ढेकी चलाएगा क्योंकि उसके बेटे अड़ियल हैं। जब वह ढेकुआ (कुंएं से पानी निकालने का साधन) चलाने लगी तो गिर गई और पड़ी-पड़ी ही मीठी बात करने लगी, दूब भी ले आना किसके सिर हल्दी और दूब चढ़ेगी ? राम और सीता के सिर हल्दी और दूब चढ़ेगी।

मांगर माटी का गीत :-

विवाह की तिथि निश्चित हो जाने पर चावल को हल्दी से रंग के देवी-देवताओं को आमंत्रित किया जाता है। मांगर माती की दिन से विवाह की रीतियाँ आरम्भ होती हैं। मांगर माटी में महिलाएं बांस की टोकरियाँ ले के मिट्टी लेने जाती हैं। इस मिटटी से मोगरोहन चौतरा तथा चार-पांच छोटे चूल्हे बनाए जाते हैं। मिट्टी के लिए आते हुए महिलाएं जिन गीतों का गायन करती हैं उनकी कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं।

निर्मल रात जुन्हैया आँगन मोरे।
ओई आए चन्दा रात जुन्हैया आँगन मोरे।
जेमय राम जुन्हैया आँगन मोरे।
घूंटय राम जुन्हैया आँगन मोरे।

प्रस्तुत पंक्तियों में स्त्रियाँ कहती हैं, आज सुहानी रात है, चांदनी मेरे आंगन में उतरी है। मेरे आंगन में राम जी भोजन कर रहे हैं।

मिट्टी ले के वापस आते हुए महिलाओं द्वारा गाये जाने वाले गीत की कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं-

माटी खानय बैठीं छोटी बहू हो,
उता हाय दइया हो दइया, बीछी मारय हो।
बीछी मारय मुड़े तकाय हो,

उक्त पंक्तियों के माध्यम से कोल महिलाएं कहती हैं कि छोटी बहू मिट्टी खोदने लगी उसी समय बिच्छू ने डंक मार दिया। इस डंक का असर ऐसा हुआ सर चकरा गया।

संस्कार गीतों के साथ ही कोल जनजाति के लोग अन्य अनेक अवसरों पर भी गीतों को विशेष महत्व देते है। चैत्र महीने में फसल कटते समय प्रसन्नता पूर्वक गाये जाने वाला चैता गीत की कुछ पंक्तियाँ अधोलिखित हैं -

चैता गीत -

इस गीत को चैत्र के महीने में गाया जाता है। इस महीने में फसल काटी जाती है तथा घर में नया अनाज आता है इसी खुशी में गायन व नृत्य होता है चैत्र के महीने में गायन किये जाने के कारण इस गीत का नाम चैता पड़ा। चैता गीत का गायन बघेलखंड की लगभग सभी जनजातियों में प्रचलित है। कोल जनजाति द्वारा गाया जाने वाला चैता गीत इस प्रकार है -

चैत दिना बैसाख दिना,
बैसाख मा सूखत सरीरी,
घर ना आए सांवरिया
सावन गरजै भादो लपकै,
पवन चलै पुरवाई
घर न आये सांवरिया,
अब तो जिया नहीं लागे,
घर ना आये सांवरिया।

प्रस्तुत पंक्तियों के भावार्थ कुछ इस प्रकार है कि जिस प्रका चैत्र और बैसाख में मौसम के कारण शरीर सुख जाता है उसी प्रकार मेरे प्रियतम के वियोग में शारीर सुखा जा रहा है। सावन आ गया फिर भादो भी आ गया पुरवाई पवन चल रही है लेकिन मेरे सावंरिया नहीं आये। मेरा मन इससे घबरा रहा है। इस पंक्ति को कोल जनजाति में समूह में गायन किया जाता है। इन पंक्तियों को चैत्र तथा बैसाख में गया जाता है।

कोल जनजाति के वाद्ययंत्र

मान्दल

कोल जनजाति में इस वाद्य यंत्र का प्रमुख स्थान है। कोल जनजाति के लोगों द्वारा गीत तथा नृत्य में इसे सम्मिलित किया जाता है। इस वाद्य की खोल सागौन तथा शीसम की लकड़ी का होता है। कुछ स्थानों पर इसे मिट्टी का भी बनाया जाता है। इस वाद्य का भार लगभग चार किलोग्राम होता है। मांदल की ध्वनी ढोलक की अपेक्षा गंभीर होती है।



टिमकी

यह वाद्य कोल जनजाति में लोक गीत तथा नृत्य में शामिल किया जाता है। इस की ध्वनी में तारता अधिक होती है। इसकी तारता बनाए रखने के लिए समय समय पर इसके चमड़े को आग से सकते रहते हैं। यह क्रिया वाद्य के रखरखाव का अभिन्न अंग है। मिटटी के गहरे बर्तन पर बकरे की खाल को मढ़ कर इस वाद्य का अस्तित्व प्रस्तुत होता है। यह नगाड़े का लघु रूप है।

कोल जनजाति के लोक संगीत में अन्य वाद्य के रूप में थाली, चिमटा, झांझ, मंजीरा इत्यादि का भी उपयोग किया जाता है।

कोल जनजाति के लोक नृत्य :-

कोल दहका नृत्य कोल जनजाति के लोगों के मध्य अत्यंत प्रचलित नृत्य है। किसी शुभ अवसर पर अथवा प्रसन्नतापूर्ण वातावरण में इस नृत्य का आयोजन किया जाता है। कोल समुदाय द्वारा कोल्हाई नाच के नाम से प्रचलित इस नृत्य में स्त्री तथा पुरुष दोनों ही भाग लेते हैं। स्त्रियाँ पारम्परिक परिधान में पैर में घुंघरू तथा मुख को घुंघट में ढक कर नृत्य करती हैं तथा पुरुष पच्चीस से तीस की संख्या में ढोलक, मांदल, झांझ, मंजीरा, चिमटा, टिमकी इत्यादि वाद्य ले के बैठते हैं। इस नृत्य के गीत में जबाब-सवाल होता है। कोल जनजाति में कोल दहका नृत्य के साथ ही केहरा, भगत, सैला इत्यादि नृत्य भी प्रचलित हैं। कोल समुदाय अपने लोक शैली को अत्यंत संजीदगी से सहेजे हुए है।

निष्कर्ष :-

जनजातीय समुदाय अपनी लोक परम्पराओं के सशक्त समवाहक होते हैं। जनजातीय समुदाय के लोग अपनी लोक शैली तथा परम्पराओं को पूरी लगन से निर्वहन करते हैं तथा किसी नवीनता को अपनी लोक शैली में मिश्रण से सर्वथा बचते हैं। इसी कारण इनकी लोक परम्पराएं लम्बे समय से अपने मूल रूप में उपस्थित हैं। इनमें बहुत बदलाव नहीं आया है। मध्यप्रदेश के जनजातीय समुदाय में बड़ी संख्या कोल जनजाति की है। कोल जनजाति के लोग भी अपनी मूल परम्पराओं के पोषक तथा सम्वाहक हैं। कोल जनजाति के लोग स्वाभाव से ही अत्यंत निश्छल होते हैं इनका यह व्यवहार लोक संगीत में भी सहज ही दृष्टिगोचर होता है। संगीत तो मन का दर्पण है जो भी मन में होगा वही संगीत के माध्यम से बाहर आयेगा। कोल जनजाति की जीवन शैली प्रकृति के अत्यंत निकट होती है अतः इनके वाद्य भी इस प्रभाव से प्रभावित हैं। कोल जनजाति

के लोग शांत स्वाभाव के होते हैं छल प्रपंच उन्हें नहीं आता है। जब ये लोग उछाह में होते हैं तो नाचते गाते हैं। कुछ नृत्य तथा गीतों में पुरुष तथा महिलाएं समान रूप से भाग लेती हैं तथा कुछ में पुरुष तथा महिलाऐं अलग अलग नाचते गाते हैं।

पाद टिप्पड़ी :-

1. श्री श्याम परमार, भारतीय लोक साहित्य, राजकमल प्रकाशन, नई दिल्ली 1954 पृ. 10
2. डॉ. रंजना त्रिपाठी पूर्वी उत्तर प्रदेश के लोक गीतों में संगीत शास्त्रीयता, प्रकाशक- सचिव, हिन्दुस्तानी एकेडमी, 2009 पृ. 71
3. डॉ. निशात फात्मा, घोषी लोकगीत समाज, संस्कृति और साहित्य, कनिष्का पब्लिशर्स डिस्ट्रीब्युटर्स नई दिल्ली 2002 पृ.सं.-23
4. डॉ. अरविन्द कुमार शर्मा, पंजाब का लोक-संगीत, संजय प्रकाशन, नई, दिल्ली 2011 पृ.सं.- 4
5. श्री राम आधार कोल जी से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त, ग्राम-पतौरा, जिला-सतना, मध्यप्रदेश दिनांक 16/10/2021 समय 2:00 अपराह्न
6. श्री राजाराम कोल जी से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त, ग्राम-बीरपुर, जिला-सतना, मध्यप्रदेश
7. श्री राम अवतार कोल जी से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त, ग्राम-पतौरा, जिला-सतना, मध्यप्रदेश दिनांक 15/10/2021 समय 2:00 अपराह्न
8. श्री राम अवतार कोल जी से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त, ग्राम-पतौरा, जिला-सतना, मध्यप्रदेश दिनांक 15/10/2021 समय 2:00 अपराह्न
9. श्री लाला कोल जी से साक्षात्कार द्वारा प्राप्त, ग्राम-बीरपुर, जिला-सतना, मध्यप्रदेश दिनांक 19/10/2021 समय 2:00 अपराह्न

पूर्वांचल का लोकगीत "बिरहा"

कृतिका पाण्डेय

शोध छात्र

(दी. द. उ.गो. वि. गोरखपुर)

बिरहा लोकगायन की एक विधा है, जो पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा पश्चिमी बिहार के भोजपूरी भाषी क्षेत्र में प्रचलित हैं। बिरहा प्रायः विरह गीत के रूप में सामने आया। बिरहा 'विरह' से उत्पन्न हुई हैं, जिसमें लोग सामाजिक वेदना को आसानी से कह लेते हैं और श्रोता मनोरंजन के साथ- साथ छन्द, काव्य, गीत व अन्य रसों का आनन्द भी ले पाते हैं।

देहाती क्षेत्रों में मनोरंजन का सबसे सस्ता और सरल साधन बिरहा माना गया है। देहाती व्यक्ति जब विरहा गान करता है तो उसे न श्रोता की आवश्यकता होती है और ना ही प्रशंसा की। अपनी मौज मस्ती में गाता हुआ वह चलता हैं। वह अकेला व्यक्ति वास्तव में अपने मन के आनन्द के लिए 'बिरहा' गाता है। इसमें वाह-वाह के साथ अन्तिम शब्द की पूर्ती भी की जाती हैं। खेतो में काम करने वाला किसान, चौपाल में बैठे हुक्का पीते वृद्ध और कुएँ पर पानी भरती महिलाएँ भी बिरहा गायन का आनन्द लेती हैं। यह दृश्य बनारस तथा पूर्वांचल के अनेक क्षेत्रों में देखा जा सकता हैं।

बिरहा की उत्पत्ति के सूत्र 19 वीं शताब्दी के प्रारम्भ में मिलतें है जब ब्रिटिश शासनकाल में ग्रामीण क्षेत्रों से पलायन कर महानगरों में मजदूरी करने की प्रवत्ति बढ गई थी। ऐसे श्रमिकों की रोजी रोटी के लिए लम्बी अवधि तक अपने घर परिवार से दूर रहना पडता था। दिन भर के कठोर परिश्रम के बाद रात्रि में अपने विरह व्यथा को मिटाने के लिए छोटे - छोटे समूह में ये लोग 'बिरहा' का ऊँचे स्वरो में गायन किया करते थे।

बिरहा की उत्पत्ति 'विरह' गीतो से हुई हैं। इसलिए इसका नाम 'बिरहा' पडा। प्राचीन काल में बिरहा केवल महिलाएँ ही गाती थी। नैहर की याद और ससुराल के उत्पीडन की चर्चा होती थी। गाँव से नगर में काम करने के लिए आने वाले ग्रामीणों की बिरहिणी पत्नियों की विरह गाथा का अधिकतर बखान होता रहा हैं। आगे चलकर इस गीत को पुरूषों ने अपना लिया जिससे 'बिरहा' पुरूष प्रधान गीत हो गया। बिरहा गीत के स्थान पर महिलाएँ ग्राम प्रधान गीत 'कजली' गाने लगी। पुरूषों द्व ारा अपनाएँ जाने पर 'बिरहा' में कोमलता समाप्त होकर इसमें अश्लीलता आ गयी। क्रमशः यह गीत संभ्रांत परिवार से हटकर अशिक्षित परिवार में प्रवेश कर गया। यही कारण है कि 'बिरहा' पिछड़े वर्ग के लोग जैसे-अहीर, गोड, कुनबी, कोइरी, बेनिया, भर, पासी, कहार आदि जातियों का और ग्रामीण आँचल का गीत हो गया।

बिरहा की उत्पत्ति का कारण मात्र नायक - नायिका का वियोग ही नही था अपितु विरहा की उत्पत्ति के अन्य सामाजिक आर्थिक कारण भी रहे होंगें। किसी भी विधा के उत्पत्ति के कारण अवश्य होते हैं। बिरहा में 'विरह' गीतों का अर्थात विरह विषयक गीतों की अधिकता होना स्वयं ही उस समय की तत्कालीन सामाजिक परिस्थितियों का बोध कराता हैं। समसामयिक घटनाओं को आधार बनाकर लिखे गये कुछ विरहां गीतों के उदाहरण प्रस्तुत हैं-

आजादी के बाद जब अभी नहरों का निर्माण नहीं हुआ था, लगभग अकाल जैसी स्थिति थी।

अनाज का आयात किया जाता था तब की एक रचना-

''सजनी ओही देसवां बजर परे राम
जौने देसवा में भूख महामारी बाड़े राम''

पटना में एक विवाह समारोह में दहेज माँगे जाने पर दुल्हन ने दुल्हे को गोली मार दिया था।

इस सामयिक घटना को भी विरहा गीत के माध्यम से प्रस्तुत किया गया हैं -

"हल्ला मचल पटना के टोला टोलिया
दुल्हा के दुल्हन मारे गोलियाँ"

फूलन देवी हत्याकाण्ड, वीर अब्दुल हमीद (परमवीर चक्र विजेता) आदि लोगो पर भी विरहा गीत लिखे गये जो बहुत प्रचलित भी हुए।

कालान्तर में लोकरंजक गीत के रूप में बिरहा का विकास हुआ पर्वों, त्योहारों अथवा मांगलिक अवसरों पर 'बिरहा' गायन की परम्परा रही हैं। किसी विशेष पर्व पर मन्दिर के परिसरों में 'बिरहा दंगल' का भी प्रचलन हैं।

बिरहा गायन के आज दो प्रकार सुनने को मिलते है। पहले प्रकार को "खडी बिरहा" कहा जाता है और दूसरा रूप है "मंचीय बिरहा"। खडी बिरहा में वाद्यो की संगति नही होती, परन्तु गायक की लय एकदम पक्की होती हैं। पहले मुख्य गायक तार सप्तक के स्वरों में गीत का मुखडा आरम्भ करता हैं और फिर गायक दल उसमें सम्मिलित हो जाता हैं।

4 से 5 लोंगों की संख्या में एक साथ मिलकर बिरहा गाने का परम्परा हैं। बिरहा के दंगली स्वरूप में गायकों की दैं टोलियाँ होती हैं जो बारी बारी से बिरहा गीतों का गायन करते है। ऐसी प्रस्तुतीयों में गायक दल परस्पर सवाल जवाब और एक दूसरे पर कटाक्ष भी करते हैं। जिसका उत्तर 'आशु कवि' की तरह तुरन्त देना पडता हैं। इस प्रकार के गायन में 'आशुसर्जक' लोक गीतकार को प्रमुख स्थान मिलता है। बिरहा गााने के लिए किसी प्रकार के वाद्य की आवश्यकता नहीं। केवल लोहें के दो सलाखों से जिसको 'कडताल' कहते हैं से काम चल जाता हैं। बिरहे दो - दो पंक्तियों के होते है जिनको 'पितमा' कहते हैं। इसका अंतिम शब्द प्रायः बहुत खींचकर कहा जाता हैं। जैसे -

"बेद, हकीम, बुलाओ कोई गोइयाँ कोई लेओ री खबरिया मोर।
खिरकी से खिरकी ज्यों फिरकी फिरति दुओ पिरकी उठल बड़ जोर।।

लम्बे बिरहो में वीर तथा श्रगांर रस प्रधान होता है। पौराणिक आख्यानों में वीर चरित्रों का चित्रण रहता हैं। इसको कुछ लोग, आल्हा ऊदल की वीर गाथाओं से जोडते थे। बिरहा एक दूसरे की परम्पराओ से जुडने में सक्षम हैं।

आजकल पारम्पिरिक गीतो के तर्ज और धुनो को आधार बनाकर बिरहा काव्य तैयार किया जाता हैं। पूर्वी, कहरवा, खेमटा, सोहर, पंचरा, जटावर, जटसार, तिलक गीत, बिरहा गीत, विदाई गीत, निर्गुण छपरंहिया, टेरी, उठान, टेक, गजल, शेर, पहपट, आल्हा और फिल्मी धुनों पर अन्य स्थानीय लोक गीतों का बिरहा में समावेश होता हैं।

कुछ प्रसिद्ध, बिरहा गायक-

बिहारी यादव (गाजीपुर), पन्तू यादव, छेदी, पंचम, करिया, गोगा, मोलवी, मुंशी, मिठाई, खटाई, खरपन्तू, लालमन, सहदेव, अक्षयबर, बरसाती, रामाधार, जयमंगल, पतिराम, महावीर, रामलोचन, मेवा, सोनकर, मुन्नीलाल, पलकधारी, बेचन सोनकर, रामसेवक सिंह, रामदुलार, रामाधार कहार, रामजतन, मास्टर, जगन्नाथ, बालेसर यादव (बालेश्वर यादव) आदि।

बिरहा के शुरूआती दौर के कवि जतिरा, अधर, हफते जुबान, शीसा पलट, कैदबन्द, चित्रकॉफ सारंगी, शब्द सोरबा, डमरू, छन्द और अनुप्रास अलंकार का प्रयोग करते थे।

बिरहा की अश्लीलता को दूर करने का श्रेय 'बिहारी' नामक जनकवि को है। बिहारी ने 'बिरहा' के क्षेत्र में नई क्रान्ति पैदा की और उसको संवार सुधारकर नया रूप प्रदान किया। इसके साथ - साथ बिहारी कवि ने बिरहा में निर्गुण भक्ति रसः देश और

समाज से सम्बन्धित पद तैयार कियें। इसमें बिरहा के प्रेंमिंयो के काव्य के प्रति नई चेतना जाग्रत हुई जिससे सभी वर्गों में उसका जोरदार स्वागत होने लगा। बिहारी कवि ने धार्मिक कथाओ के आधार पर 'निर्गुण' का निर्माण किया। बनारस में बरसात के दिनों में लौकिक देवताओ के 'सिंगार' के समय बिरहा गाने की प्रथा बहुत पुरानी है। इसी से आगे चलकर काशी में 'बिरहा दंगल' प्रारम्भ हुआ कजरी दंगल से प्रेरणा लेकर।

वर्तमान भारत में जहाँ भी हिन्दी भाषा - भाषी है वहाँ बिहारी के बिरहे प्रचलित है। बिहारी के प्रायः बारह हजार शिष्य हिन्दूस्तान भर में है जिसमें पन्तू गनेश, रम्मन, शिवचरन, सरजू, विश्राम, विश्वनाथ, अकलू महावीर और अलगू इत्यादि एक हजार शिष्य तो बिरहा के प्रमुख रचयिता हुए है। बिहारी ने चारलाख पद लिखे है जो कि चार लाइन से लेकर तीस - तीस लाइन तक के हैं। यह मानना पडेगा कि बिरहा लेखन की दिशा में, 'बिहारी कवि' का योगदान अतुलनीय एंव सराहनीय हैं।

पूर्वांचल की यह लोकगायकी मनोरंजन के अलावा थकावट मिटाने के साथ ही एकरसता और ऊब मिटाने का उत्तम साधन हैं। बिरहा गाने वालों में पुरूषों के साथ ही महिलाओं की दिनों दिन बढती संख्या इसकी लोकप्रियता और प्रसार का स्पष्ट प्रमाण हैं।

आजकल बनारसी बिरहा गायकों की सारे भारत वर्ष में पूछ हो रही है, जिनको लम्बी फीस देकर बुलाया जा रहा है। अब बिरहा सभी वर्ग के लोंगों ने अपना लिया है और इनके पेशेवर गायकों की बडी मांग है। सर्वसाधारण इसको मनोरंजन का सबसे प्रमुख साधन मानने लग गया हैं।

यह विधा भारत के बाहर देशों 'मॉरीशस' 'मेडागास्कर' और आस - पास के भोजपूरी क्षेत्रों की बोली वाले क्षेत्र में अपनी पैठ बढाकर दिनों दिन और लोकप्रिय हो रही है। अब जबकि संस्कृति भी एक उत्पाद है, लोक संगीत आधुनिक प्रसार तकनीकी जैसे सोशल मिडिया का सहारा लेकर अपने "लोक" को प्राप्त हो रही है। ऐसे में अपने क्षेत्रीय दायरे को त्याग कर बिरहा लोकतांत्रिक पूंजीवाद की सास्कृतिक मण्डी में अपने होने का जोरदार दावा प्रस्तुत कर रहा हैं।

सन्दर्भ सूची -

1. 'सोच विचार' साहित्यिक पत्रिका काशी अंक भाग - 4
2. लोक साहित्य का सिद्धान्त एंव भोजपूरी साहित्य - डॉ. आनन्द नारायण पाण्डेय
3. भोजपूरी लोक संस्कृति एंव हिन्दुस्तानी संगीत - संजय कुमार सिंह
4. विकिपिडिया

हरियाणवी गीतों में जीवन जगत

कांता देवी

शोधार्थी

चौधरी रणबीर सिहं विश्वविधालय, मेरठ

किसी भी देश की पहचान उसकी सभ्यता, संस्कृति और संस्कार से की जाती है इस पर भारत देश के प्रांत हरियाणा की अगर बात की जाए तो यह अपनी एक अलग पहचान रखता है, पूरे भारत वर्ष में हरियाणा का गठन 1 नवम्बर 1966 को हुआ। तब से ही हरियाणा के बुद्धिजीवी और राजनीतिज्ञ हरियाणा की पहचान ढूँढने की कवायद कर रहे है, लेकिन सर्वमान्य पहचान तो चिह्नित करने में असफल रहा है सर्वमान्य एव सर्व प्रदेशों में हरियाणा की पहचान एक वाक्य से हो जाती हैं-

''जहाँ दूध-दही का खाणा,
ऐसा म्हारा हरियाणा''

हरियाणा को श्वेत क्रांति और हरित क्रांति को बढ़ावा देने वाले राज्य के रूप में जाना जाता है। हरियाणा के सामाजिक-सांस्कृतिक जीवन की अगर शास्त्रोक्त आचार-संहिताओं की बात जाए तो यहाँ शास्त्र की बजाय लोक का ही प्राधान्य है। शास्त्र एक विशेष पद्धति व अनुशासन की अपेक्षा करता है, तो लोक में खुलापन एवं खुरदरापन होता है। अपने संकटकाल में लोकशास्त्र की बजाए जीवन की व्यवहारिकता से निर्णय करता है, इस प्रकार हरियाण ावी संस्कृति शास्त्र की बजाय 'लोक' मैं संचालित है। इसी लोक जीवन को हम हरियाणवी गीतों के माध्यम से समझ सकते है। ये हरियाणवी लोक गीत अपने माध्यम से हरियाणा के सारे रीति-रिवाजों को प्रकट करते है हरियाणवी गीतों में यहाँ के रीति-रिवाजों से सम्बन्धित गीत मिलते है चाहे वे गीत बच्चों के जन्म के बधाई गीत, सावन, कार्तिक, माघ, फसल कटाई, वीरता के, फाल्गुन के, शादी, घोड़ी के, भात के, बन्नी, साँझी के गीत, गूगा पीर, बाहरली माता, दादा खेड़ा, प्रकृति के सम्बन्धित गीत और तो और मृत्यु पर भी शोक गीत गाए जाते है। हरियाणा का कोई भी उत्सव या रीति रिवाज ऐसा नहीं है जिस पर हरियाणवी गीत न गाए जाते हो। हरियाणा के लोक गीतों में लोक जीवन साफ तौर पर झलकता है। ये गीत विशेष तौर पर महिलाओं द्वारा गाए जाते है। इन गीतों में महिलाएँ अपनी बात गीत गायन के माध्यम से कहती है। और किसी से मान-मनुहार, प्रेम खुलापन, चिंताएं, प्रकृति के माध्यम से मायकों वालों को संदेश भी गायन के माध्यम से ही देती हैं।

लोक गीत विभिन्न ऋतुओं में तथा विभिन्न संस्कारों के अवसर पर गाए जाते हैं। कुछ ऐसी जातियां भी हैं, जिनमें गीत विशेष को गाने का रिवाज है। विभिन्न कार्य करते समय परिश्रम जन्म थकावट दूर करने के लिए भी कुछ गीत गाए जाते हैं, इस प्रकार लोक गीतों का श्रेणी विभाजन पाँच प्रकार से किया जा सकता है।

क. सस्कारों की दृष्टि से
ख. रसानुभूति की प्रणाली से
ग. ऋतुओं तथा व्रतों के क्रम से
घ. विभिन्न जातियों के अनुसार
ड. श्रम के आधार पर

संस्कारों की दृष्टि सेः-

1. बच्चे के जन्म से सम्बन्धित बधाई गीत (छठी उत्सव)ः- जब घर में जचकी होती है तो बच्चे के जन्मदिन के छः दिन बाद घर में बधाई गीत गाए जाते है। जिसे छटी कहते है। इस अवसर पर गाए जाने वाले गीत इस प्रकार है।

मेरा परस चढ़नता सुसरा न्यँ कहव,
बहुवड़ एक लड्डुड़ा हम न भी दयों न लड्डुड़ा
चरचरी सूँठ का
ससुरा फोडू तो दुख मेरी ऑगली साबुत दैया
न जा, (प)
लड्डुड़ा चरचरी सूँठ का।

मेरा हलसी जौड़दा ज्येठा न्यू कहव,
बहुवड़ एक लड्डुड़ा हम न भी द्यों न,
लड्डुड़ा चरचरी सूँठ का
ज्येठां फोडू तो दुख मेरी ऑगली,
साबूत दिया न जा
लड्डुड़ा चर चरी सूँठ का।

यहाँ पर जचकी के समय जब प्रसूता के खाने के लिए सौंठ के लड्डू बनाए जाते है और उन लड्डओं में से एक लड्डू ससुर एवं ज्येष्ट के द्वारा जब माँगा जाता है तो प्रसुता कहती है मैं लड्डू अगर आप को तोड़ कर देती हूँ तो मेरी अगुँली में दर्द है इसलिए मैं लड्डू तोड़ नहीं सकती और पूरा लड्डू में नहीं दे सकती। वह ना नुकूर के शब्दों से किसी को भी लड्डू नहीं देती।

कुआं पूजन के गीतः- बच्चे जन्म के 21 या 31 दिन के पश्चात कुआं पूजन किया जाता है जिसमें जल देवता की पूजा की जाती है इस दिन के पश्चात प्रसूता घर के अन्दर-बाहर आ जा सकती है। जब तक यह पूजा नहीं हो जाती उसे अपनी प्रसूता वाली कोठरी में ही रहना होता है। कुआं पूजन से सम्बन्धित गीत इस प्रकार है।

जच्चा औढ़ पीलिया बैठी कि आज कुआं
पूजूँगी
राजा दाई मेरी आवैं,
वो तो बच्चा जणाई नेग माँग
राजा सास मैरी आवै,
वो तो चखा चलाई नेग माँग

इस प्रकार जब प्रसूता कुआं पूजन की रस्म करती है तो वह अपने से बड़ी और छोटी सभी घर की औरतों को उपहार देती है। तब प्रसूता अपनें पति को सम्बोधित करते हुए कहती है कि आज मेरा कुआं पूजन है और आज सभी मुझ से नेग (उपहार) माँगेगी। मैं सब को खुशी-खुशी उपहार देना चाहती हूँ।

भात के गीतः- जब बच्चा बड़ा हो जाता है और शादी होती है उस समय शादी से एक दिन पहले भात के गीत गाए जाते है। ये गीत लड़के की मां अपने भाई की तारीफ में गाती है।

'रे बीरा गुड़ की भेली ल्याई मैं भात न्योंतणे आई
हे जीजी इब क टाल कर नै आगै न ब्याह-सगाई
रे बीरा गुड़....
रे बीरा गुड़ की भेली नै देदे चाचे-ताऊआं क भात
न्योतदूँ
हे जीजी गुड़ की भेली ना मिलती चाहे बिक जाव
घर की हैली'

इसमें बहन अपने भाई के घर जाती है कि भाई मेरे बच्चे की शादी में गुड़ की भेली (गुड़ शगुन रूप में लाया जाता है) लेकर आई हूँ। भाई कहता है अब थोड़ा ठहर जा फिर शादी कर लेना अभी मेरी आर्थिक स्थिति अच्छी नहीं है तब बहन कहती है कि भाई मैं तो अभी शादी करूँगी और चाचा-ताऊ मेरा भात भर देंगे। तब भाई कहता है नहीं बहन में आप का भात जरूर भरूँगा चाहे उसके लिए मुझे अपना घर बेचना पड़े तो मै बेच दूँगा मैं तेरा सम्मान जरूर करूँगा।

बन्ना-बन्नी के गीत- हरियाणा में जिस लड़का-लड़की की शादी होनी हो उसे बनड़ा-बनड़ी बोलते है रिवाज के अनुसार शादी से सात या नौ या ग्यारह दिन पहले जो गीत गाए जाते है उसे बन्ना-बन्नी के गीत कहते है।

बन्ना हो थारी हेली में 64 पैड़ी
बन्ना हो मैं तो चढ़ती-उतरदी हारी
बन्ना हो तेरी दादी लड़ौकड़ी बताई
बन्ना हो तेरी ताई लड़ौकड़ी बताई
बन्ना हो मैं तो उन उनतै भी चढ़दी आई।
बन्ना हो जिस दिन से होई थी सगाई
बन्ना हो उस दिन त शिखू थी लड़ाई
बन्ना हो मैं तो गैल घेसला लाई।
बन्ना हो थारी हैली में 64 पैड़ी

यह पर होने वाली दुल्हन-दुल्हे से वार्तालाप कर रही है कि आप के घर की सीढ़िया की संख्या बहुत ज्यादा है जिस कारण मैं ऊपर चढ़ते-उतरते वक्त थक जाती हूँ। फिर कहती है कि मैंने सुना है आपकी जो दादी है वह झगड़ाल है और आप के घर में जो अन्य चाची-ताई वो भी लड़ने में बड़ी तेज है, लेकिन मेरी बात भी आप सुन लो मैं तो लड़ने में उनसे भी ज्यादा तेजतरार हूँ। और वो तो सिर्फ लड़ती ही होंगी मैं तो अपने साथ लड़ने के लिए डंडा भी लेकर आई हूँ। इस प्रकार शादियों में हँसी-मजाक के गीत गाए जाते है।

तीज के गीतः-

तीज का त्योहार श्रावन मास में तीज तिथि को मनाया जाता है। इस दिन महिलाएं झूला-झूलती है और गीत-गाकर खुशी-खुशी त्योहार को मनाती है। सभी स्त्रियाँ सोलह शृंगार करती है। सभी और श्रावन की मस्ती में झूम उठती है।

मेरी बहना बोली कोयलियाँ काली आई स तीज हरयाली
झूला तो झूलै मिलकर बाग में।
सखियाँ संग सामण झूलै बहुत पुराणी प्रथा

झूल घाल दै डालै के माँ समय ना खौव वृथा

इस गीत में एक सखी-दूसरी सखी से कहती है कि काले रंग की कोयल बागों बोल रही है और श्रावन मास है इसलिए हम सब मिल कर झूला झूलेगें बाग में। कहती है कि सखियों के साथ झूला झूलणे की यह रिवाज बहुन पुरानी है।

इसलिए अब हम झूला डाल लो समय को बेकार मत करो।

कार्तिक मास के गीतः-

कार्तिक मास में हरियाणा की औरतों द्वारा सुबह चार बजे तालाब बावड़ियों में ठण्डे जल में स्नान किया जाता है। और सुबह तुलसी पूजन किया जाता है सभी मिलकर राम-नाम का सुमिरण करती है। पूरे कार्तिक मास में यह स्नान किया जाता है।

राम अर लक्षमण दसरथ के बेटे
दोनों वनखण्ड जाए हेरी कोई राम मिले भगवान
एक वण चालै दो वण चाले तीजे म लग आई प्यास
हेरी कोई राम मिले भगवान

छोटा सा लड़का गऊए चराव वो सीता का लाल, हेरी कोई राम मिले भगवान एक बार राम लक्ष्मण अपने यज्ञ के घोडे को ढूढ़ते हुए वन में जाते है लेकिन चलते-2 उन्हें प्यास लग जाती है तो उन्हें कहीं भी प्यास बुझाने के लिए पानी दिखाई नहीं देता तब छोटे-छोटे दो लड़के गाय को चरा रहे है तब राम जी उनसे पानी के विषय में पूछते हैं।

धोबी र धोबन कपड़े र धौव
रामचन्द्र घुड़सवार हो रामा
धोबी न रामचन्द्र न ताना हे मारा
रामचन्द्र से गोरी हम ना स
धोबी से धोबन बूझण लागी
रामचन्द्र में के खोट हे रामा
छ बहीने सीता रावण क रहगी,
महलों में ली बैठा।
धोबी का ताना सुण क हो रामा
उलटा हे घुड़सवार हो रामा
उठा र लक्षमण भाई जलदीर उठो
सीता न दओ बणो बास हो रामा
उठो री सीता माता जल्दी री उठो हो रामा
जाणा स बणों बीच हो रामा

यहाँ इस गीतग में श्रीराम जी नगर में घूम रहे है जनता के सुख-दुख जानने के हेतु तब एक धोबी राम जी को देखकर अपनी पत्नी पर तंज कसते है

कि में राजा रामचन्द्र नहीं जो एक बार तू घर से बाहर निकलेगी तो में तुझे रख लूँगा जैसे

सीता छः माह किसी (रावण) के घर रह कर आती है तो राम जी उसे वापिस महलों में ले आते है कहता में ऐसा नहीं करूगाँ। इस बात को सुनकर मर्यादावादी श्रीराम जी वापिस महल में आकर लक्ष्मण के साथ सीता को वन भेज देते है।

कोथली के गीतः-

श्रावन मास में लड़की के पीहर (मायके) की तरफ लड़कियों की ससुराल उपहार भेजे जाते है जिसे कोथली कहते है। इस कोथली में शगुन का सामान स्वाली (मीठी मठी) घेवर बताशा आदि चीजे माँ अपनी बेटी के लिए भेजती है।

लै क फोटू बैठ गई
मॉ जाई न भूल गया
मेरे लाडले भाई आरे बीरा
थोड़ा सा टैम लिये काढ़
सुख-दुख बतला जाईये रे भाई।
रे भाई लैक कोथली की
आड़ रे भाई बहना न फैटण आ जाइये
हे रे ना चाहना कांहे की
खुशी रे तेरे आणे की
आरे बीरा भाणा न हो
भाइया की ठाड बस मान बढ़ा जाइये।

यहाँ एक बहन भाई का इंतजार कर रही है कि वह कोथली के बहाने से उससे मिलने आ जाए। बहन अपने भाई का फोटू लेकर बैठ जाती है, और उस चित्र से बातचीत करती हुई कहती है कि हे भाई माँ-बाप तो अब है नहीं अब आप ही मेरी ससुराल आकर मेरे सुख-दुःख की बात पूछ जा। हे भाई मुझे किसी प्रकार की वस्तु की दरकार नहीं है मैं तो बस तेरे आने मात्र से ही खुश हो जाऊँगी। हे भाई मुझे किसी प्रकार की वस्तु की दरकार नहीं है मैं तो बस तेरे आने मात्र से ही खुश हो जाऊँगी। हे भाई मुझे तेरा बड़ा सहारा है अगर तू मेरी सुसराल आएगा तो मेरा मान-सम्मान पक्ष में बढ़ जाएगा।

गूगापीर के गीतः-

जवाहर गूगा पीर की मान्यता पूरे हरियाणा में है गूगा का मेला भाद्रपद महिने में लगता है। यह मेला सिरसा बागड़ में लगती है भाद्रपद की नौवीं से लेकर चौदस तिथि तक गुगा पीर की पूजा-अर्चना की जाती है।

नौवीं के दिन प्रसाद के रूप में गुड़ का प्रसाद बांटा जाता जिसे (सीरणी) कहते है।

गीत का एक उदहारणः-

''नौवीं बोली ऐ कती भूलगी तेरा ध्यान कड़।
हे तनै याद कर स गूगा मेड़ी आला
जब गूगा बागा म आया
मालण क मन माया
मेवा खा कै उलटा डिगर गा
मालण टौवनती फिर सै
हे तनै याद कर सै गूगा मेड़ी आला''
जब गूगा ए
कुएं पै आया पनिहारी के मन भाया
पानी पीकर उलटा डिगरगा,
हे तनै याद कैर स गूगा मेड़ी आला

इस प्रकार एक सखी-दूसरे सखी से कहती है कि हमें बागड़ की भूमि पर गूगा पीर की पूजा अर्चना करने के लिए जाना चाहिए। क्योकि वह हमारा मंगल करने वाला देवता है। इसलिए हम सब चलते है बागड़ धाम को। गूगा पीर आज बाग में आया था तो बाग की मालिन को वो बहुत अच्छे लगे लेकिन व चलै गए वहाँ के फल खाकर के।

सांझी के गीतः-

दशहरे से पहले अमावस्या के दिन घरों में दीवार पर गोबर से सांझीं बनाई जाती है फिर ग्रामीण औरते मिलकर हर रोज इस सांझी के गीत गाती है।

चलो सांझड़ी सांझ दादा घर चलौ
बालक झूलै ए वरणौ पालणौं
एक-दूजे की भर काणज राखियो
खाट-उतर पीढ़ा बैठियों
चलो सांझड़ी ताऊ घर चालौ।

यहाँ पर सांझी को निमन्त्रण दिया जाता है कि वह हम सभी के घरों में आए और हमारे लिए मंगल करें।

<u>सती पूजाः-</u>

हरियाणा के कई गाँवों में सती पूजा की जाती है, जिस स्थान पर कई स्त्री अपने पति के साथ सती हुई हो अथवा पति के युद्ध में मारे जाने पर किसी स्त्री ने पीला रंग के कपड़े पहन कर अग्नि प्रवेश किया हो, वहाँ सती की मंढी स्थापित है।

''चूदड़ी फूला की सती माता न चड़ावन जा
सास मेरी यूँ बोली की लोग तेरी कर तकरार
भगतणी का कै बिगड़ ए सती माता मेरे साथ''

यहाँ पर भक्तिन औरत के द्वारा माता पर चुन्नी(दूपट्टा) ओढ़ाया जाता है तो उसकी सास इस बात को देखकर खुश नहीं होती तो वह भक्तिन कहती है कि मुझे दूसरों से कोई मतलब नहीं हैं क्योंकि सती माता पर मुझे अटूट विश्वास है और वह मेरे साथ है।

<u>खेड़ा पूजनः-</u>

खेड़ा (दादा खेड़ा) हरियाणवी गाँव के देवी-देवताओं में सबसे महत्वपूर्ण माना जाता है। रविवार के दिन दादा खेड़े का पूजन किया जाता है। गाँव की स्त्रियां सांय काल में दादा खेड़े की पूजा करने जाती है।

पाँच पतासे पान्नाहं का जोड़ा,
ले खेड़े पै जाइयों जी।
जिस डाली म्हारा खेड़ा बैठया,
वाह डाली झुक जाइयों जी।।

प्रकृति पूजनः-

प्राचीन आर्य लोगों की तरह ही हरियाणा में सूर्य और चन्द्र की भी पूजा की जाती है, सुबह स्नान-ध्यान के पश्चात् सूर्य को पानी दिया जाता है। स्त्रियां कई व्रतों में 'चन्द्रमा' को पानी देती है। गंगा-युमना में भी हरियाणवी लोगों की गहरी धार्मिक आस्था है। नदियों के स्नान का बहुत महात्म्य माना जाता है। प. माँगेंराम द्वारा रचित एक भजन जो लोक प्रचलित है।

गंगा जी तेरे खेत म्हं माई गडे हरी हंडोले चार
कन्हैया झूलते श्री रूकमण झूला रही''

संक्षेप में कहा जा सकता है कि हरियाणा क्षात्र-धर्म प्रधान, वैदिक संस्कृति का उपासक है। आर्यो की संस्कृति हरियाणा के जनमानस में घर किए है। हरियाणा में जो रीति-रिवाज है उन रीति-रिवाजों को हम हरियाणवी संस्कृति की सभ्यता और संसार को दर्शाते है। गीतों के मध्य से हम अपने रिश्तों के में मान-मनुहार को समझ सकते है। तीज-त्योहार, शादी-विवाह, प्रकृति, पूजा-अर्चना, धार्मिक आयोजन आादि में एक भी कार्यक्रम ऐसा नहीं होता जिसमें लोकगीतों की भागीदारी न होती हो, अगर हरियाण ावी संस्कृति से रूबरू होने के लिए और हरियाणवी जीवन जगत् को जानने के लिए हरियाणवी लोकगीतों का अध्यनन बहुत ही जरूरी है।

संदर्भ-सूचीः-

1. डा. रघुबीर सिंह मथाना, हरियाणवी साहित्य का इतिहास, लक्ष्मण साहित्य प्रकाशन, रोहतक
2. के. सी यादव, हरियाणा इतिहास एवं संस्कृति, मनोहर पब्लिशर्जस एंड डिस्ट्रिब्यूटर्श दरियागंज, नई दिल्ली-110002
3. देस हरियाणा(पत्रिका) संयुक्तांकः नवम्बर 2016 ये फरवरी 2017, करूक्षेत्र, हरियाणा-136118
4. देस हरियाणा पत्रिका जनवरी फरवरी 2016, करूक्षेत्र हरियाणा-136118
5. सम्पादक- डॉ. राजेन्द्र गौतम कविता यात्रा छः, हरियाण ाा साहित्य अकादमी, पंचकूला
6. सम्पदक माधव कौशिक, हरियाणा की प्रतिनिधि कविता, साहित्य अकदमी, पंचकूला
7. https://youtu.be/6gxkcn10awm
   https://youtu.be/hrg-rd-otws
   https://youtu.be/h8g6hitkys

लोकनाट्य नौटंकी की समकालीनता

सुनील कुमार
शोधार्थी
हिन्दी विभाग जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू

शोध सार

भारत के लोकनाट्यों में यद्यपि नौटंकी की बात की जाए तो इसका थिएट्रिकल होना इसकी सबसे महत्वपूर्ण विशेषता है। हिन्दुस्तानी जुबान और गायकी में लोकधर्मिता आदि के कारण इसका सम्प्रेषण सशक्त होता है। आधुनिक नृत्य गीति नाट्यों में जितनी सफ़लता नौटंकी को मिली है उतनी किसी और लोकनाट्य को नहीं मिली है। यही कारण है कि अभिजात्य रंगमंच में इसे स्वीकृति भी मिली है और अपनी ज़मीन के निकट आने पर इसमें नये द्वार खुलने की संभावना भी है। समकालीन रंगकर्मी नौटंकी की क्षमता को पहचान रहे हैं तथा इसे इसकी पारम्परिक ऊंचाई में पुनर्गठित करने का संघर्ष भी कर रहे हैं। हिन्दी नाटकों में इसके वैविध्यमयी प्रयोगों ने इस बात को सिद्ध किया है।

मूलशब्दः-

लोकनाट्य, नौटंकी, रंगमंचीयता, अभिनय, संगीतात्मकता और समकालीनता।

हम कितने ही आधुनिक क्यों न हो जाएं, नाटक गीत और नृत्य का मिला-जुला स्वरूप हमारे स्वभाव और धरोहर का ही एक अंग बना हुआ है। यद्यपि लोकनाट्यों की बात की जाए तो लोक नाट्य एक ऐसी विधा है जिसे ग्रामवासियों द्वारा विशेष अवसरों पर प्रस्तुत किया लाता है। लोक जीवन से जुड़े होने के कारण लोक भावनाओं को सहज रूप में प्रस्तुत करता है। इसमें लोक मानस का सुख दुख, उसकी आशा निराशा, हर्ष उल्लास उसका विषाद और संघर्ष आदि के साथ साथ लोक जीवन के वैविध्यमयी चित्र देखने को मिलते हैं। इसमें अभिनय के साथ साथ संगीत और नृत्य का पूरी उन्मुक्तता के साथ समावेश होता है यह मूलतः संगीत प्रधान लोक नाट्य है जो भारत के लगभग समस्त उत्तरी भाग में खेली जाती है। चूंकि इसकी भाषा भी लोक जीवन को लेकर चलती है अतः अपनी बात दर्शकों तक पहुंचाने में भी सफल हेतु बनकर सामने आता है इसलिए आज भी लोकनाट्य लोकमानस के आर्कषण बने हुए हैं। ''लोक रंग शैली में उनमुक्तता, तनावहीनता प्रमुख रूप से देखने को मिलती है उसमें कोई निशिचित स्क्रिप्ट नहीं होती। बस एक कथा होती है उस कथा को कहने के लिए सब कुछ होता है। वे अपने भावों को प्रकट करने के लिए अपने दिल में जो कुछ है उसका इज़हार करने के लिए नाच गाने और संवाद का इस्तेमाल करते हैं,,[1]।

लोक जगत ही भारतीयता की असल पहचान है। आदिम सुग में मनुष्य ने अपने मनोरंजन की तलाश करते हुए इसे विकसित किया होगा। ''देश की असंख्य जनता के अत्याधिक करीब होने के कारण श्री माथुर इसे पंचम वेद की संज्ञा की वास्तविक अधिकारिणी मानते हैं।[2] भारतीय रंगमंच साहित्यक व लोक साहित्य की द्रष्टि से सबसे प्राचीन

मंच है। लोक नाट्य भी कई स्तरों तक नाट्यशास्त्र का अनुमोदन करता है। दोनों ही विधायें अरस्तु की तीन एकता समय, स्थान व कार्य को अस्वीकार करता हुआ रस निष्पति का अनुकरण का अनुसरण करता है। नैमिचन्द्र जैन के अनुसार-'' कई द्रष्टियों से उसमें संस्कृत रंगमंच से कहीं अधिक विविधता है सबसे बड़ी बात है कि वह आज भी जीवित है। कोई गंभीर गहरा रंगकर्मी बहुत दिनों तक लोकनाटय की उपेक्षा नही ंकर सकता और कभी न कभी उसे रंगकार्य के इस पक्ष के साथ अपना कोई न कोई संबंध बनाना पड़ता है[3]। यही कारण है कि लोक नाटक आज भी प्रासंगिक बने हुए हैं। इतना ही नहीं थिएटर आफ रूट्स की जब हम बरत करते हैं तो हमें क्लासिक के साथ साथ लोकनाट्यों की समृद्ध विरासत को भी देखना होगा क्योंकि लोकनाट्य ही भारतीय रंगमंच के पुराने अवशेष हैं जो भारतीय रंगमंच के अनवेषण में हमारी सहायता कर सकता है और यह कोई विलुप्त हुआ रंगमंच नहीं है यह आज भी भारत में विद्यमान है और अपनी समृद्ध विरासत लिये।

नौटंकी उत्तर भारत की सबसे लोकप्रिय नाट्य है। स्वांग, भगत, ख्याल, सांगीत, गम्मत आदि शब्द इसके प्र्याय के रूप में प्रचलित हैं। इसके उद्भव और विकास के संदर्भ में विद्वानों में मतभेद रहा है। कुछ विद्वानो के अनुसार नौटंकी एक पंजाब की कुलीन महिला थीं जो फूलों से तौली जरती थी। नाथूराम गौड़ ने उस पर नौटंकी भी बनाई थी। कुछ विद्वानों के अनुसार ''नौटंकी का नाम इसमें प्रयुक्त 9 प्रकार के वाद्यों तथा 9 प्रकार के नगाड़ों के कारण पड़ा[4]। प्रसाद नौटंकी को नाटकी का अपभ्रशं मानते हैं। कई विद्वान इसका विकास काल 11वीं-12वीं शताब्दी मानते हैं। डा रामनारायण अग्रवाल नौटंकी के मूल में ख्याल गायकी को मानते हैं उनके मतानुसार'' उत्तर मध्ययुग में उत्तरी भारत में ख्याल परंपरा ने स्वांग या संगीत के रूप में जब जब अपने को चौबोला गायकी के साथ जोड़ा तो वह भगत, स्वांग या नौटंकी के नाम से विभिन्न क्षेत्रों में प्रचलित हुई,,[5]। इसके संदर्भ में यह भी कहा जाता है कि संगीत की इस विधा को 1919 के आसपास कानपुर मे नौटंकी का नाम मिला था। संस्कृत परंपरा का सांगीत रूप इसका जनक रहा है। यह भी माना जाता है कि ख्यालों के साथ जो नौ प्रकार के नक्कारे बजाये जाते थे उसी कारण से नौटंकी का नाम प्रचलन में आया। आज भी ख्यालों के साथ नक्कारों की परंपरा है राजस्थान में इन्हें नक्कारे ख्याल कहा जाता है। नौटंकी की शुरूआत लोगों के मनोरंजन करने के लिए हुई विषेशकर उन लोगों के लिए जिनके पास मनोरंजन का कोई साधन नहीं था। राजा महाराजाओं के पास अलग अलग लोग थे जो उनका मनोरंजन किया करते थे लेकिन आम लोग व गरीब किसान जो अपनी मुफलिसी में जीवन व्यतीत किया करता था मनोरंजन के किंचित साधनों से वंचित था। जिसे स्वांग शैली कहते हैं वही आगे चलकर नौटंकी के रूप में विकसित हुई। स्वांग मे अधिकतर मिथकीय रूप को अपनाया जाता था किन्तु जब वह स्वांग से नौटंकी के रूप में स्थापित हुई तो उसका कलेवर आम लोगों के नाना रूपों को लेकर चला। उसका कथ्य कुछ भी हो सकता है किसी न किसी रूप में आम जन को प्रभावित कर सके। ''the stories may comes from mythology, history, romance, folklore and times from contemporary themes,[6] इसके मंचन के लिए किसी विषेश ताम झाम अथवा किसी विशिष्ट स्टेज की ज़रूरत नहीं होती जहां भीड़ होती है लोगों को इकट्ठा कर दो और नौटंकी शुरू कर दो और जो भी बात कहनी है नौटंकी के माध्यम से कह दो। पहले की अपेक्षा नौटंकी का रूप आज बदल गया है वह अब केवल मनोरंजन का साधन नहीं बल्कि लोगों को शिक्षित कराने या उन्हें जागरूक करने के लिए भी इस्तेमाल होती है। नौटंकी के जन्मदाताओं में मल्ल, रावत और रंगा के नाम लिए जाते हैं। मल्ल जाट, रावत राजपूत और रंगा जुलाहा था। यह लोग ढोलक बजाकर नौटंकी का अभिनय करते थे। अब ढोलक का स्थान नगाड़े ने ले लिया है परन्तु रंगा का नाम आज भी नौटंकी के साथ जुड़ा हुआ है।

नौटंकी का रंगमंच आडंबरहीन होता है। प्रारम्भ में शामियाने के नीचे फर्श बिछाकर नौटंकी खेली जाती है। दर्शक चारों ओर बैठते है। परदों का प्रयोग प्रायः नहीं होता है। इसका आरम्भ मंगलाचरण से होता है। रंगा पात्र सूत्राधार की भांति नौटंकी की कथा, समय, स्थान आदि का परिचय गाकर ही करता है। इसका दृश्य परिवर्तन भी रंगा की वार्ता द्वारा ही होता है। रंगा को प्रांतीय भाषा में मसखरा कहते हैं और इसे नौटंकी का मुंशी भी कहा जाता है। यह नौटंकी मंडल का गुरू होता है। वह सारे खेल की गतिविधियों का संचालन करता है और मंच पर प्रवेश करने वाले पात्रों के प्रवेश व प्रस्थान की सूचना देता है। गायन पद्वति व इसकी भाषा में आंचलिकता की विशिष्ट छाप होती है। बहर, लावणी, दोहा, चौपाई, सोरठा, चौबोला, ग़ज़ल, शेर, दादरा आदि छंदों का प्रयोग होता है। संगीत बाहुल्य व इसकी गायन पद्वति के कारण इसे गीतिनाट्य भी कहा जाता है। नेमिचन्द्र जैन के अनुसार ''नौटंकी संगीत मूलक नाटक है, एक प्रकार का म्यूज़िकल ओपेरा।''[7] टोटल थियेटर बनाने की संभावना इसी नाट्य में है। इसके वाद्यों में नगाड़ा, ढोलक, हारमोनियम आदि प्रमुख हैं। इसका दर्शक वर्ग प्रायः निम्मनवर्गीय होते हैं गीत गज़ल आदि में रूचि रखने वाले दर्शक इसमें अधिक पाये जाते हैं। इसके कलाकार भोडल, काला, लाल, पीला रंग आदि प्रयोग में लाते हैं। कलाकारों के लिए प्रयुक्त वेश विन्यास अत्यंत भड़कीला होता है प्रायः बहुत ही कीमती वस्त्रों का प्रयोग किया जाता है। इसका खेल रात्रि के 9-10 बजे आरम्भ होकर पूरी रात चलता है। एक गांव में हो रही नौटंकी को आसपास के गांव के सभी लोग शामिल होते हैं। परिवार की द्रष्टि में ये लोग मुजरे में या शराबखाने में गए हुए जैसे माने जाते हैं। इसका कारण है कि कुछ मंडलियां जो धन कमाने के लिए इसमें विकृति करते हुए इसमें फूहड़पन को भर देते हैं।

लोकनाट्य और नोटंकी के संबंध में एक विशेष बात यह है कि लोकनाट्य में नृत्य और गायन के माध्यम से होने वाला अभिनय यथार्थवादी न होकर स्टाइलाइज़्ड होता है ''जबकि नौटंकी में और तमाशा तथा माच में भी अभिनय, अच्छा अभिनय अशिल्पित नहीं यथार्थवादी होता है,,[8]। इस विधा पर यह आरोप लगाया जाता है कि यह अत्यंत विकृत हो चुकी है। नौटंकी पार्टी को अकसर लोग किसी की शादी या किसी महोत्सव में बुलाया जाता है। अच्छी मंडलियां महंगी होती हैं। इसलिए आम आदमी तक उसकी पहुंच नहीं है। अतः ऐसी धारणा बनाई गई हैं। अच्छी नौटंकी पहले भी अच्छी थी और आज भी अच्छी हैं। समकालीन हिन्दी नाटक परंपरा में नौटंकी शैली को लेकर कई सफल नाटक भी लिखे और लोकनाट्यों की और हमारा ध्यान आकर्षित कर समकालीन हिन्दी नाट्य परंपरा में रंगमंच के नये मुहावरे की नींव रखी जिनमें हबीब तनवीर का नाम अग्रणी है। मुद्राराक्षस का आलाअफसर तथा सर्वेश्वरदयाल सक्सैना का बकरी नाटक नौटंकी शैली के सशक्त उदाहरण हैं। इन प्रयोगों के कारण नौटंकी एक संभावनापूर्ण रंगमंच के रूप में सामने आ रही है। हिन्दी रंगकर्मी भी इसकी रंगक्षमता को पहचान रहे है और आशा है कि ये लोक शैलियां टोटल थिएटर की परिकल्पना में नाटककारों व निर्देशकों का संबल बनकर पूरी तरह से खरी उतरें।

संदर्भ

1. कमला प्रसाद, कलावार्ता, सुशील त्रिवेदी, मैंने विदेश में अपने देश को पहचाना, फरवरी, 1984, भोपाल, पृ 7
2. धीरेन्द्र वर्मा, हिन्दी साहित्य कोश, पृ 686
3. नैमिचन्द्र जैन, रंगदर्शन, पृ 80
4. डा विशवनाथ शर्मा, हिन्दी रंगमंच का उदभव और विकास, पृ 121
5. छायानट, अंक 14, पृ 23
6. Youtube .com nautanki
7. नेमिचन्द्र जैन, रंगदर्शन, पृ 210
8. मुद्राराक्षस, आला अफसर, पृ 14

सौन्दर्य

Antiquity of Sārdā Temple at Maihar

Dr Sanju Mishra
Allahabad Museum
Ministry of Culture, Government of India, Prayagraj

मुंशीराम जांडली एक नवीन चेतना के कवि थे। उनका उद्देश्य सांग परंपरा में जो अनर्थ हो रहा था जो बदमाशों की टोली की संज्ञा के रूप में स्थापित हो रही थी। मुंशीराम जांडली की तरह ही महाशय दयाचंद मायना भी कला के प्रेमी थे। उन्होंने भी नेताजी सुभाष चंद्र बोस किस्से में बाकायदा कवियों का नाम लेकर बताया कि ऐसे लोगों से देश समाज हरियाणा की लोकसंस्कृति, साहित्य का भला होने वाला नहीं है। एक रागिनी के माध्यम से उनकी सुन सुन ताने भारत मां की नाड़ तले नै होगी , और इस रागनी की अंतिम कली में वह कहते हैं-

लख्मीचंद नै सांग कारया नौटंकी लकड़हारा।
मांगेराम हीर पीर की जोड़ रागनी गारा।
धनपत सिंह निदाने
आला लीलो चम्मण ने ठा रहा।
सुण सुण कै नै बात उघाड़ी
यो भारत ड्यूबा जारा।
करो दयाचंद प्रचार धर्म के
या दुनिया थूक बिलोगी।
चड़्गी शर्म ल्हाज आज आज
कोन्या बोल्ण जोगी।[12]

मुंशीराम जांडली के साहित्य में लोक नाट्य परंपरा हरियाणा की लोकसंस्कृति औरउसमे नैतिक मूल्य भावना भरपूर मात्रा में दिखाई देते हैं। प्राचीन काल से ही साहित्यकार समाज में नैतिक मूल्यों की स्थापना करते दिखाई देते हैं। भारतीय संदर्भ में यह और भी जरूरी है क्योंकि भारत में धर्म जाति, संप्रदाय, लिंगभेद, उच्च-नीचछोट-बड़ेइर्ष्या, द्वेष प्रारंभ काल से ही प्रचुर मात्रा में स्थापित हुए दिखाई दे रहे हैं। यहां महिलाओं पर जो अत्याचार दिन प्रतिदिन बढ़ते दिखाई देते हैंजिसमे सती प्रथा, बाल विवाह जाति प्रथा कहानीकारों ने अपने साहित्य में इनको बखूबी नाटक के माध्यम से दिखाने का प्रयास किया। मुंशी राम जांडली नैतिकता के कवि है। जनता में दया करुणा परोपकारीलोग होगतो भाईचारा और प्रेमस्थापित होगा। जिस समाज में जितने दयालु और परोपकारी लोग होंगे वह समाज उतना ही तरक्की शील होगा। जो लगातार दूसरों की चुगली में व्यस्त रहते हैं कवि उन्ह कभी मनुष्य ही नहीं मानता ऐसी निकृष्ट तो मनुष्य समाज के लिए घातक सिद्ध होते हैं। ऐसे लोग एक दूसरे के बीच वैमनस्य पैदा करते हैंऔर अपना उल्लू सीधा करते हैं तथा समाज में कठिनाई पैदा करते हैं। हरियाणा में लोक गायकों को रचनाकारों, कलाकारों की विशेष परंपरा रही है। पिछले कई वर्षों में इन लोकगीतों को नए किसम की अश्लीलता से सरोबार करके पैसा कमाने का जरिया बनाने का चलन बढ़ गया है। इस तरह के और भी कारणों से रागनी कंपटीशन एक दौर के बाद असफल होने प्रारंभ हुए।मगर इनको अश्लीलता के सहारे बनाए रखने की कोशिश अभी भी जारी है। इसम चाहे ऑडियो कैसेट हो या विडियों हो उनका प्रचलन आज भी बसतूर जारी है, मगर कई तकनीकी और बाजारवाद के बाजारीकरण ने इन सबको खत्म कर दिया है। आज चुनौती है नए दृष्टिकोण और नई विषय वस्तु के साथ लोकगीतों की परंपरा को आगे बढ़ाने की ताकि साहित्य संस्कृति का माहौल बनाया जा सके इस सामाजिक माहौल में हरियाणा के लोककवि माननीय मुंशीराम जांडली जी के सांगों व उसकी फुटकर रागनियां का संकलन जो हो रहा है वह एक सराहनीय कदम है।मुंशी राम जी की रचना धर्मिता को दो हिस्सों में बांट कर देखा जाए तो बेहतर है। एक पंडित लख्मीचंद के वक्त का दौर और उसके बाद उसका रचनाकाल समाज सुधार पर अपनी रचनाधर्मिता को समर्पित करने का ज्यादातर रचनाकारों ने प्रचलित सांग पर ही अपने-अपने ढंग से रचना की है। कुछ सागों की पेट कथा उनकी अपनी ही दिखाई देती है। पिछले 50 -60 वर्षों में हरियाणा में कुछ प्रमुख लोक प्रतिभाओं ने सांग रागिनी के क्षेत्र के विकास में विशेष भूमिका निभाई है, और उसम से एक नाम है मुंशी राम जांडली इसके चलते अलग-अलग पड़ाव पार करके तथा भिन्न-भिन्न गायकों के सहयोग से रागिनी आज हरियाणा में लोक साहित्य के किसी भी अन्य रूप की तुलना में अधिक जीवंत और प्रचलित विधा बन गई है। हालांकि सांग अपने अस्तित्व को बचाने में विभिन्न कारणों से चलते कामयाब नहीं हो पाए हैं, परंतु यह प्रयास जारी है और एक दिन इसम सफलता जरूर मिलेगी। ज्यादातर सांगा में ब्राह्मण

ावाद की मूल विचारधारा दान महिमा, स्वामी भक्ति और वर्ण व्यवस्था के आदर्शों का ही निरवा नजर आता दिखाई देता है। रागिनी की परंपरा में काफी कुछऐसा भी है जो लोक चेतना और लोक संवेदना की रूढ़ियाँ को ही व्यक्त करता है। पारिवारिक संबंधों की पवित्रता तथा परंपरागत मूल्यों को बचाने रखने के लिए दी जाने वाली कुर्बानियां तो इन संगों की रागनियों में विशेष रुप से प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत हो रही है। परंतु स्त्री-पुरुष संबंधों की उचित कल्पना के अभाव में इन रागनियां में व्यस्त होने वाली प्रेम संबंधी भावनाएं अक्सर श्थुल शारीरिक आकर्षण और ललचाई वासना की सतह से ऊपर नहीं उठ पाती। मुंशी राम जांडली ने इन जगहों पर एहतिआत और सावधानी बरतने की कोशिश की लगती नजर आ रही है। मगर रागिनी की ताकत को भी पहचानने की जरूरत है। आज के रचनाकारों के लिए जोकि मुंशी राम जांडली जैसे रचनाकारों की रागनियां लक्षित हुई है कई जगह। मुंशीराम जांडली जी की सॉन्ग की रागिनियों में भी गीतात्मकता, सुगमता और नाट्य आत्मक्ता के साथ-साथ सारगर्भित आ भी नजर आती दिखाई देती है। अतः समाज की सामान्य भावनाएं और सांझी समझदारी भी अच्छी प्रकार अभिव्यक्त हुई है। उनकी रागनियां में भावनाओं की सार्वजनिकता और अभिव्यक्ति की सुगमता मुख्य ताकत के रूप में कईसांगों में नजर आती।[13]

भारत लंबे समय तक गुलाम रहा इसका सबसे बड़ा कारण था भारतीयों की आपसी इर्ष्या, द्वेष जलन और अकर्मण्यता चोरी, ठगी, चुगलखोरी ने इस देश को डुबो दिया है। जिसम जाति, धर्म, मजहब, ऊंच-नीच छोट- बड़ा यह सब चीज किसी न किसी रूप में भारत की संस्कृति भारत के साहित्य को गुलामी की और ले जाने का प्रयत्न कर किया जा रहा है। जिसमें समाज और देश के लिए उत्तरदायित्व की भावना का अभाव दिखाई देता है।कवि मूर्तिपूजा करने वालों और भूत प्रेत के माध्यम से अपना रोजगार चलाने वालों को भी पाप की संज्ञा देते हैं। कवि ने समय में अनेक संगीत पार्टियां प्रचलित थी जो नीरा अश्लील और अवैज्ञानिक गाते थे और समाज में दुष्प्रचार करते थे। मुंशी राम जांडली ने समाज को ऐसे लोगों से बचकर नैतिकता के रास्ते पर चलने का उपदेश दिया।[14]

निष्कर्ष-मुझे मुंशीराम जांडली जी की रचनाओं पर कुछ विचार व्यक्त करने का अवसर मुझे मिला है। आज के रचनाकारों को एक समीक्षात्मक दृष्टि के साथ मुंशीराम जांडली जी की रचना कर्म से सीख लेकर आज के दौर के यथार्थ का और उसके प्रति पैदा हो रहे जनाआक्रोश का सटीक चित्रण करना जरूरी है। इस प्रकारकहा जा सकता है कि मुंशीराम जांडली की दृष्टि वीर रस पर अधिक जमीन है। समय विशेष को देखते हुए इस प्रकार के उत्साह वीरता और बहादुरी की उस वक्त महती आवश्यकता भी थी। भारत देश अंग्रेजों से स्वतंत्रता के लिए संघर्ष कर रहा था। उसम प्रत्येक युवा मुंशीराम जी की वीर रस पूर्ण कविता को सुनकर पढ़कर जोश व उत्साह से भर कर अंग्रेजों को ललकार रहा था। अतः कहा जा सकता है कि वीर रस की दृष्टि से मुंशीराम जांडली की कविता बेजोड़ ,अतुलनीयस और सराहनीय है।

संदर्भ सूची-

1. हरियाणा प्रदेश का लोक साहित्य, श्री राहुल जी - पृष्ठ स॰67
2. हरियाणा के संगों मसौंदर्य निरूपण, डॉ विजेन्द्र सिंह पृष्ठ स 4-5
3. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली, डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ स॰ 30
4. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली, डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ स 31
5. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली,डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ स 32
6. वहीं पृष्ठ 32
7. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली, डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ स 80
8. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली, डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ स 83
9. हरियाणा के संगों मसौंदर्य निरूपण, दर विजेन्द्र सिंह पृष्ठ 16
10. हरियाणा लोकसाहित्य ,सांस्कृतिक संदर्भ-डॉ भीम सिंह मालिक पृष्ठ 21-22
11. हरियाणा के लोक गीत, डॉ साधु राम शारदा-पृष्ठ 239
12. मुंशीराम जांडली ग्रंथावली, डॉ राजेन्द्र बडगुजर पृष्ठ 84
13. वही पृष्ठ 20-21
14. वही पृष्ठ 70-71

यादों के झरोखे से- 'स्मरण मन्नू भण्डारी'

डॉ. कल्पना दुबे

एसोसिएट प्रोफेसर,

एम. एम. एच कालेज, गाजियाबाद

साहित्य जगत की नामचीन हस्ती मन्नू भण्डारी से मिलने का सौभाग्य मुझे मिराण्डा हाउस में अध्यापन के दौरान मिला। उन दिनों मैं और अनुभा गेस्ट लेक्चरर के रूप में फंक्शनल हिन्दी कोर्स पढ़ाने हेतु नियुक्त हुए थे। महाविद्यालय की ही प्राध्यापक के घर हम सभी इकट्ठे हुए थे। वहाँ उन्हें भी आना था। उस समय वो वहाँ से सेवा निवृत्त हो चुकी थीं। मैं उन्हें उनकी कहानियों से जानती थी।उनके प्रबुद्ध, प्रखर प्रगतिशील सोच से उनके व्यक्तित्व का एक खाका मेरे मन में था। मैं उन्हें बहुत सरल , सहज रुप में नहीं देख पा रही थी। लेकिन उनके आने के बाद मेरी उनके विषय बनी अवधारणा तब बदल गई जब वो हर किसी से बड़े स्नेह से उनके और परिवार के कुशलक्षेम को जानने की आत्मीयता में हाथ पकड़ कर थोड़ा सहला देती, तो कभी मुस्कुराकर कुछ समझा देतीं। यह सिलसिला तब तक चलता रहा जब तक वो अपने सभी साथियों से नहीं मिल चुकीं। कुछ लोग उन्हें दीदी सम्बोधन से मिल रहे थे। मन्नू भण्डारी बहुत सरल, सौम्य, और सामान्य कद काठी की थीं। किन्तु आकर्षक व्यक्तित्व की धनी थीं। स्वभावतः संकोची मैं अभिभूत सी कभी उन्हें तो कभी उनके आत्मीय प्रेम मिलन को देखती निहाल हुए जा रही रही थी। हमारे उनके पास तक पहुंचे से पहले डा. प्रोमिल सिंह जो वहाँ प्राध्यापक थीं ने, हमारा परिचय कराया। हमारा कोई बड़ा कद और पद नहीं था। बस हफ्ते में कुछ क्लास पढ़ाने को मिला था। लेकिन हिन्दी विभाग के सभी लोग हमें स्नेह करते थे। हम बड़े सम्मान के साथ वहाँ विभाग की सभी गतिविधियों में शामिल किए जाते थे। वहाँ पढ़ाने का भी बहुत सुखद अनुभव रहा है। मन्नू भण्डारी जैसी बड़ी रचनाकार को सामने पाकर मैं थोड़ा असहज हो रही थी। बहुत नामचीन रचनाकार के नजदीक होने की उत्सुकता के बाद भी बड़े संकोच के साथ मैने उनका पैर छुआ उनका स्नेही हाथ मैने अपने सिर पर महसूस किया साथ ही बड़ा प्रिय स्वर कल्पना तुम कहाँ से होघ् और फिर उनके पास की कुर्सी पर बैठने का उनका संकेत पाकर उनके निकट ही बैठ गई। मेरे लिए वह बहुत बड़ा दिन था। लगभग तीन चार घण्टे तक सबका संग-साथ और सभी उनके साथ बात.चीत और कहानियों पर उनकी राय सुनते जानते रहे। और सभी गीत, गजल, कविता सुनते सुनाते आनन्दित हो रहे थे। यह कोई खास अवसर नहीं था बल्कि सबका एक साथ मिलना-जुलना ही था। मन्नू भण्डारी की एक खासियत यह थी कि वह जहाँ भी होतीं थीं सेंटर आफ अट्रैक्शन हो जाती थीं। उनका प्रभाव मेरे दिलो दिमाग पर छाया रहा। बाद में मैने उनकी और भी रचनाओं को पढ़ा। उन्होंने बहुत महत्वपूर्ण रचा है।और समय के सच को लिखा है। उन्हें पढ़ते समय ऐसा प्रतीत होता है कि हम सब कुछ अपने सामने घटित देख रहे हैं। उनके लेखन की और भी बहुत खासियत है कि जिसने भी उन्हें पढ़ा उसमें उन्हें पूरा पढ़ने की ललक जगी। इन्होंने अपनी रचनाओं में पढ़ा लिखा मध्यवर्गीय परिवार और उसकी दोहरी मानसिकता विवशता को बहुत अच्छी तरह उभारा है। स्त्री पुरूष

के मनोविज्ञान को बड़ी बारीकी से समझा है।और पुरुष के अहं के बीच टूटती स्त्री की उपेक्षित आवाज को बल दिया है।सच है कितना भी पढ़ा लिखा समाज हो जाजे वह आधुनिक सोच का हो जाय और प्रगतिशील होने का दम्भ भरे लेकिन स्त्री की आजादी और आइडेंटिटी उसके गले नहीं उतरती है। वह उसके रास्ते को सुगम नहीं रहने देता है। मन्नू भण्डारी इन स्थितियों के प्रति विद्रोह जताती हैं। लेकिन इनका विद्रोह बहुत शान्त तरीके का रहा है और अस्वीकार बहुत विवेकपूर्ण। कठिन जीवन संघर्ष में भी स्त्री के मानसिक भावनात्मक बदलाव को उजागर करती हैं। यही बड़ी वजह है कि इनकी कहानियां लोगों की समझ में जल्दी उतर गईं और सबको वह अपनी सी लगीं।इनका अनुभव रचना को एक विवेकपूर्ण विस्तार देता है।इनकी कहानियों की लोकप्रियता का यह आयाम रहा कि केवल घरों में पढ़ी ही नहीं गईं वह विद्यार्थियों को पढ़ने के लिए सिलेबस में शामिल की गईं तथा उस पर फिल्म भी बनी है। कथ्य और शिल्प इनकी प्रतिभा के कायल हैं। भाषा बिल्कुल सहज और छोटे-छोटे वाक्यों में जीवन्त संवाद सीधे अन्तर में उतर जाते हैं। यह सहज ही बहुत बड़ी बात कह जाती हैं। वह बड़ी रचनाकार हैं बांधती है पाठक को। वस्तुतः मन्नू भण्डारी हिंदी की सिद्धहस्त कथाकार हैं। नई कहानी आन्दोलन में इनकी भागीदारी महत्वपूर्ण है। रचना का संस्कार उन्हें उनके परिवार से मिला है। उनके पिता श्री सुख सम्पतराय भी लेखक थे। मध्यप्रदेश से कोलकाता और फिर दिल्ली तक के सफर में अध्ययन, अध्यापन, लेखन, पुरस्कार, सम्मान आदि से उनके व्यक्तित्व को गरिमामय प्रतिष्ठा मिलती रही। महेन्द्र कुमारी का मन्नू भण्डारीनाम हिन्दी जगत में जाना पहेचाना नाम रहेगा।

3 अप्रैल सन् 1931 को मध्यप्रदेश के मंदसौर जिले के मानपुरा गांव में जन्मी महेन्द्र कुमारी को मन्नू भण्डारी नाम से ख्याति मिली। यह नाम इन्होंने स्वयं ही रखा था। जो लेखन के क्षेत्र में बहुत जाना पहेचाना नाम है। आपने स्नातकोत्तर की शिक्षा लेने के बाद कोलकाता से अपने कर्मक्षेत्र की शुरुआत की फिर दिल्ली के नामी कालेज मिराण्डा हाउस से सेवा निवृत्ति ली। प्राध्यापक के रुप में बहुत यश, मान और स्नेह पाने वाली मन्नू भण्डारी ने साहित्य जगत में अपनी अमिट पहेचान बनाई है। आपने कहानी, उपन्यास, नाटक पटकथा आदि विभिन्न विधाओं में लेखन किया है। आपकी रचनाएँ बौद्धिक और सलीके मंद लेखिका के रुप में आपको पहेचान देती हैं। एक से बढ़कर एक कहानियां जिनका प्लाट हमारे बीच से मिला वह उनके जीवन संघर्ष की भी गाथा है। आपको याद करते हुए आपके साहित्यिक अवदान को नहीं भुलाया जा सकता है आपका कहानी संग्रह—मैं हार गई, एक प्लेट सैलाब, यही सच है, तीन निगाहों की एक तस्वीर, त्रिशंकु, आंखों देखा झूठ, नायक खलनायक विदूषक और रानी माँ का चबूतरा। यह आपके कथाकार रुप को अमर करता है। आपने आपका बंटी, महाभोज, स्वामी, एक इंच मुस्कान, और कलवा जैसी औपन्यासिक रचनाओं में जीवन जगत को साकार कर दिया। यह सच को उघाड़ती हैं लेकिन जीवन मूल्यों को संरक्षित करती चलती हैं। इनको एक ही नाटक ने बहुत ख्याति दी है - बिना दीवारों का घर। यह नाटक बहुत बार मंचित भी हुआ है।अ ापकी भाषा रंगमंच और सिनेमा के अनुकूल सहज ही ढ़ल गई ।आपने पटकथाएं भी लिखी हैं--रजनीगंधा, निर्मला, स्वामी, दर्पण। आपके अन्तर की आग ने आत्मकथा लिख डाली 'एक कहानी यह भी' जिसका शीर्षक ही कौतूहल वर्धक है। पाठक जानने को उत्सुक होता है कि कैसी कहानी है। एक कहानी यह भी लोगों के बीच बहुत चर्चित हुई। इस पुस्तक ने इनके असफल दाम्पत्य और कठिन जीवन संघर्ष को उजागर कर दिया। वे स्वयं लिखती हैं कि--''वे नसों को चटका दिन ने वाले आघात थे।'' यह मानवमूल्यों को प्रतिष्ठा देने वाली कोमल संवेदनशील रचनाकार थीं।घर और बाहर जो भी कटु और तिक्त लगा बेबाक होकर लिख दिया। लेकिन कटु और तिक्त को चखकर भी अमृत निकाल लिया।

आपका लिखा हुआ सभी कुछ बहुत पढ़ा और सराहा गया है। लेकिन आपका बंटी (1971) में

लिखे गये उपन्यास को और उपन्यास लेखिका के रुप में आपको बहुत अधिक लोकप्रियता मिलीहै।यह धर्मयुग में धारावाहिक रुप से छपा और इसे पाठकीय स्वागत का बड़ा संदर्भ मिला। इसके दर्जनों संस्करण और अनुवाद हुए हैं। यह न केवल बहुत पढ़ा लिखा गया बल्कि यह हिन्दी के सर्वाधिक सफल उपन्यासों की लिस्ट में शामिल हो गया। आपका दाम्पत्य जीवन सुखद और सफल नहीं रहा। आप असहज और बोझिल होते रिश्तों को ढ़ोते रहने की बेबसी में जीने की प्रकृति के विपरीत थीं। वस्तुतः स्त्री की आजादी उसकी आत्मनिर्भर सोच और महत्वाकांक्षा पुरुष को असहज कर देती है। परिणाम स्वरुप रिश्तों में तल्खी आ जाती है और तनाव का चरम संबंध विच्छेद तक पहुंच जाता है। इनके रिश्ते में भी ऐसा ही हुआ। यह स्त्री की आजादी की पक्षधर थीं। और रिश्ते को ढ़ोने की मजबूरी में कभी नहीं रहीं इसीलिए अपने साहित्यकार पति से अलग हो गईं। अपनी वैवाहिक जिन्दगी की त्रासद स्थितियों को उजागर करते हुए इन्होंने एक उपन्यास लिखा 'आपका बंटी' इसमें विवाह विच्छेद की त्रासदी झेलता और घुटते हुए जीने को विवश एक बच्चा इसके केन्द्र में है। यह बच्चा पाठक को अपने बीच आस-पास मिल जाता है। बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है कि माँ बाप के अहं की भेट चढ़ते हैं बच्चे। इस उपन्यास में भी कभी जीने मरने की कसम खाने वाले प्रेमियों की अहं की भेंट चढ़ते बच्चे की बहुत मार्मिक पीड़ा अभिव्यक्त हुई है। अपने उपन्यासमें मन्नू भण्डारी एक ओर पुरुष वर्चस्व को चुनौती देती हैं तो दूसरी तरफ बालमन को सहलाती भी हैं। मध्यवर्गीय समाज में संबध विच्छेद की स्थिति भयावह है। और अब यह आम बात हो गई है। बिगड़ते संबंध विच्छेद पर ही विराम लेते हैं। जब रचनाकार डूब कर लिखता है और सहा हुआ बांटता है तो वह बहुत मार्मिक और अपना सा लगने लगता है।

इन्होंने जब भोगा हुआ सच लिखा तो कहानी के चरित्रों में और मजबूती आती गई। इसीलिए इनकी रचनाओं में स्त्री पात्र कभी भुला नहीं पाते।यह स्त्री को उसकी जटिल सामाजिक संरचना में देखती हैं। यह स्त्री विमर्श का शोर नहीं मचाती हैं पर उसके स्वाभिमान और सम्मान के पक्ष में खड़ी होती हैं। यह मध्यवर्गीय स्त्री को घर की चहारदीवारी के बाहर भी झांक लेने की सीख देती हैं। इनकी पकड़ बहुत सूक्ष्म है यह स्त्री के अन्तर बाह्य सबको टटोल लेती हैं। इनकी यह सूक्ष्म पकड़ इनकी रचना की बहुत बड़ी ताकत है। इन पर बहुत कुछ लिखा गया है और लिखा जायेगा। मन्नू भण्डारी को उनकी योग्यतानुरुप बहुत सम्मान और पुरस्कार भी मिला है। किन्तु इनका सबसे बड़ा सम्मान है सबकी प्रिय रचनाकार बन कर सबके दिलों में रहना। इधर इनकी लेखनी मौन रही। इन्होंने नया कुछ नहीं लिखा।

संभवतः स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं की वजह से ही इनका लेखन बहुत समय से बंद रहा हो। लेकिन इनका लिखा हमेशा मुखर रहेगा। उनका दिया जीवन मूल्य आने वाली पीढ़ी का पाथेय बनेगी। आज उनका पार्थिव शरीर नहीं है लेकिन उनकी यशरूकाया अमर रहेगी। यह कालजयी रचना कार हैं इन्हें पीढ़ियां याद करती रहेंगी। एक बहुत संवेदनशील रचनाकार की स्मृति को नमन है। समर्पित करती हूँ श्रद्धासुमन।

'कुमार गंधर्व' गायकी एवं दृष्टिकोण

डॉ. अनुभव पाण्डेय

संगीत शिक्षक केन्द्रीय विद्यालय, हट्टी गोल्ड माइंस रायचूर कर्नाटक

भूमिका

पण्डित कुमार गन्धर्व भारतीय शास्त्रीय गायन के क्षेत्र में अपना एक विशिष्ठ स्थान रखते हैं। वो एक ऐसे कलाकार थे जो सीमाओं में बंध कर कार्य करने के बजाय सीमाओं से परे कार्य करने में यकीन रखते थे। यह बहुमुखी व्यक्तित्व बालपन से ही संगीत व राग रागनियों को एक अलग .ष्टि से देखने लगे थे। इन्होंने स्वरों तथा रागों को विभिन्न प्रकार से परिभाषित किया जिसकी वजह से इन्हें अनेक संगीतकारों के विरोध तथा आलोचना का सामना भी करना पड़ा परन्तु ऐसे संगीतकारों की आज भी कोई कमी नहीं जो पण्डित कुमार गन्धर्व की शैली का अनुसरण व समर्थन करते हैं। अनेक विद्वानों का मानना है कि कुमार जी के विचारों से एक नए सौंदर्यशास्त्र की रचना सम्भव है। संगीत के घरानों को ले कर भी कुमार जी की सोच पूर्णतः अलग थी। वो एक ही परिवार तक किसी विद्या को सीमित रखने के धुर विरोधी थे। जीवन के अन्तिम समय तक उन्होंने इस विचार का विरोध किया।

कुमार जी का विश्वास था कि शास्त्रीय संगीत की जड़ों में लोक संगीत बहुत गहराई तक समाया है। शायद इसलिए उन्हें रागों में ऐसे स्वरुप दिखाई देते थे जो पारम्परिक तथा रटे रटाये स्वरूपों से पूर्णतः भिन्न हुआ करते थे। वो रागों को मनुष्यों के स्वरुप से अलग नहीं देखते थे। कुमार जी के भजन श्रोताओं को आज भी किसी और लोक में ले जाते हैं। यही विशेषता कुमार गन्धर्व की शैली को अन्य से अलग स्थान पर स्थापित करती है।

संकेत शब्द

कुमार गंधर्व, हंस अकेला, निर्गुण, अभंग, नवीन बन्दिश

विराट सांगीतिक प्रतिभा के धनी कुमार गंधर्व का गायन हमारे दैनिक जीवन के तमाम भले बुरे अनुभवों के बीच बहुत सहजता के साथ लौकिकता की सीमा लॉघ हमें एक खास तरह का अलौकिक अनुभव कराने वाला गायन रहा है। वे अपने गायन में जहाँ एक ओर स्थान, समय और संस्कृति से बहुत गहराई से जुड़े रहे हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसा करते हुए इन सब के पार भी चले जाते हैं। सामान्यतः ऐसी अनुभूति कम कलाकारों के साथ हो पाती है। परम्परा और नवाचार का प्रश्न भी कमोबेश कई बड़े कला साधकों के सामने मौजूद रहा है। कुमार जी यश अपयश की परवाह किए बिना परम्परा को पूरी तरह से आत्मसात कर नया रचने के आकांक्षी रहे है। उन्होंने अपनी कला को उन कला साधकों को समर्पित किया है जो परम्परा एवं नवाचार दोनों के निर्वाह के लिए प्रयत्नशील रहते हुए 'स्वत्व एवं सत्व' की खोज को समर्पित रहे हैं।

कला साधक दो चीजों का आकांक्षी रहता है। एक, उसे उसकी कला के आस्वादक या कला रसिक द्वारा गहरी समझ से की गयी सच्ची सराहना

प्राप्त हो और दो, निर्धारित कला मानकों पर उसकी कला खरी प्रमाणित हो। इन दोनों चीजों से जहाँ उसका आत्मविश्वास बढ़ता है वहीं उसकी कला की सार्वजनिक स्वीकृति में भी वृद्धि होती है। 'कुमार गंधर्व' भारतीय संगीत इतिहास के उत्क्रान्ति से जुड़ा हुआ तथा रूढ़ियों में अटकते हुए चिरन्तन पारम्परिक कला मूल्यों पर पुनर्विचार करने वाला एक नाम रहा है। इन कलामूल्यों को समकालीनता का संदर्भ दे कर एक नया सौन्दर्य शास्त्र बन सकता है। यह अपने गायन से पं. कुमार गंधर्व ने प्रत्यक्ष प्रमाणित किया है।

कुमार गंधर्व बचपन से ही विलक्षण प्रतिभा के धनी बालक रहे पक्का सुर प्रारम्भ से ही कुमार जी के गाने में आ गया, श्री शांताराम कशालकर जी के अनुसार ''मुझे रिइनकारनेशन जैसी चीजों पर ज्यादा विश्वास नहीं है, पर जब मैंने देखा कि एक ग्याहर बरस का लड़का इस तरह का गाना गा रहा है कि फैयाज़ ख़ाँ साहब भी मगन हो रहे हैं। यह गाना इस जनम का नही है इसके लिए तपस्या जन्म से पहले से ही की गई है।''

कुमार जी के जीवन में अनेक उतार चढ़ाव आये तरुणावस्था में जब उनका विवाह भानुमती से तय हुआ तो उनकी गायकी अपने चरमोत्कर्ष पर थी। कहा जाता है कि उस समय कुमार जी का गाना तेजस्वी, तड़पदार लेकिन पारम्परिक था।

कुमार जी ने संगीत में एक नयी विचारधारा का निर्माण किया। संगीत विषयक एक पारम्परिक विचारधारा यह है कि बुजुर्गों से जो तालीम या शिक्षा मिलती है, उसको तथा उसके द्वारा घराने की गायकी को सुरक्षित रखना और परम्परा का पालन करना, यही संगीत का विशेषकर राग-संगीत का लक्ष्य है। कुमार जी के पूर्व के संगीत कलाकार अपनी श्रेष्ठता किसी घराने से सम्बन्ध जोड़कर प्रस्थापित करना चाहते थे। अगर गायक के प्रस्तुतिकरण में विविधता है, रंग है, तो भी उसका श्रेय उसकी सच्ची तालीम को, अलग-अलग गुणिजनों से प्राप्त संस्कार को तथा किसी भी प्रकार से परम्परा से अपना सम्बन्ध जोड़कर अपने ख़ानदान को दिया जाता था। कुमार जी ने इस विचार को पर्याप्त धक्का दिया। उनके सौन्दर्य विचार का सूत्र यह था कि 'मुझे अपना गाना प्रस्तुत करना है, मुझे किसी का अनुकरण नहीं करना है जो कुछ सुन्दर या असुन्दर हो, वह मेरा अपना विचार है। मुझे जो सौन्दर्य का अनुभव होता है उसी को राग संगीत के माध्यम से प्रस्तुत करना मेरा लक्ष्य है। कुमार जी की इस प्रकार की विचारधारा का निर्देश उनकी पुस्तक 'अनूप राग विलास' की प्रस्तावना में समुचित रूप से किया गया है। यद्यपि कुमार जी में अद्‌भुत अनुकरण शक्ति थी फिर भी उन्होंने संगीत के प्रस्तुतिकरण में अनुकरण को अस्वीकार्य माना है। पारम्परिक विचार से यह भिन्न विचारधारा है। हिन्दुस्तानी संगीत के लिए कुमार जी की यही सबसे बड़ी देन है। इसका अर्थ यह नहीं कि कुमार जी का पारम्परिक तालीम पर विश्वास नहीं था, अथवा ऐसी शिक्षा परम्परा को वो तोड़ना चाहते थे। उनका विचार यह था कि शिक्षा या तालीम एक विधा है, और प्रस्तुतीकरण या मंच प्रदर्शन दूसरी विधा है। प्रदर्शन में शिक्षा को प्रस्तुत करना संगीत नही है। शिक्षा को प्राप्त कर उसके द्वारा राग संगीत में जो सौन्दर्य का अनुभव होता है, संगीत के अतिरिक्त अन्य कलाओं में भी सौन्दर्य की जो अनुभूति होती है, जीवन के अनुभवों द्वारा जो संवेदनायें उठती हैं, उनको संगीत के द्व ारा प्रस्तुत करना यही सच्चा संगीत है। अलग और वैशिष्ट्यपूर्ण विचारधारा के कारण कुमार जी ने राग संगीत में विविध अंगों को स्पर्श कर अपनी एक अनोखी शैली का निर्माण किया। आवाज साधने का प्रश्न हो या राग स्वरूपों का विचार हो, बन्दिशों का अविष्कार हो या ख्याल गायन की शैली हो, संगीत के प्रस्तुतीकरण के नये प्रयोग हो, या भजन गायन शैली हो, इस सब में कुमार जी की अपनी एक स्वतंत्र विशेषता दिखाई देती है। पारम्परिक विचारों से भिन्न यह विचार और शैली यही कुमार जी का योगदान है।

राग स्वरूपों को समझने और देखने के सम्बन्ध में भी कुमार जी की एक स्वतंत्र दृष्टि थी। प्रायः पारम्परिक कलाकार तालीम के आधार पर, गुरु के मार्ग दर्शन पर राग के स्वरूप को समझते हैं कुमार जी के विचार से जिस प्रकार कोई वस्तु अलग-अलग

कोने से या दिशा से देखने पर अलग-अलग दिखाई देती है, ठीक उसी प्रकार राग स्वरूप का दर्शन अलग-अलग होना संभव है। राग का एक विशिष्ट रूप है यह मान्यता प्रचलित है। कुमार जी की दृष्टि में राग के विविध रूप हैं और उनकों देख कर उनका कलात्मक अविष्कार करना कला है। रागों के बारे में प्रमाणीकरण की कल्पना रागों के सौन्दर्य को हानि पहुँचाती है। इस मान्यता के कारण कुमार जी के गायन में एक ही राग के विविध स्वरूप दिखाई देते थे। शायद यही कारण रहा होगा कि कुमार जी के सम्बन्ध में अनेक आक्षेपों का निर्माण हुआ किन्तु स्वयं कुमार जी अपने विचार में स्थिर थे कि राग के विविध पहलू होते हैं। उनकी संगीत की शिक्षा मान्यवर तथा विविध गुरुजनों के पास हुई थी। इसलिए उनके पास विविध स्वरूपों की पारम्परिक बंदिशों का भंडार था। इन बन्दिशों के आधार पर उनको अनेक रागों के रूप अलग-अलग दिखाई देते थे। इस सौन्दर्य की अनुभूति को वे अपने रागों के प्रदर्शन में अभिव्यक्त करते थे। पारम्परिक दृष्टि से रागों के स्वरूप को समझने या देखने के स्थान पर, स्वतंत्र रूप से रागों को अलग-अलग दिशा से देखकर उनके सौन्दर्य को परख कर गायन में उसका अविष्कार करना, कुमार जी का यह विचार, यह दृष्टिकोण राग हिन्दुस्तानी संगीत में एक अद्‌भुत योगदान है।

कुमार जी के शब्दों मे ''स्वर और ताल के परे कुछ भी नही। हाँ जिसको स्वर, लय ताल कहते हैं उसको सचमुच सब जानते नहीं, ऐसा कहना पड़ेगा। सच्चा गाना वही गा सकते हैं जो स्वर, लय, ताल शास्त्र को पी के आनन्द में मस्त हैं (मद से मस्त नहीं)। ऐसे योग्य मनुष्य क्यों गा सकते हैं, इसका कारण यानि ऐसे व्यक्ति शास्त्र रूप-संगीत बन जाते हैं। उनके पीछे-पीछे शास्त्र चलता रहता है। वह शास्त्र के आगे रहते है जो कुछ भी कर बैठते हैं वह शास्त्र प्रमाण बन जाता है। ऐसे व्यक्तियों के सामने स्वर-लय आज्ञा पाने के लिए प्रेम से नाचते रहते हैं। इस आनन्द को प्राप्त करने का जो मार्ग है, वह दुःख और कष्ट साध्य है, मगर साध्य होने के बाद दुःख और कष्ट दोनों नष्ट हो जाते हैं।''

कुमार जी के निर्गुण भजनों पर संगीत न समझने वाले भी आकर्षित थे, स्पष्ट है कि कुमार जी वह शृंखला थे जिसने लोकसंगीत से राग-निर्मिति होने की बात प्रमाणित कर दी थी। यद्यपि यह विभिन्न विद्वानों तथा ग्रन्थों द्वारा सदैव कहा जाता रहा है परन्तु इसे प्रमाणित करने का श्रेय कुमार जी को जाता है। अपने ग्रन्थ 'अनूपरागविलास' में उन्होंने इसका वर्णन किया है।

महत्व की बात यह है कि कुमार गंधर्व जी ने संगीत के सम्बन्ध में विचार करने के लिए एक नयी दृष्टि दी, प्रेरणा दी। संगीत जीवन से सम्बन्धित है, जहाँ सौन्दर्य का अनुभव होता है। वहाँ से संस्कार लेकर अपने संगीत द्वारा उसकी अभिव्यक्ति करना यही संगीत है। साहित्य, चित्र, नृत्य, नाट्य आदि कलाओं से प्राप्त सौन्दर्यानुभव, संगीत द्वारा प्रकट करना संगीतकारों का कार्य है। उनका यह विचार संगीत के सन्दर्भ में सर्वस्पर्श है। इस प्रकार के विचारों का संकेत उनसे किये गये साक्षात्कारों में तथा उनके संबंध में लिखित साहित्य में भी मिलता है। संगीत के क्षेत्र में पारम्परिक कल्पनाओं से भिन्न जो विचार उन्होंने प्रस्तुत किये हैं उससे यह अनुभव होता है कि इस कलाकार की कितनी वैचारिक गहराई है। कुमार जी का संगीत की दृष्टि से यही सबसे बड़ा योगदान है। परम्परा की श्रृंखला को तोड़कर संगीत में नये विचार का उन्होंने निर्माण किया संगीत क्षेत्र के हर अंग का विचार कर उसको 'कुमार' स्पर्श दिया। हिन्दुस्तानी संगीत को कुमार जी का यह योगदान सदैव प्रेरणादायी सिद्ध होगा। संगीत के प्रयोग तथा संगीत के सम्बन्ध में विचार, इन दोनों में कुमार जी का योगदान अनुपम और विस्मयकारी है।

संदर्भ

1. फिल्म डिविजन द्वारा निर्मित हंस अकेला
2. वही
3. कालजयी कुमार गंधर्व, (हिन्दुस्तानी संगीत में पं. कुमार गंधर्व का योगदान), पृ0 24-25
4. वही
5. कालजयी कुमार गंधर्व, परिशिष्ट, पृ. 177

विदुषी प्रेमलता शर्मा : सांगीतिक यात्रा

कुमारी बन्दना
शोध छात्रा
गायन विभाग
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

प्रो. के.शशि कुमार
संकाय प्रमुख
संगीत एवं मंच कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सारांशिका

सुप्रसिद्ध संगीतशास्त्र प्रो. प्रेमलता शर्मा जी की प्रेरणास्त्रोत जीवनावली एवं अविस्मरणीय सांगीतिक योगदान का संक्षिप्त रूप इस शोध-पत्र में प्रस्तुत किया है।

शब्द सूचक :

प्रेमलता शर्मा जी, पं. ओमकार नाथ ठाकुर, संगीतशास्त्र, संगीतशास्त्रज्ञा, वाराणसी

भारतीय शास्त्रीय संगीत जगत में प्रो. प्रेमलता शर्मा का नाम संगीतशास्त्रवेत्ता के रूप में विश्व प्रतिष्ठित है जिन्होंने सम्पूर्ण जीवन काल संगीत एवं संगीतशास्त्र की निष्ठापूर्वक सेवा की तथा विलुप्त हो रहे भारतीय शास्त्रीय संगीत शास्त्राध्ययन को पुनः प्रकाशित किया। गीता में वर्णित तीन योगों (कर्म, ज्ञान तथा भक्ति योग) को उन्होंने अपने जीवन में चरितार्थ किया तथा जीवन पर्यन्त सीखने-सीखाने की प्रवृत्ति का आदर्श प्रस्तुत किया।

जीवनावली :

प्रेमलता शर्मा जी सादा जीवन, उच्च विचार तथा हमेशा अनुशासित एवं कार्यरत रहने में विश्वास रखती थीं। प्रेमलता जी का जन्म 10 मई 1927 ई. में पंजाब के जालंधर जिले के माँझापट्टी गाँव में हुआ था। इनके पिता श्री लालचन्द्र शर्मा अंग्रेजी शासन काल में रेलवे विभाग सरकारी ऑडिटर के उच्च पद पर कार्यरत थे तथा नौकरी के स्थानांतरण के साथ परिवार भी उनके साथ दूसरे शहर (दिल्ली, कलकत्ता, बम्बई, लखनऊ) में रहने जाता था। उनकी माता का नाम श्रीमती मायादेवी शर्मा था। बहन जी अपने माता-पिता की इकलौती जीवित संतान थी क्योंकि इनसे छोटा एक भाई ढाई वर्ष की अल्पायु में चल बसा।

आपका अधिक समय दिल्ली में व्यतीत हुआ जहाँ से विद्यालयी स्कूली शिक्षा के साथ-साथ आपने वाद्य तथा नृत्य संगीत की शिक्षा भी प्राप्त की। बचपन से ही संगीत के प्रति बहुत रुचि था जिसके कारण आपने विभिन्न वाद्यों (सितार, तंजोरी वीणा, वायलिन, तबला आदि) वाद्य यन्त्रों की शिक्षा प्राप्त की। आप दिलरूबा वाद्य की सिद्धहस्त वादिका भी बनी। अतः बाल्यकाल के संगीत संस्कार के बीज क्रमशः अंकुरित होकर विशाल वृक्ष स्वरूप धारण कर लिया जिसकी छत्र-छाया में संगीत के अनेक विद्यार्थियों ने विद्या ग्रहण किया।

पिता श्री लालचंद शर्मा ने नौकरी से त्याग दे दिया और मथुरा आकर बस गये और वहाँ के वैष्ण व परंपरा से अत्यधिक प्रभावित हुये। प्रेमलता जी वाद्यों का अभ्यास करती थीं लेकिन मथुरा आने के बाद स्त्रोत, भजन आदि रागों में गाने लगी तथा

साथ ही उनकी औपचारिक शिक्षा (शास्त्रीय गायन, ध्रुपद) एवं संस्कृत भाषा की शिक्षा चलती रही। बहन जी ने बी.ए. की परीक्षा 15 वर्ष की आयु में ही उत्तीर्ण कर ली थी।

उनकी माता अपने मेधावी पुत्री को विद्वान बनाना चाहती थीं अतः उन्होंने शर्मा जी से आग्रह कर पुत्री को वाराणसी ले आयीं वहाँ काशी हिन्दू विश्वविद्यालय से आपने एम.ए. (हिन्दी) से उत्तीर्ण करने के पश्चात् एम.ए. (संस्कृत) सं भी पास किया तथा एम.ए. की दो-दो उपाधियों के बाद आपने संस्कृत विषय से शोध किया।

शोध करते हुये ही आपके पिता के विनती पर पं. ओमकारनाथ ठाकुर जी आपके स्थानीय अभिभावक बनने को तैयार हो गये तथा उनकी नवीन स्थापित शैक्षणिक संस्था 'श्री कला संगीत भारती' में डिप्लोमा में प्रवेश मिला।

इस प्रकार संस्कृत भाषा से शोध और संगीत में डिप्लोमा की शिक्षा प्रारम्भ हो गई। आपकी बुद्धि-विवेक को देखकर पं. जी प्रभावित थे और उन्हें ऐसे किसी मेहनती व्यक्ति की खोज थी जो उनके लेखन कार्य में सहायता करे।

अतः यहीं से आपके जीवन में संगीत शास्त्र परम्परा को पल्लवित और प्रसारित करने का शुभ समय प्रारम्भ हुआ। आठ-नव वर्षों तक संगीत मार्तण्ड पं. ओमकार नाथ ठाकुर जी बनारस में रहे, तब तक प्रेमलता जी नियमित रूप से उनके पुस्तकों का लेखन कार्य करती रहीं। जिससे संगीतशास्त्र के प्रति रूचि, ज्ञान, समझ की दृष्टि विकसित हुई।

कहा जाता है कि व्यास जी और गणेश जी के जोड़ी के कारण ही संगीत जगत् को संगीतांजलि (भाग 6) और प्रणव भारती जैसा महत्वपूर्ण ग्रन्थ प्राप्त हो पाया। गुरु जी का लेखन कार्य करते-करते बहन जी को संगीतशास्त्र में विशिष्ट दृष्टि एवं दिशा मिला। शोध कार्य सम्पूर्ण करने के पश्चात् आप संस्कृत महाविद्यालय से साहित्यशास्त्र में आचार्य की उपाधि प्राप्त कीं तथा साथ ही संगीत में संगीतालंकार (बी.म्यूज. के समकक्ष) की भी डिग्री प्राप्त किया।

सांगीतिक योगदान

इतनी मेघाशक्ति और अत्यन्त परिश्रम के साथ विद्याध्ययन करने के पश्चात् आपको नौकरी की प्रतीक्षा नहीं करनी पड़ी। आपको 1955 ई. में एक साथ दो-दो नौकरी का अवसर प्राप्त हुआ-

1. अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय में संस्कृत के प्रवक्ता पद के लिये
2. काशी हिन्दू विश्वविद्यालय की 'श्री कला संगीत भारती' (वर्तमान में संगीत एवं मंच कला संकाय) में संगीत के प्रवक्ता पद हेतु। किन्तु विचार करने के पश्चात् काशी हिन्दू विश्वविद्यालय में ही शिक्षण कार्य देना निश्चय किया।

प्रो. प्रेमलता शर्मा जी के विषय में अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के तत्कालीन कुलपति जाकिर हुसैन जी ने कहा था कि ''We are the loosers, B.H.U. has gained''

तथ्यों से ज्ञात होता है कि बहन जी कितनी योग्य शिक्षिका थीं आपने 1955 से 1984 तक पूरे तीस वर्षों तक काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संगीत संकाय में पूर्ण निष्ठा के साथ अविस्मरणीय एवं अमूल्य योगदान दिया। 1955 से 1957 तक प्रवक्ता पद, 1957 में ही रीडर पद तथा बहुत वर्षों तक संगीतशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्षा एवं संकायाध्यक्षा भी रहीं।

1984 से 1988 तक इंदिरा कला संगीत विश्वविद्यालय, खैरागढ़ (मध्य प्रदेश) की कुलपति पद पर रहीं। अतः जब आप दोनों विश्वविद्यालयों की सेवाओं से निवृत्ति के पश्चात् अनेक पुस्तकों का प्रकाशन, सेमिनार तथा संस्कृत नाटकों का मंचन सम्बन्धित कार्यक्रम का आयोजन किया। खैरागढ़ से निवृत्ति के बाद आप बनारस आकर अपने करौंदी स्थित मकान (आम्नाय) में रहने लगीं।

वर्तमान में आपकी छोटी बहन डॉ. उर्मिला शर्मा आपके मकान में आपके विशाल भण्डार पुस्तकों के साथ रह रही हैं।

1993 ई. में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय ने आपको एमेरिटस प्रोफेसर बनाया तथा 21 अप्रैल

1994 में संगीत नाटक अकादमी, नई दिल्ली में उपाध्यक्षा पद पर रहीं।

इसके पूर्व 1983 से, 1986 ई. तक उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्षा भी रह चुकी थीं। बहुत ही संक्षिप्त रूप में बहन जी के बृहद जीवन परिचय को समेटने की कोशिश की है अब उनके संगीतशास्त्रवेत्ता के रूप में भूमिका जो सर्वविदित है, अमूल्य है। राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर तक आपकी पहचान पठनशील, चिन्तनशील समर्पित एवं विदुषी भारतीय संगीतशास्त्रवेत्ता के रूप में ही अधिक प्रसिद्ध है।

पण्डित जी के पुस्तकों के प्रकाशन में बहन जी की भूमिका कितनी महत्वपूर्ण है उसका प्रमाण उन पुस्तकों के आमुख, प्रस्तावना में द्रष्टव्य है जिसमें पण्डित जी ने बहन जी प्रशंसा की है कि मेरे लेखन के प्रति आलस्य को दूर कर निरन्तर प्रेरणाशक्ति के रूप में जिसने उत्तेजित किया, खुद जागकर और मुझे भी जगाकर इन ग्रन्थों को अक्षरदेह रूप में अवतरित किया।

मेरे कई शिष्य-शिष्याएं आए सीखे और अपनी शक्ति अनुसार पाए और विदा हुए किन्तु प्रेमलता शर्मा जैसा निःस्वार्थ शिष्या प्रभु ने मुझे दी, जिसने मुझमें निहित शक्तियों को पहचाना और उसे प्रकाशित करने में अथक सहयोग दिया।

पं. जी के पुस्तकों में प्रेमलता शर्मा जी का अमूल्य योगदान रहा-

1. संगीतांजलि (6 भाग)
2. प्रणवभारती

पं. जी को बहन जी पर इतना विश्वास था कि वह कहते थे अब मैं अपने सारे अनुसंधान कार्यों की विरासत उनको सौंप रहा हुँ, क्योंकि यह इतने दीर्घकाल से सहकार है कि मुझमें और प्रेमलता शर्मा के सोच-विचार और वाणी में, भाव और भाषा में सम्पूर्ण अभिन्नता आ गई है अतः तदात्म्य भाव स्थापित हो गया है। पं. जी का मानना था कि मेरे जीवन कार्य को व्यापक तथा समृद्ध रूप प्रेमलता शर्मा प्रदान करेंगी ऐसा मेरा दृढ़ विश्वास है, भविष्य के प्रकाशन केवल मेरे नाम से ना होकर युग्म नाम से होंगे, यह बताते हुये मैं अपार आनन्द का अनुभव कर रहा हूँ।

उपर्युक्त पं. ओमकर नाथ ठाकुर जी कि व्यक्तव्यों से प्रतीत होता है कि बहन जी एक सुयोग्य शिष्या थी। पं. जी 'श्री कला संगीत भारती' के प्राचार्य पद से निवृत्ति पश्चात् प्रो. प्रेमलता शर्मा जी को संस्था की स्थानापन्न प्राचार्य नियुक्त कर दिया।

संस्था का तथा शोध प्रभाग के उत्तरदायित्वों का बोझ डॉ. प्रेमलता शर्मा जी पर क्रमशः बढ़ता गया और व्यस्त रहने लगीं जिसके कारण नवीन पुस्तकों के लेखन कार्य अवरूद्ध हो गये। पं. जी गुजरात के भरूच में वाराणसी छोड़कर रहने चले गये वहाँ उनके लेखन कार्य को आगे बढ़ाने हेतु कोई योग्य व्यक्ति नहीं मिला। गुजरात जाने के बाद पं. जी बीमार रहने लगे तथा 1967 में उनका देहांत हो गया।

बहन जी, पं. जी के मृत्यु के पश्चात् भी उनकी पुस्तकों के नवीन संस्करण में अपना योगदान देती रहीं। प्राचीन काल से वर्तमान समय तक संगीत की मौखिक शिक्षा पद्धति चली आ रही है। संगीत के क्रियात्मक पक्ष की तरह ही संगीत के शास्त्र पक्ष पर विशेष अध्ययन, पठन-पाठन, गुरु शिष्य परम्परा प्राचीन काल से चली आ रही थी किन्तु मध्यकाल के बाद संगीत के शास्त्र पक्ष पर अध्ययन लुप्त होने लगा क्योंकि संगीतज्ञ क्रियात्मक पक्ष को ही अपना लक्ष्य समझते रहे शास्त्र पक्ष के प्रति उपेक्षात्मक दृष्टि रखी। इसका मुख्य कारण यह भी था कि अधिकतर प्राचीन ग्रन्थ संस्कृत भाषा में थे जिससे संगीतज्ञ भाषा की जानकारी के अभाव में भी संगीत के शास्त्र पक्ष को समझने में असमर्थता थी इसलिए संगीत जैसे गहन एवं प्रयोग प्रधान विषय को समझना कठिन था। धीरे-धीरे प्राचीन काल में शास्त्र की महत्ता की कड़ी टूट रही थी क्योंकि मध्यकाल में भी जो संगीत क्रिया पक्ष में कुशल थे वे शास्त्र से परे तथा जो शास्त्र में कुशल थे वे क्रिया पक्ष से रहित।

20वीं शताब्दी में भारतीय संगीत के पुनरूत्थान में विष्णुद्वय (पं. विष्णु नारायण भातखण्डे तथा पं. विष्णु दिगम्बर पलुस्कर) का प्रमुख योगदान रहा।

दोनों विद्वानों ने संगीतज्ञों का ध्यान संगीतशास्त्र पर भी आकृष्ट कराया। पं. भातखण्डे जी ने प्राचीन एवं मध्यकालीन ग्रन्थों का अध्ययन कर स्वयं शास्त्र सम्बन्धित पुस्तकों का लेखन किया। तत्पश्चात् पं. ओमकारनाथ ठाकुर जी ने भी नाट्यशास्त्र ग्रंथ का अध्ययन कर प्रणव भारती नामक पुस्तक लिखा महत्वपूर्ण बात यह है कि 'प्रणव भारती' के प्रकाशन के बाद अभिवन गुप्त की 'अभिनव भारती' आया किन्तु अभिनव भारती के सहायता बिना नाट्यशास्त्र समझना बहुत योग्यता की बात है। यही सारे गुण प्रेमलता शर्मा जी में विरासत रूप में मिले।

आधुनिक काल में विभिन्न ग्रंथकारों ने अनेकों संगीतशास्त्र सम्बन्धी ग्रन्थों का अध्ययन किया तथा प्राचीन अवधारणाओं के सांगीतिक सिद्धान्तों को स्पष्ट करने का प्रयास किया। इसी क्रम में प्रो. प्रेमलता शर्मा जी भी अपना नाम स्वर्णाक्षरों में अंकित कराया।

श्री कला संगीत भारती की स्थापना (1950) के समय ही उसमें शोध प्रभाग चल रहा था जिसका नेतृत्व फ्रांसीसी विद्वान श्री एलन डेलन्यू कर रहे थे, लेकिन 1953 में उनको वापस अपने देशकाल जाना पड़ा जिससे उनके कुछ शोध कार्य अधुरे रह गये। कुछ वर्षों तक यह प्रभाग बंद पड़ा था जब प्रेमलता जी 1955 में नियुक्त हुईं तब इसमें प्राण संचार शुरू हुआ और आपने अनेक ग्रंथों की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त की तथा अनेक ग्रंथों का पाठ संशोधन किया।

आपको विभिन्न भाषाओं का ज्ञान था जैसे-संस्कृत, हिन्दी, अंग्रेजी, उर्दू, फारसी, गुजराती, मराठी, बांग्ला, पंजाबी आदि।

संस्कृत ग्रन्थों की पाठ संशोधन की विधि संस्कृत के गुरु डॉ. परशुराम लक्ष्मण वैद्य जी से ग्रहण की थी। जैसे महाराणा कुंभा कृत संगीत राज, श्रीकण्ठ की रस कौमुदी, अभिनव भारती के 29-30-31वें अध्याय, शुभंकर कृत संगीत दामोदर, गंगाराम द्वारा ब्रजभाषा में लिखी संगीत रत्नाकर की टीका 'संगीत सेतु, नन्दिकेश्वर का 'भरताण्व' आदि की पाण्डुलिपियाँ प्राप्त की तथा इनकी दो-दो, तीन-तीन प्रतियाँ तैयार करवाई। आपने इस कालक्रम में संगीतशास्त्र विभाग को अधिक पुष्टि एवं सुदृढ़ बनाया। पं. ओमकारनाथ जी द्वारा एकत्रित अनेक पुस्तकों का दान तथा यूनिवर्सिटी ग्रांट से प्रो. प्रेमलता शर्मा जी ने अनेक हिन्दी, अंग्रेजी और संस्कृत की दुलर्भ पुस्तकों को मंगवाकर इस प्रभाग में एक बहुमूल्य पुस्तकालय भी बनाया। 1962 के बाद अनेक विद्यार्थियों ने बहन जी के पास शोधकार्य किया।

सर्वप्रथम आपके निर्देशन में श्री चित्तरंजन ज्योतिषी जी तथा श्री प्रदीप कुमार दीक्षित ने (डी. म्यूज) शोध-प्रबन्ध प्रस्तुत किया। इनके अतिरिक्त एन. राजम, सुभद्रा चौधरी, इंद्राणी चक्रवर्ती, तेज सिंह टाक, ऋत्विक सान्याल, श्रीमती विमला मुसलगांवकर, कमलादेवी नौटियाल, रमकान्त द्विवेदी, अनिल व्योहार, नीरज कुमार, सुधाकर भट्ट, एलिन, सेलिना थेलमन, नीरज कुमार आदि शोधकर्ताओं ने बहन जी के परामर्श एवं मार्गदर्शन से अपना शोधकार्य पूरा किया। भारत में यह प्रथम विभाग था जहाँ प्राचीन संगीतशास्त्रीय ग्रन्थों का विधिवत ढंग से अध्यापन कराया जाता था। बहन जी नाट्यशास्त्र, बृहद्देशी तथा संगीतरत्नाकर के अध्यायों के एक-एक श्लोकों को समझाती एवं पढ़ाती थी। प्रेमलता शर्मा जी के जीवन का परम लक्ष्य संगीतशास्त्र के क्षेत्र में अच्छे विद्यार्थी का निर्माण हो जो इस परम्परा को आगे बढ़ाये। बहन जी के पास अनेक देश-विदेशों से छात्र-छात्राएँ तथा विद्वान चर्चा करने आते रहते थे। आपने विशिष्ट व्याख्यान हेतु रूस, अमेरिका, मॉरिशस, हालैण्ड आदि विदेशों में यात्रायें भी किये।

प्रेमलता शर्मा जी ने संस्कृत से अंग्रेजी भाषा में 'संगीत रत्नाकर' वृहद्देशी ग्रन्थों का अनुवाद तथा सम्पादन किया। बंगला से हिन्दी भाषा में जपसूत्रम् (1,2 भाग), साधुदर्शन व सत्प्रसंग तथा अमरवाणी का अनुवाद तथा संपादन किया। ध्रुपद पर केन्द्रित 'ध्रुपद वार्षिकी' पत्रिका का संपादन दस अंकों में प्रकाशित कराया।

आपका विशिष्ट लेख रस सिद्धान्त तथा 100 से अधिक लेखन विभिन्न पत्रिकाओं (देश-विदेश) में प्रकाशित किये। आप इंदिरा कला संगीत

विश्वविद्यालय, खैरागढ़ में शिक्षा स्तर में गुणात्मक सुधार करने के ध्येय से गयी थी और ऐसा हुआ भी एक अत्यन्त महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन किया जिसका विषय छत्तीसगढ़ की लोककलाओं पर आधारित था। तत्पश्चात् पं. भातखण्डे जी लिखित 'माझी दक्षिण भारतची संगीत यात्रा' मराठी पुस्तक का हिन्दी अनुवाद प्रकाशित कराया।

आपने 1994 से 1996 तीन वर्षों तक भ्रमरगीत, श्रीकृष्ण प्रसंग श्री गोविन्द विरूदावलि, वेणुगीत और युग्मगीत आदि को कई राग-ताल में निबद्ध किया तथा उन रचनाओं पर नृत्य का कार्यक्रम भी विभिन्न शहरों में करवाया। प्रबन्ध, स्थाय, इतिहास पर भारतीय दृष्टिकोण का विशेष गहनता से अध्ययन किया।

दर्शनशास्त्र तथा साहित्यशास्त्र की अच्छी विदुषी होने के कारण 'रस' विषय पर विशेष अध्ययन किया तथा सौन्दर्यशास्त्र आपका प्रिय विषय रहा, संगीत जैसी अमूर्त कला में रससिद्धि के लिये आपने जो त्रिगुण सिद्धांत (माधुर्य, ओज एवं प्रसाद) बताया जो आपके दीर्घकालीन चिन्तन, मनन का प्रमाण है।

प्रो. प्रेमलता शर्मा के द्वारा लिखित, अनुदित संपादित पुस्तकों, आयोजित विचार गोष्ठियों, शैक्षणिक सांस्कृतिक विदेश यात्राओं आदि के बाद उनके विदुषी शास्त्रवेत्ता रूप का दर्शन एवं संगीत जगत में आपके अमूल्य योगदान अविस्मरणीय है। इसमें आपका परिश्रम, विलक्षण बुद्धि तथा गुरु पण्डित ओमकार नाथ ठाकुर जैसे महान विभूति के सानिध्य की महत्त्वपूर्ण भूमिका है जिसके कारण संगीत धरा आपके वृहद कार्यों से लाभान्वित हो रहा है।

1995 ई. से आपकी शारीरिक स्थिति क्रमशः बिगड़ती रही तेज ज्वर, डायरिया आदि रहने लगा जिससे आप शारीरिक रूप से कमजोर हो गईं। 1996 में आपकी आंखों में मोतियाबिन्द की शिकायत होने के कारण ऑपरेशन हुआ। इसी बीच हृदयरोग का प्रथम आघात हुआ उसके बाद भी उनको काम से विश्राम लेना स्वीकार्य नहीं था तुरन्त पढ़ाई-लिखाई में लग जाना ही ठीक लगता था। 1998 ई. में पुनः हृदयाघात हुआ और बहन जी पंचतत्व में विलीन हो गयीं।

सन्दर्भ सूची

1. दीक्षित, डॉ. अर्चना, विविध विषय विदुषी, प्रो. प्रेमलता शर्मा व्यक्तित्व एवं कृतित्व, महावीर प्रेस वाराणसी, प्रथम संस्करण 2002
2. चौधरी, डॉ. सुभद्रा, संगीतरत्नाकर, खण्ड-1, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण 2000
3. संवाद पत्रिका, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी
4. नादरूप भाग-1,2 (1961, 1962), श्री कला संगीत भारती द्वारा प्रकाशित
5. नादार्चन (वार्षिक पत्रिका), संपादक-डॉ. आदिनाथ उपाध्याय (1990-1994)
6. संगीतांजलि (भाग 1-6), पं. ओमकारनाथ ठाकुर

Contribution of Violin Vidwan V.V. Srinivasa Rao to Karnatic Music

Devu Treesa Mathew
Research Scholar
(Autonomous), Chennai

Dr. Shanti Mahesh
Department of Music Queen Mary's College

Prologue

Legends take birth only once in a blue moon. Music as well as musical legends have no boundaries. Likewise musical instruments also have no boundaries and limits like Eastern Western and the like. Though the musical instrument violin has a western origin it is adapted to Indian music especially to Carnatic music in the seventeenth century. Thenceforth there emerged numerous violin experts. Sri V. V. S. Rao is one among them and is a living legend among the violin vidwans.

Keywords

V.V. Srinivasa Rao, Karnatik, Violin, Instrumental Music

LIFE OF V.V. SRINIVASA RAO

Sri. V.V. Srinivasa Rao's induction into carnatic music was from his father, Harikatha exponent, Sri V.S.R.Anjaneya bhagavatar. Sri. V.V. Srinivasa rao had his initial training from violin maestro's Sri. Dwaram satyanarayana and Vidwan Sri. V.V. subramanyam.

V.V. Srinivasa Rao born on 13 December 1964. His father's name is Sri V.S.R Anjaneya bhagavathar and mother Vijaya Lakshmi. He is having 3 elder sisters, one of them plays violin as well as vocal and both other sisters arevocal artists. His father is a harikatha exponent, poet and school teacher. His first guru is his father. His father was a harmonium player and he learned harmonium as well as Carnatic music from his father and his first performance was harikatha on harmonium. SP Balasubrahmanyam and his father were friends and harikatha exponents. He supported him to play harmonium and performed a lot of stages with them.

EARLY LIFE

In his native every year Tyagaraja utsava will takes place and uncha vrithi bhajana also takes place and he participated in it. During that time his interest increased a lot. One day his father's friends suggested that why don't you train your son to violin, so that he can play more gamakas and sangathis. He started to learn violin under Pandian

subramanyam of nellor. He picked up so fastly because of his father's early guidance in harmonium. He started to play varnams and kritis so fastly. During that time period harikatha katcheris were highlight telecasts in televisions and temple festivals and he used to perform in various concerts.

EDUCATION

One day he noticed an Ad in newspaper T.T.D. Devasthanam is starting a new college called Sri Venkateswara Kalapadam and starting a new course for the advanced level of music with popular faculty members in the field. Course name is VADYA PRAVENA, which is equivalent to PG Diploma. He applied for it and attended interview and he got selected for violin course the duration of the course is 2 years and his awareness to music increased due to T.T. Devasthanam. In those days the college faculties used to conduct Kutcher is in college and they will select students to perform in various temple festivals. He completed the course as an outstanding student with distinction and gold medal. After completing his PG diploma, he joined and completed Teachers Training Course (TTC) successfully. And also had advanced training from violin maestro Sri. V.V.Subramanyam. That helped him to secure a government job in kendriya vidyalaya in 1987.In that mean time he went through audition process in AIR and secured B Grade in 1987 and later upgraded to B high. Then he got posting to Kerala, Ottapalam. He worked there for 2 years and got transfer to tirupati. During that time he went for training under Dwaram satyanarayana, son of famous venkataswamy Naidu in 1989. In 1988, got married to Lalitha and in 1994 blessed with son, Surya andin 1996 Swathi. His son is a mandolin player and daughter is a vocalist. During his teaching period he got tasks to prepare students for group singing, composed poems in different languages, patriotic songs for the school annual events.

PERFORMANCE

During a performance in a temple he got a task to play along with gottuvadyam. During college time, first year annual function carnatic music orchestral symphony takes place, it is known as vadya vrinda and that was a different experience for him. In 1992,attended interview and got appointed as violinist in AIR Vadya Vrinda (National Orchestra). He worked till 1996 July and during that period he got many opportunities to play several vadya vrinda compositions in Hindustani music and Carnatic music. Had opportunity to play in Rashtrapati bhavan twice in front of foreign delegates. Thereafter in 1996 august, he joined AIR Chennai, which is a mecca of carnatic music.

He got a lot of opportunities to accompany with veterans in the field like M. Balamuralikrishna (vocalist), Dr. N. Ramani (flutist), Mandolin Srinivas (mandolin), Ravikiran (chitraveena), Sikkil Sisters (flutists),T.V. Sankaranarayanan (vocalist), Thrissur. V. Ramachandran (vocalist), Unnikrishnan (vocalist), Bombay Jayashree(vocalist). More than 30 years he has been playing with these kinds of famous legends.

AWARDS

Prizes:- State first prizes twice.

Best violinist from the Indian fine arts society chennai, Music academy ‘madras, krishna Gana sabha

Sri.kanchi kama koti peeta asthana vidwan award.

vayuleena- gandharva award.

A top-grade artist in AIR award in the year 2012.

CONTRIBUTIONS

As an accompanist

He got familiarity with different schools of music like GNB School of music (famous in fast sangathis), Bala murali sirs music (has his own mixing style of carnatic and Hindustani music),musiri school of music(mixture of ragam tanam pallavi),Brinda & Muktha school(famous for padam and javali),Madurai mani iyers school of music(famous for sarva laghu swaras).

As a teacher

He has been inculcating the nuances of the Carnatic music to his students, which is the greatest positive point of V.V.Srinivasa Rao. He has a lotof patients and calm nature while teaching. His approach to teaching style is differnt. In the beginning he teaches the song and the notation and the student has to learn it and sing it perfectly then only he will teach them to play in violin. He will repeat the students doubtful part again and again and make sure that they are throve with that portion then move to next step. He not only teach how to play violin he teaches the value of punctuality, obedience and different valuable things which is necessary for a good person. He and his family treat each and every student as a member of their family and serve food, love and care without any partialities. He takes his students to listen his concerts and give opportunities to perform with him. He gives good guidance as a guru and good support like a parent. The students who get opportunities to learn under his trainings are really blessed.

As a composer

Vadya vrinda compositions in rare ragas like oormika. All India Radio has been playing a very important role in the propagation & preservation of Music in General and the rich Classical Music and Folk Music Traditions in particular. In a pioneering effort as an experimentation to harmonize the rich and beautiful Indian melodies and present them as orchestral compositions, Vadya Vrinda Unit was started in 1952. The Vadya Vrinda Units had a numberof artists playing on different instruments which not only was an effort towards keeping alive and showcasing many rare instruments for posterity but also to provide job opportunities to many artists. It is again a matter of pride that many eminent artists have been part of the Vadya Vrinda Units at Delhi and Chennai and Vadya Vrinda compositions of Pt. Ravi Shankar, Pt. Panna Lal Ghosh, T.K. Jayaram Iyer, Anil Biswas, Emani Shankar Shastri, H.L. Sehgal, M.Y. Kamasastry and others have been preserved in the archives of All India Radio which stand as testimony to their creative excellence and mastery.



Akashvani Vadya Vrinda, the national orchestra of All India Radio

As a solo artist

Played many concerts, instrumental jugal bandi like veena, mandolin, flute etc.

As a group performer

Vadya vrinda Violin styles and techniques of V.V.S Rao - He adopted Gayaki style and uses western bowing techniques.

Contribution to ALL INDIA RADIO

Composed musical features, titled LAYA TARANG

While working in AIR learned how to record Carnatic concerts, OB (invited audience bg program), concerts edited and produced many musical features for day to day broadcast in AIR

Epilogue

By trailing clouds of glory legends come to earth. They leave behind their footprints for generations to come on the shore of life and time. We step on them with glory, reverence and adoration. Violin legends leave behinds are their everlasting violin swaras, which vibrate in our ears. Among these swaras some are notified as of Sri V.V.S..RAOS, indeed a living legend in Carnatic violin.

From his earlier age he has been into the music world. Through his learningand performances, he has evolved himself as a senior performer of the classical music category. He has also been into the ALL INDIA RADIO, which has been also an important reason for being a soloist and composer. Naturally he is gifted with a composing ability. He was able to do a very good justice to that area and at the same time it was very much appreciated by the audience side. So the are always on a commanding style and as a teacher he has been teaching to students and he has been in inculcating the nuances of the Carnatic music to his students, which is the greatest positive point of V.V. Srinivasa Rao and so his contributions to music and teaching fraternity is ever memorable.

APPENDIX [photos, notations] Compositions published on CDs



NOTATIONS













Concert Pictures of V.V. Srinivasa Rao

Chaste rendition

VOCAL The relevant technique in raga delineation by Kasturi Rangan indicated the lines of his grooming.

SVK May 7th 2010

Kasturi Rangan's forceful and deep voice with waves of rolling akara conferred classical weight on his exposition in Sri Thyagaraja Seva Samiti's Bahula Panchami concert. Raga alapanas provided solid experience occasionally with excess vocalisation. Sancharas, deeply reflective, focussed on highlighting the radiance of the ragas, Sankarabharanam and earlier Pantuvarali.

He freely let his voice unfold his manodharma and formulated its progress in vidwat idiom. With spells of inspiration, his talent combined smoothness of music's flow with the chaste characteristics of classicism.

This lofty approach and relevant technique indicated the lines of his grooming.

Melodic majesty was his prized performing base. This could be sensed in the many variations in negotiating the tara sthayi segment. This to a great extent explained the pulsating pleasantness.

Impressive and creative

Sankarabharanam ('Vadiuta Nilachitte') provided the core of the recital. Kasturi Rangan's creativity couched in elegant twists and turns counted for its impressiveness. Vocal immensity exerted its influence on providing Sankarabharanam's panoramic edifice. A major part of development explored many levels of the raga's reach. The phrasings documented the moorchana boundaries and the akara-packed raga complex was gradually presented.

The interpretative method well communicated the loveliness of the kirtana. The flow of the sangatis was set against the grandeur of the piece. It hit the right aesthetic areas, a method imbibed from his guru Seshagopalan's style. It would do him much good to convert imitation to emulation and observe restraint for artistic effect. The first taste of the concert at the start, the Asrabhi Panchratnam 'Saalinchana' whetted the appetite for the rest of the songs – 'Sangita Gananamur (Dhanyasi), 'Entarika' (Devamanohari) and 'Dandmarga' (Ranjani). The rendering of the kirtanas in general drew strength from exuberance packed in them.

Kasturi Rangan.

While overall the singing represented Carnatic flavour, Kasturi Rangan's Pantuvarali alapana was in the ustad mode. The kirtana was Appa Rama Bhakti. It was not a single factor that ensured the brilliance of the programme. Voice, talent, guru's influence and cheerfulness combined to project Carnatic solidarity.

As against the forceful approach of the vocalist, V.V. Srinivasa Rao, on the violin, softly textured the raga Sankarabharanam and Pantuvarali in his solo sessions. His play incorporated gentle touches to the sancharas and the economy in building Sankarabharanam was noteworthy, stressing the essence converted more than elaboration. It was a very respectable face of Sankarabharanam that he delineated.

Mannarkoil Balaji's mridangam revealed a style of play wedded to lays substance. There was, good balance between expertise and efficiency, in his thani

साहित्यिकी

चंद्रलाल बादी के संगों में लोकधर्मिता : एक विवेचन

डॉ कामराज सिन्धु

विभागाध्यक्ष हिन्दी विभाग दुरस्त शिक्षा निदेशालय, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र

भूमिका

संगीत की दृष्टि से सांग या स्वांग को हरियाणा का कोमी नाट्य कहा जा सकता है। यह विधा हरियाणा के लोकमानस पर जादू का प्रभाव डालती है। इसके मंच के चारों ओर बैठे दर्शक रागनियों की स्वर-लहरियों में एवं वाद्य संगीत कथा को देखसुन कर मंत्रमुग्ध हो जाते हैं यदि हम इसके नाम के ऊपर चर्चा करें तो हमें विभिन्न विद्वानों के द्वारा उनके अनेक नाम प्राप्त होते हैं। डॉ शंकर लाल यादव सांग या सांगीत को संगीत का ही फूहड़ रूप मानते हैं।

हरियाणा लोक साहित्य अपने समाज का प्राण होता है। हरियाणा लोक साहित्य अत्यंत विशाल और समृद्ध है, और उसमें स्वांग लोक साहित्य प्रमुख विधा के रूप में जाना जाता है। हरियाणा का लोक साहित्य एक प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत हुआ है, जिसमें लोकनाट्य कलाकारों की अहम भूमिका होती है। हरियाणवी लोक साहित्य में आप भारतीय संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से देख सकते हैं। हरियाणा के लोक साहित्य में विभिन्न विधाओं को लेकर अनेकों हरियाणा के विश्वविद्यालयों में शोध कार्य भी हुआ है, और इसमें एक महत्वपूर्ण कड़ी है सांग। सांग के दर्पण में समाज की समस्त रुचियां, भावनाएं, कल्पनाएं और समाज का प्रतिबिंब स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। सांग मे मेरी रुचि इसलिए भी अधिक थी क्योंकि मे ग्रामीण परिवेश से संबंध रखता हूँ। बल्यकाल अवस्था से मैंने सांगो को अपने गांव या पड़ोस के गांव में जरूर देखाहै। सांग एक ऐसी विधा है जिसका प्रचलन हरियाणा के लोक साहित्य में 100 साल से अधिक का देखा गया है। यह एक मनोरंजन का साधन तो है ही परंतु यह आय का साधन भी है, जिस प्रकार चौपाल बनाना, पाठशाला, गरीब लड़कियो की शादी के लिए पैसा इकठ्ठा करना आदि। हरियाणवी सांगों में विभिन्न प्रकार की सौंदर्य, विभिन्न प्रकार के साहित्य से जुड़े आयाम देखने को मिलते हैं। हरियाणवी सांग परंपरा में जहां पुरुष और नारी पात्रों के अतिरिक्त कुछ ऐसे पात्र भी सांग में आपको देखने को मिलेंगे जिसमें देवी देवता आदि का वर्णन एक सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया जाता है।[1]

हरियाणा सॉन्ग विधा एक महत्वपूर्ण विधा के रूप में हरियाणा में प्रस्तुत हुई है। इस मिट्टी ने बड़े-बड़े संगियों को जन्म दिया है कुछ समय बाद उनका पूरा परिवार मेरठ के गाँव दतनगर, उत्तर प्रदेश मे जाकर बस गया। जिसमें एक नाम चंद्रलालबादी सांगी हुए हैं। उनका जन्म भिवानी जिले के चरखी दादरी में हुआ, और बचपन से ही उनका लगाव गायन में देखने को मिला। लगभग 13 वर्ष की आयु में ही उन्होंने मंचों पर सॉन्ग कला का प्रदर्शन करना आरंभ किया, इसके बाद हरियाणा की माटी से निकलकर सांग विधा संपूर्ण भारत में देखने को मिली। मुंबई बॉलीवुड में काम करने वाले इकलौते संगी चंद्रलालबादी के रूप में जाने जाते हैं।सन 1960

में इन्होंने अपने संगों का सामाजिक संदेश लोगों तक पहुंचाने के लिए भारत सरकार द्वारा सम्मानित भी किया गया। 1944-45 में भारत के पश्चिमी भाग जो संयुक्त पंजाब के रूप में जाना जाता है लाहौर मुख्य शहर आज पाकिस्तान का हिस्सा है, के सौ की घड़ी, गुजरमल किला, खजिया वाला फतेहपुर, मियां मीर छावनी, अनरकली बाजार, की रचना करके अपनी अमित छाप छोडी।हीर रांझा, अंजना पवन कुमार, नल राजा और दमयंती का स्वयंवर, सत्यवान सावित्री आदि सांगों की तैयारी करके उनका मंचन किया, और आजादी से पूर्व चंद्रलाल बादी की पूरी पार्टी भारत में आ गई और यहां सॉन्ग मंचन करने लगे।[2]

ज्ञान विज्ञान की तमाम विधाएं मानव जीवन को सुखद और समाज को परिष्कृत करने के लिए होती हैं। यही आदर्श साहित्य और लोक कलाओं का संबंध में होता है। लोक साहित्य में वृहद लोग की कामनाएं जीवन शैली और सांसारिक उत्थान पतन दिखाई देता है। क्योंकि लोग की परिभाषा में संपूर्ण मानव समाज आता है। जिसमें शिक्षित, अशिक्षित, गरीब, अमीर, छुआ-छूत स्त्री-पुरुष बालवीर बाल वृद्ध, सभी कुछ लोक में समाहित है। प्रारंभ काल से ही लोक के जीवन में अनुशासन के लिए सिविल कोड बनाएं। घर परिवार और समाज में स्त्री पुरुषों को व्यावहारिक नियमों में बांधा। संबंधों को नाम दिया माता-पिता, बेटा-बेटी, भाई-बहन, पति-पत्नी आदि यह सब पारिवारिक रिश्ते तय किए। चंद्रलाल बादी संगों में एक विशेष बात यह है कि स्त्री-पुरुष संबंध के धरातलीय रूप दिखाई देते हैं। इस मायने में भी एक माहिर लोक कवि के रूप में जाने जाते हैं। वह किसी आदर्श के चक्कर में लौकिक व्यवहार में प्रचलित संबंधों को नहीं भूलते और इसी लौकिक व्यवहार के बीच ही वे नैतिकता का पाठ पढ़ाते हैं। उनकी रागनियों में अनेक ऐसे शब्दों का प्रयोग हुआ है जो समाज विरोधी शब्दों के रूप में जाने जाते हैं जैसे चोर-जार ठग आदि जिनको हम समाज के लिए एक घातक और अपशब्द मानते है।

यह मेरे बस का ना काम तू है तो माणस बदकार।
चोर-जार-ठग जगत म्न नहीं किसी के यार।।[3]

पृथ्वी सिंह किरणमई सॉन्ग स्त्री के जार -परीक्षा का सॉन्ग है। शेरखान पृथ्वी सिंह की पत्नी की परीक्षा लेने उनके घर आता है। उससे पहले महाराजा अकबर के दरबार में शेरखान और पृथ्वी सिंह की जार कर्म के ऊपर तीखी नोक-झोंक होती है। शेरखान कहता है कि जिस मूल्यों की बात पृथ्वी सिंह अपनी पत्नी के लिए कह रहा है, उस तरह का संस्कार हिंदू महिलाओं में नहीं है। उनकी शर्त लगती है और शेरखान उसकी पत्नी के सत की परीक्षा के लिए उसके नगर में जाता है और छल से उसकी पत्नी को जारिणी साबित करने की कोशिश करता है। पृथ्वी सिंह चोर- जार के स्वभाव पर प्रकाश डालते हुए कहते हैं-

हो यारी घर के घर दूर भेद कोई सहल यार जाणे सौ
हो जैसा आदमी उसी ही सब की तार-सार जाणे सौ
साहूकार मानस औराँ नौ भी साहूकार जाणे सौ
जोर-जार अपने कैसा सबनौ जार जाणे सौ।।[4]

चंद्रलाल बादी ने अपने सांगों में समाज में क्या घट रहा है कैसी परिस्थितियों है उन सब का निरूपण अपने सांसों के द्वारा व्यक्त किया है। चाहे वह पौराणि ाक संदर्भों पर ही आधारित क्यों न हो, फिर भी कवि कहीं न- कहीं अपने समय की अच्छाइयां बुराइयों का वर्णन कर ही देता है, और यदि वह युगबोध से नहीं जुड़ा हुआ हो तो लोग उसे जल्दी ही भूल जाते हैं। चंद्रलाल बादी ने अपने-अपने संगों के पात्रों के माध्यम से अपने दर्शकों को सुखद उपदेश देना का काम भी किया है। वे लोगों को लताड़ते हुये कहते हैं कि जो मित्र बनने का बहाना करके अपने स्वार्थ सिद्ध करने के लिए प्रयास मे लगे रहते हैं। इसके विपरीत दोस्ती का प्रण निभाने वालों को भी एक सच्चा आदमी मानते हैं।कमला -मदन सांग में जब निठल्ली सास-ननंद के कारण लक्ष्मी और उसका परिवार उजड़ जाता है, तो लक्ष्मी और उसका पुत्र भीख मांगने के लिए मजबूर हो जाता है।उस समय दोनों में वार्तालाप होती है।

लक्ष्मी : धोरे बैठके प्रण निभाणा यो छोटा काम नहीं सै।
लक्कड़हारी : जो धोरे बैठ के दगा करे वो असल का जाम नहीं सै।[6]

चंद्रलाल बादी के अनुसार जब तक भारत का एक एक नागरिक परिश्रम नहीं करता तो भारत को 21वीं सदी के अनुरूप कैसे बना जा सकता है। भारत भी तो अपने नागरिकों पर गर्व करें! कोई भी देश अपने श्रमशील नागरिकों के बूते जीवित और स्वतंत्र रहता है।

हमारा प्यारा हिंदुस्तान,
सुर्ग सम्मान हरेक इंसान
करो श्रमदान जाणा शुभ काम
देश को जब होगा आराम।।

सभी धर्मों, जातियों, संप्रदायों और मतों के लोगों को भारत को अपना देश समझ कर इसे महान बनाने के लिए कठिन शर्मदान करना चाहिए। परिश्रमी लोगों के सहारे ही देश को मजबूत बनाया जा सकता है। चंद्रलाल बादी का कहना है, कि सरकारों को देश के एक-एक नागरिक के लिए रोजगार के अवसर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। स्कूल और कॉलेजों में विद्यार्थियों को स्वालंबन का पाठ पढ़ाना चाहिए। चंद्रलाल बादी तकनीकी शिक्षा की ओर इशारा करते हुए लड़कों के साथ -साथ लड़कियों की शिक्षा पर भी पूरा ध्यान देने की बात करते हैं। वे यही नहीं रुकते बल्की किसान साक्षरता की बात भी करते हैं। वे खेती के प्रकारों तथा रूपों में भी फेरबदल की बात करते हैं। जैसे ग्रामीण इलाकों में शिक्षा के प्रचार-प्रसार हेतु इंटर कॉलेजों की स्थापना करना।

योजना से देश की बेरोजगारी मिटाई जा
कॉलेज के म्हा हर बच्चे को दस्तकारी सिखाई जा
बेटों के सम्मान बेटी बाहण भी पढ़ाई जा
खेती भी तो जमीदारों कि नए ढाल से कराई जा
ना रहै चोर और जार,
ठग बदकार, पापी विचार, रिश्वती
करै ना जो भारत को बदनाम
देश को जब हो आराम॥

चंद्रलाल बादी देश की सरकारों को भी आह्वान करते हैं कि देश के लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए पंचवर्षीय योजनाओं को सही तरीके से लागू किया जा सके।सबसे निम्न स्तर के व्यक्ति को ध्यान में रखकर योजनाओं का निर्माण किया जाए, और उन पर अमल किया जाए। लोगों में संविधान के प्रति विश्वास जागे सरकार लोगों को बिजली, सड़क और पानी के लिए अथक परिश्रम करें। और पंचायती राज व्यवस्था को सबसे श्रेष्ठ विकल्प के रूप में देखा जाए।

पंचवर्षीय योजना का पूरा-पूरा ध्यान हो
श्रमदान और विधाट्न से देश का कल्याण हो।
बिजली के कुएं और सड़क,
चलै बेधड़क, लगै सही फड़क
मिटे जब रड़क बनै पंचायती बीज गोदान
देश को जब हो आराम।।[7]

हर व्यक्ति के जीवन का सच्चा गहना उसका परिश्रम है अप्रत्यक्ष रूप में उसके स्वाभिमान में दिखाई पड़ता है। परिश्रम प्राकृतिक जीवन का सबसे महत्वपूर्ण आयाम है। जो प्रत्येक मनुष्य अपना काम करके जीवन यापन करने के लिए ही पैदा होता है। आत्मनिर्भरता व्यक्ति को संपूर्णता प्रदान करती है। परिश्रमी व्यक्ति स्वयं तो स्वाभिमानी और सर्जनात्मक परवर्ती का होता ही है इसके साथ साथ हुआ है, कोम, समाज देश का भी अनमोल नागरिक होता है। किसी भी देश की सभ्यता, संस्कृति में उस देश के वासिनदों के परिश्रम की सबसे अधिक भूमिका होती है, और उसी परिश्रम का नतीजा सन 1947 में देश की आजादी का का जश्न। चंद्रलाल बादी परिश्रमी और मेहनती तो थे ही लेकिन उनके व्यवहार में हमेशा दिखाई देती थी, और कवि के संस्कार उसकी मेहनत उनके संग में झलकती थी। चंद्रलाल बादी ने अपने संगों के माध्यम से अपने दर्शकों में परिश्रम की जीवन शैली का बीज बोया। चाहे वह धन्नाभगत सांग हो या कमला-मदन या फिर गुलशन-गुलबहार और सत्यवान सावित्री हो सबमें श्रम को महत्व देते हुए दिखाई देते है। असल में

भारतीय जाति व्यवस्था में वे स्वयं भी एक ऐसी जाति से संबंध रखते थे जो परिश्रमी तो है ही और मेहनत करके खाने में विश्वास रखती है।

सब कुछ कर सकता है
माणस नहीं हिम्मत हारे तो।
गर्भ गीता का लेख आदमी सही विचार है तो।
बाप कर्ज मारे तो भार संतान पर पड़े।[7]

धन्ना भगत सॉन्ग परिश्रम की महिमा का ही सॉन्ग है। इस सॉन्ग के माध्यम से लोक कवि यह महती संदेश भी देते हैं, कि परिश्रमी व्यक्ति का साथ स्वयं ईश्वर भी देते हैं। सत्यवान सावित्री सॉन्ग भी परिश्रम का ही महिमा-मंडित करता है। सत्यवान एक राजा का लड़का था परंतु उसे जंगल में जाकर लकड़हारा बनने के लिए मजबूर होना पड़ा।वह लकड़ी काटने के तमाम औजारों को निर्जीव नहीं मानता अपितु अपना साथी अथवा दोस्त मानकर उनका सम्मान करता है। उनसे बातें करता है उनसे आदर पूर्वक काम लेता है लोक कवि चंद्रलाल बादी का यह वार्तालाप विलक्षण है जिसमें सत्यवान औजारों से बात करता है।

आज्या री डोरी बंद कमर पै तेरे तै रहेगा प्यार।
आज्या कुल्हाड़ी तू भी हाथा महँ में
मित्र मेरा तेरे तै चलेगा रुजगार।।[8]

कर्मशील और परिश्रमी व्यक्ति विभिन्न अवसरों पर अपने औजारों से स्नेह करते देखे गए हैं। औजारों को अपनी आजीविका का सबसे बड़ा माध्यम मानते हैं। सत्यवान अपने वस्त्र आदि गिरवी रखकर औजार लाता है। उसने अल्पायु में ही अपने वृद्ध मां बाप के भरण-पोषण की जिम्मेदारी अपने कंधों पर उठा ली थी। लोक कवि इस जिम्मेवारी का वर्णन एक रागनी के माध्यम से करते हैं।

सत्यवान मां-बापा के दुख बांट्न आले होंगे।
राज करनि, बालक लकड़ी काटन आले होंगे॥

भारतीय धर्म तथा दर्शन के इतिहास में हरियाणा का अर्थ पूर्ण विशिष्ट तथा महत्वपूर्ण स्थान है। वैदिक ऋचाओं, श्रुति- स्मृतियों की रचना यही हुई है। गीता, महाभारत तथा रामायण की कथा भूमि भी हरियाणा ही है, तथा आस्तिक एवं नास्तिक दर्शनों का निर्माण भी यही हुआ है।लेकिन फिर भी आज तक हरियाणावासी प्रत्यक्ष या परोक्ष रूप में सनातन वैदिक धर्मावलंबी ही रहे। वैदिक धर्म के हाश और सिकुड़न के युग में यहां की बहादुर जनता ने किसी अन्य धर्म को नहीं अपनाया बल्कि शिवालयों तथा राम कृष्ण के जीवन मूल्यों के सहारे जीवन यापन किया। वैसे तो शैवमत का प्रचार समस्त भारत में हुआ है किंतु हरियाणा के प्रत्येक बड़े गांव व कस्बों में तो शिवालय अवश्य देखने को मिलेंगे शिवाय नमः, नमः शिवाय यहां जनजीवन के मृदुल कंठ से निकलने वाला मुख्य स्वर है। प्रातः काल जब ग्राम बालाएं शिवालयों में पूजा हेतु जाती हैं तो अनायास से गूंज उठता है यह गीत—

शिव शंकर तेरी आरती,
मैं बार-बार गुण गावन्ती,
ताता पाणी तेल उबलता,
हर मैं मसल न्हानती॥[9]

हरियाणा के लोकधर्म में देवी-देवताओं में सीता-राम, राधा-कृष्ण, हनुमान, दुर्गा, भवानी, काली, ब्रह्मा-विष्णु तथा गणेश आदि के प्रति उनकी आस्था दिखाई देती है। इन सभी माध्यमों से पूजा वास्तव में शक्ति की ही होती है। क्योंकि भूमि तो अंततोगत्वा क्षत्रियों की है। अतः आयुद्ध जीवी अपनी जन्म घुटी को कैसे भूल सकते हैं। इसके साथ-साथ हम बौद्धों और जैनियों के प्रभाव को भी अपने साहित्य में रखते हैं। किंतु बौद्ध मत का प्रभाव नाथ और सिद्ध के द्वारा या बहुत व्यापक में दिखाई दिया। नाथों के अनेक डेरे हैं लेकिन इनकी पूजा में आरती उतारने की प्रथा नहीं है। मथुरा, वृंदावन, काशी, हरिद्वार तथा कुरुक्षेत्र आदि तीर्थ स्थान पापमोचक एवं मोक्ष-प्राप्ति हेतु माने जाते हैं। इन सब में कुरुक्षेत्र का महत्व सर्वाधिक बताया गया।[10]

निष्कर्ष-

कवि की मंशा उसके संगों में कहीं ना कहीं अनायास रूप में प्रकट हो ही जाती है। यह कवि के कविकर्म के साथ शत-प्रतिशत सच्चाई से जुड़ी बातें है। कवि चंद्रलाल बादी के उपर्युक्त रागनी, संगों से यह स्पष्ट होता है कि वह परिश्रम को अधिक महत्व देते थे। उनके सांगों में कई बार ऐसी परिस्थितियां बनती हैं, जहां राजा राजकुमार या धनाढ्य को भी मजदूरी करके जीवनयापन करते हुए दिखाई है। इस काम को भी उसी तल्लीनता से करते हैं। स्पष्ट बात है कि कवि चंद्र लाल बादी परिश्रम की जीवन शैली के संवाहक और भारतीय लोकधर्मी कवि भी।[11]

संदर्भ

1 पंडित मांगेराम ग्रंथावली—डॉ पूर्ण चन्द शर्मा, हरियाणा ग्रंथ अकदामी, पंचकूला, पृ 98

2 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली—डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ 16

3 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली—डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ. 62

4 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली- डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ 63

5 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली -डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ 66

6 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली- डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ 96

7 सॉन्ग सम्राट चंद्र लाल बादी ग्रंथावली -डॉ राजेंद्र बडगूजर, हरियाणा ग्रंथ अकादमी, पंचकूला, पृ 106

8 वही - पृ 107

9 हरियाणवी लोकगीतों का सांस्कृतिक अध्ययन- डॉ गुणपाल, पृ 5

10 हरियाणा के सांगों में सौंदर्य निर्गुण- विजेंदर सिंह, हरियाणा साहित्य अकादमी चंडीगढ़ 1988

11 वही- पृ 110

राग बहार में निर्मित रचनाओं का साहित्यिक अवलोकन

श्यामा कुमारी
असिस्टेंट प्रोफेसर
संगीत एवं मंच कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय

सार संक्षेप

संगीत और साहित्य का संबंध उतना ही उपयोगी है और आनंददायी है जितना धरातल के लिये सुननावली और गगन तल के लिये आलोक-माला। काव्य यदि दीपक है तो संगीत उसकी प्रज्जवलित ज्योति। काव्य यदि देह है तो संगीत उस देह में चेतना का संचार करने वाली आत्मा अर्थात् संगीत और काव्य एक ही प्रवाह से बहने वाले दो स्त्रोत हैं जो अलग-अलग बहते है, किन्तु उनका मूल रूप एक ही है। रागों की बंदिशों में प्रयुक्त काव्य राग के भाव को स्पष्ट करने के लिये समर्थय रखता है। विभिन्न साहित्यिक अलंकरणों द्वारा इसका राग भाव को प्रस्तुत करने का प्रयास किया जाता है। इस प्रकार हम इस शोध प्रपत्र में राग बहार की विभिन्न साहित्यिक रचनाओं तथा उनकी विशेषताओं की चर्चा कर रहे हैं।

मुख्य शब्द

बहार, साहित्य, रचना, काव्य, छन्द

साहित्य और संगीत का संबंध सुदीर्घ और अविछिन्न है। साहित्य की परिभाषा अत्यंत व्यापक है। शब्द और अर्थ का मनोहर विन्यास ही 'साहित्य' है। शब्द और अर्थ इस विन्यास की स्थिति में परस्पर संतुलित रहते हैं। **"साहित्यतुल्यकक्षत्वेनान्युनानतिरिक्तित्वम्"**[1]

साहित्य में काव्य का संबंध तो और भी अधिक महत्त्वपूर्ण है। 'काव्य' के अन्तर्गत कृतिकार अपने मनोगत भावों तथा जीवन की अनुभूतियों को शब्द और अर्थ के माध्यम से व्यक्त करता है। संगीत एक कला है, जिसमें संगीतज्ञ अपने मनोगत भावों तथा रागात्मक अनुभूतियों को शब्द और स्वर के माध्यम से व्यक्त करता है। काव्य का साधन शब्द और अर्थ है और संगीत के स्वर, लय और ताल। संगीत काव्य को अधिक प्रभावशाली बनाने में सहायक होता है और काव्य संगीत के रूप को व्यक्त करने में। **'आचार्य भरत'** के अनुसार-

"वाङ्मयानीह शास्त्रादि वाङ्गनिष्ठानि तथैव च।
तस्माद्वाच परं नास्ति वाग्धि सर्वस्य कारणम्।।"[2]

'आचार्य मतंग' के अनुसार- **"नादादुत्पद्यते बिन्दुनादात् सर्व च वाङ्मयम्"**[3]—अर्थात् नाद से बिन्दु उत्पन्न है। नाद से ही समस्त वाङ्मय सम्भव होता है। संगीत और साहित्य दोनों का मूल नाद में ही है। साहित्य वर्णनात्मक तथा संगीत स्वरात्मक होता है परन्तु नाद दोनों में प्राणस्वरूप है। शब्दोच्चारण अथवा स्वरोच्चारण के लिये नाद का होना अपरिहार्य है। स्वरोच्चारण के लिये शब्द तथा शब्दोच्चारण के बिना स्वरोच्चारण संभव नहीं है। इस प्रकार दोनों का शाश्वत् संबंध सिद्ध होता है। यही शब्द और

स्वर विकसित होकर साहित्य शास्त्र और संगीत शास्त्र कहलाये।

संगीत की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि पर दृष्टि डालें तो हमें ज्ञात होता है कि सामगान प्राचीनतम गायन था जिसमें 'सा' अर्थात् ऋचा तथा 'अम्' अर्थात् स्वर का समवेत गायन होता था। इस प्रकार सामगान के अन्तर्गत शब्द तथा स्वर का प्रथम ज्ञात समन्वय प्राप्त होता है। **'श्री शरच्चन्द्र श्रीधर परांजपे'** के अनुसार- "भारतीय संस्कृति के प्रतिनिधि विद्वान साहित्यकार संगीत के प्रकांड विद्वान रहे हैं और उनका यह विश्वास रहा है कि आदिम संगीतज्ञ 'नटराज' के ताल-लय समन्वित ताण्डव से साहित्य व संगीत के तत्वों का एक साथ ही सूत्रपात हुआ। आज भी यह परम्परा किसी न किसी रूप में विद्यमान है। संगीत का आदिम राग भैरव भगवान शिव के अघोर मुख से उत्पन्न हुआ है और साहित्य की आदिम वर्णमाला महादेव के पदचाप से उद्भूत हुई।"[4] **'एडवर एलेन पा'** का कथन है- 'Music when combined with a pleasurable idea is poetry, music without the idea, is simply music, the idea without the music is prose form its very definiteness.[5]

पाश्चात्य विद्वान **'कारलाईल'** के अनुसार- "संगीतमय विचारों को ही काव्य कहा जाता है। उनके शब्दों में कविता मनोवेगमय और संगीतमय भाषा में मानव अन्तःकरण की मूर्त और कलात्मक व्यंजना करता है।"[6] **'पं॰ विष्णु दिगम्बर पलुस्कर'** के मतानुसार- "काव्य और संगीत में उतना ही अन्तर है जितना सगुण और निगुर्ण में। काव्य सगुण और संगीत निर्गुण। काव्य केवल चेतन पर प्रभाव डाल सकता है। भाषा भेद का इसमें भी प्रतिबंध है। इसके विपरीत संगीत कला का प्रभाव सम्पूर्ण चेतन प्राणियों के साथ जड़ पदार्थ पर भी पड़ता है।"[7]

शास्त्रीय संगीत की परम्परा में सर्वप्रथम पदयुक्त गीत के रूप में गीतकों का उल्लेख किया जा सकता है जो सभी चतुः मात्रिक गुणों से युक्त हैं। स्वर, विरूद्ध, पद, तेनक, पाट, ताल प्रबन्ध के यह छः अंग कहे गये हैं। इसमें विरूद्ध, पद, तेनक 'पद' से ही संबंधित हैं, ताल तथा पाट दोनों सह संबंधित हैं। स्वर तो आधारभूत अंग है ही। गुणनाम अथवा गुणसूचक शब्द विरूद्ध है, मंगलार्थक शब्द तेनक है तथा इनसे भिन्न अन्य शब्द पद है। इस प्रकार इन तीनों अंगों का मुख्य तत्व शब्द अर्थात् 'पद' ही सिद्ध होता है।

ऋतु कालीन राग 'बहार' काफी मेल जन्य एक आधुनिक राग है। राग बहार नवीनता के साथ मधुरता का गुण भी स्वयं में संजोये हुये है। इसी मधुरता के गुण के कारण राग बहार विभिन्न रागों से भली-भाँति मिश्रित होकर बहार के नवीन प्रकारों का सृजन करता है। यह ऋतुकालीन राग माना जाता है परन्तु इस राग के साहित्य का क्षेत्र बहुत विस्तृत रूप ले चुका है। यद्यपि यह एक नवीन राग है तथापि इसमें विभिन्न साहित्यिक विषयों से संबंधित रचनायें प्राप्त होती हैं। जैसे-विभिन्न रसों से संबंधित, देशभक्ति, विभिन्न भाषायें, समय पर आधारित आदि। ख़्याल गायकों की विशेष रूचि इस राग के प्रति देखी जाती है। जिसका कारण है इसका-'स्वरूप तथा मधुरता'। राग बहार में म, सा स्वर वादी सम्वादी, शाडव जाति, कोमल गंधार तथा दोनों निषाद का प्रयोग इसे और अधिक कर्णप्रिय, मधुर व रंजक बनाता है।

राग बहार के साहित्य की ओर यदि विचार किया जाये तो राग बहार में साहित्य के सभी पहलुओं पर दृष्टि डाली गयी है जो कि इस राग की सम्पूर्णता को प्रकट करता है।

राग बहार में प्रस्तुत **'ऋतु पर आधारित रचना'** जो कि 'द्रुत एकताल' में निबद्ध है-

स्थाई- *बन बन बेलरी फूली अमरइया,*
फूली जूही फूली चम्पा,
बेला गुलाब फूली,
नवल हरित वसन धार, आयी बहारवा...

अन्तरा- *भँवर करत गुँज गान,*
रसिकन मन हरित भान,
कूक कूक कोयलिया, मोरे जियरवा[8]

'होरी संबंधी रचना' - राग-बहार (विलम्बित तीनताल) जो **'आचार्य बृहस्पति'** द्वारा निर्मित है-

स्थाई- *राधे तुम नीकी फंसी वृज गैल,*
उतै नँद नँद भरै पिचकारी,
हंसे संग ग्वाल बाल सब आय।
अन्तरा- *रंग अबीर की धूम मची री,*
होरी के रंग सबै मतवारे
'अनंगरंग' कौन बचै तहँ जाय[9]

'देशभक्ति संबंधी रचना' - राग बहार (ध्रुवताल खंड जाति)

स्थाई- *जय हिंद जय हिंद जय हे,*
तुम्हरो नाम उज्वल भयो है,
जय कीरत अखिल संसार में आदर्श,
देशन को...
अन्तरा- *अहिंसा सत्य शांति ध्वज*
तिरंगी गगन में बिराजे
दीन दुर्बल दुखी जन को है
भरोसो एक जो अखिल संसार में
आदर्श देशन को[10]

'विभिन्न भाषा संबंधी रचनायें' - 'बृज भाषा' - राग बहार त्रिताल (मध्यलय)

स्थाई- *करत केली कुंजन में कन्हैया,*
ग्वाल बाल अत हरख भरे सब
हांसत गावत नाचत तारी दै दै
अन्तरा- *बांसुरी की धुन सुन उठ धाये धाये,*
नर नारी जन ब्रिज के वासी,
देखत सुनत बलैया लै लै।[11]

'पंजाबी भाषा' की रचना - **राग भैरव बहार,** एकताल, जिसकी निर्मिति **'सदारंग'** के द्वारा की गई है-

स्थाई- *ए मांडे महमद नू आई*
बहार रबी नवी
अन्तरा- *आशिक मौला माशुक अंबिया*
'सदारंग' राख ले नबी नबी।[12]

'फारसी भाषा' की रचना - **राग सूहा बहार**, आड़ा चौताल जिसकी निर्मिति **'अमीर खुसरो'** के द्वारा की गई है-

स्थाई- *अश्क रेज़ आमदाअबरे बहार*
अन्तरा- *साक़िया गुल बरेजोह बियार*[13]

'मराठी भाषा' की रचना - **राग बहार** - तीनताल

स्थाई- *एकांती सगुन भजनी आलस करूं नको,*
नको बुडसी का संसारी भारी ग्रह सुत,
घन हित न करूनी स्त्री तथा समजा
अन्तरा- *मी मी मे मे जनन मरण पण कठिण,*
असुनि मनि का हा भ्रमरे समज उमज
सच्चिदानंदघन श्री रामे गुणधाम राम
निष्काम भज शिवराम।।[14]

'विभिन्न रसों' पर आधारित रचनायें-

'भक्ति रस' संबंधित रचना - **राग जौनपुरी बहार** - त्रिताल, जो कि **'पं॰ रामाश्रय झा 'रामरंग''** द्वारा निर्मित है-

स्थाई- *माला फेरत जुग बीते तोहे*
अजहु न तृष्णा छूटी साधो
अन्तरा- *करका मन का डार दे 'रामरंग'*
मनका मनका फेर रे साधो[15]

साहित्य के संदर्भ में भक्ति के विभिन्न प्रकारों का उल्लेख मिलता है जैसे-सगुण भक्ति, निर्गुण भक्ति, राम भक्ति, कृष्ण भक्ति। इसी प्रकार कृष्ण भक्ति के अन्तर्गत भगवान कृष्ण से संबंधित लीलाओं पर आधारित ख्याल रचनाओं की प्राप्ति होती है जो कि इस प्रकार हैं-

सगुण भक्ति- सगुण भक्ति के अन्तर्गत ईश्वर के सगुण रूप की आराधना की जाती है।

'राग बहार', त्रिताल, में निबद्ध एक रचना -

स्थाई- *भज रघुवर श्याम जुगल चरना*
अन्तरा- *इतहि अजोध्या निर्मल सरजू,*
उत गोकुल सीतल जमुना[16]

निर्गुण भक्ति-निर्गुण भक्ति के अन्तर्गत ईश्वर के निराकार स्वरूप की आराधना भक्त द्वारा की जाती है। **'राग बहार',** त्रिताल में निबद्ध एक रचना-

स्थाई- *महूँमद यार बीया नबी जग में,*
रब रपठायो है करन दीन मोसलाम
अन्तरा- *जिन पढ़ो कलमा वे मुसलमान,*
जाको जानत होवे ध्यान हो[17]

'कृष्ण भक्ति'-भगवान कृष्ण से संबंधित रचनायें जिनमें उनके विभिन्न नाम रूपों का आधार लेकर अपनी भावना साहित्य के माध्यम से प्रस्तुत की जाती है। कृष्ण भक्ति के अन्तर्गत उनकी बाल

लीलाओं, राधा-कृष्ण की लीलायें, कृष्ण-कंस संवाद, गोकुल-ग्वाल संवाद आदि ये सभी विषय सम्मिलित होते हैं। राग 'कान्हड़ा बहार' में झपताल में निबद्ध निम्न रचना में भगवान कृष्ण से संबंधित नामों, उनकी लीला आदि का बहुत ही संक्षिप्त परन्तु सुन्दर वर्णन किया गया है-

स्थाई- *राधिका रमण गिरि रण गोपीनाथ,*
मदनमोहन कृष्ण नटवर बिहारी
अन्तरा- *रासलीला रसिक ब्रज युवति प्राणपति,*
सकल दुखहरण गो गुणनचारी[18]

'श्रृंगार रस' पर आधारित रचना - राग **'हिंडोल बहार'** में द्रुत तीनताल में निबद्ध है। जिसमें श्रृंगारिक भावों का समावेश किया गया है-

स्थाई- *पिया पिया करे जिया मोरा,*
ना जानूँ कब घर आए।
अन्तरा- *उनके दरस बिन अँखियाँ तरस रहीं,*
ना जानू कब घर आए[19]

'वात्सल्य रस' पर आधारित रचना जिसे **'कै॰ श्री रामकृष्ण वझे बुवा'** द्वारा राग **'परज बहार'** में एकताल में निबद्ध कर इस रचना को सजाया गया है-

स्थाई- *पालना झूले कान्ह सजकर सब,*
आई हैं, आई हैं ब्रिज ललना।
अन्तरा- *हाँसत-हाँसत फूल झरत कोई,*
देखत मुसकावत कोई तो हिले,
कोई तो मिले।[20]

इस रचना में वात्सल्य रस के भावों को साहित्यिक काव्य के अन्तर्गत पिरोया गया है। भगवान कृष्ण को पालने में झूलाने के लिये बृज की गोपियां सज धज कर आयी हैं। **'दिन के प्रहरों पर आधारित'** रचना-**'राग बहार',** तीन-ताल में निबद्ध रचना को रात्रि के समय के आधार पर बनाया गया है। इसमें शरद मास की रात्रि का वर्णन किया गया है जिसमें नायिका विरह में नायक को याद कर अपने मन की पीड़ा को व्यक्त कर रही है-

स्थाई- *कैसी निकसी चांदनी,*
शरद रात मदमात विकल भयी,
पियु पियु टेरत भामिनी
अन्तरा- *छिन आंगन छिन जात भवन में,*
छिन बैठत छिन बारि हूँ दौरत,
कल ना पड़त तड़पत बिरहा कुल,
चमकत ज्यों द्युति दामिनी।[21]

'संगीत संबंधी साहित्य' पर आधारित रचना-जिसकी निर्मिति **'सुमति मुटाटकर'** द्वारा राग **'हिंडोल बहार'** में 'धमार ताल' में निबद्ध की गई है-

स्थाई- *बाजत मृदंग बीन करताल,*
और मुरली धुन डफ चंग
अन्तरा- *नवल बसंत नव नवल लाडली,*
सखियन संग करत केली नवल रंग
तरंग[22]

इस रचना में सांगीतिक वाद्यों के नामों जैसे-मृदंग, बीन, करताल, मुरली, डफ तथा चंग आदि के नामों को सम्मिलित करके धमार ताल में निबद्ध किया गया है।

'विभिन्न साहित्यिक अलंकारों पर आधारित रचनायें'-

'राग बहार' में प्रस्तुत काव्य तथा साहित्य बहुत ही सुन्दर साहित्यिक अलंकरणों का उदाहरण प्रस्तुत करता है-**'सदारंग'** द्वारा निर्मित इस रचना को एकताल में निबद्ध किया गया है जिसमें अनुप्रास तथा पुनरूक्ति प्रकाश अलंकारों का बहुत ही सुन्दर प्रयोग दर्शाया गया है-

स्थाई- *कूक कूक कोयलिया बोलन लागीरे,*
कंथ ऋतु आइलो वा
अन्तरा- *सब बन बन कई फूली रंगीली*
तैसी फूली बहारिया, 'सदारंग'
ते ऋतु आये पात झर ये बहार[23]

'रूपक अलंकार' - 'राग केदार बहार', एकताल में निबद्ध एक रचना-

स्थाई- *मुकुट माथे धरे खोर चंदन करे,*
माल मुक्ता गले कृष्ण हेरे
अन्तरा- *पीत पट कटि कसे कर्ण कुंडल लसे,*
निशि दिना उस बसे प्राण मेरे[24]

'उपमा अलंकार' - 'राग बहार', चौताल में निबद्ध एक रचना-

स्थाई- *बरसत घनश्याम मोर पहुंच जटा तिलक,*
बीच भ्रममरोर यदुवर तब देखी जात
सुखद नेत्र कमल युगुल चहूँ ओर
अन्तरा- *बंसी धुन गरजत घन पीतांबर पवन*
फेर, गोपी ग्वाल साथ जल छतरात[25]

अतः राग बहार ऋतुकालीन राग होते हुये भी विभिन्न साहित्यिक विषयों पर आधारित रचनाओं को स्वयं में समेटे हुये सम्पूर्ण राग की श्रेणी में आ चुका है। किसी भी राग का साहित्य उस राग के प्रस्तुतिकरण, भावाभिव्यक्ति का माध्यम होता है। संगीत और काव्य भिन्न-भिन्न रूप में आह्लादकारी हैं परन्तु इन दोनों का मणिकंचन संयोग विलक्षण तथा अनिर्वचनीय आनंदानुभूति प्रदान करता है। उत्तम गीत काव्य तथा संगीत, दोनों ही दृष्टिकोणों से उत्तम होता है। श्रेष्ठ काव्य उचित स्वर संयोजन के अभाव में तथा उत्कृष्ट स्वर-रचना तदनुकूल समस्तरीय काव्य के अभाव में सफल गीत नहीं बन पाते। 'संगीत रत्नाकर' में 'वाग्गेयकार' में धातु रचना एवं मातु रचना, दोनों के ही श्रेष्ठ गुणों की आवश्यकता के समन्वय से उद्भूत रसात्मकता उचित ही नही प्रयुक्त अत्यंत आवश्यक भी है।

संदर्भ सूची

1. हिन्दी वक्रोक्तिजीवित्, प्रथमोन्मेष, करिका 17 पृ.-60
2. नाट्यशास्त्र, अध्याय-15, पृ.-201
3. बृहद्देशी, प्रथम अध्याय, श्लोक-19
4. भारतीय संगीत का इतिहास, परांजपे, चौखम्बा पब्लिशिंग हाउस, दिल्ली, 2010
5. काव्य संगीत अंक, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ.प्र.), 1961, पृ.-7
6. काव्य संगीत अंक, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ.प्र.), 1961, पृ.-39
7. संगीत कला विहार, फरवरी-1955, पृ.-24
8. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-1, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, 2002, पृ.-75
9. राग रहस्य, आचार्य वृहस्पति, भाग-1, बृहस्पति पब्लिकेशन, नई दिल्ली, प्रथम संस्करण-1986, पृ. -146
10. अभिनव गीत मंजरी, कृष्ण नारायण रातंजनकर, भाग-1, आचार्य एस.एन. रातंजनकर फाउंडेशन, दादर, बम्बई, 1990, पृ-191
11. अभिनव गीत मंजरी, कृष्ण नारायण रातंजनकर, भाग-2, आचार्य एस.एन. रातंजनकर फाउंडेशन, दादर, बम्बई, 1990, पृ-186
12. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-1, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, 2002, पृ.-120
13. दिल्ली घराने का संगीत में योगदान, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2001, पृ-235
14. राग विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-1, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, 2002, पृ.-79
15. अभिनव गीतांजली, रामाश्रय झा, भाग-5, संगीत सदन प्रकाशन, इलाहाबाद, 2007, पृ.-312
16. क्रमिक पुस्तक मालिका, पं॰ विष्णु नारायण भातखंडे, भाग-4, संगीत कार्यालय, हाथरस (उ.प्र.), पृ.-606
17. वही, पृ.-626
18. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-7, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, तृतीय संस्करण-1990, पृ.-96
19. रागरचनांजलि, अश्विनी भिड़े देशपांडे, राजहंस प्रकाशन, 2004, पृ.-38
20. संगीत पूर्वी अंक, कै. श्री रामकृष्ण वझे बुआ, जनवरी-1957, पृ.-143
21. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-7, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, तृतीय संस्करण-1990, पृ.-97
22. गीत निर्झरी, सुमति मुटाटकर, कनिष्का पब्लिशर्स, नई दिल्ली, 2002, पृ.-96
23. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-1, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, 2002, पृ.-65
24. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-7, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, तृतीय संस्करण-1990, पृ.-103
25. राग-विज्ञान, पं॰ विनायक राव पटवर्धन, भाग-1, डॉ. मधुसूदन पटवर्धन, पूणे, ग्यारहवां संस्करण, 2002, पृ.-67

अमृतलाल मदान व धर्मपाल साहिल के उपन्यासों म सांस्कृतिक मूल्य एक विवेचन

सोनिया
शोधार्थिनी, हिंदी विभाग,
लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालन्धर पंजाब

डॉ. रीता सिंह
हिंदी विभाग
लवली प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी, जालन्धर पंजाब

शोध सारांश

किसी भी राष्ट्र की संस्कृति वहाँ के लोगों के जीवन मूल्यों के अनुकूल होती है। लोगों की जीवन शैली जिसम रहन-सहन, खान-पान, वेश-भूषा तीज, त्यौहार आदि वहाँ की संस्कृति को दर्शाते हैं।लोगों के उदात्त जीवन मूल्यों का प्रभाव संस्कृति पर स्पष्ट दृष्टिगोचर होता है। एक देश विशेष के लोगों के जीवन मूल्य जितने उदात्त होंगे उतनी ही श्रेष्ठ उनकी संस्कृति भी होगी। पुरातन काल से जितनी सामाजिक लोक परंपराएं, मान्यताएं, प्रथाएं व व्यवहार चले आ रहे हैं जिन से मनुष्य का मानसिक, शारीरिक और आध्यात्मिक स्तर पर विकास हुआ वही संस्कृति कहलाई। जैसे-जैसे मानव लगातार विकास की ओर उन्मुख होता गया उसकी लोक परंपराएं, मान्यताएं, प्रथाएं, व्यवहार और जीवनशैली परिवर्तित होती गई उसी से उसकी विचारधारा तथा बाहरी संस्कृति के प्रभाव के कारण संस्कृति को विकसित होने म हजारों वर्ष लग जाते हैं।

बीजशब्द

संस्कृति, सामाजिक, भौतिकतावाद, सांस्कृतिक मूल्य, पर्यावरण, पाश्चात्य, वैवाहिक।

संस्कृति का शाब्दिक अर्थः

'संस्कृति' शब्द संस्कृत की 'कृ' धातु के साथ सम् उपसर्ग जोड़कर सूट् का आगमन व क्तिन् प्रत्यय लगने से बना है। जिसका अर्थ है समयक् कृति, दूसरे शब्दों म संस्कृति का अर्थ है संस्करण, परिमार्जन या शोधन।कल्टीवेशन भी कल्ट से ही बना है जिसका अर्थ होता है - भूमि को जोतकर सुधारना जिससे उपज की मात्रा गुणावस्था म वृद्धि हो। एग्रीकल्चर म सुधार और विकास की सही भावना निहित है। बैजनाथ सिंहल के अनुसार "इस प्रकार 'संस्कृति' शब्द समाज सुधार को व्यंजित करता है। अपनी दैनिक आवश्यकताओं से बाहर मनुष्य जिस रूप म वैचारिक स्तर पर जीवन को संस्कृत करता है उसका वह रूप संस्कृति युक्त होता है।"[1] संस्कृति के विषय म भारतीय विद्वानों का मत :- धीरद्र वर्मा का मानना है "देश की संस्कृति से हम मानव जीवन तथा व्यक्तित्व के उन रूपों को समझ सकते हैं, जिन्ह देश विशेष के लिए महत्वपूर्ण अर्थात मूल्यों का अधिष्ठान समझा जाता है।"[2]

संतोष कुमार चतुर्वेदी कहते हैं "संस्कृति वह सामाजिक विरासत है जिससे कला-कौशल, विचार व्यवहार, आदत, नैतिक मूल्य आदि समावेशित हो जाते हैं।"[3]

रामधारी सिंह दिनकर के मतानुसार "संस्कृति एक ऐसा गुण है जो हमारे जीवन म छाया हुआ है। यह एक आत्मिक गुण है, जो मनुष्य स्वभाव म उसी प्रकार व्याप्त है जिस प्रकार फूलों म सुगंध और दूध म मक्खन इसका निर्माण एक या दो दिन म नहीं बल्कि युग-युगांतर म होता है। जिस प्रकार संस्कृति जन्य गुणों का निर्माण कठिन है। उसी प्रकार इन का नष्ट होना भी।"[4]

पाश्चात्य विद्वानों के अनुसार -

एफ.जे. ब्राउन के अनुसार :-"संस्कृति मानव के संपूर्ण व्यवहार का ढांचा है जो अंशतः भौतिक पर्यावरण से प्रभावित होता है। यह पर्यावरण प्राकृतिक एवं मानव निर्मित दोनों प्रकार का हो सकता है।किंतु प्रमुख रूप से यह ढांचा सुनिश्चित विचारधाराओं, प्रवृत्तियों, मूल्यों तथा आदतों द्व ारा प्रभावित होता है जिसका विकास समूह द्वारा अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए किया जा सकता है।"[5]

भारतीय व पाश्चात्य दृष्टिकोण के मूल्यांकन के उपरांत हम यह स्पष्ट होता है कि संस्कृति मानव जन्म के साथ प्राप्त होने वाली वह धरोहर है जो जीवन भर मानव मात्र का मार्गदर्शन करती है मानव द्वारा अपने समाज से प्राप्त संस्कार जो समाज म बेहतर जीवन यापन और समाज के साथ सामंजस्य बनाने म प्रभावी होते हैं वह संस्कृति के आधार हैं। रहन-सहन, खान-पान सम्बन्धी संस्कृतिक मूल्यः-शब्दकोश के अनुसार अर्थ :- रहन शब्द का अर्थ है,"रहने की क्रिया या भाव, आचार, व्यवहार" और रहन-सहन का अर्थ है "जीवन बिताने और काम करने का ढंग।"[6]

मेले व त्यौहार विषयक संस्कृतिक मूल्य :-त्योहार और मेले भारतीय संस्कृति के मुख्य तत्व हैं। वर्ष भर कोई न कोई पर्व या मेला कहीं न कहीं आयोजित हो रहा होता है। इन्ह बड़े उत्साह से मनाया जाता है। भौतिकतावाद और वैश्वीकरण की आपाधापी भरे युग म बड़ी संख्या म लोगों का इन त्योहारों म शामिल होना आश्चर्य पैदा करने वाला है। राष्ट्रीय व स्थानीय स्तर पर मनाए जाने वाले इन पर्वों की प्रतीक्षा की जाती है और पूरी तैयारी के साथ इन्ह मनाया जाता है। संसार के अन्य देशों म भी ऐसे आयोजन होते रहते हैं, किंतु भारतीय आयोजनों का अंतर समझने से भारतीय संस्कृति की विशिष्टता उभर कर सामने आती है। यह विशिष्टता देश की एकता और भाईचारे की भावना को दृढ आधार प्रदान करने वाली और मूल्यों को संरक्षित करने वाली है। प्रमुख बात है कि मेलों, त्योहारों को व्यक्तिगत रूप से नहीं पारिवारिक स्तर पर मनाया जाता है। मुख्य त्योहारों पर दूर-दराज रहने वाले परिवार के सदस्य भी घर आने को उत्सुक रहते हैं ताकि एक साथ पर्व का आनंद ले सक। यह भावना जिस आनंद की जननी है, वह पाश्चात्य देशों की आनंद की अवधारणा से मूलतः भिन्न है। त्योहारों म पारिवारिक सहभागिता जहां इन्ह मर्यादा और गरिमा प्रदान करती है, वहीं सहयोग की भावना को भी बढ़ाती है? दशहरा, दीपावली, होली और ईद आदि को मनाने के लिये मोहल्ला, नगर स्तर पर समितियां बनाकर सहयोग और आनंद को विस्तार दे दिया जाता है। आलोच्य उपन्यासों म भी इस प्रकार के मेले और त्यौहार एक साझी संस्कृति के परिचायक हैं। धर्मपाल साहिल के उपन्यास मचान म भी हिमाचल म आयोजित किया जाने वाले एक छिंज मेले का अपना संस्कृतिक महत्त्व है। "हिमाचल की सीमा के निकट होने के कारण स्थिति मेले म पंजाब के साथ-साथ बहुत बड़ी संख्या म हिमाचल वासी भी बड़े उत्साह से पहुंचते निरंतर चार दिन तक चलने वाले इस मेले म भाग लेने के लिए भी दूर-दूर से नामी पहलवान अपनी किस्मत आजमाने आते वास्तव म ऐसा मेला पंजाब हिमाचल विभाजन से पहले सदियों से आयोजित होता आ रहा था बेशक प्रशासनिक तौर पर दो राज्यों के बीच बंटवारे की लकीर खींच दी गई थी लेकिन इस लकीर के आर पार बसे लोगों के रीति रिवाज परंपराएं मान्यताएं त्योहार मेले से देवी देवता थे अभी पंजाब की तरफ से गांव के लोग अपने बेटे बेटियों के रिश्ते हिमाचल की ओर कर देते थे।"[10]

ये मेले और त्यौहार मात्र मनोरंजन का साधन ही नही होते अपितु समाज व संस्कृति को जोड़ने का कार्य भी करते हैं। अमृतलाल मदान के उपन्यास समझौता एक्सप्रेस म भारत पाक विभाजन के समय अपनी पत्नी बीबी मोहमद से बिछुड़ा शिकोह मालिक पंजाब म आयोजित सभ्याचारक मेले म 55 वर्ष बाद अपनी पत्नी को खोज निकलता है। इस घटना से स्पष्ट है कि मेले जोड़ने का कार्य करते हैं न कि तोड़ने का। प्रोफेसर नंदा कहते हैं। "जनाब शिकोह मलिक और बीबी मोहमद पाकिस्तान म हिंदुस्तान के प्रतीक बन गए हैं, इन्ह मिलाना दो मुल्कों, दो संस्कृतियों का फिर से मिल जाना है। दोस्तों, सियासत तोड़ती है। संस्कृति जोड़ती है। हमारे सभ्याचारक मेलों का उद्देश्य भी यही है, जो आज सार्थक हो गया। इसलिए हमने आज के इस कार्यक्रम का नाम भी समझौता एक्सप्रेस समाचार मेला रखा है।"[11]

वैवाहिक संस्कृतिक मूल्य :- भारतीय समाज और संस्कृति म विवाह को पवित्र बंधन माना जाता है। विवाह को दांपत्य जीवन का आधार माना गया है। विवाहित पति-पत्नी द्वारा एक दूसरे के प्रति एक निष्ठा की अपेक्षा की जाती है। पति-पत्नी के बीच म आत्मीयता, त्याग, लगाव, समर्पण की भावना, परस्पर सम्मान, आदर, कर्तव्य परायणता संतानोत्पत्ति, पारिवारिक संबंधों का सम्मान आदि विवाह से संबंधित मूल्य माने जाते हैं। भारतीय संस्कृति के अंतर्गत माता-पिता की पसंद और अनुमति से लड़का लड़की की शादी की जाती थी वर्तमान समय म विवाह के अनेक रूप दिखाई देते हैं। ऐसे आयोजित विवाह प्रेम-विवाह, अंतरजातीय विवाह, बाल विवाह और विवाह आदि भारत म विवाह पद्धति के भी अनेक रूप हैं जैसे अग्नि परिक्रमा, वचन संकल्प, देव साक्षी, कोर्ट मैरिज, लिव इन रिलेशनशिप आदि। प्राचीन भारत म विवाह परंपरा धर्म का भाग्य से जुड़ा हुआ था परन्तु अब उस दृष्टिकोण म बदलाव आने लगे हैं।

डॉक्टर हेमद्र पानेरी के अनुसार "वैवाहिक जीवन की रूढिगत मान्यताएं बदल चुकी हैं। विवाह के परंपरागत बंधन शिथिल हो गए हैं। अब विवाह को आत्माओं का पुनीत मिलन या जन्म जन्मांतर का संबंध स्वीकार ना किया जाकर मात्र समझौता या मैत्री संबंध माना जाने लगा है। वैवाहिक जीवन म तलाक की स्वीकृति से परंपरागत गृहस्थय जीवन संबंधी मूल्यों को आघात लगा है। प्रेम-विवाह, अंतर जाति-विवाह, विधवा-विवाह आदि को स्वीकृति मिलने लगी है। आज जब बिना विवाह किए ही वैवाहिक जीवन की स्वछन्द्ताओं का उपभोग किया जा सकता है। तो फिर विवाह की आवश्यकता ही क्या है? यह विचारणा तीव्र गति से बढ़ती जा रही है।"[12]

अपने-अपने अंधेरे उपन्यास म राजेश का मित्र प्रदीप भी विवाहित होते हुए भी अपनी सहयोगिनी मोहिनी से अनैतिक संबंध स्थापित रखता है। प्रदीप राजेश को बताता है मोहिनी के पति जयप्रकाश को मोहिनी और उसके अनैतिक संबंधों के विषय म पता चल गया है उसने तो "गुस्से म आग बबूला होकर मोहिनी की खूब पिटाई की उस जालिम ने और उसे धमकी दी कि अगर मैं फिर कभी उसके दरवाजे पर नजर आया तो वह मेरी टांगे तोड़ कर रख देगा और स्कूल की प्रबंधक समिति को भी शिकायत कर देगा। अब तुम ही बताओ अपनी टांगे तुड़वा लूं या मोहिनी से अपना संबंध तोड़ दूं। कुछ समझ नहीं आता क्या करूं तुम ही कोई रास्ता सुनाओ सुझावो मित्र।"[13] इस उपन्यास म दांपत्य जीवन सम्बन्धित मूल्यों के संक्रमण तथा विघटन को दर्शाया गया है। धर्मपाल साहिल के उपन्यास 'खिलने से पहले' म पति-पत्नी के अनेक जोड़े हैं जो पारिवारिक मूल्य संक्रमण एवं विघटन को दर्शाते हैं। वर्तमान म शिक्षा एवं पाश्चात्य प्रभाव के कारण भारतीय नारी के बर्ताव म परिवर्तन आए हैं। जिस से मूल्यों म संक्रमण हुआ। इस उपन्यास म 'मैडम कुमार, और मैडम हर्षिता लिव इन रिलेशन और होमो रिश्तो को अपनाती हैं जो पाश्चात्य संस्कृति से उन्होंने अपनाया है। कुमार मैडम कहती है—

"ऑल राइट मैडम अब अपने ट्रेडिशनल मैरिज सिस्टम को ही लो बोर हो गए हैं लोग इस सिस्टम

से। आप जो मजी कह- बट आई बिलीव इन 'लिव इन रिलेशनशिप'। मुझे तो यह ट्रड बहुत जचा है। बिन फेरे हम तेरे बनकर जब तक जी चाहे रहो, जब मन भर जाए, उकता गए... ओके बाय बाय टाटा-टाटा..."[14]

सुमित्रा मैडम के इस बारे म और पूछने पर वह कहती है "इसम मैडम एकदम बराबरी का दर्जा है औरत-मर्द को। एक दूसरे की रिस्पेक्ट है। एक दूसरे को खोने का डर भी है, इसलिए कोई एक दूसरे को नाराज करने का रिस्क नहीं लेता। अपनी कमाई पर अपना हक कोई दहेज नहीं, कोई लड़की लड़के की समस्या नहीं। अगर बाई चांस अलग होना भी पड़ जाए तो कोई कोर्ट कचहरी का झंझट नहीं। एक दूसरे को आराम से कहो-भई, जितनी निभ गई ठीक, बाकी मेरा रास्ता इधर तुम्हारा उधर। तुम फ्री, आजाद जियो-आजाद मरो।"[15]

मैडम कुमार अपने और हर्षिता मैडम के होमो रिश्ते को स्वीकार करते हुए कहती हैं "हम क्या जरूरत है धमाका करने कि मैंम, वी आर ऑलरेडी इन 'लिव इन रिलेशनशिप' हम उनकी तरह मूर्ख नहीं हैं। मैडम कुमार ने हर्षिता के साथ अपनी होमो-रिश्ते स्वीकारते हुए स्थिति ही स्पष्ट कर दी और अपने बारे म चल रही अटकल-बाजियों को यकीन म बदल दिया था। मैडम कुमार नहीं रुकी- अब तो मैडम इंडिया म भी कानून मान्यता मिल गई है। हाईकोर्ट के एक फैसले ने धारा 377 को नकार दिया है। कितना हो हल्ला मचा था पिछले दिनों मिडिया म...मेरी समझ म नहीं आता कि जब दुनिया भर के एक सताईस कंट्री इस रिलेशन को स्वीकार कर चुके हैं तो फिर हमारे इण्डिया म क्या प्रॉब्लम है? यहाँ सभी को अपने ढंग से जीने की आजादी होनी चाहिए।"[16] यहाँ भारतीय पारम्परिक दाम्पत्य सम्बन्धित मूल्यों का संक्रमण व विघटन हुआ है।

निष्कर्षः-भारतीय संस्कृति स्थिर एवं अद्वितीय है जिसके संरक्षण की जिम्मेदारों वर्तमान पीढ़ी पर हैं। इसकी उदारता तथा समन्वयवादी गुणों ने अन्य संस्कृतियों को समाहित तो किया है, किन्तु अपने अस्तित्व के मूल को सुरक्षित रखा है। एक राष्ट्र की संस्कृति उसके लोगों के दिल और आत्मा म बसती है। सर्वांगीणता, विशालता, उदारता और सहिष्णुता की दृष्टि से अन्य संस्कृतियों की अपेक्षा भारतीय संस्कृति अग्रणी है।भारतीय संस्कृति म निहित मूल्यों को व्यवाहरिक रूप देने का परामर्श दोनों ही उपन्यासकारों ने दिया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूचीः

1. बैजनाथ सिंहल, नई कविताः मूल्य मीमांसा पृष्ठ 108
2. धीरद्र वर्मा, हिंदी साहित्य कोश पृष्ठ 802
3. संतोष कुमार चतुर्वेदी, भारतीय संस्कृति पृष्ठ 7
4. रामधारी सिंह दिनकर, संस्कृति के चार अध्याय पृष्ठ 545
5. एजुकेशन सोसियोलोजी पृष्ठ 63
6. नवल, नालंदा विशाल शब्द सागर
7. अमृतलाल मदान, बंद होते दरवाजे पृष्ठ 69
8. बंद होते दरवाजे पृष्ठ 69
9. अमृतलाल मदान, दूसरा अरुण पृष्ठ 79
10. धर्मपाल साहिल, मचान पृष्ठ 15
11. धर्मपाल साहिल, समझौता एक्सप्रेस पृष्ठ 142
12. स्वाधीनता कालीन हिंदी साहित्य म जीवन मूल्य पृष्ठ 56
13. अमृतलाल मदान, अपने-अपने अंधेरे पृष्ठ 51
14. धर्मपाल साहिल, खिलने से पहले, पृष्ठ 111
15. खिलने से पहले पृष्ठ 112
16. खिलने से पहले पृष्ठ 114

प्रकीर्णक

खेल के सौन्दर्य बोध में उपभोक्तावाद का प्रभाव

डॉ. आलोक मिश्र

एसोसिएट प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष,
शारीरिक शिक्षा विभाग, बरकत उल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल, मध्य प्रदेश

मनुष्य के स्वाभाविक विकास में खेल अनिवार्य अंग है। खेल के द्वारा मनुष्य का विकास मानव मूल्यों को प्राप्त करना होता है। यह लक्ष्य चरम सत्य अथवा मानवीय आदर्शों की प्राप्ति है, जिसमें खेल सक्रिय भूमिका निभाता है। यह सत्य की अनुभूति कराता है और अन्तिम लक्ष्य अर्थात सत्य की अनुभूति में ही हमें आनन्द मिल सकता है।

यद्यपि खेल का उद्देश्य जीवन के उत्तर मानवीय मूल्यों को प्राप्त करना है तथापि भूमण्डलीकरण के प्रभाव से जीवन में आए उपभोक्तावाद ने खेल से जुड़े सौन्दर्य बोध को परिवर्तित कर दिया है। अब खेल का लक्ष्य एवं आयोजन बाजार केन्द्रित होता जा रहा है।

सौन्दर्यशास्त्र मानव की कला चेतना और उससे सम्बन्धित आनन्दानुभूति का विवेचन एवं विश्लेषण प्रस्तुत करता है। 'स्थेटिक्स' या सौन्दर्यशास्त्र से तात्पर्य सुन्दर के विषय में विचार या सौन्दर्य दर्शन से है जो कि सौन्दर्यचेतना की उपज है। सौन्दर्यचेतना मनुष्य की वह भावनात्मक अवस्था है जिसे सौन्दर्यबोध कहते हैं। जब कोई वस्तु अथवा कला भौतिक एवं मानसिक रूप से हमें इन्द्रिय आनन्द का अनुभव कराती है तो वह सौन्दर्य की वस्तु या कला कहलाती है। और किसी कलाकृति अथवा वस्तु को देखकर आनन्द की सृष्टि होने को सौन्दर्यबोध कहते हैं। इस सौन्दर्यबोध को वाह्य एवं आन्तरिक स्वरूपों में स्पष्ट कर सकते हैं। वाह्य स्वरूप जिससे हमारी इन्द्रियों को सुख मिलता है और आन्तरिक स्वरूप ऊपरी सतह पर क्षण भर के सौन्दर्य से मोहित नहीं होता क्योंकि कि उसका अनुभव आत्मा होता है।

भारतीय सौन्दर्य शास्त्र के अन्तर्गत जब सौन्दर्य शब्द की चर्चा की जाए तो सत्यं शिवम् सुन्दरम एवं सच्चिदानंद शब्द स्मरण में आते हैं। सौन्दर्य की मीमांसा अत्यंत प्राचीन काल से होती आई है तथा भारतीयों की सौन्दर्य दृष्टि एवं सौन्दर्य मीमांसा संभवतः पाश्चात्यों से अधिक प्राचीन हैं किन्तु भारतीय विद्वानों ने सौन्दर्य दर्शन की चर्चा रसानुभूति से की हैं यदि सौन्दर्य शास्त्र को सौन्दर्य मूल्य एवं सौन्दर्य बोध का ही दर्शन तथा विज्ञान माना जाये तो भी भारतीय परम्परा में इसकी पूर्ण समृद्धि प्राप्त होगी। समस्त कलाओं काव्य, नाटक आदि के सिद्धान्त निरूपण में सौन्दर्य को सर्वोपरि स्थान दिया गया है, पश्चिम में सौन्दर्य शास्त्र को दर्शन के एक अंग के रूप में स्वीकार किया गया है। अतः वहां दार्शनिक चिंतन के अन्तर्गत सौन्दर्य चितं न की परम्परा आरम्भ से रही है।

भारतीयों की दृष्टि में सौन्दर्य का बहुत मूल्य था और उन्होंने सौन्दर्य के विविध रूपों और छबियों को अत्यन्त सूक्ष्मता के साथ देखा था। ऋग्वेद में सौन्दर्य को 'श्री' नाम से संबोधित किया गया है। ऋग्वेद में 'चारू' शब्द का प्रयोग भी सुंदर के अभिप्राय से हुआ है। ऋग्वेद में अनेक स्थलों पर उसका अत्यन्त स्वाभाविक वर्णन है। वैदिक ऋषि सत्यम्, शिवम् और सुन्दरम् का समन्वय सौन्दर्य

में मानते हुए सौन्दर्य को परम सत्ता के गुणों के रूप में देखते हैं। वे ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि हम उन वस्तुओं को प्राप्त कर सकें जो सुंदर हैं।

नाट्शास्त्र में सभी के सौन्दर्य गुणों के सन्दर्भ में ललित, विद्वत, शोभा, दीप्ति, माधुर्य, धैर्य, लावण्य आदि का विवेचन मिलता है। नाट्यशास्त्र में सभी के गुणों के संदर्भ में ललित, विद्वत, शोभा, दीप्ति, माधुर्य, धैर्य, लावण्य आदि का विवेचन मिलता है। नाट्यशास्त्र में गायन, वादन, नृत्य के सौन्दर्य विधान का वर्णन किया गया है और कलाओं के सौन्दर्य विधान पर सूक्ष्मता से विचार किया गया है। ऋषियों ने जिस सौन्दर्य का वर्णन किया है, वह परम तत्व का सौन्दर्य है उन्होंने उसे प्रकृति और मानव ने भी देखने की चेष्टा की है।

भारतीय साहित्य, संगीत, चित्र, मूर्ति कला एवं खेलों का सम्बन्ध मौलिक सौन्दर्य से रहा है, और उसमें विविधरूपों में सौन्दर्य की अभिव्यजंना हाती रही है। भारतीय काव्यशास्त्र को विशेषरूप से सौन्दर्य से सम्बद्ध रहा है। रस सम्प्रदाय में तो रस और सौन्दर्य पर विस्तृत विचार किया गया है। भरत मुनि से लके र पंडित राज जगन्नाथ तक सभी रसवादी आचार्यों ने रास और व्यापक समीकरण को पूरी विद्वता के साथ दिखाया है। संस्कृत के पहले आचार्य पंडितराज जगन्नाथ हैं, जिन्होंने अत्यंत स्पष्ट शब्दों में रमणीय का उल्लेख किया है पंडित जगन्नाथ ने ''रमणीयता'' को ही सौन्दर्य माना है। उन्होंने रमणीयता को ही काव्य का सौन्दर्य माना है जिसके ज्ञान से लोकोत्तर आनंद प्राप्त हो वह अर्थ रमणीय है।

आधुनिक विचारकों व भारतीय सौन्दर्यशास्त्रियों में डा. रमेश कुन्तल मेघ का सौन्दर्य शास्त्रीय दृष्टिकोण अत्यन्त महत्वपूर्ण व व्यापक है। अपनी पुस्तक ''अथातो सौन्दर्य जिज्ञासा'' में कला एवं सौन्दर्य बोध, कलाकार, कलाकृति, कलाओं का वर्गीकरण, सृजन प्रक्रिया, सौन्दर्य की तात्विक प्रकृति आदि पर उन्होंने गंभीरता से विचार किया है। सौन्दर्य चिन्तक श्री के.सी. पाण्डेय के अनुसार, ''सौन्दर्य वे कलाएं हैं जिनकी कृतियां परम ब्रह्म को इन्द्रिय ग्राह्य रूप में इसप्रकार से उपस्थित करती हैं कि वे आवश्यक मानसिक दशाओं से युक्त सहृदय कला-रसिकों के लिए ब्रह्मानन्द प्राप्ति का समुचित साधन बन जाती हैं।''

इस प्रकार ब्रह्मानन्द सहोदर अर्थात परम सत्य को मानव जीवन में अवतरित करने के लिए ही कलाओं की रचना हुई अर्थात, 'सुन्दरम' की अभिव्यक्ति किए जाने के लिए जो माध्यम बना, उसे कला का नाम दिया गया। इन्हीं कलाओं के द्व ारा उस परम सत्य को रूपाकृति दी गई, जिसे हम सुन्दर, चिन्मय, रहस्यमय मानते हैं, भारतीय दर्शन में परम सत्य को सच्चिदानंद रूप और सौन्दर्य को उस परम सत्ता का प्रतिबिम्ब माना गया है।

वर्तमान में सौन्दर्य के वाह्यपक्ष पर अधिक बल दिया जा रहा है जिससे खेल भी अछूता नहीं रहा है। इसका प्रमुख कारण उपभोक्तावाद है जिसने जीवन के प्रत्येक क्षेत्र को प्रभावित किया है और हमारे सौन्दर्य बोध को भी परिवर्तित कर रहा है। बीसवीं शताब्दी के अंतिम दशकों में पूरी दुनिया में महत्वपूर्ण बदलाव हो रहे थे जिसे 'विश्व की अर्थ व्यवस्था का वैश्वीकरण' कहा जाने लगा। जो कि सम्पूर्ण विश्व को समाहित या एकीकरण करने की प्रक्रिया है इसमें विश्व को एक समग्र इकाई एवं बाजार को एक उपकरण के रूप में स्वीकार किया जाता है। यद्यपि इसका स्वरूप आर्थिक रहा है तथापि राजनीतिक, सांस्कृतिक सामाजिक प्रक्रियायें भी इसमें सम्मिलित हो गयी है। साथ ही इसके तीव्र विकास में सूचना क्रान्ति जैसी नयी प्रौद्योगिकी का योगदान है। चूंकि इसका स्वरूप बाजार आधारित है जिससे स्वाभाविक रूप में उपभोक्तावाद का प्रसार तेजी से हो रहा है। आल्डस हक्सले ने ब्रेव न्यू वर्ल्ड में अपनी भविष्य कल्पना में दिखाया था कि भावी विश्व में उपभोग न करने को एक गंभीर रोग माना जाएगा। जिसका आदर्श होगा 'लिविंग इज बाईंग' अर्थात् जीने का मतलब खरीदना है।

आज उपभोक्तावाद के प्रवाह ने एक आदर्श जीवन शैली के अर्थ, परिभाषा एवं अवधारणा को पूरी तरह बदल कर रख दिया है। आवश्यकता

ही आविष्कार की जननी है। इस पुरातन सिद्धांत को भूमण्डलीकरण ने तकनीक के सहारे उलट दिया है और *अब आविष्कार ही आवश्यकता की जननी हो गया है।* अब माल पहले बनता है और फिर उसकी आवश्यकता महसूस करायी जाती है। जिसके परिणामस्वरूप गैरजरूरी वस्तुओं को भी दैनिक जीवन में शामिल करा दिया जाता है। इस तरह पहले का ग्राहक अब उपभोक्ता बन गया है। इसी को उपभोक्तावादी संस्कृति के नाम से भी जाना जाता है।

जब हम उपभोक्तावादी संस्कृति की बात करते हैं तो उपभोग तथा उपभोक्तावादी में फर्क करते हैं। उपभोग-जीवन की बुनियादी जरूरत है। इसके बगैर न जीवन संभव है और न वह सब जिससे हम जीवन में आनन्द का अनुभव करते हैं। इस तरह के उपभोग में हमारा भोजन शामिल है जिसके बिना हम जी नहीं सकते या कपड़े शामिल है, जो शरीर ढकने के लिए और हमें गर्मी, सर्दी और बरसात आदि से बचाने के लिए जरूरी है। इसी तरह जीवन की रक्षा करने वाली या शरीर की तकलीफों को दूर करने वाली दवाएं, ऋतुओं के प्रकोपसे बचाने के लिए घर, ये सब उपभोग की वस्तुएं हैं।

अपने परिवेश को नृत्य, संगीत, खेल आदि से सजाना या साहित्य और विज्ञान के जरिये अपने वातावरण का प्रतीकात्मक अनुभव करना, मनुष्य को सबसे ऊँचे दर्जे का आनन्द देता है। इस प्रक्रिया में निर्मित कला वस्तु, पुस्तक आदि सब मनुष्य के स्वाभाविक उपभोग के क्षेत्र में आते हैं। संक्षेप में उपभोग की वस्तुएं वे हैं, जिनके अभाव में हम स्वाभाविक रूप से अप्रीतिकर तनाव का अनुभव करते हैं- चाहे वह भोजन के अभाव में भूख की पीड़ा से उत्पन्न हो, अथवा संगीत एवं कलाओं के अभाव में नीरसता की पीड़ा से उत्पन्न तनाव हो।

इसके विपरीत ऐसी वस्तुएं, जो वास्तव में मनुष्य की किसी मूल जरूरत या कला और ज्ञान की वृत्तियों की दृष्टि से उपयोगी नहीं हैं लेकिन व्यावसायिक दृष्टि से प्रचार के द्वारा जरूरी बना दी गयी हैं, वे सब उपभोक्तावादी संस्कृति की देन है। लेकिन उपभोक्तावादी संस्कृति ऐसी वस्तुओं को शुद्ध व्यावसायिकता के कारण योजनाबद्ध रूप से लोगों पर आरोपित करती है और तकनीक की आधुनिकतम खोजों का, इसके लिए प्रयोग करती हैं कि इन वस्तुओं की माया लोगों पर इस हद तक छा जाये कि वे इनके लिए लालायित बने रहें।

भारतीय चिन्तन में उपभोक्तावाद या भोगवाद की सराहना नहीं मिलती और न ही इसे नैतिकता की दृष्टि से ठीक माना जाता है। प्राचीन मूल्यों में अर्थ एवं काम को धर्म एवं मोक्ष से बांधा गया है। पाश्चात्य चिन्तन में भी उपभोक्तावादी प्रवृत्ति को मानवीय मूल्य के लिए उचित नहीं माना गया है।

वर्तमान के खेल के आयोजन बाजार के अनुरूप परिवर्तित किए जा रहे हैं पहले खेलों का आयोजन सामाजिक विकास आपसी सामंजस्य एवं शारीरिक व मानसिक मजबूती से सम्बन्धित रहता था अब इसमें आर्थिक पक्ष महत्वपूर्ण हो गया है। जिन खेलों में बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की रुचि होती है उन्हीं खेलों को अधिक प्रोत्साहित किया जा रहा है। इस प्रक्रिया में इन कम्पनियों के मुनाफे और प्रचार के अनुरूप ही खेल आयोजन हो रहे हैं। आईपीएल इसका ज्वलंत उदाहरण है जिसमें बाजार के अनुरूप खेल के स्वरूप को ही बदल दिया गया है। इस उपभोक्तावादी प्रवृत्ति का प्रभाव खिलाड़ी के मन मष्तिस्क पर गहराई से पड़ता है।

इस उपभोक्तावाद के प्रभाव से खेल भी बाजार केन्द्रित हो रहा है जबकि हर खेल की अपनी विशिष्टता है। उपभोक्तावाद सांस्कृतिक विशिष्टता के बजाए बाजार के मूल्यों को अभिव्यक्त कर रहा है और खेल भी बाजार को बढ़ावा देने में योगदान कर रहा है। पहले खेल लोक जीवन से जुड़ कर विकसित होता रहा अब वह उद्योग से जुड़ गया। इसलिए खेल में दर्शन या चिन्तन पक्ष द्वितीयक होता जा रहा है जो मानसिक शान्ति एवं कल्याण के लिए आवश्यक था। एरिकफ्राम ''बीइंग एण्ड हैविंग'' में कहते हैं कि आज के दौर में मनुष्य बीइंग अर्थात वह क्या है? के बजाए हैविंग अर्थात् मेरे पास क्या हो? इसके लिए प्रयासरत हैं जो कि वस्तुओं को

एकत्र करने की लत की तरह है। इसका प्रभाव खेल में भी दिखता है।

वस्तुतः उपभोक्तावादी संस्कृति के दुष्परिणाम स्वरूप खेल के सौन्दर्यबोध में परिवर्तन हो रहा है, जिससे खेल को मात्र बाजार की वस्तु के तौर पर देखा जा रहा है परिणामस्वरूप शान्ति, सत्य की खोज, आत्मानुभूति आदि सौन्दर्यशास्त्र के तत्व खेल से लुप्त होते जा रहे हैं जिससे खेल मानव जीवन के गुणात्मक विकास में अपेक्षित योगदान नहीं कर पा रहा है। देखा जाए तो खेल मानव के सामाजिक जीवन के सामंजस्य को बनाए रखने के साथ व्यक्तित्व निर्माण में केन्द्रीय भूमिका निभाता रहा है। इसलिए बाजार आधारित खेलों के विकास के बजाए मूल्य आधारित खेल भावना का विकास समाज के हित में है। इस दृष्टि से उपभोक्तावाद खेल के भविष्य की प्रमुख चनु ौती बन गया है।

सन्दर्भ ग्रन्थ

1. कुलकर्णी वसुधा : भारतीय संगीत एवं मनोविज्ञान, राधा पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, 2012।
2. गुप्ता श्यामलाल : सौन्दर्य तत्वमीमांसा, सीमा साहित्य भवन, दिल्ली प्रथम संस्करण, 1992।
3. जैन विजय लक्ष्मी : संगीत दर्शन, राधा पब्लिकेशन, नई दिल्ली, 1989।
4. झा चिरंजीलाल : कला के दार्शनिकतत्व, लक्ष्मी कला कुटीर, गाजियाबाद द्वितीय संस्करण, 1964।
5. देवराज : दर्शन धर्म अध्यात्मक और संस्कृति, भारतीय ज्ञानपीठ, नई दिल्ली, 2005।
6. ढुल दवेन्द्र सिंह, शारीरिक शिक्षा तत्व एवं इतिहास, फ्रेन्डस पब्लिकशेन्स (इण्डिया) 5-6 बी मुखर्जी टावर, कामर्शियल काम्पलेक्स, डॉ. मुखर्जी नगर, नई दिल्ली, 1980।
7. लामा दलाई, जीवन जीने की कला, प्रभात पेपरबैक्स, नई दिल्ली, 2006।
8. लाल बी.के., समकालीन पाश्चात्य दर्शन, मोतीलाल बनारसी दास, जवाहर भवन, दिल्ली, 1991।
9. सक्सेना लक्ष्मी, डॉ. सभाजीत मिश्र : अस्तित्व वाद के प्रमुख विचारक, मध्य प्रदेश हिन्दीग्रन्थ अकादमी, भोपाल, 2002
10. सिंह दिनकर रामधारी, संस्कृति के चार अध्याय, लोक भारती प्रकाशन, महात्मागांधी मार्ग, इलाहाबाद, 2000
11. शर्मा स्वतंत्र, : सौन्दर्य, रस एवं संगीत, अनुभव पब्लिशिंग हाउस, इलाहाबाद। 2010
12. शर्मा हरद्वारी लाल : कला में संगीत साहित्य और उदात्त के तथ्य। मानसी प्रकाशन, मेरठ, 1994
13. शर्मा सत्यवती : संगीत का समाजशास्त्र, पंचशील प्रकाशन, जयपुर, 1995।
14. Pradhan R.C. (Editor), Philosophy Culture and Value, Indian Council for Philosophical Research, New Delhi, 2008
15. Friedman Thomas L., The Lexus and the Olive Tree, Anchor Book, A division of Random House, Inc. New York.2000.

हिंदी सिनेमा और मेरा भारत देश : एक सांस्कृतिक अध्ययन

डॉ. दादासाहेब नारायण डांगे

सहयोगी प्राध्यापक, हिंदी विभाग,
कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय, राहाता

भूमिका :

देश एक व्यापक संकल्पना है। विश्व म विभिन्न देश है, जिन्ह हम राष्ट्र, वतन, मुल्क आदि कई नामों से परिभाषित करते हैं। परंतु असल म देश यह संकल्पना है क्या, यह समझना अत्यंत महत्त्वपूर्ण है। अपने देश के प्रति हर व्यक्ति के मन म प्रेम की भावना निहित होती है। परंतु केवल मन म प्रेम की भावना होने से कुछ नहीं हो सकता। उसके लिये देश को व्यापक रूप से समझने की जरूरत है। उसका सांस्कृतिक अध्ययन करने की आवश्यकता है। मेरे खयाल से हिंदी सिनेमा के माध्यम से हम देश नामक संकल्पना को अत्यंत सूक्ष्मता के साथ समझ सकते हैं। भारतीय सिनेमा ने हम ऐसी अनेक फिल्म दी है, जो देश को परिभाषित करने म सार्थक सिद्ध हुई है। उनम से कुछ प्रमुख फिल्मों के द्वारा हम देश का सांस्कृतिक अध्ययन करने का इस शोध आलेख म प्रयास कर रह हैं। जिससे हिंदी शोधार्थियों को निश्चित लाभ मिल सकता है।

संकेत शब्द :

हिंदी सिनेमा, मराठी फिल्म, भारत, सांस्कृतिक अध्ययन, मनोज कुमार

देश, वतन, राष्ट्र आदि कई नाम हैं, जिन्ह, हम बचपन से सुनते आए हैं; परंतु पहली बार हम सही मायने म अपने देश की पहचान तब होती है, जब हम स्कूल म प्रतिज्ञा लेते हैं कि, भारत मेरा देश है। उसके बाद इतिहास के पन्नों से तथा भौगोलिक अभ्यास से अपने देश की संस्कृति, उसका सांस्कृतिक वैभव, उसका वैविध्य धीरे-धीरे हमारे सम्मुख आने लगता है। तब हम समझ म आता है कि, ऐसा है अपना भारत देश, जो सांस्कृतिक दृष्टि से विश्व म सबसे महान देश है। देश की संकल्पना को जानते समय वहां के लोग, उनकी प्रवृत्तियां, परंपराएं, वेशभूषा, भाषा तथा भौगोलिक विविधता को जानना आवश्यक है। देश का अर्थ केवल किसी एक भूखंड पर अथवा भू-भाग पर रहनेवाले लोग नहीं हैं। लोगों के साथ-साथ उस भू-भाग पर स्थित पेड़-पौध, नदियां, पर्वत, ऐतिहासिक स्थल, पशु-पक्षी, उनके संबंध म सुनाई जानेवाली अच्छी- बुरी कथाएं, मिथक तथा अन्य विशेषताओं का समावेश होता है। प्रत्येक व्यक्ति अपने-अपने तरीके से देश को परिभाषित करने का प्रयास करता है। देश नामक संकल्पना को अपने लेखों, कविताओं तथा अन्य साहित्य प्रकारों के माध्यम से स्पष्ट करने का प्रयास करता है। परंतु आज इस लेख के माध्यम से सभी के सामने हिंदी तथा मराठी फिल्मों ने देश की संकल्पना को गीतों के माध्यम से किस प्रकार स्पष्ट किया है, उसका जिक्र कर रहा हूं। हिंदी फिल्मों म चित्रित कुछ गीतों

के माध्यम से सही अर्थ म देश नामक संकल्पना स्पष्ट हुई है। ऐसे मुझे लगता है। फिल्मों ने और उनम प्रस्तुत गीतो ने देश को व्यक्ति के हृदय तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण काम किया है।

हिंदी मराठी फिल्मों से हम हमेशा प्रभावित होते रह हैं। फिल्म हमारा मनोरंजन करती हैं। जब हम निराश होते हैं, तब कुछ समय के लिए फिल्म हम हमारी निराशा से दूर करती हैं। हम अपना दुख थोडे समय के लिए ही क्यों न हो, भूल जाते हैं। फिल्मों ने हमेशा समाज जागृती का काम किया है। फिल्म केवल मनोरंजन ही करती बल्कि समाज को सचेत करने का महत्त्वपूर्ण काम भी करती है। समाज म घटित हर उस समस्या को, जो सामान्य व्यक्ति भुगतता है, उसे समाज के सामने उजागर करने का कार्य करती है। देश के प्रत्येक व्यक्ति को देश क्या है यह समझाने का कार्य फिल्मों ने ही किया है। फिल्मों को देखकर तथा गीतों को सुनकर ही मनुष्य के मन म देश प्रेम की भावना का संचार हुआ है। जिस देश को हमने पहली बार स्कूल म प्रतिज्ञा म सुना था कि, भारत मेरा देश है, उसे हमने सही अर्थ म फिल्मों के द्वारा ही जाना है।

अपनी प्रत्येक फिल्म म अपना नाम भारत रखा ऐसे देश प्रेमी अभिनेता मनोज कुमार ने भारत देश की प्रतिमा को विश्व स्तर पर स्थापित किया है। उनकी 'पूरब और पश्चिम' नामक फिल्म के शीर्षक से ही पूर्व अर्थात् पूरब का देश और पश्चिम अर्थात पश्चिम की ओर का देश स्पष्ट हुआ है। साथ ही पलभर म उस भूभाग का, उसकी संस्कृति का हम अनुमान हुआ। इतनी आसानी से अपने देश की पहचान कराना अब तक किसी से नहीं हो सका, वह काम मनोज कुमार ने फिल्म के माध्यम से कर दिखाया है। जब हम किसी देश के भूभाग, स्थान विशेष के बारे म पूर्ण रूप से जान जाते हैं, तब हम उसपर गर्व करने लगते हैं। इसी गर्व का रूपांतरण बाद म प्रेम म हो जाता है। उसे ही हम देश प्रेम या राष्ट्र प्रेम कहते हैं। मनोज कुमार के श्पूरब और पश्चिमश फिल्म म 'देश' यह संकल्पना स्वतंत्रता पूर्व ही सभी देशवासियों के मन म उभरी है। यह फिल्म प्रतीकात्मक है। इस फिल्म म ब्लॅक अंड व्हाईट अर्थात् काला और सफेद रंग गुलामी के प्रतीक के रूप म दिखाया गया है। मनोज कुमार ने वर्तमान को ध्यान म रखते हुए इस फिल्म म समय-समय पर परिवर्तन किये हैं। 1947 के पूर्व जब भारत अंग्रेजों के शासन म है, तब मनोज कुमार ने उस परिवेश को स्पष्टता से उभारने के लिए फिल्म म काला और सफेद रंग का आभास निर्माण किया है, जो गुलामी का प्रतिक है। शुरुआत म पूरब और पश्चिम फिल्म ब्लॅक अँड व्हाईट म दिखायी गयी है, क्योंकि तब पुरा देश अँग्रेजों का गुलाम था। यह अँग्रेजों के खिलाफ भारत के स्वतंत्रता आंदोलन का अंतिम पाडाव था। अत्यंत कलात्मकता के साथ मनोज कुमार ने इस फिल्म म हम सभी को स्वतंत्रता का आभास दिखाया है। अर्थात् अंग्रेजों की गुलामी से भारत को मुक्त होते दिखाया है।

14 अगस्त 1947 की रात जब पंडित जवाहरलाल नेहरू जी लाल किले पर भारत का तिरंगा लहराते है, तब तिरंगा नीचे से ऊपर जाते-जाते ब्लॅक अँड व्हाईट से रंगीन बन जाता है। अर्थात् यह प्रयोग मनोज कुमार ने भारतीय स्वतंत्रता का परचम लहराने के लिए किया है, जो अत्यंत सुंदर बन पडा है। इस फिल्म का यह अंतिम दृश्य देखकर हम यह स्पष्ट हो जाता है कि, देश क्या है। तब हमारे मन म देश के प्रति अभिमान तथा प्रेम और अधिक बढ जाता है। यह संपूर्ण फिल्म देश प्रेम की भावना से ओतप्रोत है। फिल्म का एक प्रसंग बहुत ही मार्मिक है, जो हम सभी को भारतीय संस्कृति की पहचान कराता है। फिल्म म भारत अर्थात् अभिनेता मनोज कुमार और मदनपुरी ब्रिटन म इंडिया क्लब की इमारत म एक स्थान पर बैठकर अपने देश के विषय मे वार्तालाप कर रह हैं। वहां उनकी बात प्राण सुन रहा है। फिल्म म प्राण एक ऐसे व्यक्ति का प्रतिनिधी है, जो निरंतर अपने देश की बुराई

करता रहता है। उसे अपने देश के प्रति बिलकुल ही आदर और सम्मान नही है। मनोज कुमार और मदन पुरी से कहता है कि, तुम्हारा देश दुनिया के नक्शे पर झिरो है। तब प्राण की यह बात सुनकर मनोज कुमार उसे एक गीत के माध्यम से भारत की संस्कृति का परिचय कराते हैं। इस गीत को सुनकर संपूर्ण भारत देश का चित्र हमारी आखों के सामने अंकित हो जाता है। अपने देश का सौंदर्य, कला-संस्कृति, देश का वैविध्य तथा एकता, इतिहास- पुराण आदि को गीत के द्वारा सुनकर हम सभी का सीना गर्व से फूल हो जाता है। वह गीत भारतीय सौंदर्य का विराट सांस्कृतिक रूप हमारे मन पर अंकित कर देता है। गीत मशहूर गायक महद्र कपूर ने गाया है। महद्र कपूर की आवाज ही देशभक्ती से ओतप्रोत है, यह हम सभी जानते हैं। उनका लोकप्रिय गीत है- 'जब जिरो दिया मेरे भारत ने, भारत ने... मेरे भारत ने, दुनिया को तक गिनती आयी' अर्थात् प्राण जिस देश को झिरो कहता है, उसी देश ने दुनिया को झिरो दिया है। जिसके आधार से सारी दुनिया गिनती कर सकती है। परंतु प्रस्तुत गीत म मेरे देश ने दुनिया को झिरो दिया, यह कहते समय भी उसम कहीं अहंकार नहीं है, बल्कि नम्रता ही है। आगे गीत म वे कहते हैं, मेरे देश ने आपको झिरो दिया तब जाकर आप किसी भी वस्तु का नाप ले सक हैं। मेरे देश ने तुम्ह दशमलव अर्थात पूर्णांक और अपूर्णांक का ज्ञान दिया, तब तुम चांद तक का अंतर नापने लगे। तब जाकर आपका यान चाँद तक पहुंचा। आपका यह वैज्ञानिक विकास मेरे देश के कारण ही है। उदाहरण के लिए इस गीत की दो पंक्तियां यहाँ प्रस्तुत हैं- ''यू चाँद पे जाना मुश्किल था, धरती और चाँद की दूरी का अन्दाज लगाना मुश्किल था।'' मनोज कुमार कहते हैं, हमारे कारण आप चांद पर जा सक। हम तो चांद पर कभी गए नहीं परंतु फिर भी जो चांद पर गए, उनको हम सलाम करते हैं, क्योंकि बडा काम करने वाला चाहे किसी भी देश का हो, उसका सम्मान करना, उसके कार्य को सलाम करना हमारी संस्कृति है। इसम अपनी भारतीय संस्कृति के प्रति मनोज कुमार का प्रेम स्पष्ट झलकता है। मनोज कुमार गीत की निम्न पंक्ति के माध्यम से अपनी संस्कृति की महत्ता का गान करते हैं– ''सभ्यता जहाँ पहले आयी, पहले जन्मी जहाँ पे कला, अपना भारत, ओ भारत है, जिस के पीछे संसार चला।'' अर्थात् अपने देश की सभ्यता का सभी अनुकरण करते हैं। हमारे देश की संस्कृति दुनिया म श्रेष्ठ है। यहाँ की नगर रचना विश्वविख्यात हैं। यही सर्वप्रथम नृत्यकला का जन्म हुआ है। इस देश म जितने राज्य हैं, उतने ही नृत्य के प्रकार हैं। सभी राज्यों की नृत्य शैली अलग-अलग है। इतनी विविधता होकर भी हमारा भारत देश एक है। शिल्पकला म भी हम सब से ऊपर हैं। यहाँ लगभग 2500 वर्ष पूर्व अजंठा वेरूल की लेणियां निर्मित हुई हैं। इस देश ने दुनिया को नृत्य के सात प्रकार दिए हैं। भरतनाट्यम, भांगडा, कथ्थक, कथक्कली, रोहिणी अट्टम, कुचीपुरी, ओड़िसी नृत्य और इसके साथ ही अनेक आदिवासी नृत्य प्रकार भी हैं। इस देश म दुनिया की सबसे सुंदर वास्तु ताजमहल है, जो प्रेम का प्रतीक माना जाती है। जीवन का तत्वज्ञान जग को बांटनेवाला बुद्ध इसी मिट्टी म पैदा हुआ है। यह हमारा देश है, जिसका नाम भारत है। हमारे पास जो भी जानकारी थी, वह सभी हमने आपको दी है। जिस पर आप का विकास संभव हो पाया है और आगे भी आपका निरंतर विकास होता रहे, यही हमारी कामना रहेगी।

मनोज कुमार आगे प्राण के सामने यह गीत गाता है, जो हर भारतवासी के मन म देश प्रेम की भावना का संचार कराने म सक्षम है। वह गीत है- ''हे प्रीत जहाँ की रीत सदा, मैं गीत वहां के गाता हूं, भारत का रहनेवाला हूं, भारत की बात सुनाता हूं।''

प्रेम ही जिस मिट्टी की परंपरा है, जिस देश म नदी को भी मां कहा जाता है, जिस देश म पत्थर को भी भगवान मानकर पूजा जाता है, वह हमारा भारत देश है।

'नया दौर' फिल्म के इस गीत म भारतीय लोगों के प्रेम का तथा भारतीय सुंदरता का वर्णन हुआ है। उस दौर म यह गीत बहुत ही लोकप्रिय हुआ था, जिसम देशप्रेम की भावना निहित है। एक और हिंदी फिल्म शजिगरी दोस्तश म चित्रित एक गीत म भारत देश की महिमा का अत्यंत सुंदर वर्णन किया गया है। वह गीत है- ''मेरे देश म, ओ मेरे देश म, पवन चले पुर्वाई, मेरे देश को देखने, सारी दुनिया आयी....ओ मेरे देश म।'' अर्थात् जिस देश म पूरब से पश्चिम की ओर अत्यंत मधुर एवं शितल पवन बहती है, वह मेरा देश है, जिसे देखने सारी दुनिया आती है। यह मेरे देश का गौरव है। भारत के व्यक्ति का हृदय दुनिया की सभी अच्छी चीजों का तथा तत्वज्ञान का स्वीकार करता है। हर भारतवासी मनसे अत्यंत स्वच्छ व पवित्र है। वह चाहे कोई भी भाषा बोले, उसकी वेशभूषा चाहे कैसी भी हो और चाहे वह कही भी रहे, पर उसका दिल हमेशा हिंदुस्तानी ही रहेगा। इस बात को स्पष्ट करनेवाला अत्यंत लोकप्रिय और प्रसिद्ध गाना है- ''मेरा जूता है जापानी, ए पतलून इंग्लिस्तानी, सर पे लाल टोपी रुसी, फिर भी दिल है हिंदुस्तानी।''

जिस भारतीय संस्कृति का सभी को अभिमान है, जिसकी सुंदरता एवं विविधता पर सभी को नाज है, उसकी सुंदरता का वर्णन 'परदेस' फिल्म के इस गीत म हम देख सकते हैं। वह सुंदर गीत है- ''जहाँ पांव म पायल, हाथ म कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट्स हॅपन ओन्ली इन इंडिया'।

एक और फिल्म गदर म अभिनेता सनी देओल का संवाद सभी हिंदुस्तानियों के रोंगटे खडे कर देता है। वह कहता है, ''हिंदुस्तान जिंदाबाद था, जिंदाबाद है और जिंदाबाद रहेगाष। प्रस्तुत संवाद सभी के मन म देश प्रेम की भावना को उपजाता है। साथ ही सारे भारतवासियों को अपने देश के लिए कुछ कर गुजरने की प्रेरणा भी देता है। इसी प्रकार एक और फिल्म 'दिलजले' का बहुत ही सुंदर और देशभक्तिपरक गीत है- ''मेरा मुल्क मेरा देश मेरा ये वतन, शांति का, उन्नति का, प्यार का चमन। इसके वास्ते निसार है, मेरा मन, मेरा तन, ए वतन, ए वतन, ए वतन, जानेमन, जानेमन, जानेमन।'' यह गीत देशभक्ति की भावना से ओतप्रोत है। यह युवकों को राष्ट्रप्रेम की भावना से भर देता है। इस गीत को सुनकर युवक देश के लिए मर मिटने को तैयार हो जाते हैं। यह हिंदी सिनेमा की ताकत है।

देश प्रेम तथा देश अभिमान का और एक उदाहरण हम शहरुख खान पर फिल्मायी गयी 'चक दे इंडिया' फिल्म म देख सकते हैं। फिल्म म अभिनेता शाहरुख खान का एक वाक्य है, ''ना मुझे स्टेट के नाम दिखाई देते हैं, ना सुनाई देते हैं। मुझे केवल एक ही नाम सुनाई देता है- इंडिया।'' फिल्म अभिनेता का यह संदेश हम सभी के मन म अखंड भारत का एक विशाल चित्र अंकित कर देता है और सभी के मन म देश प्रेम की भावना का संचार भी कराता है।

इसी प्रकार एक स्थान पर भारतीय क्रिकेटर गौतम गंभीर ने भी कहा था कि, मैं अपने लिए नहीं 137 करोड भारतियों के लिए खेलता हूं। यह भावना मन म निर्माण होना ही देशप्रेम या देशभक्ति है। इससे देश क्या है और देश प्रेम क्या है यह समझना बहुत आसान होगा, यह मेरा विचार है।

मराठी म राकट देशा, कणखर देशा, दगडांच्या देशा ऐसे कहा गया है। अंत म मराठी फिल्म के एक गीत से मैं मेरे लेख का समापन करता हूं। वह गीत इस प्रकार है–

''हा देश माझा, याचे भान जरासे राहू द्या रे... जरासे राहू द्या'' प्रस्तुत गीत के माध्यम से गीतकार ने अपने देशवासियों को देश के प्रति संवेदनशील एवं सचेत रहने का आव्हान किया है। फिल्म केवल मनोरंजन ही नहीं करती, बल्कि ऐसी बहुत सारी फिल्म हैं, जो अपने देश की महिमा का बखान करती हैं। युवकों के मन म देश प्रेम की भावना का संचार करती हैं। अपने देश का नाम विश्वस्तर पर ऊंचा कराने म हिंदी सिनेमा का काफी योगदान रहा है।

हिंदी सिनेमा हमेशा से सामाजिक जागृती का काम करते आया है। सिनेमा ने ही सही अर्थ म भारतियों के मन म देश प्रेम की भावना का संचार करने का महत्त्वपूर्ण काम किया है। अपने देश की संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने म सिनेमा ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

आज हम देश और धर्म को एक कर रह हैं। धर्म के नाम पर एक-दूसरे के साथ लड रह हैं। जिससे समाज म अराजकता फैली हुई है। समुचे देश म विषमता की स्थिति निर्माण हुई है। इस से अपने देश को खतरा है। इसीलिए यह स्थिती हम सभी को मिलकर बदलनी होगी और हमारे देश को फिर एक बार एकता का वैभव प्राप्त कराकर देना होगा। यह हम सभी की जिम्मेदारी है। अगर फिल्म इस प्रकार भारतीय संस्कृति के विकास म योगदान दे सकती हैं, तो हम क्यों नहीं। हम सभी को एक बात अवश्य ध्यान म रखनी होगी कि, यह देश हम सभी का है और हम सभी एक हैं। इसीलिए हम सभी हमेशा कहते हैं- ''भारत मेरा देश है, सभी भारतीय मेरे भाई-बहन हैं।'' इस प्रकार की भावना हम सभी के मन म जब निर्माण होगी, तब हमारा भारत देश सही अर्थ म दुनिया म सबसे अधिक गौरवशाली और महान देश साबित होगा।

संदर्भ-

इस शोध आलेख म मैंने मेरी स्वयं की अनुभूति को अभिव्यक्ती दी है।

इस आलेख म जिन फिल्मों का जिक्र हुआ है, उन फिल्मों को मैंने देखा है, यही संदर्भ हो सकता है।

कथक नृत्य शिक्षण में ई. लर्निंग : एक समीक्षात्मक अध्ययन

डॉ. रंजना उपाध्याय

सहायक आचार्या
नृत्य विभाग, संगीत एवं मंच कला संकाय
काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी

सारांश

विगत दशकों में सूचना एवं संचार क्रांति के क्षेत्र में हुयी अभूतपूर्व प्रगति ने शिक्षा के क्षेत्र में अनेक नव-प्रवर्तनों को दिशा दी है, इन्हीं में से एक है ई. लर्निंग जिसे इलेक्ट्रॉनिक लर्निंग अथवा ऑनलाइन लर्निंग कहा जाता है। शिक्षण का यह माध्यम दूरस्थ शिक्षा का ही एक रूप है जिसमें डिजिटल माध्यमों की प्रमुख भूमिका है। इस माध्यम द्वारा प्रसारित विषयों में आज भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक का भी प्रमुख स्थान है। कथक नृत्य की विद्यार्थी, अध्येता तथा प्रयोक्ता होने के नाते मेरे द्वारा प्रस्तुत शोध पत्र में कथक नृत्य की परम्परागत शिक्षण प्रविधि के इतर इस नृत्य शैली में ई. लर्निंग की अवधारणा, विषयवस्तु तथा प्रायोगिक पक्ष पर एक समालोचनात्मक दृष्टि डालने का प्रयास किया गया है।

बीज शब्द

कथक नृत्य, ई. लर्निंग, डिजिटल, तकनीक

'शिक्षा' मानव के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास का एक आवश्यक ही नहीं अपरिहार्य अंग भी है, शिक्षा से संस्कारित होकर ही मानव सामाजिक उत्थान के विविध उपक्रमों में अपनी सार्थक भूमिका निभा सकता है, वस्तुतः शिक्षण की इसी परिकल्पना को आधार मानकर हमारे प्राचीन ग्रन्थों, मनीषियों, शिक्षाविदों, अध्येताओं तथा तत्कालीन समाजिक व्यवस्था द्वारा शिक्षा व शिक्षण प्रविधि में कालक्रमानुसार अनेक सार्थक परिवर्तन होते गये। प्राचीन भारतीय ऋग्वैदिक परम्परा से लेकर रामायण तथा महाभारत काल से समुन्नत होते हुए आधुनिक भारतीय शिक्षण परम्परा नव-प्रवर्तनों को आत्मसात कर वैश्विक, सामाजिक व सांस्कृतिक उत्थान में सार्थक योगदान दे रही है।

प्राचीन काल से ही संगीत एवं नृत्यकला शिक्षण के प्रमुख विषय के रूप में मान्य हैं। वैदिक कालीन संगीत व नृत्य महोत्सव हों या रामायण व महाभारत कालीन नृत्यशालाएँ, तक्षशिला व नालन्दा जैसे शिक्षा के स्वर्णिम केन्द्रों में भी नृत्य व संगीत शिक्षण की समुचित व्यवस्थाओं के पुष्ट प्रमाण प्राप्त होते हैं, इस सन्दर्भ में कौटिल्य का अर्थशास्त्र एक प्रमुख ग्रन्थ है जिससे यह प्रमाणित होता है कि तत्कालीन समाज में संगीत व नृत्य शिक्षण परम्परा को राज्याश्रय प्राप्त था, जो भी गायन, वादन, नृत्य की शिक्षा देता था उसे राज्य की ओर से द्रव्य (धन) दिया जाता था।

अर्थात् संगीत एवं नृत्य कला का शिक्षा के साथ व्यावसायिक स्वरूप भी तत्कालीन सामाजिक व्यवस्था में प्रचलित था।

कालान्तर में धीरे-धीरे इस व्यवस्था ने गुरु-शिष्य परम्परा से अनुप्राणित होकर विद्यालयीन शिक्षण के रूप में प्रतिष्ठा प्राप्त की तथा 20वीं सदी के पूर्वार्द्ध में अनेक निजी व शासकीय सहयोग प्राप्त संस्थानों की स्थापना द्वारा नृत्य व संगीत शिक्षण को एक सुव्यवस्थित पाठ्यक्रम प्रदान कर शिक्षण के अन्य विषयों के साथ एक विषय के रूप में स्वीकृति मिली।

वर्तमान समय में इस विषय की उपयोगिता व प्रसिद्धि का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि भारतीय शास्त्रीय नृत्य कलाओं को न केवल भारत में अपितु पश्चिमी देशों के विश्वविद्यालयों में भी पाठ्यक्रम के एक अंग के रूप में सम्मिलित किया गया है तथा इसकी शिक्षण प्रविधि में भी युगानुकूल अपेक्षित परिवर्तन किये गये हैं। वर्तमान समय में सूचना एवं संचार प्रौद्योगिकी में हुयी अभूतपूर्व प्रगति का प्रभाव नृत्य शिक्षण की परम्परागत प्रविधि पर भी स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है। आज नृत्य के प्रयोगात्मक तथा सैद्धान्तिक शिक्षण को डिजीटल माध्यमों द्वारा सुगमतापूर्वक सम्पूर्ण विश्व में प्रचारित व प्रसारित किया जा रहा है।

नृत्य जैसे पूर्ण क्रियात्मक विषय का इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से प्रशिक्षण देना आज के युग में एक सामान्य शिक्षण प्रक्रिया है। यद्यपि इण्टरनेट के आगमन से पूर्व इसकी कल्पना भी असंभव थी।

उत्तर भारतीय शास्त्रीय नृत्य 'कथक' की विद्यार्थी, अध्येता तथा प्रयोक्ता होने के नाते मेरे द्वारा इस शोधपरक लेख में कथक नृत्य शिक्षण की ऑनलाइन प्रविधि को स्पष्ट करने का प्रयास किया गया है। इस हेतु सर्वप्रथम यह समझना अपेक्षित है कि ई. लर्निंग/ऑनलाइन लर्निंग क्या है तथा नृत्य शिक्षण की इस प्रविधि के उपकरण क्या हैं?

ई. लर्निंग (Electronic Leaning)**/ऑनलाइन शिक्षा प्रणाली :-**

ई-लर्निंग दूरस्थ शिक्षा प्रणाली का एक प्रकार है। ई. लर्निंग को सामान्यतः Online Learning भी कहा जाता है जिसमें डिजिटल माध्यमों का प्रयोग कर शिक्षण को अधिक ग्राह्य, लोकप्रिय व सुगम बनाया जाता है। सूचना तथा संचार प्रणाली इस प्रक्रिया में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती है।

ई. लर्निंग के विभिन्न रूप हैं जिनमें बेब आधारित लर्निंग, मोबाइल आधारित लर्निंग, वर्चुअल क्लासरूम, वेबिनार इत्यादि प्रमुख हैं। शिक्षण से सम्बन्धित पाठ्य सामग्रियों का वितरण इण्टरनेट, इण्ट्रानेट/एक्स्ट्रानेट, ऑडियो या वीडियो टेप, सेटेलाइट टी.वी. तथा सी.डी. रोम के माध्यम से किया जाता है।

ई. लर्निंग के प्रचार-प्रसार का सीधा सम्बन्ध तकनीकी विकास तथा कम्प्यूटर की सर्वसुलभता से है। 1980 से 1990 के मध्य ई. लर्निंग के प्रथम चरण सी.बी.टी. (कम्प्यूटर बेस्ड लर्निंग) का आरम्भ हुआ तथा वर्ष 1999 में इस शिक्षण प्रविधि को ई. लर्निंग के रूप में मान्यता मिली इण्टरनेट के आगमन से वेब आधारित शिक्षण के क्षेत्र में अनेक क्रांतिकारी परिवर्तन आए।

1990 के दशक के अंत में लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम (स्डै) का व्यापक उपयोग हुआ तथा अमेरिकन कम्पनी ब्लैकबोर्ड शिक्षण सम्बन्धी संस्थानों के लिए ई. लर्निंग सम्बन्धित प्रमुख सेवा प्रदाता कम्पनी बनी। 2014 तक इसके सॉटवेयर व सेवाओं का उपयोग लगभग 17000 स्कूलों व संगठनों द्वारा 100 देशों में किया जाने लगा केवल यू. एस.ए. में 75% कॉलेज व विश्वविद्यालय ब्लैकबोर्ड एल.एम.एस. का प्रयोग कर रहे थे।

वर्ष 2010 से ई. लर्निंग व्यावसायिक रूप अपनाकर सोशल मीडिया, यू-ट्यूब, ट्विटर, स्काइप, गूगल डुओ, वाइबर, गूगल क्लासरूम, जूम आदि का सफलतापूर्वक प्रयोग कर रही हैं तथा इस क्षेत्र में नवाचार को बढ़ाकर शिक्षा के नवीन भविष्य की परिकल्पना को भी साकार कर रहा है।

ई. लर्निंग का विकास :-

वर्तमान समय में भारत ऑनलाइन शिक्षण के एक हब के रूप में उभर रहा है। वर्ष 2016 में भारत में ऑनलाइन शिक्षा का व्यापार 247 मिलियन

डॉलर था, जो कि वर्ष 2021 तक 1.96 बिलियन डॉलर अपेक्षित है।

एक अन्य आंकड़े के अनुसार वर्ष 2016 में विभिन्न ऑनलाइन पाठ्यक्रमों में पंजीकृत विद्यार्थियों की संख्या 1.6 मिलियन से बढ़कर वर्ष 2021 तक 96 मिलियन हो जायेगी।

ये सभी आंकड़े इस तथ्य को स्पष्ट कर देते हैं कि भारत जैसे विकासशील राष्ट्र में ऑनलाइन शिक्षण ने भविष्य की एक प्रमुख शिक्षण व्यवस्था के रूप में आकार लेना प्रारम्भ कर दिया है। सन् 1982 में बी.आर. अम्बेडकर ओपन यूनिवर्सिटी भारत की प्रथम ओपन यूनिवर्सिटी के रूप में स्थापित हुई। इसके पश्चात् 1885 में इन्दिरा गाँधी ओपन यूनिवर्सिटी (इग्नू) ने विभिन्न सामान्य तथा व्यावसायिक पाठ्यक्रमों को दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से उपलब्ध कराया आज यू.जी.सी. द्वारा मान्यता प्राप्त अनेक विश्वविद्यालय असंख्य पाठ्यक्रमों के शिक्षण-प्रशिक्षण का कार्य दूरस्थ शिक्षा के क्षेत्र में ई. लर्निंग प्रविधि को सफलतापूर्वक अपनाकर सम्पन्न कर रहे हैं।

यू.जी.सी., मानव संसाधन विकास मंत्रलय तथा शिक्षा से सम्बन्धित अन्य महत्वपूर्ण घटक इकाईयाँ ई. लर्निंग के क्षेत्र में अनेक नवीन परियोजनाओं से छात्र-छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण उपलब्ध करा रही हैं, इसी क्रम में MOOC (मैसिव ओपन ऑनलाइन कोर्स) का महत्वपूर्ण योगदान है। ये पाठ्यक्रम न केवल भारत अपितु एम.आई.टी., हावर्ड, कैम्ब्रिज आदि विश्व प्रसिद्ध विश्वविद्यालयों द्वारा भी चलाये जा रहे हैं। इन पाठ्यक्रमों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह पाठ्यक्रम विश्व भर के समस्त विद्यार्थियों के लिए सुलभ हैं। इनमें से अधिकांश पाठ्यक्रम निःशुल्क हैं तथा अवधी पूर्ण होने पर इन पाठ्यक्रमों में न्यूनतम शुल्क देकर प्रमाण पत्र भी प्राप्त किया जा सकता है। शिक्षण के क्षेत्र में इसका सबसे बड़ा लाभ यह है कि इसमें सम्मिलित पाठ्य सामग्री विश्व के बेहतरीन शिक्षाविदों द्वारा तैयार की जाती है, जो कि गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अत्यंत आवश्यक अंग है।

मानव संसाधन विकास मंत्रलय द्वारा 9 July 2017 को 'Study Webs of Active Learning for Young Aspiring Minds* ¼SWAYAM½ नामक MOOC प्लेटफार्म की स्थापना की गयी है जिसमें हाईस्कूल स्तर से लेकर परास्नातक स्तर तक 2000 पाठ्यक्रमों को सम्मिलित किया गया है जिसमें 1,2541992 विद्यार्थी पंजीकृत है।

इसके अतिरिक्त इस मंत्रलय द्वारा ई. लर्निंग के अन्य प्रमुख स्रोत निम्न हैं -

- SWAYAMPRABHA(https://www.swayamprabha.gov.in/)
- National Digital Library (NDL) (https://ndl.iitkgp.ac.inè)
- e-Yantra (https://www.e-yantra.org/)
- Virtual Labs (http://www.vlab.co.in/)
- e-gyankosh (http://egyankosh.ac.in/)
- Gyan Darshan (http://www.ignouonline.ac.in/gyandarshan/)
- Gyan Vani (105.6 FM Radio) & Gyandhara (web radio) (http://ignouonline.ac.in/Gyandharaè)
- DIKSHA (https://diksha.gov.in/)
- Epathshala (http://epathshala.gov.in/)
- e-PG Pathshala (https://epgp.inflibnet.ac.in/)
- e-ShodhSindhu (https://ess.inflibnet.ac.in/)
- Shodhganga (https://shodhganga.inflibnet.ac.in/)
- Shodh Shudhhi (PDS)(https://pds.inflibnet.ac.in/)
- VIDWAN(https://vidwan.inflibnet.ac.in/)
- Spoken Tutorial (https://spoken-tutorial.org/)

- NEAT (https://neat.aicte-india.org/)
- SAKSHAT (https://sakshat.ac.in/)



चित्र सं. 1

उपरोक्त सभी माध्यम ई. लर्निंग के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक में ई. लर्निंग का स्वरूप :-

ई. लर्निंग द्वारा समर्थित सभी पाठ्यक्रमों में तेजी से प्रसिद्धि प्राप्त करने वाला एक पाठ्यक्रम कथक नृत्य भी है। यद्यपि शिक्षा के परम्परागत स्वरूप का पक्षधर यह पूर्णतः एक प्रयोग प्रधान विषय है, तथापि वैश्विक स्तर पर एक लोकप्रिय नृत्य शैली के रूप में संवर्धित यह नृत्य आज बड़े पैमाने पर ऑनलाइन माध्यमों द्वारा विश्व के कोने-कोने तक पहुँच चुका है। आज माउस के एक क्लिक पर हमारे समक्ष कथक नृत्य की ऑनलाइन शिक्षा प्रदान करने वाली असंख्य वेबसाइटों के लिंक प्रस्तुत हो जाते हैं, जिनमें अपनी रूचि तथा सुविधानुसार विद्यार्थी एक निर्धारित शुल्क द्वारा पंजीकृत होकर निर्बाधित होकर इस नृत्य का प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते हैं। इस विषय की वैश्विक लोकप्रियता का अनुमान इस बात से लगाया जा सकता है कि वर्तमान समय में अनेक ऑनलाइन शिक्षण मंचों (Platforms) पर लाखों की संख्या में विद्यार्थी पंजीकृत हैं।

भारत में इण्टरनेट क्रांति से पूर्व नृत्य के व्यवसायपरक आयाम से अत्यन्त सीमित मात्र में जनसमुदाय परिचित था परन्तु विगत दो दशकों में इण्टरनेट के व्यापक प्रयोग से कथक नृत्य में भी व्यावसायिकता का समावेश हुआ है। आज लगभग सभी कथक कलाकारों की निजी वेबसाइट हैं। यू-ट्यूब, फेसबुक, ट्वीटर, ब्लॉग आदि के माध्यम से न केवल भारत बल्कि सम्पूर्ण विश्व में हो रही कथक सम्बन्धी गतिविधियों से जिज्ञासु छात्र-छात्राएँ परिचित हैं। इस क्षेत्र में आधुनिक युग की आवश्यकताओं के अनुरूप विश्व के एक कोने में बैठा विद्यार्थी विश्व के दूसरे कोने में उपलब्ध अपने ग्लोबल नृत्य शिक्षक अथवा गुरु से नृत्य का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा है।

वर्तमान समय में अनेक यू-ट्यूब चैनलों, व्यक्तिगत वेबसाइटों, गूगल डुओ, स्काईप प्रीमियम, क्लासरूम डांट लाइव आदि डिजीटल स्रोतों की सहायता से कथक नृत्य का ऑनलाइन प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इन सभी उपक्रमों की सहायता से कथक नृत्य शिक्षण सामग्री को विद्यार्थियों के साथ साझा किया जाता है, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से कथक प्रशिक्षण प्रदान करने वाली लोकप्रिय वेबसाइटें निम्न है-

- kathaklessonsonline.com - by GAALC (Global Academy of Arts Language and Culture)
- www.dancelessonsonline.in
- www.sangeetamazumdar.com
- www.learnkathakonline
- natyasutra.com
- teacheron.com
- wwwdivyamusic.com
- kathakdance.org

इसके अतिरिक्त अनेक कथक प्रशिक्षक अपने निजी यू-ट्यूब चैनल के माध्यम से भी कथक प्रशिक्षण दे रहे हैं। इन सभी उपक्रमों द्वारा न केवल कथक के प्रारंभिक स्तर के विद्यार्थियों को कथक प्रशिक्षण दिया जा रहा है, बल्कि कथक नृत्य के उच्च शिक्षण में भी इन उपक्रमों का हस्तक्षेप है। गुरु संध्या पुरेचा द्वारा बॉम्बे में स्थापित 'भरत कॉलेज ऑफ फाइन आर्ट्स एण्ड कल्चर' नाट्यशास्त्र से सम्बन्धित अनेक विषयों पर ऑनलाइन पाठ्यक्रम का सफलतापूर्वक

संचालन कर रहा है। इसके अतिरिक्त 'स्वयम्' में भी रवीन्द्र भारती विश्वविद्यालय की भूतपूर्व आचार्य, कथक नृत्य डॉ. अमिता दत्ता द्वारा कथक नृत्य में स्नातक स्तर पर फाउण्डेशन कोर्स को सम्मिलित किया गया है। इस पाठ्यक्रम की अवधि डेढ़ माह (6 हते) की जिसमें यू.जी.सी. द्वारा स्वीकृत स्नातक स्तर के पाठ्यक्रम को रूपांकित किया गया है तथा इसमें 1300 विद्यार्थी पंजीकृत है। इस फाउण्डेशन कोर्स की समाप्ति पर ऑनलाइन परीक्षा का प्रावधान भी है।

www.dancewithmadhuri.com द्वारा प्रसिद्ध अभिनेत्री माधुरी दीक्षित पद्मविभूषण पं. बिरजू महाराज के साथ कथक प्रशिक्षण दे रही हैं। यद्यपि ऑनलाइन शिक्षण के सम्बन्ध में स्वयं पं. बिरजू महाराज के विचार इस प्रकार है—''A Guru correcting you, teaching you, refining you and your mudras (hand gesture) ..... it is very important. You can't compare the two (Online and Live Classes). Online is good for an idea of the dane, but to learn it actually a classroom and your guru are important.''



चित्र सं. 2



चित्र सं. 3



चित्र सं. 4

संस्थाओं से इस विषय में सर्टिफिकेट कोर्स संचालन हेतु मान्यता प्राप्त है।

इन प्रमाण-पत्र आधारित पाठ्यक्रमों में सम्पूर्ण पाठ्यक्रम के दोनों पक्षों सैद्धान्तिक तथा क्रियात्मक की शिक्षण प्रविधि का एक सुनियोजित प्रारूप तैयार किया गया है, जिसमें ऑडियो, वीडियो रिकार्डिंग तथा लाइव कक्षा द्वारा पाठ्य सामग्री को पंजीकृत विद्यार्थियों से साझा किया जाता है। इसके अतिरिक्त ग्रीष्म तथा शीत ऋतु में विशेष प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जाता है, जिनमें उच्च स्तरीय कथक प्रशिक्षकों व गुरुओं द्वारा मास्टरक्लास ली जाती है। इस प्रकार निर्धारित अवधि में पाठ्यक्रम पूर्ण कर ऑनलाइन परीक्षा द्वारा विद्यार्थी को अग्रिम कक्षा के लिये प्रोन्नत किया जाता है, इसी तरह से इस शिक्षण पद्धति के अधिकाधिक वैश्विक प्रचार-प्रसार हेतु कुछ संस्थाएँ ऑनलाइन नृत्य महोत्सवों (online dance festivals) का भी आयोजन कराती रहती है।

इस प्रकार यह कहा जा सकता है कि कथक नृत्य की ऑनलाइन शिक्षण प्रविधि एक तरह से वर्तमान युग में कथक नृत्य शिक्षा की परम्परागत शिक्षण परम्परा का ही अनुगमन कर रही है। जहाँ ऑनलाइन शिक्षण का यह क्रमबद्ध तथा सुनियोजित तरीका विश्व भर के कथक जिज्ञासुओं को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। वही नृत्य जैसी प्रयोगप्रधान तथा सूक्ष्म कला के ऑनलाइन अध्ययन-अध्यापन के अनेक लाभ व हानि युक्त पक्ष भी है।

कथक नृत्य शिक्षण के क्षेत्र में ई. लर्निंग के प्रमुख लाभ :-

नृत्य जैसे व्याकरण सम्मत विषय में ई. लर्निंग एक नवोदित व नवाचार युक्त शिक्षण व्यवस्था है। परम्परागत विषयों में ई. लर्निंग के सभी लाभ कथक नृत्य शिक्षा की ई. लर्निंग प्रणाली में भी प्रमुखता से लागू होते हैं, जिनमें सर्वप्रमुख है इस नृत्य शैली के क्रमबद्ध शिक्षण की सर्वसुलभता। यदि नृत्य के परम्परागत शिक्षण-व्यवस्था की बात करें तो यह व्यवस्था स्थान विशेष तक ही सीमित है। इसका मुख्य कारण यह है कि आज भी कथक नृत्य को अनेक विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के पाठ्यक्रम में अन्य विषयों के समान समावेशित नहीं किया गया है, जिसके कारण भारत में कुछ राज्यों के विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों तथा निजी संस्थानों को छोड़कर इस नृत्य शैली के व्यापक स्तर पर शिक्षण-प्रशिक्षण की व्यवस्था न के बराबर ही है इस स्थिति में नवीन संचार व तकनीक की सहायता से इस क्षेत्र में रूचि रखने वाली शिक्षार्थी यू-ट्यूब, फेसबुक आदि के

वीडियो को देखकर आधी-अधूरी जानकारी प्राप्त करते हैं, परन्तु इस विषय की ई. लर्निंग के माध्यम से न केवल भारत अपितु वैश्विक स्तर पर इस नृत्य का चरणबद्ध शिक्षण प्रारम्भ हो पाया।

- समय, स्थान तथा धन की बचत भी ई. लर्निंग की एक प्रमुख विशेषता है, जिज्ञासु व्यक्ति विश्व के किसी भी कोने से अपनी सुविधानुसार समय पर बिना यात्र किये न्यूनतम लागत पर सीख सकता है।
- कथक नृत्य में ई. लर्निंग प्रदान करने वाली अनेक संस्थाओं द्वारा पाठ्यक्रम के पाठ्य को बोधगम्य सरल बनाने हेतु भी सार्थक प्रयास किये जा रहे हैं।
- नृत्य शिक्षण की यह प्रविधि न केवल कथक के प्रारम्भिक स्तर की शिक्षा दे रही है, बल्कि इस क्षेत्र में आने वाली युवा पीढ़ी के लिये भी दिशा निर्देशन का कार्य कर रही है। कोराना काल में लॉकडाउन के कारण जब एक स्थान से दूसरे से दूसरे स्थान पर जाना सम्भव नहीं है, ऐसे समय में नृत्य के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन शिक्षा अत्यन्त लाभकारी सिद्ध हो रही है। अभी हाल में ही 'दीक्षा' (https://diksha.gov.in) प्लेटफॉर्म की सहायता से पं. राजेन्द्र गंगानी तथा विदुषी मालती श्याम जी ने 5 दिवसीय ऑनलाइन कथक कक्षाओं में कथक नृत्य का सफलतापूर्वक प्रशिक्षण दिया है।



चित्र सं. 5

चित्र सं. 6

- कथक नृत्य शिक्षण की इस प्रविधि के कारण विश्व भर में कथक नृत्य के शिक्षार्थियों की संख्या में व्यापक रूप से बढ़ोत्तरी हो रही है, साथ ही प्रशिक्षकों को भी अपनी कला से व्यावसायिक लाभ प्राप्त करने के स्वर्णिम अवसर प्राप्त हो रहे हैं।
- संचार क्रांति में आये नव-प्रवर्तनों की व्यापक जानकारी (जिसे सरल भाषा में टेक्नोफ्रेंडली कह सकते हैं) ऑनलाइन शिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों के लिये वरदान है। इन सभी तकनीकों का प्रयोग ऑनलाइन शिक्षण देने वाले प्रशिक्षक अपनी रचनात्मक क्षमता के अनुसार पर कर सकते हैं।
- ई. लर्निंग प्रविधि का एक अन्य लाभ यह भी है कि इसे विद्यार्थी शिक्षा के परम्परागत प्रारूप के साथ-साथ जारी रख सकते हैं, जैसे यदि कोई विद्यार्थी विश्वविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में पंजीकृत है तो वह ऑनलाइन डिप्लोमा कोर्स भी आसानी से कर सकता है।

वर्ष 2020 के प्रारंभिक चरण से ही सम्पूर्ण विश्व कोविड-19 जैसी वैश्विक महामारी से ग्रसित है। इस भयावक स्थिति से जीवन का प्रत्येक पक्ष बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। तमाम सामाजिक व्यवस्थाएँ व कार्यप्रणालियों में आवश्यक व मूलभूत परिवर्तन किये जा रहे हैं।

कथक नृत्य में ऑनलाइन शिक्षा जहाँ एक ओर वर्तमान की प्रमुख आवश्यकताओं है वहीं दूसरी ओर इसमें कुछ क्रियात्मक त्रुटियाँ भी है, जिन्हें दूर कर निश्चित ही कथक नृत्य शिक्षा को ई. लर्निंग प्रारूप इस विधा के परम्परागत शिक्षण के समकक्ष सभी मानदण्डों में खरा उतर सकता है।

यह निर्विवाद सत्य है कि वर्तमान सामाजिक व्यवस्था को देखते हुए आनलाइन शिक्षण का एकमात्र विकल्प हमारे समक्ष है परन्तु क्या वास्तव में कथक नृत्य शैली, जो कि प्रयोगप्रधान विषय है। कथक नृत्य के परम्परागत शिक्षण का समुचित विकल्प है? साथ ही यह प्रश्न भी विचारणीय है कि शिक्षा के प्रमुख उद्देश्य चरित्र निर्माण, सामाजिक कल्याण व ज्ञान का उत्तवेत्तर विकास ई. लर्निंग द्वारा सम्भव है।

कथक नृत्य के सैद्धान्तिक पक्ष को तो ई. लर्निंग के माध्यम से पढ़ाने के अनेक रोचक विकल्प हमारे पास है परन्तु क्रियात्मक पक्ष का सूक्ष्म व सटीक प्रशिक्षण वास्तव में कठिन कार्य है। यदि हम मूलभूत क्रियात्मक अंगों जैसे तत्कार में पैर का रखाव, पदाघात का सही रूप, दृष्टि प्रयोग का सही ज्ञान, हस्तकों में अंगशुद्धि, रेखाओं व बनने वाले कोणों का समुचित ज्ञान, चक्करों के सही अभ्यास की विधि इत्यादि को देखें तो ई. लर्निंग के माध्यम से इनका सुस्पष्ट व सही ज्ञान देना एक कठिन प्रक्रिया है। यद्यपि यदि प्रशिक्षक पूर्ण रूप से नवीन तकनीक से परिचित हो तो यह संभव हो सकता है। यदि उच्च प्रशिक्षण की बात करें तो अभिनय पक्ष की तकनीकी दक्षता के लिये भी प्रशिक्षित गुरु का सान्निध्य आवश्यक है। इसके अतिरिक्त पारम्परिक रूप से कथक प्रशिक्षण में क्रियात्मक पक्ष के साथ-साथ व्यावहारिक पक्ष का भी गुरु के मार्गदर्शन में सतत् विकास होता है। कक्षा में सहभागिता व अन्य विद्यार्थियों के साथ प्रतिस्पर्धा का वातावरण एक विद्यार्थी के लिये अत्यन्त आवश्यक है, जो कि भविष्य में एक कलाकार के सम्पूर्ण व्यक्तित्व निर्माण की अहम कड़ी है, ई. लर्निंग व्यवस्था में यह भी एक महत्वपूर्ण चुनौती है। स्वयंप्रभा, ई-पाठशाला, स्वयम्, विद्यामित्र आदि पर उपलब्ध कथक नृत्य से सम्बन्धित प्रयोगात्मक तथा शास्त्र सम्बन्धी ई-सामग्री के अतिरिक्त अनेक पुस्तकें, लेख, शोधपत्र, शोध प्रबन्ध को भी डिजिटल माध्यम से जोड़ने की आवश्यकता है, जिससे विद्यार्थियों को अधिकाधिक विषय से सम्बन्धित प्रमाणित जानकारी प्राप्त हो सके।

भारतीय परिवेश में इण्टरनेट कनेक्टिविटी, कम्प्यूटर व अन्य डिजिटल माध्यमों की समुचित उपलब्धता भी एक प्रमुख समस्या है। इसके अतिरिक्त डिजिटल माध्यमों द्वारा शिक्षा प्राप्त करना स्वास्थ्य की दृष्टि से भी एक उत्तम विकल्प नहीं माना जा सकता, विशेष रूप से मंचीय कलाओं के क्षेत्र में जहाँ एक नर्तक या नर्तकी के लिये शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य अत्यन्त महत्वपूर्ण कारक है।

अनेक उच्च कोटि के गुरु-शिक्षण की इस डिजिटल व्यवस्था में स्वयं को असहज पाते हैं। इस दृष्टि से भी तकनीक के साथ सामंजस्य अपेक्षित है।

वर्तमान समय की आवश्यकता को ध्यान में रखकर आज अनेक कथक प्रशिक्षक ऑनलाइन कक्षाओं का संचालन कर रहे हैं, जिनमें से कुछ अल्पावधि को ऑनलाइन पाठ्यक्रम भी संचालित करा रहे हैं। ई. कक्षाओं की अधिकता भी कभी-कभी विद्यार्थियों को भ्रमित कर सकती है। साथ ही गुणवत्तापूर्ण कथक शिक्षा का ज्वलंत प्रश्न तो हमारे समक्ष है ही।

यह वास्तव में भारतीय शिक्षा के क्षेत्र में चमत्कार से कम नहीं है कि अभी हाल ही में 29 जुलाई 2020 को केन्द्रीय मंत्रिमण्डल द्वारा नवीन शिक्षा नीति को स्वीकृत किया गया है, जिसका प्रमुख उद्देश्य स्कूली तथा उच्च शिक्षण प्रणाली में व्यापक परिवर्तन कर तकनीकी समावेश द्वारा एक श्रेष्ठ भारत का निर्माण है। इस शिक्षा नीति के अनुसार उच्च शिक्षण संस्थानों के पाठ्यक्रत में संगीत, दर्शन, कला, नृत्य व रंगमंच की अनिवार्यता को सुनिश्चित किया जायेगा, जिसकी पूर्व की शिक्षण व्यवस्था में लगभग उपेक्षा ही हो रही थी, साथ ही इन सभी विषयों को स्कूली शिक्षा का भी अनिवार्य अंग बनाया जायेगा, जिसके सुपरिणाम निकट भविष्य में देखने को मिलेंगे। आज जबकि डिजिटल इण्डिया अभियान सम्पूर्ण देश को एक डिजिटल रूप से सशक्त समाज एवं ज्ञान आधारित अर्थव्यवस्था में परिवर्तित करने में अपनी सार्थक भूमिका निभा रहा है। अतः वर्तमान स्थिति को देखते हुये यह कहना सूरज को दिया दिखाने जैसा होगा कि भविष्य में प्रौद्योगिकी शिक्षण व्यवस्था का एक आवश्यक ही नहीं अपरिहार्य अंग सिद्ध होगी।

निःसन्देह कथक नृत्य की ई. लर्निंग प्रणाली द्वारा विगत कुछ वर्षों में ही कथक नृत्य शैली के

वैश्विक विद्यार्थियों व दर्शक वर्ग में अभूतपूर्व वृद्धि हुयी है इससे जहाँ एक ओर ई. लर्निंग प्रदाता मंचों में अत्यधिक बढ़ोत्तरी हुई है वहाँ इस शैली में व्यवसाय के नवीन आयाम भी जुड़े है। इस क्षेत्र से सम्बद्ध वरिष्ठ गुरु, अध्येता, शिक्षक, शिक्षाविदों का समन्वयात्मक प्रयास तथा तकनीक के क्षेत्र में डिजिटल माध्यमों के उन्नत ज्ञान के समन्वित प्रयोग द्वारा निश्चित ही निकट भविष्य में यह नृत्य शैली विश्व का सर्वाधिक प्रचलित व ई. लर्निंग समर्थित विषय बन सकता है।

सन्दर्भ सूची :-

1. भारतीय संगीत का इतिहास-शरच्चन्द्र श्रीधर परांजपे, 1968, पृ0 127
2. icd translation.com/history of e-learning
3. https://eduexpost.in/online_edu
4. SWAYAM (https://swayam.gov.in/)
5. https://swayam.gov.in
6. https://www.ndtv.com

चित्र सूची :-

1. एम. एस. पॉवर प्वाइण्ट प्रेजेन्टेशन स्लाईड (मनोज कुमार के., साइंटिस्ट- (E-CS Inflibnetcentre/ UGC) द्वारा प्राप्त)
2. www.learnkathakonline.com
3. www.dancewithmadhuri.com
4. https://m.facebook.com/kathakshastra/?_rdr
5. https://m.facebook. com/sangeetnatak/ photos/a. 9275472 90589303/ 3255179574 492718/ ?type=3&source=48
6. https://m.facebook.com/sangeetnatak/ photos/a.1099584256718 938/34446865 68875350/?type=3&source=54&ref=page_internal

मध्य प्रादेशिक की लोक चित्रकला परम्परा : एक अध्ययन

डॉ. किरन मिश्रा

अमरनाथ झा मार्ग, जार्ज टाउन प्रयागराज

शोध सारांश

एक चित्र हजारों शब्दों के बराबर होते हैं। यर्थात में भी ऐसा ही होता है। किसी भी चित्र के जो भाव होते हैं वास्तव में उसे देखने वाले व्यक्ति के मनोभावों से मिलकर अभिव्यक्त होते हैं। दृश्य अभिव्यक्ति में लोक परम्परा की एक लम्बी यात्रा शामिल होती है। उस परम्परा का लोप कर हम दृश्य अभिव्यक्ति को ठीक तरह से प्रस्तुत नहीं कर सकते हैं। इस कारण अनादिकाल से ही समृद्ध भारत की लोक चित्रकला परंपरा को संरक्षित रखना अत्यंत आवश्यक हो जाता है। इस दिशा में काफी प्रयास भी किये जा रहे हैं। सरकारी एवं स्थानीय स्तर पर लगातार जनजाति चित्रकला का संरक्षण, प्रशिक्षण एवं प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इस सन्दर्भ में मध्य प्रदेश की लोक चित्रकला परम्परा को समझाना ज्यादा समीचीन है। मध्य प्रदेश क्षेत्र में स्थापत्य कला, मूर्तिकला, शिल्प कला तथा लोक कलाओं को संरक्षित करने वाले महान साम्राज्यों का यह क्षेत्र रहा है। मध्यप्रदेश में अवंति में हैहय राजवंश, शिशुनाग वंश, मौर्य वंश, शक वंश कुशाण वंश, गुप्त राजवंश, चालुक्य और चंदेल वंशजों ने यहां पर शासन किया और असंख्य भवनों, मंदिरों, जलाशयों, किलों और महलों के साथ ही कूपो का भी निर्माण कराया। जिसके चिन्ह आज भी हमको बड़ी आसानी से दिखाई देते हैं। मध्य प्रदेश की चित्र कला और वास्तुकला विश्व के उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है।

कीवर्ड

चौकपुरबा, मेंहदी महावर, हात्यो (स्वास्तिक), कोड़र, जिरोती

मध्य प्रादेशिक की लोक चित्रकला परम्परा : एक अध्ययन

मध्य प्रदेश की लोक चित्रकला परम्परा अनादिकाल से ही समृद्ध रही। यहां की समृद्ध चित्रकला परम्परा इतिहास को स्पष्ट रेखांकित करती है। मध्य प्रदेश की गुफा चित्रों में भीमबेटका गुफा तथा वहां की गुफा में पाए गए चित्र प्राचीनतम उदाहरण है। मध्य प्रदेश क्षेत्र में स्थापत्य कला, मूर्तिकला, शिल्प कला तथा लोक कलाओं को संरक्षित करने वाले महान साम्राज्यों का यह क्षेत्र रहा है। मध्यप्रदेश में अवंति में हैहय राजवंश, शिशुनाग वंश, मौर्य वंश, शक वंश कुषाण वंश, गुप्त राजवंश, चालुक्य और चंदेल वंशजों ने यहां पर शासन किया और असंख्य भवनों, मंदिरों, जलाशयों, किलों और महलों के साथ ही कूपो का भी निर्माण कराया। जिसके चिन्ह आज भी हमको बड़ी आसानी से दिखाई देते हैं। मध्य प्रदेश की चित्र कला और वास्तुकला विश्व के उत्कृष्ट उदाहरणों में से एक है।

उपकल्पना

मध्य प्रदेश की लोक चित्रकला परंपरा में प्रकृति की झलक दिखाती है।

मध्य प्रदेश की लोकचित्रकला परंपरा भागवान के प्रति आस्था पर केन्द्रित है।

शोध प्रविधि

शोध पत्र के निष्पादन अवलोकन विधि द्वारा किया गया है। असहभागी अवलोकन के माध्यम से मध्य प्रदेश के जनजातिय समाज की लोक परंपरा और उस दौरान बनाये जानी वाली आकृति, प्रयोग किये जाने वाले पदार्थ के संबंध में तथ्यों का संकलन एवं मान्यताओं को सूक्ष्माता से लिपिबद्ध किया गया। तथ्यों के संकलन के दौरान चित्रों की छायाप्रति भी एकत्र की गईं।

मध्य प्रदेश की कलाएं :- मध्य प्रदेश कला और संस्कृति के मामले में आदि काल से अग्रणी रहा है। यहां पर शिल्प कला, मूर्तिकला, चित्रकला, स्थापत्य कला, लोक कला, जनजातीय कला का बिखरा हुआ सांस्कृतिक समग्र हमको पूरे प्रदेश भर में देखने को मिलता है। यहां की कला संस्कृति के बारे में हिंदू प्राचीन ग्रंथों में जगह-जगह पर वर्णन मिलता है। यह कला संस्कृति मान्यताओं, धर्म, संस्कृत, जीवन पद्धति, उत्सव, विवाह, संस्कार, चमत्कार प्रदर्शन में भी देखने को मिलता है।

सांस्कृतिक क्षेत्रों की लोक चित्रकलाएं :- जब किसी भूभाग या अंचल के खान-पान, जीवन जीने के तरीकों, संस्कारों और बोल-चाल की भाषा में एकरूपता होती है, तो उस भूभाग को एक विशिष्ट सांस्कृतिक क्षेत्र कहते हैं। इस एकरूपता को बड़े ही आसानी से समझा जा सकता है। सांस्कृतिक सीमायें हमेशा अस्पष्ट होती हैं। एक अंचल की संस्कृति, भाषा तथा विशेषता धीरे-धीरे कम होने लगती हैं, तो दूसरी भाषा या संस्कृति प्रभावी होने लगती है। इसलिये दो संस्कृतियों के बीच स्पष्ट सीमांकन नहीं किया जा सकता है। यही कारण है की दो सांस्कृतिक क्षेत्रों के बीच एक मिश्रित क्षेत्र होता है, जहां पर दोनों संस्कृतियों के प्रभाव देखने को मिलता हैं। भारत के मध्य क्षेत्र को मोटे तौर पर बुन्देलखण्ड सांस्कृतिक क्षेत्र (उत्तर-पूर्व), निमाड़ सांस्कृतिक क्षेत्र (दक्षिण) मालवा सांस्कृतिक क्षेत्र (पश्चिम) बघेल सांस्कृतिक क्षेत्र (दक्षिण-पूर्व) में विभाजित किया जा सकता है।

बुंदेली लोक चित्रकला परम्परा :- बुन्देलखण्ड मध्य भारत का एक प्राचीन क्षेत्र है। इसका प्राचीन नाम जेजाकभुक्ति है। बुन्देलखण्ड मध्य प्रदेश तथा उत्तर प्रदेश दोनों के अन्तर्गत आता है। बुंदेली इस क्षेत्र की मुख्य बोली है। इस क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के जालौन, झांसी, ललितपुर, चित्रकूट हमीरपुर, बाँदा और महोबा जिले तथा मध्य-प्रदेश के सागर, दमोह, टीकमगढ़, छतरपुर, पन्ना, दतिया जिलों के अलावा भिंड जिले की लहार तहसील और ग्वालियर जिले की मांडेर तहसील तथा रायसेन और विदिशा जिले का कुछ भाग भी शामिल है। इस क्षेत्र में अनेक लोक चित्रों को बनाया जाता है जो निम्नलिखित हैं।

उरैन :- बुंदेलखण्ड में अनेक त्योहारों, व्रतों और विवाह संस्कारों के समय घर के दरवाजे के सामने गोबर से लीपा जाता है, यहां पर इसको उरैन, टहाल और लीपबो के नाम से भी जाना जाता है। उरैन को भी बुंदेलखंड में एक लोक चित्रकला के तौर पर देखा जाता है। होली, दीपावली, शिवरात्रि, विवाह संस्कार, व्रत, उपवास, पाणिग्रहण संस्कार या किसी देवी देवता की पूजा करने के पूर्व घर के

बाहर की डेहरी और पूजा स्थलों पर गोबर से लीप कर उस पर गेहूं के आटे से चौक बनाकर, किसी भी देवी देवता की पूजा की जाती है।

चौकपुरबोः- बुंदेलखण्ड में महिलाओं द्वारा किसी भी पूजा या धार्मिक अनुष्ठान के पहले उस स्थान को लीपकर उस पर गेहूं के आटे से चौक बनाया जाता है। चौक के रूप में अष्ट दल का रेखांकन किया जाता है, जिसमें दो दोहरी रेखाएं समकोण पर एक दूसरे को काटती हुई बनाई जाती है। इसका

चित्रांकन घर के आंगन में बनाया जाता है। इस फूल चौक पर लकड़ी का पटरा या पीढ़ा रखकर उस पर प्रथम बार ऋतुवती हुई नववधू को बैठाया जाता है और उस पर फूलों की वर्षा की जाती है।

कमूरा :- बुंदेलखण्ड में लोक चित्रकला के अन्तर्गत गोबर से लीप कर आयताकार चबूतरे के अंदर दोहरी डणीचे बनाकर उसके ऊपर त्रिकोण बनाया जाता है, फिर उस पर दो आड़ी-तिरछी डणीचे बनाई जाती है। इसे ही कमूरा लोक चित्रकला कहा जाता है। यह कमूरे मुख्य रूप से सुअटा को बनाने वाले स्थान पर चबूतरे के चारों तरफ बनाए जाते हैं। कभी-कभी यह रंगीन दोहरी रेखाएं भी बनाई जाती हैं। त्रिकोणों के सिर पर दो-दो आड़ी और तीन खड़ी रेखाएं खीची जाती हैं।

गाय बीज :- बुंदेलखण्ड में आषाढ़ महीने की शुक्ल पक्ष में आसाड़ी देवता और देवियों को पूजने की परम्परा है। इस पूजा में शुक्रवार या सोमवार में सप्तमी तिथि में गाय बीज के हाते की पूजा सम्पन्न की जाती है। इस पूजा में संतान की सुरक्षा के लिए पूजा घर की दीवार पर गोबर से एक त्रिकोण बनाया जाता है। इसके उपरांत उसके बीच में महिला अपने दांये हाथ से देसी घी की छाप दीवार पर लगाती है।

बहुंए (कुलघुसू पूने) :- आषाढ़ महीने की गुरू पूर्णिमा को गुरू का पूजन किया जाता है। इस दिन घर के अंदर कमरे के चारों कोने में भित्ति पर चार बहुओं का चित्र बनाकर हल्दी से पूजा कर दूध चावल से भोग लगाते हैं। इन चारों चित्रों के सर पर छत्र और पैरों के नीचे चौकी बनाई जाती है।

बघेली लोक चित्रकला :- बघेलखण्ड ऐतिहासिक-सांस्कृतिक क्षेत्र, छत्तीसगढ़ राज्य एवं मध्य प्रदेश राज्य में स्थित है। बघेलखंड मध्य प्रदेश राज्य के दक्षिण-पूर्व में है। इसमें मध्य प्रदेश का अनूपपुर, रीवां, सतना, शहडोल, सिधी, उमरिया और उत्तर प्रदेश का सोनभद्र जिला तथा पूर्वी इलाहाबाद कुछ हिस्सा आता है। इस क्षेत्र में टोंस, सोन व उनकी सहायक नदियाँ बहती हैं। मुसलमानों के आगमन से पूर्व बघेलखंड दहाला के नाम से जाना जाता है। यहां कलचुरी वंश (छठी से बारहवीं शताब्दी) ने शासक किया। जिनका मजबूत गढ़ कालिंजर था।

कोड़र :- "बघेली सांस्कृतिक क्षेत्र में मांगलिक अवसरों पर कोड़र वेदी के रूप में बनाया जता है। इसे बनाने के लिए स्त्रियां आंगन को गोबर से लीप कर चौक पूरती हैं। आंगन के मध्य में गोल आकृति बना कर उसमें स्वास्तिक बनाया जाता है।"[56] कोड़र त्रिभुजों चर्तुभुजों एवं बिन्दुओं के योग से बनाये जाते हैं। कोड़र में एक गोला बना कर उसके उपर कई गोलों का जाल बनाया जाता है। इन आकृतियों में विभिन्न हरे, पीले, लाल रंगों को भरने पर कोड़र बहुत ही आकर्षक लगते हैं।

गुदना :- "गुदना एक शारीरिक अलंकरण के रूप में शरीर पर सुईयों के प्रयोग से बनाया जाता है। स्त्रियां सौभाग्य, मातृत्व और सम्पनता के रूप में बनवाया जाता है।"[60] बघेलखण्ड में गोंड, भील, कोल, बैगा, सहरिया जनजाति के लोग अलग-अलग गोदने बनवाते हैं। इसे स्त्रियां पुरूषों के मुकाबले अधिक बनवाती हैं। गुदना शरीर के अंगों पर बनवाया जाता है। इसके अन्तर्गत तोता, मोर, मछली, हिरन, तितली, फूल पत्ती, बिछू, जल, कुम्भ आदि अनेक ज्यामिती आकृतियां बनाई जाती हैं। गुदना बनाने के लिए सुई, सींक, काजल का लेप और रूई का प्रयोग किया जाता है।

मेंहदी महावर :- "मेंहदी महावर अंग चित्र के रूप में सौभाग्य सूचक चित्रकला है।"[61] मेंहदी के अन्तर्गत मेंहदी पेड से तोड़ी हुई पत्तियों, सूखे और हरे रूप में पीसकर घोली जाती है। जिसे स्त्रियां अपने हांथों और पैरों पर सींक से अनेक आलेखनों और आकृतियों के रूप में लगाती हैं। इसमें फूल, पत्ती, पान, सूरज, चंद्रमा, घड़ा, मछली, बेल, त्रिभुज, गोल, चतुर्भुज, षटकोण, स्वास्तिक आदि चित्रआकृतियों को बनाया जाता है। मेंहदी सूखने के बाद इसे छुड़ा कर तेल लगाया जाता है जिससे इसका रंग खिल कर आता है। "इसी तरह महावर भी सौभाग्य सूचक होता है। जिसे सुहागन स्त्रियां तीज त्योहार तथा धार्मिक अनुष्ठानों पर पैरों में लगाती है। इसमें लाल रंग को घोल कर पैरों की उंगलियों पर लगाया

जाता है।"[62] महावर में फूल, पत्ती, बेल तथा बिन्दी आकृतियों से चित्रकारी की जाती है।

मालवा की लोक चित्रकला :- मालवा सांस्कृतिक क्षेत्र मध्य प्रदेश के पश्चिमी भाग में स्थित है। इसे प्राचीनकाल में मालवा या मालवा के नाम से जाना जाता था। मालव क्षेत्र देवी लक्ष्मी के आवास का हिस्सा कहलाता है। समुद्व तल से इसकी औसत ऊंचाई 496 मीटर है। यह कर्क रेखा द्वारा दो हिस्सों में विभाजित है। "मालवा क्षेत्र में इंदौर, भोपाल, ग्वालियर व जबलपुर संभागों के लगभग 18 जिले और महाराष्ट्र व राजस्थान के कुछ हिस्से शामिल हैं। इसमें प्राचीन अवंति, अकारा और दरसन के कुछ क्षेत्र शामिल हैं। मालवा का अधिकांश भाग चंबल नदी तथा इसकी शाखाओं द्वारा सिंचित है, पश्चिमी भाग माही नदी द्वारा सिंचित है।"[63] इस क्षेत्र में अनेक लोक चित्रों को बनाया जाता है जो निम्नलिखित हैं।

मालवा में लघु चित्रकथा शैली :- मालवा क्षेत्र में अनेक लघु चित्रकथाओं को बनाने की परम्परा है। यह लघु चित्र अत्यन्त आकर्षक और सादगी पूर्ण होते हैं। "मालवा शैली में भारतीय परम्परागत विषयों का मुख्य रूप से चित्रण किया जाता है। इसमें रागमाला, बारहमासा, गीतगोविन्द, रसिक प्रिया, देवीमहत्ता, अमरूशतक, रामायण, कृष्णलीला आदि से सम्बन्धित चित्र अत्यधिक रूप में बनाये जाते हैं।"[64]

मांडना :- मालवा क्षेत्र मांडने के अर्थ में मंडप, आंगन, घर द्वार, देहरी, चौपाल को सजाने से है। लोक चित्र में मांडना बनाने के लिए रूई या कपड़े को उंगलियों से दबाकर जमीन पर बनाया जाता है। इसे जमीन पर खड़िया, गेरू, लाल, पीले, नीले, सफेद रंगों से बनाया जाता है। दीवाली, होली, मकर संक्रांती त्योहारों एवं मांगलिक अवसरों पर परम्परागत रूप से ज्यामिती आकृतियों के समूहों से बनाया जाता है। हांथ के छापे :- मालवा क्षेत्र में तीज त्योहारों, मांगलिक अवसरों और उत्सवों पर परिवार की मंगल कामना के लिए घर की महिलाएं घर के दरवाजे के दोनों ओर हांथ के पांच-पांच छापे बनाती हैं। छापों को लगाने के लिए चावल को पीसकर उसका गाढ़ा घोल तैयार किया जाता है। इसमें हल्दी या सिन्दूर डाला जाता है, इसे ऐपड़ कहते हैं। छापे लगाने के बाद उंगलियों के ऊपरी भाग से सिन्दूर की बिन्दियां लगाई जाती हैं। पांच छापों के बीच में स्वास्तिक का चित्र बनाया जाता है। दीवाली के अवसर पर घर के पालतु पशुओं पर भी हांथ के छापे लगाये जाते हैं।

हात्यो (स्वास्तिक) :- हात्यो एक प्रकार का मंगलसूचक चिन्ह है। हात्यो का चिन्ह चार की संख्या के रूप में चारों वेदों, चारों वर्णों, चारो दिशाओं, चारो पुरूषार्थों तथा चारो आश्रमों को इंगित करता है। भारत में प्राचीन काल से ही किसी भी शुभ कार्य को प्रारम्भ करने में हत्यो या स्वास्तिक का प्रयोग किया जाता रहा है।

कुमकुम के पगल्ये :- मालवा क्षेत्र में नव वधु के प्रथम गृह आगमन के समय कुमकुम या सिन्दुर के घोल वाली थाली में पैर रखते हुए नव वधु घर में कुमकुम या सिन्दुर के पैरों की छाप छोड़ते हुए आगे बढ़ती है। इसी को मालवा क्षेत्र में कुमकुम के पगल्ये कहते हैं। ऐसी मान्यता है कि जब पूरे पैर के चित्र बनते हैं, तो नव वधु के आगमन से घर में धन-धान्य में वृद्धि होगी और अगर पूर्ण नहीं बनते हैं तो वह नव वधु की चंचलता और घर में खालीपन को दर्शाता है।

संजा :- मालवा क्षेत्र में क्वार मास के श्राद्ध पक्ष में शाम के समय कुंवारी कन्याएं अपने-अपने घर के सामने की दीवारों को गोबर से लीपकर उसपर गोबर से चौकोर घेरा बनाती हैं। घेरे में गोबर से प्रतिदिन अनेक प्रकार की आकृतियां बनाई जाती हैं। इन आकृतियों पर फूल की पंखुडियां चिपका कर रंगबिरंगा बनाया जाता है। इन चित्र आकृतियों पर कुमकुम लगाकर पूजा की जाती है, भोग चढ़ाया जाता है और प्रसाद बाटा जाता है।

जिरोती :- निमाड़ क्षेत्र में जिरोती भित्ति चित्र रंग विधान की दृष्टि से अत्यन्त सुन्दर और निमाड़ की स्त्रियों का अत्यन्त प्रिय त्योहार है। यह त्योहार श्रावण मास के कृष्ण पक्ष की अमावस्या को मनाया

जाता है। लोग इसे जिरोती अमावस्या या हरियाली अमावस्या भी कहते हैं। जिरोती लोक चित्र बनने की रूपरेखा त्योहार के सात दिन पहले से ही बना ली जाती, जिरोती का सम्पूर्ण चित्र बन जाने बाद घर की बहू बेटियां हरियाली अमावस्या के दिन प्रातः काल नहा कर, साफ कपड़े पहन कर जिरोती देवी की पहले से बनी आंखों में काली, सफेद पुतलियां बना कर उनकी आंखें खोल देती हैं और दूध दही, चावल, कुमकुम से पूजा कर प्राण प्रतिष्ठा करती है।

जनजातीय लोक चित्रकला :- मध्य प्रदेश क्षेत्र में अनेक जनजातियां निवास करती हैं। इन जनजातियों में इन लोकचित्र परम्पराओं के कुछ लोक चित्रों के अलावा उनके खुद के अलग-अलग जनजातियों के हिसाब से लोक चित्रों या जनजातिय चित्रों को बनाने की परम्परा है। इन जनजातियों में मुख्य तौर पर गोंड, भील, कोरकू, बैगा जनजातियों में लोक चित्रों को बनाने की विशेष परम्परा है।

गोंड लोक चित्रकला :- गोंड जनजाति के लोग अपने घर को सजाने के लिए दीवारों पर हाथी, घोड़ा, मोर, चिड़िया, बैलों और मनुष्यों का चित्र बनाते है। इन भित्तियों के किनारे दीवार की तह से पतली डिजाइन बनाकर कजली, गेरू या नील से रंगा जाता है। कहीं-कही मुख्य दरवाजे के चारो तरफ दो-तीन रंगों से चित्रकारी की जाती है। विवाह के अवसर पर घर की दीवारों पर फूल-पत्ती बनाया जाता है। विवाह के ही समय कोहबर में गेरू और चूने से हल्का चित्र बनाया जाता है। दीवारों पर गोंड महिलाएं मिट्टी से उभरी रेखाएं बनाती हैं, इसको नोहडोरा कहा जाता है। इसी से गोंड चित्रकला का जन्म हुआ है। भित्तियों के किनारे देवी देवताओं के मिथकीय चित्र के साथ फूल पत्ती बनाये जाने की परम्परा है, यही आधुनिक गोंड चित्रकला के रूप में विकसित हुई है। जिसे गोंड परधान चित्रकारों के द्वारा नया आयाम दिया गया है। गोंड जनजाति की स्त्रियों में गोदना गुदवाने की भी परम्परा है।

भील लोक चित्रकला :- भील जनजाति अपने घरों को सुन्दर और आकर्षक बनाने के लिए मांगलिक अवसरों पर घर की दीवारों पर आम का पेड़, बैल, गाय, सांप, शिकार करने के औजारों का चित्रण करते हैं। इन चित्रों को गोतरेज कहते हैं। गोतरेज बनाने के बाद देवी देवताओं, भूत-प्रेतों, पूर्वजों के नाम से टीके लगाये जाते हैं।

कोरकू लोक चित्रकला :- कोरकू जनजाति के लोग अपने घरों की दीवारों पर प्रवेश द्वार के आस पास अनेक चित्रों को बनाते हैं। इस चित्रकला को गुदनी कहा जाता है। ये चित्र दीवाली की रात को कोरकू ग्वालन स्त्रियां सफेद खड़िया, लाल मिट्टी (हिरमची), मिट्टी से बनाती हैं। गुदनी मंगल सूचक चित्र होते हैं।

कोरकू लोगों में पांच वर्ष से गुदना गुदवाने की परम्परा है। गुदना करवाना एक पवित्र कार्य माना जाता है। शरीर को आकर्षक दिखाने के लिए कोरकू कुआरी स्त्रियां हाथों और पैरों पर विभिन्न गुदना चित्रों, सांकल, बहुत से बिन्दू, त्रिकोण, आड़ी तिरछी छोटी रेखाओं से सुन्दर गुदना गुदवाती हैं।

बैगा लोक चित्रकला :- बैगा जनजाति अपने घरों के प्रमुख द्वार के किनारे गेरू और काजल से दो मोटी रेखाएं उकेरते हैं। बैंगा महिलाएं घर की दीवारों पर नोहडोरा बनाती हैं। जिसमें पौन इंच मिट्टी की रेखएं खीची जाती हैं। इसी चौखाने में पशु पक्षी के चित्र, बेल-बूटे, फूल-पत्ती के चित्र बनाती हैं। बैगा स्त्रियां शरीर के हर हिस्से पर गोदना गोदवाती हैं।

भारिया लोक चित्रकला :- भारिया जनजाति के लोगों में घरों की बाहरी दीवारों पर गेरू, काली मिट्टी, छूही मिट्टी से चित्र बनाने की परम्परा है। ये लोग दीवारों पर एक या डेढ़ इंच से अधिक मोटी रेखाओं से खूटिंयों के आस पास सजावट की जाती है। इन्ही दीवारों के कोने पर सिर, पूछ, मुह, कान बनाकर घोडे, कुत्ते बिल्ली के रूपांकर बनाये जाते हैं। कही-कही मानवीय आकृतियों का भी चित्रण किया जाता है। भारिया स्त्रियों में भी शरीर पर गुदना गुदवाने की परम्परा है।

कोल लोक चित्रकला :- कोल जनजाति में लिपी हुई दीवारों पर पीली मिट्टी, सफेद मिट्टी और गेरू आदि से घर के प्रमुख द्वारा के आसपास और बाहरी भित्ति पर ज्यामिती आकृतियों, पशु पक्षी, बेल-बूटे

के चित्रों को बनाने की परम्परा है। कोल स्त्रियों में भी शरीर पर गुदना गुदवाने की परम्परा है।

निष्कर्ष

मध्य प्रदेश में लोक चित्रकला परंपरा में भागवान के प्रति अटूट आस्था है। जनजाति समाज के लोक दीवारों पर पीली मिट्टी, हल्दी, गेहूं का आटा, सफेद मिट्टी, चावल,गोबर और गेरू तथा प्राकृतिक रंगों से कलाकृतियां बनाते हैं। उन कलाकृतियों में भागवान के प्रति जनजाति समाज का सपर्ण एवं प्रकृति के प्रति प्रेम स्पष्ट रूप से झलकता है। यहां की कला संस्कृति के बारे में हिंदू प्राचीन ग्रंथों में जगह-जगह पर वर्णन मिलता है। यह कला संस्कृति मान्यताओं, धर्म, संस्कृत, जीवन पद्धति, उत्सव, विवाह, संस्कार, चमत्कार प्रदर्शन में भी देखने को मिलता है।

संदर्भ सूची

1. http://www.mptourism.com/tourist-places/bhimbetka-caves-rock-shelters.html
2. http://www.mptourism.com/tourist-places/bhimbetka-caves-rock-shelters.html
3. गैरोला वाचस्पति (1963) भारतीय चित्रकला, मित्र प्रकाशन प्राईवेट लिमिटेड, पेज 76
4. चौमासा, मध्य प्रदेश आदिवासी कला परिषद, अंक 34, पेज 28
5. https://bundelkhand.in/
6. प्रताप डॉ. रीता (2012), भारतीय चित्रकला एवं मूर्तिकला का इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पेज 469
7. https://historyhindi.com/madhya-pradesh-history-hindi/
8. https://historyhindi.com/madhya-pradesh-history-hindi/
9. प्रताप डा. रीता (2012), भारतीय चित्रकला एवं मूर्तिकला का इतिहास, राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी, पेज 537
10. https://historyhindi.com/madhya-pradesh-history-hindi/
11. http://www.indiapicks.com/Indianart/Main/MP_Central_India.htm
12. http://hindi.indiawaterportal.org/madhy-pradesh-ka-saanskrtik-parichay
13. गुप्त नर्मदा प्रसाद (प्रथम संस्करण 1995), बुंदेलखण्ड की लोक संस्कृति का इतिहास, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केन्द्र, ISBN 81-7119-224-X
14. मिश्र महेश कुमार (2006) सुराती, आदिवासी लोक कला एवं तुलसी साहित्य अकादमी मध्य प्रदेश संस्कृति परिषद पेज 39-41

संगीत और पर्यावरण का सम्बन्ध

डॉ चिंकी रानी

एस.ए. जैन कॉलेज, अम्बाला सिटी

भूमिका

संगीत और प्रकृति दोनों जीवन में पर्यावरणीय चेतना जगाने का कार्य करती है संगीत सिर्फ एक संदेश संचार करने का जरिया ही नहीं बल्कि एक श्रोता की चेतना में गहराई तक किसी भी संदेश को बनाए रखने के लिए शक्तिशाली हथियार है संगीत और के प्रकृति मिलन से को पर्यावरण बचाया जा सकता है भारतीय सभ्यता के आरंभ से ही पर्यावरण को सुरक्षित रखने की जागरूकता लोगों में मौजूद थी। वैदिक एवं वैदिककाल के बाद का इतिहास इस बात का साक्षी है लेकिन आधुनिक काल में विशेष रूप से स्वतंत्रता के बाद से आर्थिक प्रगति को उच्च प्राथमिकता मिलने के कारण पर्यावरण कुछ कम महत्वपूर्ण स्थान पर रह गया था केवल 1972 में पर्यावरण नियत योजना एवं सहयोग के लिए राष्ट्रीय कमेटी के गठन के लिए कदम उठाए गए जो धीरे-धीरे पर्यावरण का अलग विभाग बना और 1985 में यह पूर्ण रूप से पर्यावरण एवं वन मंत्रलय के रूप में परिवर्तित हुआ शुरुआत में भारत के संविधान में पर्यावरण को बढ़ावा देने या उसके संरक्षण के लिए किसी प्रकार के प्रावधान नहीं थे लेकिन 1977 में हुए 42 वें संविधान संशोधन में कुछ महत्वपूर्ण धाराएं जोड़ी गई जो सरकार पर एक स्वच्छ एवं सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करने की जिम्मेदारी सौंपती है।

जब कोरोना महामारी की भयावहता के कारण 3 महीनों का लोक डाउन हुआ ऐसे दौर में जब मानव समुदाय का एक बड़ा हिस्सा अपने आप को घरों में बंद रखने को मजबूर हो और घर से बाहर निकलने घूमने फिरने से परहेज कर रहा था तो धरती पर जो जगह हमने खाली कि उसको भरने के लिए प्रकृति कदम बढ़ा कर सामने आ गई पिछले लोक डाउन के इन महीनों में मैंने कई चिड़ियों को अपने आसपास की बिल्डिंग पर गाते हुए सुना पौधों को गार्डन और उसके बाहर भी बहुत तेजी से बढ़ते हुए देखा यह सब देख कर मेरे मन में यह विचार आया कि यह संकट पूर्ण समय इंसान और प्रकृति को एक दूसरे से ज्यादा पास से जानने और जोड़ने का समय भी हो सकता हैं। पक्षियों का इस प्रकार गाना गुनगुनाना कहीं ना कहीं इस बात का प्रतीक है कि के पर्यावरण संगीत जुड़े हुए हैं।

संगीत के शाब्दिक अर्थके बारे में बात की जाए तो संगीत गायन वादन और नृत्य इन तीनों के मेल से बना है तथा शब्द पर्यावरण दो शब्दों के मेल से बना है परिआवरण 'परि' का अर्थ है चारों और 'आवरण' जो हमें चारों और से घेरे हुए है इस प्रकार पर्यावरण सभी भौतिक, रासायनिक एवं जैविक कारकों की समीष्टगत ईकाई है। जो जीवधारी अथवा परितंत्रेय आबादी को प्रभावित करती है।

मानव मन किस प्रकार भौगोलिक पर्यावरण को देखकर उस पर आसक्त होता है तथा सुख व शान्ति का अनुभव करता है उसी प्रकार भारतीय संगीत भी मनुष्य को शान्ति प्रदान करता है। ऐसा सर्वविदित है कि अच्छी सोच, अच्छे विचार तथा अच्छा संगीत सभी अच्छे पर्यावरण का निर्माण करते हैं नदी का बहना, वायु का प्रवाहमान होना, वृक्षों की सांय-सांय की आवाज सभी सुखद संगीत की ही ध्वनि है।

संगीत और पर्यावरण का सम्बन्ध

संगीत और पर्यावरण के सम्बन्ध की अगर बात की जाए तो संगीत की उत्पत्ति के विषय में कहीं ना कहीं इसे पर्यावरण से भी जोड़ा गया है। इसके लिए विद्वानों ने अनेक मत दिए हैं जोकि इस प्रकार है।

कहा जाता है कि 'अकबर' के समय में उनके दरबारी गायक 'तानसेन' जब अपनी कला का प्रदर्शन करते थे तो आस-पास के वातावरण पर इतना प्रभाव पड़ता था कि पेड़-पौधे पशु पक्षी सब मस्त होकर झूमने लग जाते थे जब तानसेन राग मल्हार गाते थे तब बादल झूमकर वर्षा करते थे इस प्रकार संगीत द्वारा पर्यावरण पर प्रभाव को प्रदर्शित किया गया है।

एक अन्य मत के अनुसार 'भरत मुनि' जी ने 'नाट्य शास्त्र' में उन्होंने संगीत के स्वरों की उत्पत्ति का माध्यम पशु पक्षियों को माना है। 'भरत मुनि' के अनुसार मोर 'सा' (षड्ज) स्वर में चातक 'रे' (ऋषभ), बकरा 'ग' (गन्धार), कौआ 'म' (मध्यम), कोयल 'प' (पंचम) मेंढक 'ध' (धैवत) तथा हाथी 'नि' (निषाद) स्वर में बोलते हैं।1

फारसी के एक विद्वान 'हजरत मूसा' जी एक बार पहाड़ों पर घूम रहे थे तभी आकाशवाणी हुई 'या मूसा हकीकी तू अपना असा' (असा एक प्रकार की लकड़ी होती है जो फकीरों के पास होती है) उसको पत्थर पर मार। जब उन्होंने साथ पड़े पत्थर पर मारा तो उसके सात टुकड़े हो गए तथा उन सातों टुकडों से पानी की धारा बहने लगी उसी धारा की आवाज से सात स्वरों की उत्पत्ति हुई।

एक अन्य फारसी मत के अनुसार पहाड़ों पर 'मूसीकार' नाम का एक पक्षी होता है, जिसकी चोंच में सात सुराख होते हैं बांसुरी की तरह उन्हीं सात सुराख की आवाज से सात स्वर उत्पन्न हुए।2

इस प्रकार हम यह देखते हैं कि संगीत और पर्यावरण का अटूट सम्बन्ध है तथा ये कहीं ना कहीं एक दूसरे से जुड़े हुए है। इसी शब्दों को सार्थक करते हुए 'गैमी अर्वाड' विजेता संगीतकार प्रोफेसर रिकी केज ने 'म्यूजिक फॉर प्लेनेट' कार्यक्रम में कहा कि 'संगीत और प्रकृति' दोनों जीवन में पर्यावरणीय चेतना जगाने का कार्य करती हैं। संगीत सिर्फ एक संदेश संचार करने का जरिया ही नहीं बल्कि एक श्रोता की चेतना में गहराई तक किसी भी संदेश को बनाए रखने के लिए शक्तिशाली हथियार है। संगीत और प्रकृति के मिलन से पर्यावरण को बचाया जा सकता है।[3]

जब हम किसी भी वाद्य पर 'सा' स्वर बजाते हैं तो उसके साथ अन्य स्वर भी उत्पन्न होते हैं जिसे 'स्वयंभू' स्वर कहा जाता है अर्थात् अपने-आप उत्पन्न होने वाला तो हम यह अनुमान लगा सकते हैं कि हमने तो सिर्फ 'सा' बजाया तो यह अन्य स्वर जो खुद व खुद उत्पन्न हुए वे हमें प्रकृति से प्राप्त हुआ इसलिए यह सत्य है कि यह प्रकृति प्रदत्त है और प्रकृति और संगीत आपस में जुडे हुए हैं।

मनुष्य का शरीर पंच तत्वों से बना हुआ है ये पंच तत्व जो कि पर्यावरण का हिस्सा है अग्नि, वायु, जल, पृथ्वी और आकाश विद्वानों ने इन पंच तत्वों से भी स्वरों की उत्पत्ति के उदाहरण दिए है विद्वानों के अनुसार सा स्वर पृथ्वी, रे, ग जल तत्व, म, प - अग्नि तत्व ध - वायु तथा नि आकाश तत्व के प्रतिनिधि है।

इस प्रकार संगीत और पर्यावरण के बीच आपसी सम्बन्ध को ये सभी उदाहरण सिद्ध करते हैं।

निष्कर्ष

संगीत और पर्यावरण के बीच गहरे एवं अभिन्न रिश्ते का अहसास हर कोई संवेदनशील व्यक्ति महसूस कर सकता है। संगीत को सृष्टि का सृजनकर्ता कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी, संगीत सभी जड़ व चेतन में व्यापत है सरिताओं की मोहक कल-कल मधुर ध्वनि से कौन है जो मोहित नहीं होगा, पक्षियों की चहचाहट, वृक्षों का सरसराहट इत्यादि चारों तरफ संगीत की परिचायक हैं हम चाहकर भी संगीत और पर्यावरण को अलग नहीं कर सकते।

संदर्भ

1. https://hi.wikipedia.org/wiki/भारतीय संगीत का इतिहास
2. संगीत-विशारद पृ. 19
3. https://navbharattimes.indiatimes.com/metro/lucknow/other-news/music-and-nature-can-be-saved-from-the-union-of-the-environment/articleshow/64484067.cms

हिंदी चित्रपट संगीत का आठवां दशक

डॉ. देश गौरव सिंह

संगीत अध्यापक,
शिक्षा निदेशालय, एन.सी.टी., दिल्ली सरकार

सारांशः

चलचित्र संगीत के आठवें दशक में आधुनिकता से सराबोर स्वर, ताल और लय की ऐसी धारा बही कि उसमें समाज का हर वर्ग प्रवाहित हो चला। शास्त्रीय संगीत, भजन एवं गजल जैसी प्राचीन एवं परंपरागत शैलियां भी दिखीं तो एक बदले हुए नए अंदाज में। पूर्व के संगीतकार भी दिखे तो वो भी ज़्यादातर मॉडर्न दिखने की कोशिश में लगे हुए। संगीत ने पुरानी रूढ़ियों एवं मान्यताओं को दरकिनार कर फिल्म संगीत को एक उन्मुक्त वातावरण प्रदान किया जिसमें उस समय तक फिल्म संगीत में व्याप्त औपचारिकता, यथाविधि आचार आदि का ना के बराबर स्थान था। दशक का संगीत अत्याधुनिक था। यकीनन संगीत के इस आधुनिकीकरण में प्रयोगवादिता को अधिक प्रश्रय मिला परन्तु उस प्रयोगवादिता के चलते मधुरता का कहीं भी ह्रास नहीं दिखा। संगीत में माधुर्य अब भी पूरी तरह से बरकरार रहा।

संकेत शब्दः

आर. डी. बर्मन, आर्केस्ट्रेशन, प्रयोगवादी संगीत, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल, कल्याणजी- आनंदजी

आधुनिकीकरण छठवें और सातवें दशक तक हिंदी फिल्मों का संगीत अपने पूर्ण यौवन पर पहुँच गया था। परन्तु सातवें दशक के मध्य तक सिने-संगीत की तमाम शैलियों में एक स्थिरता दिखने लगती है। सातवें दशक के अंतिम वर्षों में शंकर-जयकिशन, ओ. पी. नैयर जैसे कई नामी-गिरामी संगीतकारों का प्रभुत्व घटने लगा और उनके स्थान पर नई पीढ़ी के संगीतकारों, वादकों एवं संगीत संयोजकों का आगमन हुआ। सातवें दशक के अंतिम 2-4 वर्षों में इन संगीतकारों एवं संगीत संयोजकों द्वारा स्वर रचना, वाद्य संयोजन इत्यादि को लेकर तमाम नए-नए प्रयोगों की शुरुआत होने लगी जिसका अधिक विकसित एवं परिष्कृत रूप हमे अगले दशक में देखने को मिला और इस प्रकार आरम्भ हुआ हिंदी चित्रपट संगीत के आठवें दशक का।

यह दौर था आर. डी. बर्मन, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और कल्याणजी-आनंदजी जैसे युवा संगीतकारों का। इनकी तिकड़ी ने पूरे दशक पर राज किया। सर्वप्रथम चर्चा करते हैं आर. डी. बर्मन (पंचम) के संगीत की। पंचम के गीत 'चिंगारी कोई भड़के' (फिल्म-अमर प्रेम, 1972) के बारे में बात करते हुए प्रसिद्ध गिटारिस्ट भूपेंद्र सिंह जी बताते हैं कि इस गाने में उन्होंने F sharp minor कॉर्ड में G खुला छोड़ कर एक नया कॉर्ड लगाया,जो गाने में एक अदभुत प्रभाव पैदा करता है। वह बताते हैं कि यह टुकड़ा उनका स्वयं का बनाया हुआ है। यह कॉर्ड पूरे गाने को एक रिदम देता है और पूरे गाने में जगह-जगह पर प्रयोग किया गया है जो संपूर्ण गीत को एक दिव्य रुप प्रदान करता है। इस गीत में पंडित हरिप्रसाद चौरसिया द्वारा बजाई

गई बांसुरी की धुन संपूर्ण गाने को और भी दिव्य बना देती है। पंचम द्वारा बनाए गये गीत 'दम मारो दम' (फिल्म-हरे रामा हरे कृष्णा, 1971) के बारे में भूपेंद्र सिंह बताते हैं कि उन्होंने अपना पहला सोलो गिटार का टुकड़ा इस गीत में बजाया। उसके बाद से लेकर 1985 तक पंचम के गीतों में प्रयुक्त सारे इलेक्ट्रिक, एकॉस्टिक या क्लासिकल गिटार के टुकड़े उनके द्वारा ही बजाए गए।

बात करते हैं फिल्म कटी पतंग (1970) के गीत 'न कोई उमंग है' की। यद्यपि इस गीत की जड़ें शास्त्रीय संगीत के धरातल में ही समाहित हैं फिर भी इसकी संरचना जिस प्रकार की गयी है वह बिल्कुल अपरम्परागत है। केरसी लॉर्ड (संगीत संयोजक) के कथनानुसार इस गीत में उदात्त प्रभाव उत्पन्न करने के लिए बीच-बीच में इसराज, पंडित हरिप्रसाद चौरसिया जी द्वारा बजाई गई बांसुरी एवं पंडित शिव कुमार शर्मा जी द्वारा बजाये गये ईरानी संतूर का प्रयोग किया गया है। इसी फिल्म के गीत 'ये शाम मस्तानी' में इलेक्ट्रिक गिटार के कॉर्ड्स के साथ सीटी का बेहतरीन इस्तेमाल किया गया है।

पंचम दा के संगीत की तमाम विशेषताओं में से एक यह भी विशेषता रही है कि उनकी कंपोजीशन में रिदम की अभिव्यक्ति अधिकतर ताल वाद्यों के द्वारा ना होकर गाने के डायनमिक्स से होती थी। उदाहरण के तौर पर 'चुरा लिया है तुमने जो दिल को' (फिल्म- यादों की बारात, 1973), 'ये लड़का हाय अल्लाह' (फिल्म-हम किसी से कम नहीं, 1977) इत्यादि गीतों में इनकी पंक्तियों में छंद के चलन के माध्यम से रिदम खुद-ब-खुद व्यक्त हो जाता है। जिसमें वर्ल्ड डेंसिटी महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। पंचम ने अपने रिदम अरेंजर मारुति राव कीर के साथ मिलकर विभिन्न ताल प्रयोग किए। शास्त्रीय संगीत पर आधारित गीत के लिए ड्रम और पाश्चात्य संगीत पर आधारित गीत में ड्रम के साथ तबला बजा कर अनेकानेक प्रयोग किये। भारतीय वाद्यों का प्रयोग भी वह अपने संगीत में इतनी कुशलता से करते थे कि वह बिल्कुल नए एवं अत्याधुनिक सुनाई पड़ते थे। आर. डी. बर्मन ने पंडित सामता प्रसाद के एकल तबला वादन का फिल्म शोले (1975) में गब्बर द्वारा बसंती का पीछा किए जाने वाले एक दृश्य के बैकग्राउंड म्यूजिक में बेहतरीन इस्तेमाल किया। फिल्म 'चरित्रहीन' (1974) के आशा भोंसले द्वारा गाए गए गीत 'तेरी मेरी यारी बड़ी पुरानी' की शुरुआत 'चाइनीस सिंबल' (इस वाद्य की परिधि पर त्पअमजे लगे होते हैं) से होकर बेस गिटार के साथ इलेक्ट्रिक गिटार के टुकड़े से होती है। इस गीत में सिंपल 2×4 बीट रिदम में टिम्पनी, ब्लउइंस और Triangle Stokes का बहुत क्लिष्ट टाइमिंग के साथ प्रयोग किया गया है। George द्वारा बजाई गई ट्रंपेट के टुकड़े को प्रत्येक लाइन के बाद इस प्रकार रखा गया है कि यह टुकड़ा गाने का एक अभिन्न अंग बन गया है। प्रत्येक बार गाना गाते समय बिना ट्रंपेट के इस के टुकड़े को गाए बगैर आगे नहीं बढ़ सकते हैं। पंचम के ऑर्केस्ट्रा के ट्रोम्बोन प्लेयर ब्लास्को मोंसोरेट का शंकर अय्यर द्वारा लिए साक्षात्कार के दौरान वह कहते हैं कि ''पंचम दा की रिकॉर्डिंग में चार ट्रोम्बोन का इस्तेमाल होता था। संगीत की दृष्टि से यह चार ट्रोम्बोन एक कॉर्ड के चार स्वर बनाते थे जिनमें से तीन जमदवत ट्रोम्बोन और एक इें ट्रोम्बोन हुआ करता था।''

चर्चा करते हैं आठवें दशक में पंचम के संगीत निर्देशन में बनी फिल्मों के कुछ उल्लेखनीय बैकग्राउंड म्यूजिक की। फिल्म 'जहरीला इंसान' (1974) में आर. डी. बर्मन ने ऋषि कपूर और नीतू सिंह के बीच प्रेम के भाव को दर्शाने के लिए बैकग्राउंड म्यूजिक में मनोहरी सिंह से ऑल्टो सैक्सोफोन पर एक बेहतरीन टुकड़ा बजवाया। आठवें दशक की फिल्मों के बैकग्राउंड की चर्चा हो रही हो और फिल्म 'शालीमार' की चर्चा ना हो ऐसा संभव नहीं है। पंचम के ग्रुप के गिटारिस्ट भूपेंद्र सिंह 'शालीमार' के टाइटल म्युजिक के बारे में बताते हैं- "उस समय जितना भी मुश्किल काम होता था वह मेरे पास आता था। फिल्म 'शालीमार' (1978) के टाइटल म्यूजिक में गिटार का जो टुकड़ा बजा हुआ है, आज तक गिटार वाले उसे बजा नहीं पा रहे हैं और उसके लिए लोग आज भी मुझे फोन करते

हैं। उस 11 मात्र में गिटार का पैटर्न ही कुछ अलग है।" फिल्म 'शालीमार' (1978) के इस अनोखे बैकग्राउंड स्कोर के पीछे जिस व्यक्ति का हाँथ था, उनका नाम है केरसी लार्ड, जिन्होंने इसका संगीत संयोजन किया था।

अरेंजर केरसी लॉर्ड का अरेजमेंट अपने समय से काफी आगे था। जो पूर्व के या उस समय के अन्य अरेंजर से बिलकुल अलग था। लॉर्ड पूर्व के दशकों में होने वाले अरेंजमेंट के बारे में प्रकाश डालते हुए कहते हैं कि उस दौर में गाने की मेलोडी ऊपर जाती है तो कॉर्ड भी ऊपर जाते दिखाई देते हैं जिससे गाने के अरेंजमेंट में पुरानापन सुनाई पड़ता है। उनका कहना है ''अरेंजमेंट करते समय मैं इस बात को विशेष ध्यान देता था कि मेरा गाना सबेस्टियन या एंथनी (एंथोनी गोंसाल्वेस) जैसा साउंड ना करे।''

वास्तव में उस दौर में बॉलीवुड में पंचम दा जैसी टीम किसी के पास नहीं थी। पंचम की टीम के सभी कलाकार चाहे वह केरसी लॉर्ड हों या उनके असिस्टेंट वासुदेव चक्रवर्ती, मनोहरी सिंह, मारुति राव हों या स्वपन चक्रवर्ती। वादकों में भूपेंद्र सिंह, रमेश अय्यर, भानु गुप्ता व सुनील कौशिक (गिटार), टोनी वाज, चरनजीत सिंह (बेस गिटार), केरसी लॉर्ड (पिआनो, सिंथेसाइजर), बज्जी लार्ड, फ्रैंको वाज (ड्रम) या फिर ब्लास्को, मनोहारी सिंह (ट्रंपेट) ये सभी क्रांतिकारी म्यूजिशियन्स रहे हैं। ये सभी सोच से बहुत मॉडर्न थे और हमेशा कुछ न कुछ नया करने के लिए तत्पर रहते थे। इस दशक तक इन तमाम म्यूजिशियन्स की एक साथ पंचम की टीम में उपस्थिति ने पूरे बॉलीवुड संगीत के ट्रेंड को बदल कर रख डाला। इस प्रकार दशक में फिल्म -संगीत में संगीत-संयोजन के भिन्न-भिन्न पहलुओं पर हुए आधुनिकीकरण का सबसे बड़ा कारण पंचम दा को मानना अतिशयोक्ति नहीं होगा।

पंचम के अलावा आठवें दशक में आए कुछ नए युवा संगीतकारों की रचनाओं में संगीत-संयोजन काफी आधुनिक दिखा। उन सबसे पूर्व चर्चा करते हैं उस दशक में चोटी के संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल की। ऑर्केस्ट्रा का जितना आधुनिक एवं वृहद प्रयोग लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने अपने संगीत में किया उतना भारतीय सिने संगीत के किसी अन्य संगीतकार ने नहीं किया। प्यारेलाल जी को तो सर्वमत से भारतीय सिने संगीत का सर्वश्रेष्ठ अरेंजर माना जाता है। रमेश अय्यर का इस सन्दर्भ में कहना है कि हैवी ओर्केस्ट्रेशन शंकर-जयकिशन ने भी किया परंतु आधुनिक प्रसंग में इसका प्रयोग प्यारेलाल जी ने किया। वर्ष 1972 में प्रदर्शित फिल्म 'दास्तान' में संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के द्वारा आशा भोसले और महेंद्र कपूर द्वारा गाए हुए युगल गीत 'मारिया माय स्वीटहार्ट' को अत्याधुनिक ओर्केस्ट्रेशन से सजाया गया है। इसी वर्ष प्रदर्शित फिल्म 'शोर' का गीत 'एक प्यार का नगमा है' में संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने बिल्कुल नए अंदाज में अपनी ऑरकेस्ट्रा का प्रयोग किया है यह प्रयोग जितना नया है उतना ही मधुर है। इसी प्रकार फिल्म 'सत्यम शिवम् सुन्दरम' (1978) के गीत 'भोर भई पनघट पे' की मेलोडी और भजन जैसे साहित्य पर अत्याधुनिक रिदम पैटर्न एक दूसरे के पूरक लगते हैं। इस दौर में आधुनिकीकरण के चक्कर में यदाकदा मधुरता का ह्रास होता रहा है लेकिन यह कमी हमें लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के संगीत में नहीं दिखती।

प्यारे लाल जी के आवास पर हुई वार्ता के दौरान दशक के संदर्भ में यह पूछे जाने पर कि 'आठवें दशक में जो आधुनिकीकरण का दौर चल पड़ा था क्या उसने आपको कभी प्रभावित नहीं किया?', उनका जवाब था - "बिल्कुल... हम भी प्रभावित हुए थे। आप 'ओम शांति ओम' गीत सुनिए।" दशक के बिलकुल अंत में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल द्वारा संगीतबद्ध फिल्म 'कर्ज' के संगीत ने धूम मचा दी । फिल्म के गीत 'ओम शांति ओम', 'दर्दे दिल दर्दे जिगर' एवं जार्ज बंसन के गीत 'We As Love' पर आधारित बेहतरीन थीम म्यूजिक पर बना गीत 'एक हसीना थी एक दीवाना था' इत्यादि अत्याधुनिक रचनाएं थी। इस फिल्म में गीतों को पहली बार चार ट्रैक स्टीरिओफोनिक साउंड पर रिकॉर्ड किया गया था। वास्तव में फिल्म 'कर्ज' में

संगीतकार लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल का उनके अब तक के कैरियर का आधुनिकतम संगीत रहा।

आठवें दशक में आर. डी. बर्मन एवं लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के अलावा तीसरे प्रमुख संगीतकार कल्याण जी-आनंदजी वैसे तो अपने पूरे करियर में काफी मौलिक और देसी (भारतीय) दिखे। परन्तु दशक के कुछ गीतों में उनकी स्वर रचना एवं वाद्य-संयोजन में नवीनता दिखी। दशक के प्रारंभ में ही प्रदर्शित फिल्म 'पूरब और पश्चिम' (1970) के गीत 'मेरे देश की धरती में' कल्याणजी-आनंदजी ने अपनी ऑर्केस्ट्रा में 125 वादकों एवं इतने ही कोरस गायक-गायिकाओं का प्रयोग किया। अपनी फिल्म डॉन (1978) के संगीत-संयोजन में अपने पूर्व की प्रवृति से काफी अलग सुनाई पड़े। अपने पुत्र वीजू शाह के साथ मिलकर इस फिल्म में इन्होंने सिंथेसाइजर इत्यादि नवीन वाद्यों का इस्तेमाल करके कुछ अत्याधुनिक वाद्य-संयोजन से युक्त रचनाएं प्रस्तुत कीं । सेक्सोफोन की आवाज में फिल्म के शीर्षक गीत की धुन को सुनें या फिर आशा भोंसले की आवाज में 'ये मेरा दिल प्यार का दीवाना' के रिदम प्रयोग एवं इसमें प्रयुक्त सिंथेसाइजर की धुन को। फिल्म के बैकग्राउंड में विजु शाह द्वारा बजाए गए सिंथसाइजर की धुन को भला कौन भूल सकता है?

वर्ष 1970 में प्रदर्शित फिल्म 'प्रेम पुजारी' का गीत 'रंगीला रे' (लता मंगेशकर) में दादा बर्मन का संगीत उनकी बढ़ती उम्र के साथ-साथ दिनोंदिन जवान प्रतीत होता है। कर्णप्रिय स्वर-रखाव एवं आधुनिक वाद्य -संयोजन एवं गायन का उदाहरण है यह गीत। दादा नें आठवें दशक में शर्मीली' (1971), गैम्बलर (1971) इत्यादि फिल्मों में एक से बढ़कर एक आधुनिक वाद्य संयोजन से सजी रचनायें प्रस्तुत की।

संगीतकार सलील चौधरी ने अपने तमाम गीतों में कोरस के प्रभाव से पाश्चात्य सिंफनी जैसा असर पैदा किया। सप्तक परिवर्तनों को लेकर हार्मोनी को प्रवाहित करते हुए उन्होंने अनेक गीत बनाएं। "एक ही संगीत कृति के भीतर कई स्वतंत्र संगीत धाराओं को एक साथ समाहित करना, स्केल परिवर्तन की अनूठी शैली को पूर्व के संगीतकारों की अपेक्षा कहीं अधिक व्यापक और संश्लिष्ट रूप में प्रस्तुत करना सलिल की ऐसी विशेषताएं हैं जो उनके गीत में जगह-जगह प्रकट होती हैं।" ऐसे गीतों में फिल्म 'आनंद' (1970) का गीत 'जिंदगी कैसी है पहेली' फिल्म 'छोटी सी बात' (1975) का गीत 'ना जाने क्यों होता है ये जिंदगी के साथ' इत्यादि सर्वदा स्मरणीय है। दशक में सलिल चौधरी की सप्तक परिवर्तन एवं अत्याधुनिक संगीत-संयोजन को लेकर बनी रचनाओं में फिल्म 'अन्नदाता' (1972) के गीत 'रातों के साए घने' (लता मंगेशकर), 'गुजर जाएँ दिन' (किशोर कुमार), फिल्म 'मेरे अपने' (1971) का गीत 'कोई होता जिसको अपना' (किशोर कुमार) इत्यादि को सुनने का अपना अलग ही मजा है। फिल्म 'अन्नदाता' (1972) के गीत 'गुजर जाएँ दिन' (किशोर कुमार) को तो स्केल परिवर्तन को लेकर बनाई गई जटिलतम रचनाओं में से एक माना जा सकता है। इस दशक में उनकी रचनाओं का पहले की अपेक्षा अधिक शहरी, परिष्कृत, संभ्रांत एवं अधिक मॉडर्न रूप सुनाई पड़ता है । चाहे हम फिल्म 'रजनीगंधा' (1974) के गीत 'रजनीगंधा फूल तुम्हारे' की बात करें या इसी फिल्म के गीत 'कई बार यूं ही देखा है' की। बासु चटर्जी की फिल्म 'छोटी सी बात' (1975) के गीत 'जानेमन जानेमन तेरे दो नयन' की बात करें या फिर इसी फिल्म के 'ये दिन क्या आए' गीत की बात करें। सभी एक से बढ़कर एक आधुनिक संगीत संयोजन से युक्त रचनायें हैं।

आठवें दशक के उत्तरार्द्ध में आये युवा संगीतकार राजेश रोशन के गीतों का अरेंजमेंट बिल्कुल ताजा सुनाई देता है। "राजेश रोशन के गीतों की अपनी खास विशेषता थी। वह अपने गीतों में म्युटेड वायलिन के बैकग्राउंड एवं कांगो के रिदम का प्रयोग किया करते थे इससे पूरे गाने में श्रोताओं को एक चलायमान प्रवाह की अनुभूति होती थी। ऐसे गीतों में फिल्म 'काला पत्थर' (1978) का गीत 'एक रास्ता है जिंदगी' (किशोर कुमार, लता मंगेशकर), फिल्म 'देस-परदेस' (1978) का गीत

'नजराना भेजा किसी ने प्यार का' (किशोर कुमार) आदि प्रमुख हैं। कांगो या ड्रम के सपोर्टिंग बीट के साथ धुन को फैलता प्रभाव देना राजेश रोशन के संगीत की विशिष्टता रही है। उदाहरण के रूप में फिल्म 'स्वामी' (1977) का गीत 'पल दो पल ये क्या हो गया', 'यादों में वो सपनों में है', 'आज की रात कुछ होगी ऐसी बात' इत्यादि।

"संगीतकार राजेश रोशन की दूसरी फिल्म 'जूली' (1975) तो एक ताजी,नई शैली लेकर आयी। इस शैली के मुहावरे आधुनिक थे, पर यह आधुनिकता शोरगुल वाली आधुनिकता न होकर एक परिष्कृत, नरम, छू लेने वाली आधुनिकता थी जो अंग्रेजी पढ़े-लिखे शहरों के युवा वर्ग को बहुत पसंद आई। इस आधुनिकता में जो शैली थी, वह रोशन की शैली से बिल्कुल भिन्न थी। जहां रोशन की मेलडी बांसुरी और सारंगी के साथ उभरती थी वहीं राजेश रोशन की धुनें परकशन पर केंद्रित थीं। राजेश रोशन का कहना है- "मैं आज भी जूली के गीत 'दिल क्या करे जब किसी को किसी से प्यार हो जाए' को ही अपनी जिन्दगी का बेस्ट गीत मानता हूं।" इस फिल्म का गीत 'दिल क्या करे' उस दौर की सबसे ताजी एवं मॉर्डन कंपोजीशन में से एक थी। इस गीत में शब्दों के छोटे-छोटे समूह के बीच Pause के द्वारा धुन को जिस प्रकार आगे बढ़ाया गया है वह काबिले-तारीफ है। यह प्रयोग उस दौर में ही नहीं बल्कि आज भी बिल्कुल नया सुनाई पड़ता है।

आठवें दशक के उत्तरार्द्ध में राजेश रोशन की कंपोजीशन का अंदाज सबसे निराला दिखा। इस युवा संगीतकार की धुनें उस दौर में बिल्कुल आधुनिक सुनाई पड़ती हैं। "अपने कई गीतों में राजेश रोशन गाने की गति और रवानगी को धीरे-धीरे बढ़ाते हैं और यह विस्तार इतनी सुंदरता और कलात्मकता के साथ होता है कि वह संगीत की निरंतरता के लिए अपरिहार्य लगता है। फिल्म 'बातों बातों में' (1979) के 'सुनिए, कहिए ,कहिए ,सुनिए' की धीमी शुरुआत 'कहते सुनते बातों बातों में' के द्वारा हल्की गति पकड़ते हुए 'प्यार हो जाएगा' के साथ संपूर्ण लगने लगती है। उसी तरह फिल्म 'खट्टा मीठा' (1977) के 'थोड़ा है थोड़े की जरूरत है' (लता, किशोर) अपनी धीमी थपकाने वाली लय में शुरू होकर 'सुन-सुन-सुन हवा चली' के बाद तेजी पकड़ते हुए 'बादल पे उड़ना होगा' के साथ चरम सौन्दर्य पर पहुँचकर इस गीत को अविस्मरणीय बना देता है।" फिल्म 'मामा-भांजा' (1977) के गीत 'एक बात मेरे होंठो तक' का ऑर्केस्ट्रेशन बिलकुल आधुनिक सुनाई पड़ता है। फिल्म 'स्वामी' (1977) में राजेश रोशन ने अपनी विशिष्ट शैली में नई एवं ताजी धुनें बनाईं। इस फिल्म में राजेश रोशन के गीतों का रिदम उनकी खास विशेषता रही। कांगो और ढोलक का प्रयोग करके 'आज की रात कुछ होगी ऐसी बात', 'पल भर में ये क्या हो गया' इत्यादि काफी सराहनीय है। कांगो के प्रयोग से नई रिदम वाले गीतों में इसी वर्ष आयी फिल्मों के गीत 'छोड़ो यह निगाहों का इशारा' (फिल्म-इनकार), 'सुनो रानी' (फिल्म- मामा-भांजा), 'बिन साथी के जीवन' (फिल्म- एक ही रास्ता) इत्यादि उल्लेखनीय हैं। दिनोंदिन युवा संगीतकार राजेश रोशन की ख्याति अपनी ताजी, आधुनिक एवं दिल को छू लेने वाली धुनों के चलते बढ़ती जा रही थी।

आठवें दशक में आये एक अन्य युवा संगीतकार बप्पी लहरी ने फिल्म 'चलते चलते' (1976) में इससे पूर्व की अपनी कुछ फिल्मों से बिल्कुल हटकर नया संगीत दिया। फिल्म का शीर्षक गीत 'चलते चलते मेरे गीत याद रखना', 'दूर दूर तुम रहे' एवं 'जाना कहां है प्यार यहां है' एवं 'प्यार में कभी कभी ऐसा हो जाता है' इत्यादि अच्छे एवं आधुनिक बन पड़े हैं। बप्पी की इस आधुनिकता में मेलॉडी के तत्व भी दृष्टिगत होते हैं जो आगे के दशक में ना के बराबर दिखते हैं। वर्ष 1978 में प्रदर्शित फिल्म 'टूटे खिलौने' में बप्पी दा ने सीटी और कोरस का प्रयोग कर के आधुनिक ओर्केस्ट्रेशन पर यसुदास से एक बेहद खूबसूरत, रोमांटिक एवं अत्याधुनिक गीत 'माना हो तुम बेहद हंसी' गवाया। येसुदास को लेकर ऐसा प्रयोग बहुत कम किया गया है।

इस प्रकार हम देखते हैं कि आठवें दशक के

संगीत में पूर्व के दशकों की अपेक्षा काफी बदलाव आया। संगीतकारों द्वारा मेलोडी नए अंदाज में नए वाद्यों के साथ प्रयुक्त की गयी। वाद्य संयोजन में पूर्व के दशकों की अपेक्षा क्लिष्टता दिखती है। नवीन प्रयोगों के लिहाज से दशक फिल्म-संगीत का अतिशय प्रयोगवादी दौर रहा। इसका प्रतिनिधित्व किया संगीतकार आर. डी. बर्मन ने। अतिशय नवीन प्रयोगों के बावजूद भी एक खास बात जो दशक के गानों में दिखती है वह यह थी कि अधिकांश गीतों में मेलोडी अभी भी बरकरार थी। हाँ, यह मेलोडी का बदला हुआ रूप अवश्य था।

सन्दर्भ ग्रन्थ सूची

- अय्यर, रमेश, प्रत्यक्ष साक्षात्कार-कांदीवली, मुंबई. मार्च 30, 2016, 7:35
- प्यारेलाल, प्रत्यक्ष साक्षात्कार, मुंबई, मार्च 09, 2016, 6:28
- राग, पंकज, धुनों की यात्रा, नई दिल्ली : राजकमल, 2010, पृ. 276, 471, 552, 605, 693, 694.
- लार्ड, केरसी, प्रत्यक्ष साक्षात्कार, बांद्रा, मुंबई, फरवरी 27, 2016, 12:42
- सिंह, भूपेंद्र, प्रत्यक्ष साक्षात्कार, मुंबई, फरवरी 02, 2016, 5:25
- Iyer,Shanker. "Blasco Monsorate : blowing away to glory". The Unsung Heroes. Swar Alaap: Mumbai, 2010, p. 54.
- Ranade, Ashok D. Hindi Film Song : Music Beyond Boundaries. New Delhi: Promilla & Co., 2006, p.303.
- Tikhe, Veerendra. "Assistants". panchammagic.org. Web. 16 Jan. 2017. http://panchammagic.org/2015/06/mere-naina-sawan-bhadon/
- Tikhe, Veerendra. "Teri Meri Yari Badi Purani". panchammagic.org. Web. 23 Dec. 2016. http://panchammagic.org/2013/11/teri-meri-yari-badi-purani/
- Tikhe, Veerendra. "Ye Silsila Pyaar Se Chala". panchammagic.org. Web. 18 May 2016.http://panchammagic.org/2013/12/ye-silsila-pyaar-se-chala/

Music listening in Workplace Environment - A Review Study

Deepika Theagarajan
Research Scholar,
Department of Music, Queen Mary's College, Autonomous, Chennai

Dr. Shanti Mahesh
Assistant Professor,
Department of Music, Queen Mary's College, Autonomous, Chennai.

Abstract

Music based interventions are effectual and cost-effective that can be used among the employees working in different setups. Listening to music and recreational music making is suggested to improve the mood states and have a positive impact on the quality of work. This paper aims to do a critical review of the existing studies and findings that use music as a tool to improve the quality of work among the working population. In addition, the objective of this review is to offer implications for future research studies.

The review has been prepared using peer review journal articles extracted from electronic databases like Oxford academic, SagePub, PubMed, etc. During the collection of articles, search terms specific to the subject were used to search and identify the articles. Furthermore, the references used in these selected articles were also investigated and used. Data were extracted and categorized using tools primarily developed for the research. Literature articles were chosen from the peer review sources based on inclusion and exclusion criteria. The studies that have been chosen will be critically analysed and reviewed to ascertain the use of music as a tool to improve the quality of work both inside and outside of the working space of an employee.

The findings will recommend music listening practices to improve the physical, emotional, social and cognitive well-being of the employees and discuss the scope for further research in this field.

Keywords

Music listening, Music in workplace, Work productivity, Music in organisation, Music in office-based workplace

Introduction

The World Health Organisation has estimated an economic loss of one trillion dollars per year globally due to mental health conditions instigated by work environments. The current workplaces are filled with a lot of challenges and opportunities. Some of the challenges of

the employees at different workplaces include economic pressures, globalization, management of workforce diversity, improving customer services, improving required skills, stimulating innovation, adapting to organisational change, work-life conflicts, coping with 'temporariness,' working in networked organisations, creating positive work environment, and improving ethical behaviour (Robbins, 2013).

An obnoxious working environment can lead to both physical and mental health issues, use of substance, create absenteeism and an overall loss of productivity in work. Work stress can become chronic and make you feel overwhelmed. Stress can become severe and harmful resulting in anxiety, insomnia, psychosomatic ailments, high blood pressure, and a weakened immune system. It can also lead to depression, obesity, and heart disease. People who deal with excess amounts of stress manage them in the most unhealthiest way such as overeating, eating unhealthy foods, smoking cigarettes, or abusing drugs leaving stress amplified.

Today, most of the organizations have developed a workplace culture to keep their employees exuberant. The focus is primarily on establishing a more positive, collaborative work environment that will lead to a reduction in aggravation, stress, and productivity slumps. The good news is, music in the workplace environment can help de-escalate this growing issue. Studies have shown that listening to music can enhance productivity. Recent research recommends that specific genres are more motivating than others.

Music Listening

Music has become an irreplaceable part of our daily life. Music listening is an arcane human behaviour. Musical interests are seen among people across diverse cultures. Empirical studies on musical functions and listening patterns of people have shown heterogeneous results. Philosophers and scholars from different spectrums have proposed various theories and concepts on the psychology of music.

Music influences human behaviour by affecting the brain. In turn, it affects human anatomy in ways which are observable, identifiable, measurable, and predictable. It provides the necessary foundation for therapeutic applications. Over hundreds of years, music has been used as a medium to treat several illnesses thus helping in reinstating the tranquillity of one's mind. Recently many scientific studies have attempted to measure the potential benefits of listening to music. Music can be used to calm and improve the moods of disabled and distressed children. It also encourages coordination and communication among autistic children, dementia patients and people with other mental health issues, thus, in turn, improving their quality of life.

Furthermore, it has been established in several literature that music listening can help reduce the sensation and distress of both chronic and postoperative pain. It has also been found that music can relieve depression and increase self-esteem among people. Beneficial effects can be found in physiological functions such as keeping optimal heart rate, reducing blood pressure and decrease in anxiety and stress levels through music listening. To sum up, music has the potential to function as a stress management tool in our lives.

Music at Workplace

The aim of the paper is to explore music listening practices in office-based

workplaces. This will help in finding detailed information about the functions of music, what type of music the respondents listen to, and whether and how music is used in these contexts as a means of regulating mood and improving well-being. Hence in this paper, we will explore the effects of music and critically analyze their benefits to relieve anxiety and stress among employees. Unfortunately there is very little knowledge about the use of music listening at work despite the available body of research.

Studies of music used in the workplace have often investigated the effects of imposed music on productivity and morale (e.g., Fox, 1971; Uhrbrock, 1961; Wokun, 1969), and less often explored effects of self-selected music on psychological well-being. Two intervention-studies have investigated the effects of self-selected music listening on work performance and effective responses. Studies suggest that employee productivity and collaboration is positively impacted with self-selected music in office-based working environments.

Method

In searching for studies, we aimed to include all published studies on music used in a work setting. The review was prepared using peer review journal articles extracted from electronic databases like PsychINFO, Oxford academic, SagePub, PubMed and Medline. During the collection of articles, a multitude of search terms specific to the subject was used to search and identify the articles. Furthermore, the references used in these selected articles were also investigated and used. Data were extracted and categorized using tools primarily developed for the research.

Four articles were chosen from the peer review sources based on inclusion and exclusion criteria. Studies that tended to focus on improvement in mental health by listening to music are included. The studies that were selected were critically evaluated and analysed to determine the use of music as a tool to improve the quality of work both inside and outside of the working space for a worker.

Critical Review of Literature

Since the late 19th Century numerous studies have been done to identify the physiological and psychological effects of music on human behaviour. The results of these studies indicate that Music can effect changes in an individual's blood pressure, improve muscular efforts, increase respiratory rates, etc. With growing evidence linking job stress and depression to illness, finding an effective means of stress management, and lowering depression has become a challenging international endeavor.

Although music has attracted the attention of various fields as a promising method for alleviating stress and reducing depression, lack of standardization and scarcity of data have served as impediments to widespread utilization. It seems that several investigators have empirically arrived at results which would be predicted from the current concepts of 'Music listening' and its role in activating and maintaining mental health during work and thus improving productivity. In this study, the literature that addresses the relationship between music and work has been identified and critically reviewed. The aim, target, methodology, and results

of these studies are deliberated in detail and reviewed below.

Research by social historians and folklorists has shown that work songs, i.e. songs sung by workers as they labour, were commonplace among several of the most populous occupations in pre-industrialised Britain – weavers (Thompson, 1968; Elbourne, 1980), agricultural labourers (Palmer, 1979; Pickering, 1982; Flora Thompson, 1954), drivers of horses, cattle and wagons (Palmer, 1979, p.19; Clayre, 1974), miners (Lloyd, 1967), sailors (Hugill, 1961; Proctor, 1992), hawkers (Palmer, 1979; Cohen, 1993) cobblers (Porter, 1995), tailors (Richards and Stubbs, 1979, p.57), those employed in tweed waulking (Campbell and Collinson, 1969), and those undertaking domestic labour (Clayre, 1974; Pickering, 1982). Repetitive tasks were done more efficiently with background music, says a 1972 study published in Applied Ergonomics.

Music plays a pivotal role even with life saving professionals like surgeons, as found by the Journal of American Medical Association in 1994. The study showed that surgeons had better accuracy and efficiency with music playing overhead. The study also showed that surgeons performed better with researcher selected music than with no music playing. Certainly the best results came with participant selected music. Playing classical or rock music allows study participants to identify numbers more quickly and accurately, says a 1999 study in the Journal of Neuroscience and behavioural physiology. Positive moods, better quality of work, improved efficiency are some of the benefits software developers found while listening to music, according to a 2005 research from the Journal of Psychology of Music. The participants also had a learning curve while using music to alter their moods. While these are snapshots of the research, the benefits of music on employees' work is already evident for all to see.

Music and Work

The first study is an empirical study conducted by Anneli Beronius Haake (2003) to understand the music listening practices in workplace settings. In this study a survey was conducted among 295 participants and data was gathered using quantitative and qualitative collection methods on work. The study identified workplace stress, the range and style of music listening throughout work, the listening technologies used, the amount of control the respondent had over music in their workplace, the tasks performed simultaneously while listening to music, and the apparent functions that listening to music had for the respondent. This research explained if and how listening technologies were incorporated into workplaces, the kind of tasks done with music listening and the role music listening had as perceived by the employees.

The participants felt increased capability to deal with stressful situations and increased positive attitudes towards clients/colleagues. Some of the qualitative comments from the participants in the study indicate that listening to their music of interest is an essential element in improving both well-being and work performance. The use of headphones could further enhance the functions of music at work as per statistical analysis. The results of this study show enough

evidence that the participants listened to music to improve their well-being in the workplace. This in turn induced a positive mood at work and led to improved work performance. Previous research also suggests that musically induced mood at work can influence work performance, though it needs more empirical data to support the idea (Oldham *et al*., 1995).

The second study (Jiang 2011) evaluates the effect of music and induced mental load in a word processing task. A total of eight subjects participated in the study. In this study, applied typing force, typing productivity and electromyography (EMG) of the left-hand extensor digitorum muscle were measured. The study was done by implementing a 2x2 repeated measure design with or without background music and induced mental load. While the overall typing productivity was impacted by the music, there was a reduction of the wrong finger touch while typing. The behaviour changes by music resulted in an increased extensor digitorum muscle activity for lifting and controlling fingers. The study scrutinized how music could be utilized to influence human work performance in the workplace.

There are many studies that have found background music to influence human behavior. Background music has become commonplace in everyday life and the study endeavors to understand how listener fondness for types of music has a bearing on worker concentration. A previous study conducted by Huang (2008) analysed how the several types of background music and the degree of preference for the background music can affect listener concentration in attention testing through Randomized Controlled Trial (RCT). In this study, data were collected from eighty-nine workers who ranged in age between 19 and 28 years old. The study suggests that the background music influences listeners attention, and this has more to do with listener fondness for the music than with the type of music. It is imperative to not select background music that can negatively affect worker concentration.

The third study by Bittman (2003) examines the clinical and potential economic impact of a 6-session Recreational music making (RMM) protocol on burnout and mood dimensions, as well as on Total Mood Disturbance (TMD) in an interdisciplinary group of long-term care workers. The study is a moderated, prospective, randomized study with a sample size of 112 employees participating in the 6-session RMM protocol. The sessions in the studies focused primarily on building support, communication, and interdisciplinary respect. These sensitizations were achieved by utilizing group drumming and keyboard accompaniment. The variations in burnout and mood fluctuations were measured using the Maslach Burnout Inventory and the Profile of Mood States, respectively. The cost savings of the office were projected by an independent consulting firm, which developed an economic impact model. The result of this study shows statistically significant reductions of multiple burnout and mood dimensions, as well as TMD scores. Findings based upon pre- and post-differences associated with the experimental intervention, coupled with data displaying a persistent effect 6 weeks post-intervention and a control trend toward distress, divulge associations that justify further attention.

The potential impact of these RMM findings should be considered in the context of the unique intervention, the representative interdisciplinary subject sample, and the experimental design. It must be emphasized that the specificity of the RMM components used in this protocol are considered essential for the established outcomes, hence it is necessary to be cautious against generalizing similar conclusions for other approaches. Long-term follow-up with ongoing scrutiny of actual retention data is necessary to determine the extent of enduring effects and to validate and predict the economic impact.

Another study also examines the effects of a Recreational Music-Making (RMM) group drumming protocol; however, this was evaluated on Japanese male corporate employees. In this study, a total of twenty volunteers participated in a one-hour RMM session while twenty volunteers were engaged in leisurely reading as a control group. Mood state questionnaire was administered to collect data of pre and post intervention. Blood samples of the participants were also taken before and after the intervention. Individual and group mean values for natural killer (NK) cell activity, NK cell percentage, and cytokine gene expression were analysed. The RMM group increased the NK cell activity among individuals with low pre-intervention levels and decreased among those with high pre-intervention levels. The RMM group demonstrated enhanced mood, lower gene expression levels of the stress-induced cytokine interleukin-10, and higher NK cell activity when compared to the control. Based on documented changes in NK cell activity, coupled with gene expression changes for interferon-g, interleukin-10, and improved mood, this RMM protocol has significant potential for utilization in the corporate wellness environment.

The fourth study from the University of Windsor Canada was conducted by Teresa Lesuik (2015). The study had fifty-six developers working in a software company in Canada as participants. The researcher found a positive impact on the quality of work when music was present and negative impact on the quality of work when music was not present. The participants took a longer time to finish their task without music. With positive mood alteration and increased productivity being very evident with music playing at work, this study would suggest a very pro-music argument.

Changing of the hold music played to customers of a call center was done as a field experiment to evaluate the effect of prosocial lyric in reducing customer aggression in the workplace. The sample comprised customer service representatives working for a branch of an organization that provides outsourced call center services to businesses in the United Kingdom (Niven, 2015). 25 staff were from the call center elected to take part in the research, the results of a 3-week study suggested that music significantly affected customers, but not in the way suggested by previous laboratory experiments; compared with days when instrumental background music was played, caller anger and employee exhaustion were lower on days when callers were played popular music with neutral, but not prosocial, lyrics (Niven, 2015). While the prosocial lyric effect cant be generalized from the laboratory to the call center, the findings suggest that

music influences customer aggression. In call centres, the purpose of many calls is to complain and here, being played certain types of music might function as an irritant (Niven, 2015). People do not prefer to listen to music when it doesn't match their moods (Friedman, Gordis, and Förster 2012).

Discussion

